RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 55
लखनऊ, रविवार, 13 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 16+4 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



अच्छे स्वास्थ्य की सर्दी
आज के अंक के साथ
एजेण्डा

# सुधारों का सबसे ज्यादा फायदा किसानों को: मोदी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- निवेश से कृषि क्षेत्र को नए बाजार और अवसर मिलेंगे, जिससे खेती से बढ़ेगी आय
- कानूनों के जरिये इस क्षेत्र खड़ी दीवारों को हटाने का काम किया गया

**दिल्ली** की बाहरी सीमाओं पर विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों के आंदोलन में 'असामाजिक तत्वों' के घुसपैठ करने संबंधी कई केंद्रीय मंत्रियों द्वारा आरोप लगाए जाने एक दिन बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए कृषि कानूनों का मजबूती से बचाव किया। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्रों में निवेश से सबसे ज्यादा लाभ किसानों को होगा और उन्हें नया बाजार तथा अवसर भी मिलेगा।

नए कृषि कानूनों का समर्थन करते हुए मोदी ने कहा कि इसके जरिये कृषि क्षेत्र में बाधाओं को हटाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकी आयेगी और निवेश बढ़ेगा। प्रधानमंत्री ने देश के प्रमुख उद्योग मंडल फिक्की की 93वीं सालाना आम बैठक का वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये उद्घाटन करते हुये यह बात कही। उन्होंने उद्योगपतियों को कृषि क्षेत्र में निवेश करने की अपील करते हुये कहा कि इस कृषि क्षेत्र में निजी क्षेत्र की ओर से जितना निवेश होना चाहिये था वहीं नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि विभिन्न फसल और फल-सब्जियों को उगाने वाले किसानों को आधुनिक तकनीक का जितना समर्थन मिलेगा उतनी ही उनकी आय बढ़ेगी। मोदी ने यह बात ऐसे समय कही है जब किसान संगठन तीन नये कृषि कानूनों के विरोध में दिल्ली की सीमाओं पर बैठे हैं और सरकार से इन कानूनों को वापस लिये जाने की मांग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में किये गये सुधारों से इस क्षेत्र में खड़ी दीवारों को हटाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा, 'कृषि क्षेत्र में जरूरी ढांचागत सुविधायें हों, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र हो, बेहतर भंडारण सुविधाओं की बात हो इन सब के बीच दीवारें थीं उन्हें हटाया जा रहा है।

बाधाएं हटने से किसानों को अपनी उपज बेचने के लिये नये बाजार मिलेंगे, आधुनिक कोल्ड स्टोरेज उपलब्ध होंगे, निवेश बढ़ेगा और उन्हें इस सब का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले वर्षों के दौरान अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के बीच खड़ी दीवारों को हटाने के लिये कई कदम उठाये हैं। बैंकों में जनधन खातों के जरिये नई शुरुआत की गई। बैंक खाते, आधार कार्ड और मोबाइल को त्रीनिती को जोड़कर बदलाव लाया गया। इसी के बल पर आज देश में दुनिया का सबसे बड़ा 'प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी)' हो रहा है जिससे सरकारी लाभ सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में पहुंच रहा है। मोदी ने देश के उद्योगजगत को आत्मनिर्भर भारत अभियान में बढ़चढ़कर योगदान करने को कहा। उन्होंने कहा कि बिना निजी क्षेत्र के समर्थन के सुधारों को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने उद्योग जगत से गांवों और छोटे शहरों की तरफ रुख करने का आह्वान करते हुये कहा कि 21वीं सदी गांव और छोटे शहरों से ही आगे बढ़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का कृषि क्षेत्र पहले से अधिक गतिशील और बेहतर हुआ है। उद्योगों को इसमें निवेश बढ़ाना चाहिये। किसानों और ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार नीति और नीयत से पूरी तरह किसानों के हित में काम करने के लिये प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री ने वर्ष 2020 को बड़ी उठापटक वाला साल बताया। मोदी ने कोरोना वायरस संक्रमण फैलने को याद करते हुए कहा कि जितनी तेजी से हालत बिगड़े उतनी तेजी से सुधार भी रहे हैं। जनवरी- फरवरी में देश अज्ञात दुश्मन से लड़ रहा था। सब कैसे ठीक होगा देश दुनिया का हर मानव इसी चिंता में फंसा था। लेकिन दिसंबर आते आते स्थिति बदली नजर आ रही है। हमारे पास अब (इसका) जवाब भी है और (आगे के लिए) एक कार्ययोजना

(शेष पेज 7)

## प्रधानमंत्री ने कृषि कानूनों का किया बचाव



# आंदोलन और तेज करेंगे किसान नेता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- आज दिल्ली चलो कल भूख हड़ताल
- सरकार के साथ वार्ता को तैयार, लेकिन पहले कृषि कानूनों को निरस्त करने पर होगी बात होगी

**किसान** नेताओं ने रविवार को अपनी मांगें दोहराते हुए कहा कि वे सरकार से वार्ता को तैयार हैं लेकिन पहले तीन नये कृषि कानूनों को निरस्त करने पर बातचीत होगी। किसानों ने कानूनों के खिलाफ अपने आंदोलन को और तेज करने का भी ऐलान किया।

सिंघु बॉर्डर पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए किसान नेता कंवलप्रीत सिंह पन्नू ने कहा कि रविवार को हजारों किसान राजस्थान के शाहजहांपुर से जयपुर-दिल्ली राजमार्ग के रास्ते सुबह 11 बजे अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि देश के अन्य हिस्सों से भी किसान यहां आ रहे हैं और वे आने वाले दिनों में आंदोलन को अगले स्तर पर पहुंचाएंगे। पन्नू ने कहा कि अगर सरकार बात करना चाहती है तो हम तैयार हैं, लेकिन हमारी मुख्य मांग तीनों कानूनों को रद्द करने की रहेगी। हम उसके बाद ही अपनी अन्य मांगों पर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि किसान संगठनों के नेता नये कृषि कानूनों के खिलाफ 14 दिसंबर को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक भूख हड़ताल करेंगे। पन्नू ने आरोप लगाया कि सरकार ने आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश की लेकिन प्रदर्शनकारी किसानों ने ऐसा नहीं होने दिया। उन्होंने प्रदर्शन शांतिपूर्ण रखने का संकल्प लिया।

सरकार ने शुक्रवार को प्रदर्शनकारी किसानों को आगाह किया था कि वे अपने मंच का दुरुपयोग नहीं होने दें क्योंकि कुछ 'असामाजिक' और 'वामपंथी तथा माओवादी' तत्व आंदोलन के माहौल को बिगाड़ने की साजिश रच रहे हैं। टीकरी बॉर्डर पर कुछ प्रदर्शनकारियों के हाथों में विभिन्न आरोपों में गिरफ्तार कार्यकर्ताओं को छोड़ने की मांग वाले पोस्टर लिये हुए तस्वीरें सामने आने के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा था कि ये 'असामाजिक तत्व' किसानों के

(शेष पेज 7)

# एमएसपी का लाभ किसानों को समय से मिले: योगी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सभी धान क्रय केन्द्रों पर प्रोक्योरमेन्ट की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि एमएसपी का लाभ किसानों को समय से मिले। मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसको गति देने के लिए इम्पावरमेन्ट कमेटी की बैठक की जाए। उन्होंने कहा प्रदेश के विकास के लिए निवेश अत्यन्त आवश्यक है। उद्योगों की स्थापना के लिए मौजूदा लैण्डबैंक का विस्तार किया जाए। मुख्यमंत्री ने बाढ़ एवं बचाव कार्यों के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि पुलियों, तटबंधों के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्ययोजना बनाकर सभी कार्य अप्रैल तक हर हाल में पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि पहले से तैयारी करने पर बाढ़ की स्थिति से भली-भांति निपटा जा सकता है। बैठक के दौरान सीएम को अपर मुख्य सचिव वित्त ने अवगत कराया कि माघ मेले के आयोजन के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली धनराशि अवमुक्त कर दी गई है।

## कोरोना टीके के लिए वैक्सीनेटर तैयार करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना वैक्सीन के लिए सुरक्षित कोल्ड चेन की स्थापना के दृष्टिगत मुख्य सचिव के नेतृत्व में स्वास्थ्य एवं गृह विभाग की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान सभी जिलाधिकारियों को अपने-अपने जनपदों में कोरोना वैक्सीन की प्रभावी कोल्ड चेन की स्थापना एवं इसकी सुरक्षा के लिए सीएमओ तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक कर समीक्षा करने के लिए कहा। साथ ही, कोरोना वैक्सीनेशन के लिए वैक्सीनेटर्स तैयार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन से संबंधित सभी तैयारियां 15 दिसंबर तक पूरी कर ली जाएं।

बैठक में मुख्य सचिव आरके तिवारी, औद्योगिक व अवस्थापना आयुक्त आलोक टण्डन, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# दुष्यंत चौटाला ने किया फसलों पर एमएसपी दिलाने का वादा



केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से भेंट करते हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, पीयूष गोयल और राजनाथ से की मुलाकात

**किसानों** की ओर से बढ़ते दबाव के बीच हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से किसान आंदोलन के मुद्दे पर मुलाकात की।

उन्होंने अपने राज्य के किसानों को मनाने की कोशिश करते हुए कहा कि वे यह सुनिश्चित करेंगे कि उनको अपने उत्पादों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य मिले। चौटाला ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले 24 से 40 घंटे में केंद्र और किसान संगठनों के बीच अगले दौर की वार्ता होगी। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से मुलाकात करने के बाद चौटाला ने कहा कि जबतक वह राज्य सरकार का हिस्सा हैं, प्रत्येक किसान की फसल की खरीद सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार फिलहाल स्थिर है और उनकी पार्टी का एमएसपी के मुद्दे पर ठोस रुख है। उल्लेखनीय है कि चौटाला पर विपक्षी पार्टियों और हरियाणा के कुछ किसानों का भाजपा नीत राज्य सरकार से

(शेष पेज 7)

## पाकिस्तान में महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा से तोड़फोड़ की गई

भाषा। लाहौर

**महाराजा** रणजीत सिंह की लाहौर किले में स्थित एक प्रतिमा से तोड़फोड़ की गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जून 2019 में इस प्रतिमा का अनावरण किए जाने के बाद से यह दूसरा मौका है, जब किले में स्थित में जिंदा हवेली में 19वीं शताब्दी के सिख शासक महाराजा सिंह की प्रतिमा को विरूपित किया गया। इस घटना के बाद, अधिकारियों ने उस परिसर को बंद कर दिया, जिसमें महाराजा सिंह की कांस्य की प्रतिमा स्थित है। लाहौर वाल्ड सिटी अथॉरिटी के एक अधिकारी ने शनिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि एक किशोर आगंतुक ने शुक्रवार को महाराजा की प्रतिमा की बांह तोड़ दी। उन्होंने कहा, वहां तैनात सुरक्षा गार्ड ने लड़के को गिरफ्तार कर लिया और उसे पुलिस को सौंप दिया। संदिग्ध पर पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 295, 295-ए और 427 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि संदिग्ध ने पुलिस को बताया कि किले में एक सिख शासक की मूर्ति को देखकर उसकी धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। अगस्त 2019

(शेष पेज 7)

# परिवार नियोजन के लिए बाध्य नहीं कर सकते: केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- जनसंख्या नियंत्रण की जनहित याचिका पर सरकार ने कहा

**केंद्र** ने उच्चतम न्यायालय को बताया है कि भारतदेश के लोगों पर जबरन परिवार नियोजन थोपने के साफ तौर पर विरोध में है और निश्चित संख्या में बच्चों को जन्म देने की किसी भी तरह की बाध्यता हानिकारक होगी एवं जनसांख्यिकीय विकार पैदा करेगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शीर्ष अदालत में पेश हलफनामे में कहा कि देश में परिवार कल्याण कार्यक्रम स्वैच्छिक है जिसमें अपने परिवार के आकार का फैसला दंपति कर सकते हैं और अपनी इच्छानुसार परिवार नियोजन के तरीके अपना सकते हैं। उसने बताया कि इसमें किसी तरह की अनिवार्यता नहीं है। भाजपा नेता एवं अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की जनहित याचिका पर प्रतिक्रिया में यह बात कही गई है। याचिका में दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें अदालत ने देश की बढ़ती आबादी पर नियंत्रण के लिए दो बच्चों के नियम समेत कुछ कदमों को उठाने की मांग करने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी। मंत्रालय ने कहा कि लोक स्वास्थ्य राज्य के अधिकार का विषय है और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से बचाने के लिए राज्य सरकारों को स्वास्थ्य क्षेत्र में उचित एवं टिकाऊ तरीके से सुधार करने चाहिए। इसमें कहा गया, स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार का काम राज्य सरकारें प्रभावी निगरानी तथा योजनाओं एवं दिशा-निर्देशों के क्रियान्वयन की प्रक्रिया के नियमन एवं नियंत्रण की खातिर विशेष हस्तक्षेप के साथ प्रभावी ढंग से कर सकती हैं। उच्च न्यायालय ने तीन सितंबर को याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि कानून बनाना संसद और राज्य विधायिकाओं का काम है, अदालत का नहीं। उक्त याचिका में कहा गया था कि भारत की आबादी चीन से भी अधिक हो गई है तथा 20 फीसदी भारतीयों के पास आधार नहीं है।

## नड्डा के काफिले पर हमला

## केंद्र ने तीन आईपीएस को प्रतिनियुक्ति पर बुलाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**पश्चिम** बंगाल सरकार और केंद्र के बीच टकराव रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मुख्य सचिव और डीजीपी द्वारा केंद्र के सम्मन को खारिज करने के एक दिन बाद शनिवार को गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के उन तीनों आईपीएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर बुला लिया है, जिन के कंधों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की सुरक्षा की जिम्मेदारी थी। दो दिन पहले नड्डा के काफिले पर कथित रूप से तृणमूल कार्यकर्ताओं ने हमला किया था। इसके बाद से बंगाल का राजनीतिक पारा और चढ़ गया है और भाजपा व तृणमूल कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। भाजपा अध्यक्ष की सुरक्षा में तैनात तीनों अधिकारियों डायमंड हार्बर के एसपी भोलानाथ पांडे, प्रेसीडेंसी रेंज के डीआईजी प्रवीण त्रिपाठी और दक्षिण बंगाल के एडीजी राजीव मिश्रा को बुलाने से पश्चिम बंगाल सरकार और केंद्र में खींचतान और बढ़ने की संभावना हैं। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल कैडर से

(शेष पेज 7)

# प्रदेश में बार लाइसेंस स्वीकृति की प्रक्रिया होगी आसान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने बार लाइसेंस स्वीकृति की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए नई नियमावली बनाई है, जिसे कैबिनेट (मंत्रिपरिषद) ने अनुमोदित कर दिया है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि नए नियमों से राज्य में व्यापार सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) को बढ़ावा मिलेगा।

प्रवक्ता के मुताबिक कैबिनेट द्वारा उत्तर प्रदेश आबकारी (बार लाइसेंसों की स्वीकृति) नियमावली, 2020 को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि नई नियमावली में बार लाइसेंसों की वर्तमान जटिल स्वीकृति प्रक्रिया को सरलीकृत करते हुए शासन स्तर से अनुमोदन एवं मंडलायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति की संस्तुति को समाप्त करते हुए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति की संस्तुति पर आबकारी आयुक्त द्वारा स्वीकृति देने प्रावधान किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि इससे लाइसेंस की शीघ्र स्वीकृति मिलेगी और राजकोष में वृद्धि होगी, इस नई नियमावली में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हवाई अड्डों के लाउंज, विशेष ट्रेनों व घरेलू व अंतरराष्ट्रीय क्रूज में भी बार लाइसेंस देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बार और क्लब लाइसेंस जियो टैग होंगे और पारदर्शिता के लिए ऑनलाइन लाइसेंस जारी किए जाएंगे।

प्रवक्ता ने बताया कि इससे पहले लाइसेंस जिस माह में स्वीकृत होता, आवेदक को संपूर्ण वर्ष की लाइसेंस फीस जमा करनी होती थी, लेकिन अब जिस माह में लाइसेंस स्वीकृत होगा उससे पहले के तीन महीनों की लाइसेंस फीस में छूट देते हुए शेष महीनों की फीस जमा करने का नियम बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा परिसर में पार्किंग समेत अन्य कई प्रक्रिया में बदलाव किए गए हैं, नई नियमावली में दंड प्रावधान किया गया है, जिसके अनुसार बिक्री बढ़ाने के लिए अगर ग्राहकों को प्रेरित करने के लिए मदिरा पान की प्रतियोगिता जैसे कृत्य में संलिप्त पाया गया तो पहली बार 25 हजार रुपए जुर्माना और दूसरी बार 50 हजार रुपए जुर्माना लगेगा लेकिन तीसरी बार लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# हाथरस मामले में दंगे की साजिश में एक और गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के हाथरस जिले में दंगा भड़काने की साजिश करने के आरोपी और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के स्टूडेंट्स विंग, कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया (सीएफआई) के महासचिव रऊफ शरीफ को विदेश भागने की फिराक में त्रिवेंद्रम एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया है।

प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि हाथरस की दुर्भाग्यपूर्ण घटना की आड़ में दंगा भड़काने की साजिश करने वाले 4 अभियुक्तों को बीती 5 अक्टूबर को थानाक्षेत्र मांट, मथुरा से गिरफ्तार किया गया था। इनमें पीएफआई से जुड़े अभियुक्तगण अतीकुर्रहमान और मसूद को दंगा भड़काने की साजिश में आर्थिक मदद और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए केरल निवासी रऊफ शरीफ की भूमिका विवेचना के दौरान प्रकाश में आई थी।

जिसके विदेश भागने की अभिसूचना प्राप्त होने पर मांट, मथुरा के मुकदमें में 18 नवंबर को लुकआउट नोटिस को जारी की गई थी। उक्त रऊफ शरीफ आज मस्कट जाने की फिराक में था जिसे त्रिवेंद्रम एयरपोर्ट पर

(शेष पेज 7)

# फेल हो सकती है लालू प्रसाद की किडनी

- जेल में बंद राजद प्रमुख के चिकित्सक ने कहा- 25 फीसदी ही काम कर रहा गुर्दा, आगे और बिगड़ सकती है स्थिति

पायनियर समाचार सेवा। रांची



**चारा** घोटाले में सजा काट रहे राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की तबीयत में फिर से गिरावट आ गई है। रांची में रिम्स के पेइंग वार्ड में इलाजरत लालू यादव की किडनी क्रिएटिनिन लेवल लगातार बढ़ रहा है।

लालू की किडनी 25 फीसदी ही काम कर रही है। शनिवार को लालू के इलाज में लगे डॉक्टर उमेश प्रसाद यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि अगले कुछ दिनों तक स्थिति ऐसी ही रही तो लालू यादव को डायलिसिस कराने की जरूरत पड़ सकती है। लालू का इलाज कर रहे डॉ. उमेश प्रसाद ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से लालू प्रसाद बहुत चिंतित और परेशान हैं। उनकी किडनी 25 प्रतिशत ही कार्य कर रही है। ऐसे में कभी भी उनकी किडनी काम करना बंद कर सकती है। हमने लिखित में इस बार में रिम्स के उच्च पदाधिकारी और सरकार को सूचना दे दी है।

डॉक्टर के मुताबिक लालू यादव का ब्लड शुगर भी बढ़ा है। इसलिए उन्हें अच्छे इलाज की जरूरत है। उमेश यादव ने कहा कि अगर जरूरत पड़ती है तो लालू यादव के इलाज के लिए बाहर से भी डॉक्टर बुलाया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक रिम्स में एडमिट होते वक्त लालू का किडनी 53 प्रतिशत काम कर रही थी लेकिन अब मात्र 25 प्रतिशत ही किडनी काम कर रही है। बीते दो सालों में किडनी के काम करने की दरों में काफी गिरावट आई है। दूसरी ओर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने रिम्स में लालू प्रसाद से शनिवार को मुलाकात की। इसके बाद बाद पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि आरजेडी अध्यक्ष की तबीयत में गिरावट की खबरों को सुनकर वे उनके स्वास्थ्य का हाल जानने पहुंचे थे।

# 'सीमा पर हालात चिंताजनक, भारत के सब्र का इम्तिहान ले रहा चीन'

- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा- हर चुनौती का मजबूती से सामना करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**चीन** सीमा पर बीते सात महीनों से चले आ रहे गतिरोध पर भारत ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हालात बहुत चिंताजनक हैं और उसके सब्र का इम्तिहान लिया जा रहा है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में जो कुछ हुआ, वह चीन के हित में नहीं है, क्योंकि इससे आम भारतीयों की भावनाओं को गहरी चोट पहुंची है। हालांकि जयशंकर ने कहा कि देश इस चुनौती से साहसपूर्ण तरीके से निपटेगा। विदेश मंत्री ने दो दिन पहले ही कहा था कि भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंध पिछले 30-40 वर्षों में सबसे बुरे दौर में हैं।

फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के एक कार्यक्रम में जयशंकर ने एलएसी पर हुई घटनाओं को बहुत परेशान करने वाली बताते हुए यह भी कहा कि

(शेष पेज 7)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 46,099 | |
| निफ्टी | 13,513 | |
| सोना | 48,594 | /10g |
| चांदी | 62,734 | /kg |

## क्विक न्यूज

### उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश और कोहरा

**लखनऊ।** पिछले 24 घंटों में प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश दर्ज की गई। साथ ही कई जगहों पर हल्का और कहीं घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई। वहीं, मेरठ के मवाना और सहारनपुर के नकुड़ में अच्छी बारिश दर्ज की गई। बयान के मुताबिक, प्रदेश के कई हिस्सों कहीं हल्का और कहीं घना कोहरा छाया रहा। राजधानी लखनऊ में न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस और इलाहाबाद में 16.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके मुताबिक, प्रदेश में सबसे कम तापमान बांदा में नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# कोविड-19 गाइड लाइन्स का पालन हर हाल में हो: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच जन-जन तक बनाने के लिए ई-संजीवनी एप के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि कोविड.19 के सम्बन्ध में शासन की गाइडलाइन्स का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। कोविड-19 के बचाव व उपचार के सम्बन्ध में प्रभावी व्यवस्था निरन्तर बनाए रखी जाए।

मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड-19 से बचाव के बारे में लोगों को निरन्तर जागरूक किया जाए। इसके लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों के साथ-साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम का व्यापक उपयोग किया जाए। प्रमुख चैराहों, बाजारों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के द्वारा लोगों को कोविड-19 से बचाव की जानकारी दी जाए। उन्होंने मास्क के अनिवार्य उपयोग के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कान्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ, वाराणसी तथा गोरखपुर में विशेष सतर्कता बरती जाए। इन जनपदों में कोरोना संक्रमण के प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिलाधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रतिदिन नियमित रूप से सुबह कोविड चिकित्सालय में तथा शाम को इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में बैठक आहूत करते हुए कार्यों की समीक्षा की जाए और आगे की रणनीति बनायी जाए। श्री योगी ने कहा कि नए मेडिकल कालेजों का निर्माण समय सीमा के तहत किया जाए। जिन नए मेडिकल कालेज के प्रस्ताव आए है, उनको समय से पूरा करने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए।




## विवादों को निपटाने में राजस्व विभाग की भूमिका अहम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● प्रदेश के 12 जनपदों में 19 आवासीय अनावासीय भवनों का वर्चुअल लोकार्पण

**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजस्व विभाग प्रदेश की प्रशासनिक एवं भूमि व्यवस्था की धुरी है। जब कोई विभाग अच्छा कार्य करता है, तो वह जनविश्वास का प्रतीक बनता है, जिससे लोकतंत्र मजबूत होता है। भूमि सम्बन्धी विवादों को निपटाने में राजस्व विभाग की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी आवास पर राजस्व विभाग के अन्तर्गत प्रदेश के 12 जनपदों में 19 आवासीय अनावासीय भवनों का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण करते हुए कहा कि राजस्व विभाग जिस रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करता है, वह उसे जनमानस से जोड़ता है। आमजन की समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान हो सके इसके दृष्टिगत इन आवासीय और अनावासीय भवनों का निर्माण कराया गया है। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री सड़क परिवहन एवं राज्य मार्ग सेवा निवृत्त जनरल वीके सिंह भी वर्चुअल माध्यम कार्यक्रम से जुडे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारी जिलों में रहकर कार्य कर सके तथा उसे स्थानीय स्तर पर ही आवास की सुविधा मिल सके, इसलिए इन आवासीय भवनों का निर्माण समयबद्ध ढंग से हुआ है। भूमि सम्बन्धी, आपदा प्रबन्धन व राहत जैसे महत्वपूर्ण कार्य राजस्व विभाग द्वारा किये जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व विभाग द्वारा मण्डल, जनपद व तहसील के कार्यालय भवनों का सतत निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही, जनसमस्याओं के निवारण हेतु तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समय से कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु कार्यालय भवन के निकट ही उनके लिए आवासीय भवनों का निर्माण कराया जा रहा है।

# लखनऊ में 40 एकड़ में आईटी पार्क बनाने की योजना

## तीन साल में आईटी व इलेक्ट्रानिक्स क्षेत्र में हुआ 20 हजार करोड़ का निवेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश के** डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा ने यूपी की इलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफैक्चरिं नीति को लेकर कहा कि राज्य में इस नीति के आने के बाद पिछले तीन साल में 20 हजार करोड़ा का निवेश हुआ है। इस नीति में 30 निवेशकों द्वारा निवेश करने से तीन लाख लोगों को रोजगार भी मिला है।

लखनऊ में 40 एकड़ भूमि पीपीपी मॉडल पर अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी काम्प्लेक्सके अन्तर्गत एक आईटी पार्क और 4 एकड़ भूमि पर एसटीपीआई द्वारा देश का सबसे बड़ा इन्क्यूबेशन सेन्टर बनाये जाने की योजना है। इसके अतिरिक्त कानपुर, बरेली, अलीगढ़, सहारनपुर, आजमगढ़ तथा झांसी में भी आईटी पार्कों के विकास के लिए कार्यवाही की जा रही है।



पत्रकारों से बात करते हुए दिनेश शर्मा और आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स राज्यमंत्री अजीत पाल सिंह ने कहा कि अर्थव्यवस्था के वैश्वीकरण तथा नॉलेज इकोनॉमी एवं आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स संचालित टेक्नोलॉजी के आम जनजीवन तथा उद्योगों में महत्व के दृष्टिगत् प्रदेश सरकार द्वारा आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को राज्य में प्रोत्साहित करने के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं।

## भाजपा सरकार की साजिशों से सावधान रहना होगा: अखिलेश

**लखनऊ( पीएनएस )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार जुल्म भी करती है और कराहने भी नहीं देती है। नोटबंदी, जीएसटी, कृषि विधेयक से लोग बेहाल हैं पर सरकार अपनी हठधर्मी और अहंकार में चूर कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। रोज.रोज वह विकास और काम का नाटक करती है, जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा काम के अलावा सब कुछ कर सकती है। भाजपा सरकार की साजिशों से सावधान रहना होगा। अखिलेश यादव शनिवार को पार्टी मुख्यालय, में इण्डियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सीडा, सतहरिया औद्योगिक क्षेत्र जौनपुर के उद्यमियों को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। श्री यादव ने कहा कि छोटे, मंझोले उद्योग बेकारी दूर करने में मददगार हो सकते हैं लेकिन भाजपा सरकार की नीयत साफ नहीं है। उद्यमियों द्वारा जोखिम उठाने के बाद भी उन्हें उन्हें अपमान झेलना पड़ता है। भाजपा सरकार उद्यमियों को धमकी देती है, उनका उत्पीड़न किया जाता है।

## केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

**लखनऊ।** केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक सुशील द्विवेदी को अंतरराष्ट्रीय संस्था अर्थ डे नेटवर्क ने साल 2020 हेतु अर्थ डे नेटवर्क पुरस्कार के लिए चुना है। इस सम्मान के लिए उनके पिछले दो दशक में पर्यावरण प्रदूषण से संबन्धित संचेतना के वास्तविक प्रयासों जैसे गौरैया बचाव अभियान, आम लोगों एवं विद्यार्थियों में औषधीय पौधों के ज्ञान हेतु जड़ी बूटी अभियान, कोरोना महामारी के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं पारंपरिक ज्ञान विज्ञान जागरूकता, जैव विविधिता संरक्षण, पर्यावरण प्रबंधन, ऊर्जा संरक्षण, अवैध पेड़ कटाई से जैव विविधिता के क्षरण, स्वच्छ भारत अभियान जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर किए गए काम को आधार बनाया गया है।


पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैं इंदू यादव S/o संजेश निवासी ग्राम -जेहरा पिपरी, पोस्ट-तेरही जिला-आजमगढ़, मेरा पालिटेकनिक मार्कशीट 2016, डिग्री 2016, अपरेंटिस व डिप्लोमा सर्टिफिकेट 2017 खो गया है।

**सूचना**

मैं, विशाल कुमार वर्मा पुत्र मुरारी लाल (भाई महेश वर्मा- आर्मी नं0 5254856 रैंक RFN ) निवासी ग्राम सतहरिया पोस्ट पवारा, थाना मुगरा बादशाहपुर, मछलीशहर, जनपद-जौनपुर-222202 (उ0प्र0) है। मैंने अपना नाम विशाल वर्मा से विशाल कुमार वर्मा रख लिया है।

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र अबरार अहमद व बहू राफिया बानो को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उसके किसी भी कृत्य अथवा लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। शमीम अहमद पुत्र इंसान अली निवासी ग्राम व पोस्ट-रेउसा, थाना रेउसा, तहसील-बिसवां, जिला-सीतापुर

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम PUNITA UPADHYAY दर्ज है जबकि सही नाम PUNEETA UPADHYAY है। भविष्य में मुझे PUNEETA UPADHYAY नाम से ही जाना जाये। PUNEETA UPADHYAY W/O JITENDRA UPADHYAY 28D/2A, आजाद नगर, अल्लापुर, प्रयागराज

**सूचना**

मैं कि कन्हैया लाल जायसवाल, संजीव कुमार जायसवाल व महेन्द्र कुमार जायसवाल पुत्रगण स्व. महंगी राम निवासी म.नं. 14, मैनाताली, पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर (चन्दौली) अपनी सम्पत्ति म.नं. 14 जो आराजी नं. 115/4 पर निर्मित है, रकबा 4080 वर्ग फीट, आच्छादित रकवा के साथ स्थित मैनाताली, गल्ला मण्डी चौराहा, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर (चन्दौली) को बंधक रखकर फूल्टान इंडिया होम फाइनेंस कम्पनी लि., वाराणसी से ऋण हेतु आवेदन किया है अगर किसी को आपत्ति हो तो 7 दिन के अन्दर हरिश्चन्द्र राय, एडवोकेट, चैम्बर नं. 110, बनारस बार बिल्डिंग, सिविल कोर्ट, वाराणसी। मो.: 9451525826 पर सूचित करें। समयावधि के समाप्ति के पश्चात किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।


# पंचायतों व चौपालों के जरिए सरकार व संगठन किसानों का भ्रम करेंगे दूर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● बीजेपी जल्द जारी करेगी कार्यक्रम

**किसानों** का आंदोलन तेज होने के बाद उप्र में सरकार व संगठन पंचायतों और चौपालों के जरिए अन्न दाता का भ्रम दूर करने का अभियान चलाएगी। केंद्रीय नेतृत्व का इशारा मिलने के बाद बीजेपी शासित राज्यों में संगठन इस पर मंथन करने लगी है कि कार्यक्रम की रूप रेखा क्या होगीी। वह इसलिए क्योंकि सितंबर में बीजेपी के किसान मोर्चा कृषि पर आधारित तीन केंद्रीय कानून को लेकर पहले ही संवाद कर चुकी है मगर अभी भी बिल को लेकर काफी भ्रम बना हुआ है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार जाड़े के मौसम में पंचायतों और चौपालों के जरिए किसानों का भ्रम दूर किया जाएगा। इधर केंद्रीय मंत्री और पदाधिकरियों राज्यों में राजधानी समेत अन्य प्रमुख जिलों में मीडिया से भी मुखातिब होंगे। इसके साथ ही प्रभारी मंत्री भी इस अभियान में जुड़ेंगे। पश्चिम यूपी में विशेष फोकस किया जाएगा ताकि यह आग यूपी से न भड़कने पाए। पार्टी के पदाधिकारियों के अनुसार तीनों बिल किसान हित में हैं। इस पर विवाद पैदा करने वाले विपक्ष का भ्रम फायदा मिलने के साथ खुद किसान ही दूर कर देंगे। कांग्रेस चाहती है कि किसान समेत देश के हर नागरिक गुलाम रहें। जब 60 से 70 के दशक में कृषि ऐक्ट बना तो उसमें मंडियों में आढ़तियों को ही माल बेचने की बाध्यता थी। किसान पूरे देश में कहीं और माल नहीं बेच सकता था। जिस समय प्रदेश में गैर भाजपा सरकार थी किसान को दाम नहीं मिलता था वह विवश होकर पड़ोसी राज्यों में अपनी फसल बेचना चाहता था बॉर्डर पर किसानों के ट्रैक्टर रोक लिए जाते थे, उन्हें अनुमति नहीं होती थी।

## एक पर्ची से किसानों को गन्ना तौल कराने के चार अवसर प्राप्त होंगे: भूसरेड्डी

**लखनऊ( पीएनएस )।** आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि एक पर्ची से किसानों को गन्ना तौल कराने के चार अवसर प्राप्त होंगे। इसके लिए प्रदेश के गन्ना विकास विभाग द्वारा ईज ऑफडूइंग बिज़नेस कार्यक्रम के तहत गन्ना किसानों की गन्ना विपणन सम्बन्धी समस्यायों का सूचना प्रौद्योगिकी द्वारा ठोस निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रथम बार ऐसी व्यवस्था की गयी है कि गन्ना किसान की हॉयल हुई पर्ची बेकार न जाये तथा इसके लिए किसान को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें और कृषक अपने समस्त गन्ने की आपूर्ति सुगमता पूर्वक कर सकें। श्री भूसरेड्डी ने बताया कि यदि किसी किसान की कोई पर्ची निर्धारित समय में न तुलवाने के कारण हॉयल ओवर डेट ओवर डेट हो जाती है तो उसी क्रमांक की पर्ची लगभग सात दिन बाद ईआरपी के माध्यम से स्वत: रिवेलिडेट होकर पुन: किसान को प्राप्त हो जायेगी, यदि पुन: किसान रिवेलिडेट होकर प्राप्त हुई पर्ची पर निर्धारित अवधि तक गन्ना नहीं तुलवा पाता है तो उसी क्रमांक की पर्ची दोबारा रिवेलिडिट होकर पुन: किसान को प्राप्त होगी, जिस पर किसान अपना गन्ना तुलवा सकता है। यदि दोबारा रिवेलिडेट पर्ची पर भी किसान अपना गन्ना नहीं तुलवा पाता है तो कृषक की पर्ची निरस्त न हो, इस हेतु यह व्यवस्था की गयी है कि उस पर्ची को कृषक के मुख्य कैलेण्डर के अन्तिम पक्ष में 1 से 15 कॉलम तक लगाया जायेगा।

## टेंडर मूल्यांकन कमेटी की बैठक

**लखनऊ।** गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण को लेकर शनिवार को यूपीडा के चेयरमैन अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में निविदा मूल्यांकन समिति की प्री.ईओआई कांफ्रेंस यूपीडा मुख्यालय में आयोजित की गई। परियोजना के लिए पीपीपी मोड के अन्तर्गत डिजाइन, बिड, फाइनेन्स, ऑपरेट, मेन्टेन एवं ट्रांसफर के आधार पर गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना का विकास किये जाने के लिए 8 इच्छुक आवेदनकर्ताओं की उपस्थिति में चर्चा की गई। इस दौरान सभी आवेदनकर्ताओं को उनके सभी प्रश्नों पर वार्ता करते हुए समाधान के लिए विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस महत्वकांक्षी परियोजना का शिलान्यास जून 2021 में कराया जाना प्रस्तावित है।

## राधा मोहन आज लखनऊ में

**लखनऊ।** बीजेपी के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह रविवार की दोपहर साढ़े तीन बजे लखनऊ पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम लखनऊ में ही करेंगे। सोमवार को राधा मोहन बस्ती जाएंगे। 15 को वापस दिल्ली जाएंगे। पार्टी के अनुसार राधा मोहन रविवार को बीजेपी संगठन के पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे और अन्य विषयों पर चर्चा करेंगे। बस्ती में भी संगठनात्मक बैठक करेंगे।


**National Yuva Cooperative Society Ltd**
Regd Office : 209, 2nd Floor , A2/B, Vardhman Janak Market
Janakpuri, New Delhi – 110058, Phone: 011-25531063
E-mail: regdoffice.nycslimited@gmail.com, Website: www.nycsindia.com

**NOTICE**

Notice is hereby given that **19th Annual Representative General Body Meeting (RGB) of National Yuva Cooperative Society Ltd.** will be held on **29th December 2020 at 3:00 pm** at NYCS, B3/97, Basement, Safdarjung Enclave, New Delhi - 110029. **All the Members of the RGB and Central Registrar of Cooperative Societies,** are requested to participate in the meeting. Detailed Agenda of the meeting can be viewed in the website: **www.nycsindia.com**

Date : 13th December 2020 — **Dr. Umesh Londhe**
Place: New Delhi — Chief Executive Officer

**कार्यालय नगर पालिका परिषद घाटमपुर कानपुर नगर ।**

पत्रांक 494 / जलाऊ लकड़ी / न0पा0प0घा0 / 2020–21 दिनांक–11–12–2020

**निविदा सूचना**

एतद् द्वारा अधिकृत आपूर्ति कर्ता फर्मों / ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद घाटमपुर को पालिका सीमान्तर्गत शीत ऋतु से बचाव हेतु, अलाव जलवाना है। जिसके लिए पालिका को जलाऊ लकड़ी की आवश्यकता है। जिसकी आपूर्ति में रूचि रखने वाले व्यवसायी अपने-अपने न्यूनतम दरों की निविदा प्रति कुन्तल की दर से रूपए 10,000=00 की एफ0डी0आर0 (अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद घाटमपुर के पक्ष मे बंधक करते हुए) निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करते हुए दिनांक 18.12.2020 को समय अपराहन 02.00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद घाटमपुर में रखे निविदा बाक्स में डाल सकते हैं। निविदा प्रपत्र रूपए 355=00 पालिका कोष में जमा करते हुए दिनांक 18.12.2020 तक कार्यालय कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते हैं। निविदा दिनांक 10.12.2020 को ही समय अपरान्ह 3.00 बजे मा० अध्यक्ष महोदय द्वारा खोले जायेगें। जिसमें निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदादाता को आयकर व जीएसटी में पंजीकृत होना आवश्यक है। सफलीभूत निविदा दाता को आपूर्ति के पूर्व नगर पालिका परिषद घाटमपुर से रूपये 100=00 मात्र के स्टाम्प पत्र पर उसकी शर्तो के साथ अनुबन्ध करना होगा। निविदा दाता फर्म को किसी भी विभाग द्वारा काली सूची में न डाला गया हो, साथ ही आपूर्ति आदेश निर्गत होने के एक सप्ताह के अन्दर जलाऊ लकड़ी की आपूर्ति का करनी होगी। जिसके लिए अलग से कोई भाड़ा आदि देय न होगा। प्राप्त बिल से नियमानुसार देय करों की कटौतियों की जायेगी। साथ ही आपूर्ति संतोषजनक पाये जाने पर एवं धन की उपलब्धता के अनुसार भुगतान किया जायेगा।

**अधिशाषी अधिकारी** — **अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद घाटमपुर** — **नगर पालिका परिषद घाटमपुर**
**कानपुर नगर** — **कानपुर नगर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद घाटमपुर, कानपुर नगर**
Website-www.nppghatampur.in
e-mail-nppghatampur.up@gmail.com

पत्रांक–493 / न0पा0प0घा0 / निविदा / 2020–21 दिनांक–11.12.2020

**निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद घाटमपुर, कानपुर नगर सीमान्तर्गत राज्य वित्त आयोग एवं पालिका निधि की धनराशि से विभिन्न स्थलो पर निर्माण कार्य कराने हेतु ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखे निर्माण कार्य हेतु निविदा फार्म दिनांक 21.12.2020 तक कार्यालय कार्यदिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद घाटमपुर के लिपिक कक्ष मे विक्रय की जाएगी तथा दिनांक 21.12.2020 को समय 02.00 बजे तक सीलबन्द निविदाएं (तकनीकी एवं वित्तीय अलग–अलग) कार्यालय नगर पालिका परिषद घाटमपुर में उपलब्ध निविदा बाक्स मे डाली जाएगी। बॉक्स मे बन्द सीलबन्द निविदाएं उसी दिन समय 03.00 बजे नगर पालिका परिषद घाटमपर, कानपुर नगर मे अधोहस्ताक्षरी की उपस्थिति मे खोली जाएगी। निविदा क्रय करने, डालने एवं खुलते समय ठेकेदार का उपस्थित होना अनिवार्य है। निविदा तिथि पर अवकाश होने पर अगले कार्यदिवस मे निविदा खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत और अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**कार्य विवरण**

| क्र. | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि (लाख में) | अर्नेस्ट मनी 2 प्रतिशत | निविदा मूल्य + जी.एस.टी. | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड शिवपुरी पूर्वी मे सन्तोष बाल्मीकि के भवन के पास इण्टरलांकिग सड़क नाली निर्माण कार्य। | 52098.00 | 1042.00 | 355.00 | 30 दिन |
| 2 | वार्ड शास्त्रीनगर मे कंचन ज्वैलर्स तक इण्टरलांकिग सड़क नाली निर्माण कार्य। | 136310.00 | 2726.00 | 355.00 | |
| 3 | वार्ड आशानगर में आशादेवी मंदिर के सामने इण्टरलॉ–किंग सड़क नाली निर्माण कार्य। | 66428.00 | 1329.00 | 355.00 | |
| 4 | वार्ड बसन्त बिहार में रामकिशोर के भवन से पप्पू के भवन तक इण्टरलॉकिंग सड़क नाली निर्माण। | 195723.00 | 3914.00 | 355.00 | |
| 5 | नगर पालिका परिषद घाटमपुर स्थित जनरेटर सेट के लिए चबूतरा निर्माण। | 94782.00 | 1896.00 | 355.00 | |
| 6 | जलकल नं. 2 मे जनरेटर सेट के लिए चबूतरा निर्माण। | 147562.00 | 2951.00 | 355.00 | |
| 7 | वार्ड शेखवाड़ा में रवि से राजू के भवन तक एवं होली दहन स्थल के पांस बाउन्ड्री वॉल का निर्माण। | 84567.00 | 1691.00 | 355.00 | |
| 8 | पालिका सीमान्तर्गत विभिन्न स्थलों मे लोहे की पुलिया का निर्माण। | 493577.00 | 9872.00 | 355.00 | |

**नियम व शर्ते**

नीचे दी गई समस्त शर्ते / प्रपत्र की छायाप्रति निविदादाता द्वारा निविदा डालते समय अपलोड करना होगा। तकनीकी निविदा मे सफल होने पर ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी।

1. जी0एस0टी0 प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. आयकर मे पंजीकरण (पैनकार्ड) का प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. हैसियत प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. चरित्र प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. श्रम विभाग मे पंजीकरण का प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. अर्नेस्ट मनी कार्य के लागत का 2 प्रतिशत के रूप में एफ0डी0आर0 / एन0एस0सी0 अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद घाटमपुर के नाम बंधक कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. एफ0डी0आर0 / एन0एस0सी0 पर अंकित नम्बर दिनांक एवं बैंक का नाम रपष्ट होना चाहिए अथवा कार्यालय कार्य दिवस मे अर्नेस्ट मनी की धनराशि नगद जमा कर रसीद की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगी।
8. फर्म द्वारा 10 प्रतिशत तक एवं 10 प्रतिशत से अधिक अथवा कम दर डाले जाने की दशा मे निम्नवत् कटौती की जाएगी।
   (क) 10 प्रतिशत तक की दर से कम दरें डाले जाने की अवस्था मे 0.50 प्रतिशत प्रति कम दर अतिरिक्त पर ली जाएगी।
   (ख) 10 प्रतिशत से अधिक की दर से कम दरें डाले जाने की अवस्था मे 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर अतिरिक्ति पर ली जाएगी।
9. निविदा स्वीकृति की दशा मे कार्यादेश निर्गत होने पर सम्बन्धित निविदा दाता द्वारा अवशेष 08 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0 के रूप में जमा कर निर्धारित स्टाम्प पेपर रूपए 100.00 पर अनुबन्ध की औपचारिकताएं पूर्ण करनी होगी।
10. धरोहर / जमानत धनराशि 01 वर्ष के लिए बंधक की जायेगी।
11. आयकर, जीएसटी, आदि के साथ अन्य सभी देयों की जिम्मेदारी सम्बन्धित ठेकेदार की होगी।
12. निविदा फार्म कार्यालय नगर पालिका परिषद घाटमपुर मे निर्धारित शुल्क नगद जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।
13. निविदा स्वीकृत उपरान्त शासनादेश संख्या 3890 / नौ–5–19–149सा / 2019 नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊ 20 सितम्बर 2019 के अनुसार स्वीकृत निविदादाता को पालिका में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। यदि किसी ठेकेदार का वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु पंजीकरण / नवीनीकरण है तो प्रमाणपत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।
14. सभी प्रपत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।
15. किसी भी निविदा को स्वीकृत और अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी मे निहित है। समस्त शर्तों को पूरा करने वाली फर्म / ठेकेदार की निविदा स्वीकार की जायेगी।

**अधिशाषी अधिकारी** — **अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद घाटमपुर** — **नगर पालिका परिषद घाटमपुर**
**कानपुर नगर** — **कानपुर नगर**



सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 13 दिसंबर, 2020



# महापौर ने 3 वर्षों के कार्यों का रिपोर्ट कार्ड किया पेश

## मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने प्रख्यात गायक कैलाश खेर द्वारा गाया गया स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 का थीम सांग भी लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा | लखनऊ




**नगर** निगम द्वारा महापौर के 3 वर्षों के कार्यकाल पूर्ण होने पर लालबाग मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल के समक्ष विगत वर्ष का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। तीन वर्षों में 8 सौ करोड़ का कार्य किया गया, जिसमें कोरोना कार्यकाल में पूरे शहर को सैनिटाइज करने के लिए 110 हैंड हैंडलिंग मशीन, 35 टैंकरों की व्यवस्था की गयी। दस कम्युनिटी किचन से 80 हजार लोगों तक भोजन बंटवाना शामिल है। साथ ही 200 करोड़ का बांड जारी करने वाला प्रदेश का पहला नगर निगम बनने का गौरव प्राप्त हुआ।

शनिवार को नगर निगम मु यालय में उपलब्धि के तीन वर्ष के वर्षगांठ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल रहीं। महापौर संयुक्ता भाटिया ने राज्यपाल के समक्ष विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। महापौर ने कहा कि कोरोना महामारी से उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों के बाद भी नगर निगम के संसाधनों को बढ़ाते हुए समस्त 110 वार्डों में जनहित के विकास कार्यों में कमी नही आने दिए जाने का सतत प्रयास किया गया। 110 छोटी हैंड हैंडलिंग सैनिटाइजेशन मशीन के साथ, 35 बड़े टैंकरो से लखनऊ के प्रत्येक कोने को सैनिटाइज किया गया। इसके अतिरिक्त कोविड-19 महामारी के समय 10 क युनिटी किचन प्रारंभ कर लगभग 80 हज़ार लोगों को प्रतिदिन व कुल 35 लाख भोजन पैकेट जनता तक पहुँचाने का कार्य किया गया। लॉकडाउन के दौरान दैनिक भोगी गरीबों के लिए डीबीटी से लगभग 72 हज़ार गरीब जनों के खातों में एक हजार रुपये प्रति व्यक्ति अनुदान दिलाया गया। महापौर ने आगे अन्य उपलब्धियों को सबके समक्ष रखते हुए कहा कि लखनऊ नगर निगम ने समस्त रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण 2019 में देश में 12 वां स्थान प्राप्त कर उत्तर प्रदेश का सबसे स्वच्छ शहर बना साथ ही आप सब के सहयोग से लखनऊ ने, फास्टेस्ट मूविंग स्टेट कैपिटल का अवार्ड भी जीता। कार्यक्रम की शुरुआत राज्यपाल के साथ नगर विकास मंत्री आशुतोष टण्डन, मंत्री महेंद्र सिंह, स्वाति सिंह, महापौर, विधायक नीरज बोरा और सुरेश श्रीवास्तव ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान राज्यपाल, मंत्री और महापौर ने प्रख्यात गायक कैलाश खेर द्वारा गाया गया स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 का थीम सांग भी लॉन्च किया।

# फिल्मों का काम सिर्फ मनोरंजन करना नहीं, समाज को दिशा-दशा देना भी है

## निर्देशक रोहित भारद्वाज की बेबाक टिप्पणी, रंगम फिल्म्स शॉर्ट फिल्म, डॉक्यूमेंट्री और एडवरटाइजमेंट पर कर रही काम

**रंगम** फिल्म्स लखनऊ में विगत 3 वर्षों से लगातार शॉर्ट फिल्म, डॉक्यूमेंट्री और एडवरटाइजमेंट के क्षेत्र में काम करता रहा है। वर्तमान समय में रंगम फिल्म्स 26 जनवरी के अवसर पर एक शॉर्ट फिल्म का निर्माण कर रहा है और कुछ एक अन्य विषयों पर शॉर्ट फिल्म का निर्माण कर रहा है। आने वाले कुछ समय में रंगम फिसम्स और उसकी टीम एक वेब सीरीज का भी विचार कर रही है, उस वेब सीरीज पर अभी तक प्री का काम चल रहा है। इस बारे में निर्देशक रोहित भारद्वाज ने कुछ सवालों पर योजनाओं के बारे में कई खुलासे किए।

**प्र.** फिल्म बनाने का उद्देश्य

**उ.** हमारा मानना है कि सिनेमा समाज का आईना होता है या यूं कहें सिनेमा समाज का एक पूरक है रंगम फिल्म्स के माध्यम से हम (फिल्म बनाने का उद्देश्य) हर उस कहानी को, समाज को, सभ्यता को, संस्कृति को, कला को लोगों के सामने प्रस्तुत करना चाहते हैं जो अभी तक लोगों से अछूता रह गया हो।

**प्र.** फिल्म बनाने वाले टीम मेंबर तथा निर्देशक

**उ.** हमारे साथ फिल्म से संबंधित पूरी टीम है चाहे वह लेखन हो, संपादन हो, निर्देशन हो, संगीत हो या टेक्निकल टीम।



**प्र.** पूर्व में फिल्म जगत में किसी तरह का योगदान

**उ.** रंगम फिल्म्स अभी तक कई सारी शॉर्ट फिल्म्स और डॉक्यूमेंट्री बना चुका है, व्यक्तिगत तौर पर मैंने क्षेत्रीय सिनेमा में सह निर्देशक के तौर पर काम किया है ।

**प्र.** आने वाले समय में फिल्म जगत में होने वाले बदलाव पर सुझाव

**उ.** फिल्म जगत उस बहती हुई नदी की धारा की तरह है जो समय के साथ अपनी गति व रंग रूप में परिवर्तन करती रहती है और शायद यही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है इस पर किसी भी प्रकार का सुझाव देने में मैं खुद को बहुत छोटा महसूस करता हूं, परंतु मेरा मानना है कि फिल्मों का काम सिर्फ लोगों का मनोरंजन करना ही नहीं है अपितु मनोरंजन के साथ-साथ समाज को सही दिशा की ओर अग्रसर करना भी उद्देश्य है। मैं अपने साथ और अपने बाद के आने वाले फिल्म जगत के लोगों को बस यही सुझाव देना चाहूंगा की कला को कला की तरह ही प्रस्तुत करते रहना हमारा एकमात्र कर्तव्य होना चाहिए जो कि हमें बहुत ही ईमानदारी से करना चाहिए।

## मकान का ताला तोड़ जेवर व नकदी ले उड़े

**सरोजनीनगर**(लखनऊ)(सं.)। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम जहां बेखौफ चोरों ने एक लोहा व्यापारी के बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए कीमत के गहने और हजारों रुपए की नकदी पार कर दी, वहीं इस रात चोरों ने एक निर्माणाधीन कांप्लेक्स से विद्युत जनरेटर पार कर दिया। घटना की जानकारी होने के बाद पीड़ितों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का सुराग लगा रही है। बंथरा थाना क्षेत्र के अंबरपुर गांव निवासी लोहा व्यवसाई आकाश तिवारी उर्फ मुन्ना सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा स्थित कृष्णा लोक कॉलोनी फेस.2 में आरपी गुप्ता के मकान में किराए पर परिवार सहित रहते हैं। आकाश के मुताबिक शुक्रवार शाम करीब चार बजे वह कानपुर के अचलगंज निवासी अपने मामा के घर परिवार सहित एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। तभी रात करीब आठ बजे मकान मालिक आरपी गुप्ता से उन्हें मकान का ताला टूटा होने की सूचना मिली। जानकारी मिलने के बाद रात करीब 10 बजे घर पहुंचे तो मकान के कमरों और अलमारियों के सभी ताले टूटे होने के साथ ही सारा सामान बिखरा पड़ा था और अंदर रखे करीब नौ लाख रुपये कीमत के सोने.चांदी के गहने व 10 हजार रुपये की नगदी गायब मिली। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने काफी देर तक छानबीन की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगा रही है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर दंपती घायल, बच्चे की मौत

**लखनऊ( पीएनएस )।** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में एक बाइक सवार व्यक्ति अपने परिवार के साथ शादी समारोह में जा रहा था। इसी दौरान उनकी बाइक में एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पति.पत्नी व उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान बेटे की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई। पुलिस के मुताबिक अर्जुनगंज निवासी अमित लोधी शनिवार शाम अपनी बाइक से पत्नी सुधा व चार वर्षीय बेटे अंश के साथ सुशांत गोल्फ सिटी एक शादी समारोह में जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही वह अर्जुनगंज बाजार पहुंचे इसी दौरान पीछे से अज्ञात कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में तीन गंभीर रूप से घायल हो गएए जिन्हें पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करवाया। वहीं इलाज के दौरान मासूम अंश की मौत हो गई। पुलिस पीड़ित पिता की तहरीर पर को दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

# निगोहां टोल पर किसानों का सांकेतिक प्रदर्शन

संवाददाता। निगोहां

**कृषि** बिल के विरोध में देश भर के टोल प्लाजा को टोल फ्री करने के लिए किसानों के ऐलान के बाद शनिवार को लखनऊ. रायबरेली के नेशनल हाईवे 30 पर बने दखिना टोल प्लाजा पर पीएसी समेत निगोहां थाने की पुलिस टोल प्लाजा पर मुस्तैद रही। वहीं दोपहर बाद किसानों का एक समूह टोल प्लाजा पहुंचा जहां सांकेतिक प्रदर्शन कर विरोध जताया। हालांकि टोल से हो रहें संचालन पर किसी तरह का कोई अवरोध उतपन्न नही हो सका। इस दौरान टोल पर मौजूद एसडीएम मोहनलालगंज से किसान नेता ने अपनी बात रखी जिस पर एसडीएम ने उनकी बात को अधिकारियों तक पहुँचाने का अस्वाशन दिया जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हो सका। किसान नेता मनोज पटेल ने बताया कि जब तक सरकार कृषि बिल वापस नही लेती तब तक उनकी आगे भी लड़ाई जारी रहेगी। वहीं रायबरेली जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने भी टोल प्लाजा का जायजा लिया।

### टोल प्लाजा पर नहीं पहुंचे किसान नेता

**काकोरी लखनऊ** के आगरा एक्सप्रेसवे पर बने टोल प्लाजा पर किसानों के धरना प्रदर्शन के संदेह को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। लेकिन वहां पर कोई न किसान नेता और ना ही समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता देर रात तक नहीं पहुंचे। काकोरी क्षेत्र के आगरा एक्सप्रेस वे पर टोल प्लाजा को पुलिस ने पहले ही छावनी की तरह घेर लिया था। पुलिस की निगाहें चारों तरफ से चौकन्नी थी। टोल प्लाजा फ्री होने के बावजूद वाहनों को रोक रोक कर पार कराया जा रहा था । देर शाम तक पुलिस बल के साथ मौके पर डॉ अर्चना सिंह एसीपी काकोरी व प्रमेंद्र सिंह प्रभारी निरीक्षक काकोरी फोर्स के साथ डटे रहे।

## ट्रक की टक्कर से टेम्पो गहरी खाई में जा गिरा, आधा दर्जन लोग घायल

**निगोहां।** परिवार व रिश्तेदारों को लेकर ग्राम उतरावा के मजरा मठ से बछरावां जा रही टैम्पो टैक्सी को लखनऊ रायबरेली हाईवे पर उदयपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने के बाद टैम्पो नाले को तोड़ते हुए 6 फुट गहरी खाई में जा गिरा।जिसकी चपेट में आये एक बाइक सवार समेत टैम्पो में सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन फानन टैम्पो को सीधा किया और सभी घायलों को उपचार के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया सूचना पर निगोहां पुलिस भी मौके पर पहुंची। निगोहां के उतरावां के मजरे मठ गांव निवासी राजकुमार ने बताया की शनिवार की देर शाम उनकी बेटी साधना अपने एक साल के बेटे नमन के मुंडन कार्यक्रम के लिए वह अपनी ससुराल बछरावां इशिया गांव के लिए टैम्पो टैक्सी बुक करके जा रही थी साथ मे रिस्तेदार भी थे।

## नेशनल लेविल प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्र को गोल्ड मेडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-5 के मेधावी छात्र मोहम्मद अजीन सिद्दीकी ने नेशनल लेविल इण्टर-स्कूल ऑनलाइन कम्पटीशन 'ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड-2020' में गोल्ड मैडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित हुई। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के 1500 से अधिक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें सी.एम.एस. राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के इस प्रतिभाशाली छात्र ने मेन्टल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अर्जित किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्री शर्मा ने बताया कि यह प्रतियागिता छात्रों को बौद्धिक क्षमता पर ध्यान केन्द्रित करने तथा त्वरित गति से समाधान ढूढ़ने एवं सीखने की क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। सी.एम.एस. अपने छात्रों को देश-विदेश में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग हेतु लगातार प्रोत्साहित करता रहता है।

## प्रोफेसर रविकान्त चुने गये रॉयल सोसायटी ऑफ़ केमिस्ट्री के फेलो



**लखनऊ।** देवा रोड पर स्थित श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के रसायन संकाय के प्रोफेसर डा0 रविकान्त को रॉयल सोसायटी ऑफ़ केमिस्ट्री के फेलो के रूप में चयनित चुना गया है। यह सम्मान रसायन विज्ञान के क्षेत्र में बेहतरीन एवं उल्लेखनीय कार्य करने पर दिया जाता है। प्रो0 रविकान्त विगत 20 वर्षों से शोध एवं विकास कार्य कर रहे हैं और अब तक कई उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पंकज अग्रवाल ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

## महिला से छेड़ छाड़ करने वाला शोहदा गिरफ्तार

लखनऊ। राजधानी की गाजीपुर पुलिस ने एक शोहदे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार चौकी इंचार्ज सर्वोदयनगर गाजीपुर शिव मंगल सिंह ने बताया कि गत दिनों एक निजी अस्पताल के मालिक के यहां झाड़ू पोछा का काम करने वाली महिला ने आरोप लगाया कि अलीगंज का रहने वाला युवक संजेश कुमार ने उसे रोककर छेड़ छाड़ की और विरोध करने पर उसके कपड़े फाड़ दिए। पुलिस ने वादिनी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और शनिवार की सुबह शोहदे को गिरफ्तार कर लिया।

## छात्र का मोबाइल लौटाकर टेम्पो ड्राइवर ने लूटी सराहना

**मोहनलालगंज।** टेम्पों में गिरा इंजीनियरिंग छात्र का महंगा मोबाइल फोन लौटाकर टेम्पो ड्राइवर ने ईमानदारी की मिशाल पेश कर दी। शनिवार को मोहनलालगंज पहुंचे छात्र ने टेम्पो ड्राइवर से अपना खोया मोबाइल फोन प्राप्त कर आभार जताया। तेजी से वायरल हो रहे इस मैसेज ने कुछ देर में ही टेम्पो ड्राइवर को सोशल मीडिया पर हीरो बना दिया। मोहनलालगंज के उत्तरगांव का रहने वाला अबरार टेम्पो चलाकर अपने परिवार का गुजारा करता है। गुरुवार को रायबरेली निवासी इंजीनियरिंग छात्र अभय दुबे का महंगा मोबाइल सेट उसकी टेम्पो में गिर गया। अभय की बहन अनुराधा का फोन आने पर अबरार ने मोबाइल उसके पास सुरक्षित होने की जानकारी दी। शनिवार को अभय ने मोहनलालगंज आकर अबरार से अपना मोबाइल हासिल किया। सोशल मीडिया पर इसका मैसेज और फोटो वायरल हुआ तो लोगों ने टेम्पो ड्राइवर की ईमानदारी की जमकर सराहना की।

## मारपीट के दौरान लूटपाट का आरोप

**सरोजनीनगर**.लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र की विष्णुलोक कालोनी में रहने वाले अजीत कुमार सिंह ने ट्रांसपोर्टनगर तकरीबन आधा दर्जन लोगो पर मारपीट करने व इस दौरान हजारों रूपये लूटने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में अरविन्द का आरोप है कि शुक्रवार की शाम तकरीबन दस बजे वह किसी काम से ट्रांसपोर्टनगर गये थे। इसी दौरान वहां मौजूद अरविन्द कुमार सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन्हे मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। अजीत का आरोप है कि अरविन्द ने इस दौरान उनके पास मौजूद तकरीबन सोलह हजार भी लूट लिये।

## करंट से अधेड़ की मौत, एक अन्य गम्भीर

**लखनऊ।** गुड़म्बा के नेवाजपुर स्थित निर्माणाधीन मकान में करंट की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। जबकि एक अन्य गम्भीर रूप से झुलस गया। उसे निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया हैए जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इंस्पेक्टर गुडम्बा रीतेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि डालीगंज के रहने वाले कादिर गुड़म्बा के नेवाजपुर में अपने प्लाट पर निर्माण करा रहे थे। इसी दौरान करीब तीन बजे निर्माण कार्य में लगे उनके बेटे आमिर ;19द्ध व नवाज पुर दसौली निवासी लालजी उर्फलाला (55) करंट की चपेट में आ गए। इससे दोनों लोग गम्भीर रूप से झुलस गए। जिसमें लालजी उर्फलाला (55) की मौत हो गई। जबकि गम्भीर रूप से घायल आमिर (19) को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां आमिर की हालत नाजुक बनी हुई है।

## चिनहट में बकायादारों की दुकानें हुईं सील

इसके अतिरिक्त एक्शन एड (दिल्ली), अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय (बंगलौर) तथा सामाजिक अध्ययन संस्थान दिल्ली ने पुष्टि की है कि महामारी ने सबसे ज्यादा चोट महिलाओं को पहुंचाई है क्योंकि उनमें से एक बड़ा हिस्सा अपनी नौकरियां व आमदनी खो चुका है। घरों में अवैतनिक कार्यों में बढ़ोतरी हुई है तथा घरेलू कामों, बच्चों की देखभाल तथा वृद्धों की देखभाल संबंधी मांगें बढ़ी हैं। सामाजिक अध्ययन संस्थान, दिल्ली द्वारा किए गए 66 प्रतिशत कार्यरत महिलाओं पर सर्वेक्षण से पता चला है कि घरेलू काम बढ़े हैं और महामारी के दौरान वृद्धों की देखभाल की जिम्मेदारियों में बढ़ोतरी हुई है। महिलाओं का यह भी कहना है कि स्कूल तथा डे केयर सेंटर बंद होने के कारण उन पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। साथ में, परिवार के अधिकतर सदस्यों में घरों में सीमित हो जाने के कारण, घरेलू कामों का आयतन बढ़ गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था निगरानी केंद्र के सर्वेक्षण से जाहिर हुआ है कि महामारी के दोरान कई कारणों से लगभग 39 प्रतिशत महिलाओं की नौकरियां छिन गई और इन कारणों में अवैतनिक घरेलू कार्यों की बढ़ती मांग तथा परिवारों द्वारा सौंपे गए काम भी शामिल हैं।

तर्क दिया जाता है कि अधिकतर लोग जिनके पास समय का अभाव होता है उनकी आमदनी भी कम होती है और कई प्रकार की वंचनाओं के शिकार बनते हैं। इसलिए नीति नियंताओं एवं नियोक्ताओं को महिलाओं के समयाभाव को कम करने तथा श्रम बाजार में और अधिक लैंगिक समानता पर जोर देने हेतु तेज गति से कदम उठाने की आवश्यकता है। इसमें शामिल है बेहतर मान्यता देकर कार्य स्थलों पर लैंगिक असंतुलन को कम करना व साथ में अवैतनिक कार्य को पुनः संतलित किया जाना तथा डिजिटल समावेशन में लिंग आधारित अंतर को खत्म किया जाना। यह खासकर महत्वपूर्ण है क्योंकि दूर बैठकर काम अथवा घर से काम करना महामारी के दौरान प्रमुख हो गया है।

कार्यों में लोचशीलता महिलाओं को अपने घरेलू दायित्वों तथा रोजगार की जिम्मेदारियों को संयोजित करने का अवसर देती है। न केवल महिलाओं को, बलिक पुरुषों को भी अवैतनिक घरेलू कार्यों में योगदान हेतु बढ़ावा देने के लिए ऐसी लोचशीलता को विस्तारित किया चाहिए। पुरुषों तथा महिलाओं के बीच देखभाल तथा घरेलू कामकाज में साम्य आधारित वितरण को बढ़ावा देने के लिए नागरिकों को शामिल करके इस दिशा में जनजागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है।

जब से महामारी फैली है, भारत सरकार ने अर्थव्यवस्था तथा लोगों की आजीविकाओं को वापस पटरी पर लाने के लिए बहुत से राहत पैकेज एवं योजनाएं लागू की हैं। भारत के आर्थिक संकट से उबरने की प्रक्रिया को और अधिक समानता आधारित एक ऐसे जगत की ओर बढ़ना होगा जो कि भावी संकटों के प्रति प्रतिरोध क्षमता से परिपूर्ण हो। सार्वजनिक स्वास्थ विलंबनाओं को दूर करने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन पैकेज एवं आपातकालीन उपाय केंद्र सरकार द्वारा किए गए हैं जिससे कि महामारी के नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सके। महत्वपूर्ण बात यह है कि राष्ट्रीय प्रतिक्रिया में महिलाओं के समावेशन, अधिकारों, प्रतिनिधित्व तथा आर्थिक परिणामों को केंद्र में रखा जाए तभी प्रयासों के उचित परिणाम मिल सकेंगे।

लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि कार्यस्थल पर लिंग आधारित अंतराल को केवल मानसिकता में बदलाव के द्वारा ही खत्म किया जा सकता है।

# जलवायु परिवर्तन से मुकाबला

हालांकि, दीर्घकालीन रूप से पर्यावरण के लिए हानिकारक ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर विराम लगाने की रणनीति बहुत सफल नहीं हो रही है, पर कुछ उत्साहवर्धक संकेत मिले हैं।

**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)





हर साल संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम-यूएनईपी उत्सर्जन गैप रिपोर्ट जारी करती है जिसमें वर्तमान ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन तथा 12 दिसंबर, 2015 को हुए जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के बीच अंतर दिखाया जाता है। इसके अनुसार इस शताब्दी में औद्योगिक क्रान्ति के पूर्व वाली स्थिति की तुलना में औसत तापमान वृद्धि दो डिग्री सेंटीग्रेड से कम रहेगी और वह इसे 1.5 डिग्री तक सीमित रखने के प्रयास कर रहा है। प्रत्येक रिपोर्ट इस अंतर पर ध्यान केन्द्रित कर वश्विक स्तर पर पर्यावरण की स्थिति व परिवर्तनों का उल्लेख करती है। इमिशन गैप, 2020 शीर्षक वाली वर्तमान रिपोर्ट इस श्रृखला में ग्यारहवीं है। अपनी पूर्ववर्ती रिपोर्टों की तरह वह खतरनाक तस्वीर पेश करती है। इसके अनुसार वर्ष 2020 अब तक का सबसे गरम साल रह सकता है तथा जंगलों में आग, सूखे, तूफानों व ग्लेशियर पिघलने की विभीषिकायें बढ़ती जा रही हैं।

इससे लगता है कि दुनिया इस शताब्दी के अंत तक 3 डिग्री सेंटीग्रेड से अधिक तापमान वृद्धि की ओर बढ़ रही है जिसके भयानक परिणाम होंगे। ऐसा कोविड-19 महामारी के कारण पैदा आर्थिक मंदी से कार्बन डाईआक्साइड उत्सर्जन में 7 प्रतिशत संभावित कमी के बावजूद होगा। इस कमी से वर्ष 2050 तक ग्लोबल वार्मिंग में केवल 0.01 प्रतिशत कमी आएगी। अर्थव्यवस्थाओं के फिर से सामान्य होने व तेजी पकड़ने पर उत्सर्जन फिर बढ़ेगा। 7 अक्टूबर, 2018 को जारी जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी समिति-आईपीसीसी की विशेष रिपोर्ट से स्पष्ट है कि तापमान वृद्धि 1.5 डिग्री तक सीमित होने के बावजूद ग्लोबल वार्मिंग प्रभावित नहीं होगी।

समुद्रों का स्तर वर्ष 2100 के बाद भी बढ़ता रहेगा जिससे तटीय परिस्थितिकी तथा ढांचागत संरचनायें नष्ट होंगी तथा दुनिया भर में बाढ़, सूखे व मौसम अत्यधिक खराब होने की घटनाओं से अनेक प्रजातियां विलुप्त होने की ओर बढ़ेंगी व समुद्री परिस्थितिकी तंत्र को 'अपूरणीय नुकसान' होगा।

इसके साथ ही दुनिया की 14 प्रतिशत जनसंख्या अत्यधिक गरम हवाओं की शिकार बनेगी तथा ग्लोबल वार्मिंग जारी रहने पर यह 37 प्रतिशत तक हो सकती है। न्यूयार्क टाइम्स में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार 'यदि ग्लोबल वार्मिंग 2 डिग्री से अधिक होती है तो 100 मिलियन या उससे अधिक जनसंख्या भुखमरी का संकट झेलेगी।' लूस बायल की ब्रिटेन के द इंडिपेंडेंट में जारी 9 दिसंबर, 2020 की रिपोर्ट के अनुसार तापमान में 3 डिग्री वृद्धि से दुनिया में भयानक जनविनाश होगा तथा 'ग्रह के कुछ हिस्से रहने योग्य नहीं रह जाएंगे।' अलाभकारी संगठन 'क्लाइमेट सेंट्रल' के अनुसार, समुद्र जल स्तर में वृद्धि से 275 मिलियन लोग संकटग्रस्त होंगे।

2019 की आईपीसी रिपोर्ट के अनुसार उष्णकटिबंधीय व उप-उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में खाद्यान्न संकट गंभीर हो सकता है। बढ़ते तापमान से फसलों की उपज में भारी कमी आने के साथ उनका पोषण स्तर भी घटेगा। बाढ़, सूखे, तूफानों व मौसम की अत्यधिक खराबी से दुनिया की खाद्य सप्लाई श्रृंखला भी बाधित होगी। स्टीफेन लीहे की रिपोर्ट के अनुसार, 'कार्बन उत्सर्जन बेलगाम जारी रहने पर विश्व खाद्य संकट गहराएगा'।

दुनिया की 10 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या अभी कुपोषण का सामना कर रही है। आईपीसीसी की विशेष रिपोर्ट के लेखक व पर्यावरणविद सिंथिया रोजेनविग के अनुसार मौसम में अत्यधिक खराबी से दुनिया में वर्तमान समय में भी खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ रही हैं। मध्य अमेरिका में 2019 के वसंत में आई भयानक बाढ़ के कारण मक्के व सोयाबीन फसलों की बुआई देर से हुई जिससे उनकी उपज घटी। सूखे के कारण थाईलैंड व इंडोनेशिया में धान तथा भारत में 2019 में गन्ने व तिलहन की फसलों में भारी गिरावट आई। यूरोप में रिकार्डतोड़ गरम हवाओं के कारण फ्रांस में वाइन उत्पादन 13 प्रतिशत गिरा। कुपोषण व भुखमरी के साथ ही खाद्यान्न संकट से सीमाओं के पार विस्थापन हो सकता है जिसका उत्तरी अमेरिका व यूरोप की राजनीति पर हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है।

**दुनिया इस निराशाजनक भविष्य से बचने के लिए क्या कर रही है? उम्मीद की कुछ किरणें हैं। इमिशन गैप रिपोर्ट, 2020 के अनुसार, यदि सरकारें महामारी विभीषिका के बाद 'पर्यावरण बहाली' के रास्ते पर चलें तो उत्सर्जन दरों में लगभग 25 प्रतिशत कमी की जा सकती है। इससे दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग शताब्दी के अंत तक दो डिग्री तक सीमित रखने के संघर्ष में सहायता मिलेगी। इस रास्ते पर चलने के लिए शून्य उत्सर्जन तकनीकों व ढांचागत संरचनाओं को सीधे समर्थन देने की जरूरत है।**

ऐसे में सवाल उठता है कि दुनिया इस निराशाजनक भविष्य से बचने के लिए क्या कर रही है? उम्मीद की कुछ किरणें हैं। इमिशन गैप रिपोर्ट, 2020 के अनुसार, यदि सरकारें महामारी विभीषिका के बाद 'पर्यावरण बहाली' के रास्ते पर चलें तो उत्सर्जन दरों में लगभग 25 प्रतिशत कमी की जा सकती है। इससे दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग शताब्दी के अंत तक दो डिग्री तक सीमित रखने के संघर्ष में सहायता मिलेगी। इस रास्ते पर चलने के लिए शून्य उत्सर्जन तकनीकों व ढांचागत संरचनाओं को सीधे समर्थन देने की जरूरत है। इसके साथ ही जीवाश्म ईंधनों पर सब्सिडी घटाने, वनीकरण बढ़ाने व निर्वनीकरण पर रोक लगाने जैसे कदम भी उठाने होंगे। वातावरण में मौजूद कार्बन डाईआक्साइड सोखने के कारण पेड़ ग्लोबल वार्मिंग पर विराम लगाने में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कृषि व्यवहार व वैश्विक खाद्य सप्लाई व्यवस्थायें ग्लोबल कार्बन उत्सर्जन में एक तिहाई भूमिका अदा करती हैं। इसलिए इनका उन्मुखीकरण कार्बन उत्सर्जन रोकने के दृष्टिकोण से होना चाहिए। उदाहरण के लिए, फसल उगाने के लिए दलदली भूमि सुखाने जैसे कदमों से बचा जाना चाहिए क्योंकि इन क्षेत्रों में भारी मात्रा में कार्बन डाईआक्साइड फंसी रहती है। इंडोनेशिया व मलेशिया में पाम आयल बागवानी के लिए ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन व भूमि पर विशेष रिपोर्ट में कुछ संस्थागत परिवर्तनों की पैरोकारी की गई है। इनमें किसानों को विकासशील देशों में कर्ज तक बेहतर पहुंच बनाना तथा उनको स्पष्ट संपत्ति अधिकार देना शामिल है। इसमें देशी व स्थानीय ज्ञान व कौशल को बढ़ावा देने का अनुरोध भी किया गया है जिनसे जैवविविधता संरक्षण को प्रोत्साहन देने वाले कृषि व्यवहारों का संवर्धन होता है। इन व्यवहारों से मरुस्थलीकरण व भूमि क्षरण का मुकाबला भी किया जा सकता है।

उत्सर्जन गैप रिपोर्ट 2020 में जोर दिया गया है कि कृषि के साथ नौवहन व उड्डयन उद्योगों में बदलाव जरूरी हैं जो ग्लोबल उत्सर्जन में पांच प्रतिशत योगदान करते हैं। इसके लिए फासिल ईंधनों का प्रयोग घटाने व ऊर्जा दक्षता बढ़ाने की जरूरत है। दो तिहाई ग्लोबल उत्सर्जन का कारण घर-परिवार हैं। इससे बचने के लिए उपभोग व व्यवहार के तरीकों में परिवर्तन जरूरी है। साइकिल का प्रयोग, कार का साझा तथा ज्यादा ऊर्जा दक्ष तरीकों का घर-परिवार में प्रयोग करना जरूरी हो गया है। थोड़ी दूरी के लिए विमान यात्रा के बजाय रेल यात्रा को महत्व मिलना चाहिए। खासकर अमीर लोगों को अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करना चाहिए क्योंकि दुनिया के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों के पास सबसे गरीब 50 प्रतिशत जनसंख्या के बराबर संपत्ति है। भोजन की बरबादी से बचने की खास आवश्यकता है।

ग्लोबल वार्मिंग घटाने के कुछ उत्साहवर्धक संकेत मिले हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पेरिस समझौते से बाहर चले गए थे तथा उन्होंने जलवायु परिवर्तन का विचार ही खारिज कर दिया था, पर निर्वाचित-राष्ट्रपति जो बाइडेन ने न केवल इसमें पुनः शामिल होने की इच्छा प्रकट की है, बल्कि उन्होंने 2050 तक शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य भी रखा है। उत्सर्जन गैप रिपोर्ट 2020 के अनुसार, ग्लोबल ग्रीनहाउस गैसों में 51 प्रतिशत के जिम्मेदार लगभग 126 देशों ने अब तक 2050 तक शून्य उत्सर्जन के लिए प्रतिज्ञा की है और वे इस दिशा में कदम उठा रहे हैं। लेकिन इस आशावाद को मजबूत करना होगा। वादों और कार्रवाई तथा प्रतिबद्धता व परिणामों के बीच भारी अंतर हो सकता है। वर्तमान मामलों में यह अंतर सारी दुनिया का भविष्य अंधकारमय बना सकता है।

# केंद्रीय संचार राज्य मंत्री ने किया फाइव स्टार विलेज का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

- केंद्रीय राज्य मंत्री संजय धोत्रे ने कोरोना काल में डाक विभाग की भूमिका को सराहा
- इलाहाबाद परिक्षेत्र कार्यालय का मंत्री ने किया दौरा
- बेहतर निष्पादन के लिए अधिकारियों को किया निर्देशित



**केंद्रीय** राज्य मंत्री शिक्षा संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार संजय धोत्रे ने शुक्रवार को डाक विभाग की महत्वाकांक्षी परियोजना फाइव स्टार विलेज का शुभारंभ किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश डाक परिमण्डल में फाइव स्टार विलेज योजना के अन्तर्गत आच्छादित गांवों के नाम की भी घोषणा की।

डाक विभाग ने सुदूर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को अपनी योजनाओं से शत प्रतिशत जोड़ने के लिये योजना की शुरूआत की है। जिसका लक्ष्य डाकघर द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के जरिए गांव के लोगों का वित्तीय समावेशन करना है। इसके अन्तर्गत डाकघर बचत बैंक आवर्ती जमा राष्ट्रीय बचत पत्र किसान विकास पत्र सुकन्या समृद्धि खाता पीपीएफ ग्रामीण डाक जीवन बीमा डाक जीवन बीमा इण्डिया पोस्ट पेमेण्ट बैंक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना से गांवों को शत प्रतिशत आच्छादित करने का लक्ष्य है। इन योजनाओं से शत प्रतिशत आच्छादित किसी गांव को फाइव स्टार विलेज का दर्जा दिया जायेगा। इसके पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री ने उत्तर प्रदेश डाक परिमण्डल के इलाहाबाद परिक्षेत्र कार्यालय का दौरा किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने राजस्व और परिवहन के विभिन्न मानकों पर उत्तर प्रदेश डाक परिमण्डल के निष्पादन की समीक्षा की। उन्होंने बेहतर निष्पादन के लिए अफसरों को निर्देशित किया। राज्य मंत्री संजय धोत्रे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महात्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अन्तर्गत डाक विभाग द्वारा संचालित सुकन्या समृद्धि योजना की लाभार्थी बच्चियों और ग्राहकों को पासबुक वितरित की। केन्द्रीय संचार राज्य मंत्री संजय धोत्रे ने सीनियर सिटीजन वेलफेयर फंड योजना के तहत लाभार्थियों को चेक वितरित किए। संचार मंत्री ने लोगों से डाकघर बचत योजनाओं से जुड़ने की अपील की।

उन्होंने कहा कि सेवा प्रदाता क्षेत्र के रूप में डाक परिमण्डल ग्राहकों को सदैव बेहतर सेवा देने के लिये प्रतिबद्ध है। चाहे कल्याण राज्य की अवधारणा हो या सुशासन का ध्येय हो या डिजिटल भारत बनाने का सपना हो उत्तर प्रदेश डाक परिमण्डल ने इस दिशा में अभूतपूर्व कार्य किया है। उन्होंने कोविड 19 में लॉकडाउन के दौरान डाक विभाग द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की भूमिका को भी सराहा। बताया कि डाक विभाग ने आधार इनबेल्ड पेमेंट सिस्टम प्रणाली के माध्यम से लॉकडाउन के दौरान लोगों के घर घर जाकर नगदी उपलब्ध करायी है। संचार मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश डाक परिमण्डल ने लॉकडाउन के दौरान विभिन्न दवा एजेंसियों ई कॉमर्स कंपनियों से अनुबंध कर दवाओं टेस्टिंग किट कोविड 19 टेस्टिंग किट पीपीई किट को अस्पतालों तथा मेडिकल स्टोरों तक पहुंचाया है। लॉकडाउन के प्रथम चरण में जुलाई तक उत्तर प्रदेश डाक परिमण्डल ने 47 करोड़ आर्टिकल्स का वितरण किया। 1ण्06 करोड़ आर्टिकल्स को बुक किया और 41ण15 करोड़ रूपये का राजस्व अर्जित किया। परिमण्डल ने लगभग सौ टन से अधिक आवश्यक वस्तुओं की बुकिंग की और उनका वितरण किया। कोविड 19 महामारी की रोकथाम के दृष्टिगत डाक परिमण्डल ने सूक्ष्म लघु और मध्यम वर्ग के उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये मेघदूत ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किये। इसके अन्तर्गत डाकघरों में उचित मूल्य पर हैण्ड सैनेटाइजर और अन्य आयुर्वेदिक उत्पादों की बिक्री भी हो रही है। इस समय राज्य में 1425 आधार पंजीकरण और अद्यतन केन्द्र कार्यान्वित हैं। नागरिक आधारित विभिन्न सेवाओं को प्रदान करने के लिये 639 डाकघरों में कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना की गयी है। राज्य के 48 डाकघरों में पासपोर्ट सेवा केन्द्र स्थापित किये गये हैं। कहा कि अब कोई भी नागरिक नजदीकी डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र जाकर तमाम सेवाओं का लाभ ले सकता है। इस मौके पर सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल चीफ पोस्टरमास्टर जनरल उत्तर प्रदेश परिमण्डल कौशलेन्द्र कुमार सिन्हा पोस्टरमास्टर जनरल इलाहाबाद परिक्षेत्र सुवेन्दु कुमार स्वैन प्रवर डाक अधीक्षक संजय डी अखाड़े आदि उपस्थित रहे।

# मेगा लोक अदालत में 2788 वादों का हुआ निस्तारण

**अयोध्या।** जनपद न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश तिवारी, नोडल अधिकारी विधिक सेवा शैलेन्द्र सिंह यादव, प्रभारी सचिव विधिक सेवा संजीव त्रिपाठी के अतिरिक्त रीता कौशिक, भूदेव गौतम, अभिनव तिवारी, विजय गुप्ता, डा.सुनील कुमार सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा सिंह आदि न्यायिक अधिकारियो द्वारा दीप प्रज्जवलन कर मॉ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर फैजाबाद जिला विधिक सेवा प्रधिकरण द्वारा मेगा लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। उक्त अवसर पर अनेक पत्रकार मीडिया कर्मीए अधिवक्ता तथा फैजाबाद जिलाबार के श्री वाईपी त्रिपाठी एवं अनेक वादकारियो की उपस्थिति में यह कार्यक्रम की शुरूवात की गई। इस अवसर पर मा0 जनपद न्यायाधीश ने अपने संवोधन में कहा कि लोग अदालत का उद्देश्य मुकदमो के बोझ को कम करना एवं आपसी समझौते के आधार पर वादो का निस्तारण करना है। इसका मुख्य उद्देश्य है सभी नागरिकों को न्याय के समान अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारतीय संविधान के अनुच्छेद.39.क में प्राविधानिक नीति निर्देशों सिद्वान्तों को प्रभावी ढंग से लागू किये जाने के उद्देश्य से वर्ष 1995 में संसद द्वारा पारित विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 लागू किया जाना तथा सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले समाज के अपवंचित एवं निर्धन व्यक्तियों को इस योजना का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से केन्द्र स्तर पर राष्टीय विधित सेवा प्राधिकरणए राज्य स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणए माननीय उच्च न्यायालय स्तर पर उच्च न्यायालय विधिक सेवा समितिए जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समिति का गठन किया गया हैए ताकि कोई भी नागरिक आर्थिक अक्षमता या अन्य कारणों से न्याय प्राप्त करने के समान अवसर से वंचित न रह जायेंए जिसमें मुख्यत:.पात्र व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सेवा उपलब्ध करानाए लोक अदालतों का आयोजन करके पारस्परिक सद्भावना के अधीन आपसी सुलह समझौते के माध्यम से विवादों का निपटारा करानाए विधिक सेवा उपलब्ध कराने हेतु अत्यधिक प्रभावी एवं कम खर्चीली योजनाएं तैयार करके उन्हें क्रियान्वित करनाए ग्रामीण क्षेत्रोंए गरीब तथा श्रमिक बस्तियों में समाज के कमजोर एवं अपवंचित वर्गो को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी देने हेतु विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन करनाए पारिवारिक व अन्य विवादों को सुलह.समझौते के आधार पर निपटाने हेतु परामर्श एवं सुलह.समझौता केन्द्रों का संचालन करनाए प्रिलिटिगेशन विवादों के निस्तारण हेतु लोक अदालतें आयोजित कराना। लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य उन वर्गो के लिए विशेष तौर पर आयोजित होता है जो आर्थिकए पारिवारिक एवं विभिन्न समस्याओं से ग्रसित होते हैए वे सभी लोक अदालत में अपनी समस्याओं का निस्तारण विधिक अनुसार करा लेते है। इसका सबसे बड़ा मुख्य कारण यह है कि कई बार देखा गया है कि समाज के प्रताड़ित व आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति न्याय से वंचित रह जाते है व गलत कदम की ओर अग्रसारित हो जाते है। हम सभी का सबसे पहला कर्तव्य है कि न्यायालय की शरण में आने वाले हर व्यक्ति को न्याय सुलभ हो सकें, जिसके लिए राष्ठीय लोक अदालत का आयोजन कर प्रताड़ित व आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को विधि अनुसार न्याय मिल सकें।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डा. सुनील कुमार सिंह ने बताया कि लोक अदालत में कुल 2788 मामलों का निस्तारण किया गया लोक अदालत में महिलाओए दिव्यांगो, वरिष्ठ नागरिको, समाज के विभिन्न वर्ग के लोगो के अलावा पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, जन जाति आदि समाज के लोग लाभान्वित हुए। लोक अदालत में नि:शुल्क एलोपैथिक एवं होम्यो पैथिक चिकित्सा शिविर तथा कोविड प्रोटोकाल के तहत कोविड डेस्क भी बनाये गये थे। न्यायाधीश श्री भूदेव गौतम द्वारा मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा परिवहन एक्ट के तहत 28 वाद निस्तारित किये गये जिस पर कुल कुल रुपए 1,16,56,000 धनराशि की क्षतिपूर्ति निर्धारित की गई रिपेमेन्ट के कुल 15 केस निस्तारित हुए जिसमें कुल 71,00,660 रुपए की वसूली की गई। बैंक रिकवरी से संबंधित 795 प्री लिटिगेशन वाद निस्तारित किये गये जिसमें बैंक संबंधी ऋण मु0 कुल 36500100 रुपए वसूल किये गये।

# जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने की धान क्रय केंद्रों की समीक्षा

- लक्ष्य के अनुरूप कम खरीद होने पर जतायी नाराजगी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**जिलाधिकारी** कौशल राज शर्मा ने कैंप कार्यालय सभागार में धान क्रय केंद्रों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि किसी भी क्रय केंद्र पर धान खरीद में लापरवाही और शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने क्रय केंद्रों पर लक्ष्य के अनुरूप कम खरीद होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि प्रतिदिन क्रय केंद्रों पर 30 टन से कम की खरीद नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि किसी क्रय केंद्र पर 30 टन से कम प्रतिदिन खरीद होने पर संबंधित क्रय केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी क्रय केंद्र पर किसानों को अपने धान की बिक्री में भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## अंतरजनपदीय तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर।** जिले की अहिरौली पुलिस एवं स्वाट टीम को एक संयुक्त अभियान में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अन्नावा बाजार के निकट अर्न्तजनपदीय चोरों की मौजूदगी को देखते हुए त्वरित कार्यवाही की तथा तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 11 लाख रूपये का माल व नगदी बरामद किया। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये चोरों के पास से छः लाख चार हजार रूपये की नगदी तथा लगभग पांच लाख रूपये का सामान एवं तमंचा, कारतूस तथा लोहे का रॉड बरामद किया गया है। गिरफ्तार किये गये चोरों का लम्बा आपराधिक इतिहास है तथा इनके विरूद्ध जिले के भीटी, अकबरपुर व अहिरौली थानों में मुकदमें दर्ज हैं। पकड़े गये कान्ताराम निवासी दामू बेहड़ थाना ईसानगर जनपद खीरी, उत्तम निवासी खैरातीपुरवा थाना ईसानगर जनपद खीरी व ओम प्रकाश सोनी निवासी गया घाट थाना मोतीपुर जनपद बहराइच के रहने वाले हैं। इसके अलावां रामनाथ उर्फ नत्था तथा चोखे थाना ईसानगर जनपद खीरी फरार हो गये।

# संस्था का नाम बदल कर बाबा राघव दास सेवाश्रम किए जाने का हुआ निर्णय

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**राजेंद्र** नगर स्थित कुष्ठ सेवाश्रम साधारण सभा की हुई बैठक में संस्था का नाम बदल कर बाबा राघव दास सेवा आश्रम किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी के. विजयेंद्र पांडियन ने की।

संस्था के अध्यक्ष जिलाधिकारी के. विजेंद्र पांडियन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में संस्था के सचिव सुरेश सिंह ने प्रस्ताव रखा की संस्था के नियमावली में कुष्ठ रोग के साथ अन्य स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं निहित की जाएं। जिस पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संस्था द्वारा कुष्ठ रोगियों के साथ–साथ निराश्रित मंदबुद्धि एवं विभिन्न जटिल रोग से ग्रसित लोगों की चिकित्सा एवं सेवा सुनिश्चित की जाए। बैठक में संस्था के चतुर्मुखी विकास कैसे सुनिश्चित हो पाएगी इस पर विधिवत चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

## बाबा राघव दास की प्रतिमा का अनावरण

बैठक के तदोपरांत संस्था के अध्यक्ष जिलाधिकारी के. विजयेंद्र पांडियन द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में आश्रम परिसर में स्थापित संस्था के संस्थापक परमहंस बाबा राघव दास के प्रतिमा का विधि-विधान पूर्वक लोकार्पण किया गया। अनावरण कार्यक्रम का संचालन संस्था के सदस्य डॉक्टर सीपीएम त्रिपाठी ने किया तथा संस्था के सचिव सुरेश सिंह ने जिलाधिकारी एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर आरके श्रीवास्तव, एसपी क्राइम अशोक कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीकांत तिवारी, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. गणेश यादव, समाज कल्याण अधिकारी, जिला विकलांग अधिकारी, अचिंत्य लाहिरी, मानवेंद्र विक्रम सिंह, मोहम्मद सैफ, मनकेश्वर नाथ पांडेय, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी यशपाल सिंह सहित संस्था के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जन्मतिथि पर गोष्ठी आयोजित

**वाराणसी।** संस्कृति भारती के तत्वावधान में मानवाधिकार जन निगरानी समिति एवं आर्य महिला पी0जी0 कॉलेज के संयुक्त आयोजकत्व में महाविद्यालय के सभागार में महंत रामेश्वर पुरी की अध्यक्षता में 'वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जन्मतिथि मार्गशीर्ष कृष्ण चतुर्दशी के अवसर पर गोष्ठी एवं सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में अभ्यागतों का स्वागत प्राचार्या प्रो0 रचना दूबे ने किया तथा महंत को अंगवस्त्र समर्पित कर सम्मानित किया।इस सत्र का संचालन उत्कर्ष उपेन्द्र ने किया।सम्मान सत्र का प्रारम्भ युवा रंगकर्मी हितैषी चौहान से प्रारम्भ हुआ जिनको मर्णिकर्णिका 'मनु' स्मृति सम्मान देकर सम्मानित किया गया।अन्य सम्मानित जनों में हिन्दी गजल सम्राट प्रो0 वशिष्ठ अनूप (पेशवा माधवराव स्मृति सम्मान), राकेश पाण्डेय को पत्रकारिता के क्षेत्र में (बालाजी बाजीराव (नानासाहेब) पेशवा स्मृति सम्मान), डॉ0 प्रतिभा यादव (गोंड रानी दुर्गावती सम्मान), प्रो0 हरि प्रसाद अधिकारी (पेशवा माधवराम स्मृति सम्मान), मनोज श्रीवास्तव को पत्रकारिता एवं मजीठिया वेज बोर्ड पर संघर्ष के लिए (पेशवा बाजीराव स्मृति सम्मान) से सम्मानित किया गया।

# सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रतीक स्वरूप रामपंथ की स्थापना

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**भारतीय** संस्कृति के सूत्रवाक्त विश्व बन्धुत्व एवं सर्वे भवन्तु सुखिन: के माध्यम से देश समाज और परिवार को एक सूत्र में बांधने के लिये विशाल भारत संस्थान एवं श्रीराम आश्रम द्वारा सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रतीक स्वरूप रामपंथ की स्थापना की गयी। रामपंथ की पहली कार्य योजना कार्यक्रम का शुभारम्भ इन्द्रेश नगर लमही के श्रीराम आश्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं श्रीराम आश्रम के संस्थापक इन्द्रेश कुमार ने भगवान श्रीराम की मूर्ति के सम्मुख दीपोज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि इन्द्रेश कुमार ने कहा कि रामपंथ के सूत्रवाक्य सबके राम सबमें राम को जन.जन तक व्यवहारिक स्तर पर प्रचारित और प्रसारित किया जायेगा। सांस्कृतिक पुनर्जागरण के जरिये विश्व को सनातन संस्कृति की उदारता और लोककल्याण की भावना से परिचित कराया जायेगा। विश्व के सांस्कृतिक महानायक भगवान श्रीराम के इतिहास से सब परिचित हो। आश्रम के प्रमुख राजीव ने कहा कि राम सबके हैं तो राम को मानने में भेद कैसा और राम सबमें हैं तो किसी व्यक्ति से जाति धर्म के नाम पर भेद क्यों ? मानव से सृष्टि के संबंधों की व्याख्या है रामपंथ। बिना किसी भेदभाव के सबके कल्याण का चिंतन ही रामराज्य की बेहतर व्याख्या है। श्रीराम आश्रम प्रत्येक राज्य में स्थापित होगा और इससे जुड़े आचार्य समाजए परिवारए देश में हाशिये पर रहने वालों के लिये काम करेंगे। जनवरी में रामपंथ के लोग देशभर से काशी में जुटेंगे। कार्यक्रम में प्रो एसपी सिंह नाजनीन अंसारी नजमा परवीन आदि लोग मौजूद रहे।

# स्कार्पियो और कार में हुई आमने सामने की भिड़न्त, तीन की मौत

**भगवंतनगर उन्नाव।** बारा सगवर थाना क्षेत्र में मुख्य मार्ग लाल कुआँ ऊचगांव मार्ग पर बीती रात कार और स्कार्पियो में हुयी आमने सामने की जोरदार टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी। कार में बैठे चौथे व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुयी है और उसे जिला चिकित्सालय से रेफर किये जाने के बाद कानपुर में भर्ती कराया गया है। तीनों मृतक एक ही गांव के रहने वाले थे और एक शादी समारोह में शामिल होकर शुक्लागंज से दलपत खेड़ा वापस लौट रहे थे।

थाना क्षेत्र के गांव दलपत खेड़ा निवासी राम प्रताप सिंह के बेटे रोहित की बारात में शुक्लागंज जाने के लिये शिव बाबू के साथ उनकी कार यूपी 32 केएल 4676 से राम नरेश, प्रेम नाथ (कल्लू) व राजकुमार सिंह निकले थे। शुक्लागंज में शादी समारोह में शामिल होकर उक्त चारों लोग वापस गांव दलपत खेड़ा आ रहे थे। रात लगभग एक बजे लाल कुआँ ऊचगांव मार्ग स्थित रग्घूखेडा के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गये। कार सवार शिव बाबू 63 पुत्र जंग बहादुर, राम नरेश सिंह 58 पुत्र रघुपत सिंह व प्रेमनाथ उर्फ कल्लू 55 पुत्र उदय राज सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि राजकुमार सिंह 55 पुत्र जंग बहादुर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। बारात से पीछे से आ रही दूसरी गाड़ी मे गांव के लोग पहुंच गये। लोगों ने घटना की सूचना गांव वालों को देने के साथ ही पुलिस को दी। जबकि घटना के बाद स्कार्पियो सवार मौके से भाग निकले। घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस व ग्रामीणों ने कार को काट कर कार में फंसे शवों व घायल को बाहर निकाला और जिला चिकित्सालय भिजवा दिया। स्कार्पियो धानीखेडा की बतायी जा रही है। एक साथ तीन लोगों की मौत से गांव में सन्नाटा छा गया है।

## अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक पर सवार बालक की मौत, मां-बाप और बहन घायल

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर नेवलापुर मोड़ के निकट तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बालक की मौत हो गई। जबकि माता-पिता तथा मासूम बहन गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से उन्हें जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के ग्राम देवरिया निवासी नरेंद्र पुत्र राम शंकर के साले ग्राम कुमेरखेड़ा निवासी बालक राम की पुत्री सोनी का विवाह बीते 11 दिसम्बर को था। नरेंद्र अपनी पत्नी प्रमिला, पुत्र सुधांशु तथा पुत्री अंशिका को बाइक से लेकर शादी समारोह में शामिल होने ग्राम कुमेंरखेड़ा गया था। आज नरेंद्र अपने परिवार संग बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में ग्राम नेवला पुर मोड़ के निकट पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक उछलकर दूर जा गिरी। हादसे में बाइक सवार सुधांशु 10 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई।

# संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

- मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों पर पेश हुए कुल 32 मामले

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मिल्कीपुर सर्किल के खंडासाए इनायतनगर एवं कुमारगंज थानों पर आयोजित समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 32 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें से 9 मामलों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण करा दिया। हालांकि निस्तारण के लिए लंबित शेष मामलों के लिए तीनों थानों के थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर दी गई। मिल्कीपुर सर्किल के इनायतनगर थाने पर एसडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 25 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। पप्पू शिकायतों में पुलिस विभाग से संबंधित पांच मामलों का तत्काल मौके पर ही निस्तारण प्रभारी निरीक्षक विजय सेन सिंह द्वारा करा दिया गया। हालांकि ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित होने के चलते उनका त्वरित निस्तारण नहीं हो सका। एसडीएम ने प्रभारी निरीक्षक विजय सेन सिंह की मौजूदगी में राजस्व पुलिस कर्मियों की संयुक्त टीमें गठित कर निस्तारण के लिए मौके की तरफ रवाना कर दिया। इसके अलावा खंडासा थाना मुख्यालय पर थानाध्यक्ष कृष्णकांत यादव की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में क्षेत्र से आधा दर्जन फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें से 3 मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस एवं राजेश कर्मियों की संयुक्त टीमें गठित कर तहसीलदार मिल्कीपुर अरविंद त्रिपाठी द्वारा मौके के लिए रवाना की गई। इसके अलावा कुमारगंज थाने पर प्रभारी थानाध्यक्ष उमेश वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से मात्र एक फरियादी ने अपनी शिकायत पेश की मामला राजस्व विभाग से संबंधित होने के चलते प्रभारी थानाध्यक्ष ने पुलिस एवं राजस्व कर्मियों की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण के लिए तत्काल रवाना कर दिया। इस मौके पर उपनिरीक्षक सहित पुलिसकर्मी व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# निलंबित लेखपाल की थाने में मौजूदगी बनी चर्चा का विषय

- वीडियो वायरल करने वाला भी पुलिस हिरासत में
- सरकारी जमीन पर पीएम आवास की संस्तुति करने के बदले लेखपाल ने लिया था सुविधा शुल्क

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



अकबरपुर थाने में मौजूद निलंबित लेखपाल हेमन्त

**भ्रष्टाचार** के आरोप में शुक्रवार को निलंबित किए गए अकबरपुर तहसील के चर्चित लेखपाल हेमंत पांडे की शनिवार को अकबरपुर थाने में मौजूदगी बेहद रहस्यपूर्ण चर्चा का विषय बनी रही ।थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर उप जिला अधिकारी की मौजूदगी के बीच आरोपी लेखपाल का मौजूद रहना कई चर्चाओं को जन्म दे गया है ।लेखपाल की घूसखोरी का वीडियो वायरल करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने हवालात में डाल रखा है। बताया जाता है कि वह सरकारी जमीन पर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण करवा रहा था। घटना के पीछे का दिलचस्प पहलू यह है कि वीडियो वायरल करने वाले राम सुधार राजभर द्वारा सरकारी जमीन पर प्रधानमंत्री आवास पास कराने का प्रयास किया गया था ।इसी के बदले लेखपाल द्वारा सुविधा शुल्क की मांग की गई थी। एक लाख रुपये मांगे गए सुविधा शुल्क के बदले राम सुधार ने 50 हजार रुपये की धनराशि लेखपाल को दी थी। धनराशि के मिलने के बाद ही लेखपाल हेमंत पांडे ने भवन निर्माण निर्माण के लिए अपनी संस्तुति भेजी थी ।लेखपाल की संस्तुति हो जाने के उपरांत ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसका आवास स्वीकृत हुआ था लेकिन बाद में राम सुधार द्वारा इसका वीडियो वायरल कर दिए जाने के बाद अब यही मामला लेखपाल के लिए उल्टा पड़ गया। सवाल यह है कि आखिर लेखपाल ने किस आधार पर सरकारी जमीन पर प्रधानमंत्री आवास बनने के लिए संस्तुति की थी। क्या इसके लिए लेखपाल दोषी नहीं है। पुलिस ने अब राम सुधार को ही हिरासत में ले लिया है। सूत्रों के अनुसार सत्ताधारी पक्ष के कई सफेदपोश लेखपाल के पक्ष में राम सुधार पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल स्थिति किस करवट बैठेगी, यह देखने वाली बात होगी।

# बनारस में बनेगा धर्मार्थ कार्य विभाग का मुख्यालय

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

- अखिल भारतीय संत समिति ने किया स्वागत

**वाराणसी** में धर्मार्थ कार्य विभाग का मुख्यालय बनेगा। इसकी जानकारी प्रदेश के योगी सरकार में राज्य मंत्री डॉक्टर नीलकंठ तिवारी ने देते हुए बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुए मंत्री परिषद की बैठक में इसका निर्णय लिया गया है। धर्मार्थ कार्य विभाग का मुख्यालय ;निदेशालयद्ध बनारस में बनेगा। प्रदेश स्तर का बनारस में बनाने वाला यह पहला निदेशालय होगा। प्रदेश के पर्यटनए संस्कृतिए धर्मार्थ कार्य एवं प्रोटोकॉल राज्यमंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध डॉक्टर नीलकंठ तिवारी ने बताया कि 1985 में धर्मार्थ कार्य विभाग बनाया गया। लेकिन इसका निदेशालय अभी तक नहीं बनाया गया तथा लोग इस विभाग को उपेक्षा की दृष्टि से देखते थे। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को लखनऊ में हुए मंत्री परिषद की बैठक में धर्मार्थ कार्य विभाग का निदेशालय ;मुख्यालयद्ध बनारस में बनाए जाने का निर्णय लिया गया हैं। उन्होंने बताया कि बनारस में धर्मार्थ कार्य विभाग का मुख्यालय बनने से धर्म स्थलोंए मंदिरों एवं मठों की गतिविधि जुड़ेगा और इनके सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों से संबंधित योजनाओं परियोजनाओं के संचालन में गति मिलेगा।

अखिल भारतीय संत समिति ने किया स्वागत किया है। संत समिति के स्वामी जितेंद्र सरस्वी ने स्वाग किया है। अखिल भारतीय संत समिति ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा है आध्यात्मिक नगरी काशी में मुख्यालय होना गौरव कि बात है।

# किसान आंदोलन को देखते हुए प्रशासन अलर्ट टोल प्लाजा पर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त

संवाददाता। नवाबगंज उन्नाव

**किसान** आंदोलन को देखते हुए जिला प्रशासन टोल की सुरक्षा को लेकर सतर्क दिख रहा है। भारी फोर्स के साथ में पुलिस और प्रशासन के उच्चाधिकारी टोल पर डटे रहकर पल पल की अपडेट लेते दिखाई दिये। किसान नेताओं के टोल पर प्रदर्शन की चेतावनी के बाद प्रशासन अलर्ट दिखाई दिया। नवाबगंज स्थित टोल प्लाजा पर कोई अराजकता न होने पाए साथ ही टोल से निकलने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी न उठानी पडे इसके लिये प्रशासन ने तीन थानों की फोर्स सहित पीएसी के जवानो को टोल पर किसी भी स्थित से निपटने के लिए तैयार कर रखा है।

दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन के चलते लखनऊ कानपुर हाईवे पर स्थित टोल पर किसान कार्यकर्ताओ के संभावित हंगामे के मद्देनजर प्रशासन ने टोल पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर रखी है। इसी के चलते तीन थानों की फोर्स सहित भारी पीएसी सुबह से ही टोल पर तैनात थी। इतना ही नहीं एडिशनल एसपी, एसडीएम हँसनगंज व सीओ ने मौका मुआयना भी किया। एसडीएम हँसनगंज प्रदीप वर्मा ने बताया कि विकास खण्ड नवाबगंज के सेवरा गांव में भारतीय किसान यूनियन के भानू गुट के ब्लॉक अध्यक्ष हसीन खान के घर पहुंच कर समस्याओं का ज्ञापन लिया गया है। जिसमें किसान कार्यकर्ताओ ने टोल पर किसी भी प्रदर्शन न किये जाने का भी आश्वासन एसडीएम व सीओ की मौजूदगी में दिया।

## किसान सम्मान यात्रा को प्रशासन ने रोका

**उन्नाव।** जिले में किसान स्वाभिमान यात्रा को रोकते हुवे वापस कानपुर की ओर भेज दिया गया। शुक्लागंज नवीन गंगा पुल से किसान स्वाभिमान यात्रा ने जैसे ही जिले की सीमा में प्रवेश किया, यात्रा को भारी पुलिस बल ने रोंक लिया। यात्रा में शामिल किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तरूण पटेल उन्नाव जनपद के युवा नेता अक्षत ठाकुर एवं किसान कांग्रेस के उत्साही कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध किया लेकिन प्रशासन के सख्त तेवरों के आगे इनकी एक न चल सकी।

सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी सहित आधा दर्जन इंस्पेक्टर के साथ भारी पुलिस बल ने यात्रा के रास्ते में परिवर्तन की बात कहते हुए किसान स्वाभिमान यात्रा को वापस कानपुर की ओर भेज दिया। युवा नेता अक्षत ठाकुर ने बताया कि किसानों के हक की लड़ाई में निकली यात्रा को जिला प्रशासन के अधिकारियों ने जबरन रोंक दिया है। हांलाकि बाद में किसी अन्य रास्ते से यह यात्रा बांगरमऊ पहुंची। जहां पर किसानों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया।

# किसान आंदोलन अब किसानों का नहीं रहा

## ● वामपंथी और माओवादी तत्व घुस गए हैं : गोयल

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्र** के नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन को अब 17 दिन हो गए हैं और शनिवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आंदोलन अब किसानों का प्रदर्शन नहीं रह गया है क्योंकि इसमें वामपंथी और माओवादी तत्वों की घुसपैठ हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लाए गए कृषि सुधारों को पटरी से उतारने की कोशिश की जा रही है।

हालांकि गोयल ने यह नहीं बताया कि क्या सरकार की प्रदर्शन स्थलों पर देखे गए प्रतिबंधित संगठन के किसी व्यक्ति के खिलाफ किसी तरह की कार्वाई की योजना है या नहीं। रेल, वाणिज्य और उद्योग तथा खाद्य और आपूर्ति मामलों के केंद्रीय मंत्री, गोयल ने फिक्की की वार्षिक बैठक में कहा, अब हमें लगता है कि तथाकथित किसान आंदोलन बमुश्किल ही किसानों का आंदोलन रह गया है। इसमें वामपंथी और माओवादी तत्वों की घुसपैठ हो गई है। जिसका नजारा हमने पिछले दो दिन में देखा जब राष्ट्रविरोधी कृत्यों के लिए जेलों में डाले गए लोगों की रिहाई की मांग उठी। उन्होंने कहा कि किसानों के मंच से तथाकथित विद्वानों और कवियों को रिहा करने की मांगें साफ दर्शाती हैं कि कृषि सुधारों को पटरी से उतारने के प्रयास संभवत: कुछ ऐसे तत्वों के हाथ में हैं जो भारत के लिए अच्छे नहीं हैं।

गोयल ने कहा, मैं फिक्की से जुड़े सभी नेक कारोबारियों और सभी विद्वानों, जो इस वेबकास्ट से जुड़े हैं, से आग्रह करुंगा कि इन कृषि कानूनों के लाभों के बारे में बात करें। अगर आपको कोई आशंका है तो हमसे बात कीजिए। मंत्री ने आश्वासन दिया कि ए कानून देशभर के करीब 10 करोड़ किसानों के फायदे के लिए हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है जिसने न्यूनतम समर्थन मूल्य या एमएसपी के तहत खरीद को लगभग दोगुना कर दिया है जबकि एमएसपी पर गलत तरह से खतरा होने की बात दर्शाने की कोशिश की जा रही है। मंत्री ने कहा, इस सरकार ने सुनिश्चित किया है कि किसानों को उनकी उपज की लागत से 50 प्रतिशत अधिक मिले। उन्होंने कहा, इस सरकार ने कृषि बजट को करीब छह गुना बढ़ाया है।

गोयल ने उद्योग क्षेत्र के लोगों से अपने प्रभाव क्षेत्र में आने वाले किसानों को इस बारे में समझाने की अपील की। गोयल की टिप्पणी पर फिक्की के पूर्व अध्यक्ष और भारती एंटरप्राइजेज के उपाध्यक्ष राजन भारती मित्तल ने कहा, साफ है, आप देख सकते हैं कि जब आप कृषि विधेयक जैसे कड़े सुधार लाते हैं तो कृपया पीछे नहीं हटें। उद्योग जगत आपके साथ होगा।



नादिया जिले में शनिवार को एक बाग में फूल तोड़ती दो महिलाएं व लड़का।

## जम्मू-कश्मीर में डीडीसी चुनाव का छठा चरण आज 245 उम्मीदवार मैदान में



**भाषा।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** में जिला विकास परिषद (डीडीसी) के लिए छठे चरण का मतदान रविवार को होगा और इसमें 7.48 लाख से अधिक मतदाता 100 महिलाओं सहित 245 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे। राज्य चुनाव आयुक्त के के शर्मा ने यह जानकारी दी। आठ चरण में हो रहे डीडीसी चुनाव के पहले चरण के तहत 28 नवंबर को मतदान कराया गया था और अब तक 20 जिलों के कुल 280 निर्वाचन क्षेत्रों में से 190 क्षेत्रों में मतदान संपन्न हो चुका है। पहले चरण के तहत 28 नवंबर को सबसे अधिक 51.76 प्रतिशत मतदान हुआ था और उसके बाद एक, चार, सात और 10 दिसंबर को क्रमश: 48.62 प्रतिशत, 50.53 प्रतिशत, 50.08 प्रतिशत और 51.20 प्रतिशत मतदान हुआ।

डीडीसी चुनावों के साथ ही पंचायतों के लिए उपचुनाव भी हो रहे हैं। पिछले साल जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद यह प्रथम लोकतांत्रिक कवायद है। डीडीसी चुनाव के लिए मतगणना 22 दिसंबर को होगी। शर्मा ने कहा कि रविवार को मतदान के छठे चरण के तहत जम्मू में 17 और कश्मीर घाटी में 14 निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह सात बजे से दोपहर दो बजे तक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। शर्मा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इस चरण के डीडीसी चुनाव में कुल 245 उम्मीदवार मैदान में हैं। उनमें 145 पुरुष और 100 महिलाएं हैं। कश्मीर संभाग में 124 और जम्मू संभाग में 121 उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा कि 3,57,869 महिलाओं सहित कुल 7,48,301 मतदाता इस चरण में मतदान कर सकेंगे।

## रोशनी योजना के तहत हड़पी गई 17,000 हेक्टेयर जमीन जम्मू-कश्मीर को वापस मिलेगी : ठाकुर

**भाषा।** श्रीनगर



**केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को विश्वास जताया कि जम्मू कश्मीर को 17,000 हेक्टेयर जमीन वापस मिलेगी, जो रोशनी योजना के जरिए हड़प ली गई थी। साथ ही, ठाकुर ने यह भी कहा कि इस भ्रष्टाचार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जम्मू-कश्मीर के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा, रोशनी अधिनियम को उच्च न्यायालय ने निरस्त कर दिया और इसे अवैध एवं असंवैधानिक करार दिया। इसने (अदालत ने) स्पष्ट रूप से यह कहा कि यह अधिनियम क्यों लाया गया था...महज कुछ बड़े नामों की मदद के लिए, चाहे क्यों ना वे राजनीति, कारोबार या नौकरशाही के क्षेत्र से रहे हों। उन्होंने कहा, मैं इस बात को लेकर आश्वस्त हूं कि 3.42 लाख कनाल (17,000 हेक्टेयर) जमीन जम्मू कश्मीर को वापस मिल जाएगी। इस भ्रष्टाचार में संलिप्त रहे लोगों के खिलाफ कार्वाई होगी।

वहीं, जम्मू कश्मीर सरकार ने उच्च न्यायलय में एक पुनर्विचार याचिका दायर कर भूमिहीन खेतिहरों और जमीन हड़पने वाले उन संपन्न लोगों के बीच अंतर स्पष्ट करने का अनुरोध किया था, जिन्हें निरस्त कर दिए गए इस अधिनियम से फायदा हुआ था। याचिका पर 16 दिसंबर को सुनवाई होगी। ठाकुर ने जिला विकास परिषद चुनावों के बारे में कहा कि चुनाव से पहले लोगों को डराने की कोशिशें की गई, लेकिन मतदाता नहीं डरे।

## शरद पवार 1990 के दशक में दिल्ली की दरबारी राजनीति के कारण नहीं बन पाए थे पीएमः पटेल

**भाषा।** मुंबई



**राकांपा** के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल ने शनिवार को दावा किया कि पार्टी प्रमुख शरद पवार 1990 के दशक में जब कांग्रेस में थे, उस दौरान अपने खिलाफ दरबारी राजनीति के कारण वह दो मौकों पर प्रधानमंत्री नहीं बन पाए थे। पटेल ने पवार के 80वें जन्मदिन के मौके पर कहा कि यह 'अधूरा सपना पूरा हो सकता है।

पटेल ने एक समाचार पत्र में प्रकाशित अपने एक आलेख में लिखा, पवार ने बहुत कम समय में कांग्रेस में अग्रिम पंक्ति के नेता के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली थी। वह 1991 और 1996 में प्रधानमंत्री की भूमिका के लिए निश्चित रूप से स्वाभाविक उम्मीदवार थे। लेकिन दिल्ली की दरबारी राजनीति (भाई-भतीजावाद) ने इसमें अवरोध पैदा करने की कोशिश की। निश्चित रूप से यह न केवल उनके लिए एक व्यक्तिगत क्षति थी, बल्कि उससे भी ज्यादा पार्टी और देश के लिए क्षति थी।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस के दरबार का एक तबका प्रभावशाली नेताओं को कमजोर करने के लिए राज्य इकाइयों में विद्रोहों को बढ़ावा देता था। इस लेख के बारे में पूछे जाने पर पटेल ने मुंबई में संवाददाताओं से कहा कि पवार दो मौकों पर प्रधानमंत्री बनने से चूक गए... बनते बनते रह गए ... अब, अगर पूरा महाराष्ट्र उनके साथ खड़ा होता है, तो हमारा अधूरा सपना पूरा हो सकता है। वह पवार के जन्मदिन के मौके पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद बोल रहे थे। राकांपा महासचिव ने कहा कि उन्होंने लेख में जो लिखा है, वह हमने तब देखा था, जब हम कांग्रेस के साथ थे। संपर्क किए जाने पर एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि पवार वर्ष 1986 में कांग्रेस में फिर से शामिल हुए थे और दिल्ली में उनकी छवि यह थी कि वह एक निष्ठावान कांग्रेसी नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि पवार ने 1978 में भी पार्टी के खिलाफ विद्रोह किया था। कांग्रेस नेता ने हालांकि पटेल के लेख पर टिप्पणी करने करने से इनकार कर दिया। पटेल ने अपने लेख में कहा कि राजीव गांधी की मृत्यु (1991 में हत्या) के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच मजबूत धारणा थी कि पवार को कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया जाए।

## तीनों सेनाओं में अपनी सेवा देने वाले कर्नल पृथपाल सिंह 100 साल के हुए

**भाषा।** चंडीगढ़



**द्वितीय** विश्वयुद्ध के वयोवृद्ध सैनिक और तीनों सेनाओं (थल,जल और वायु) में अपनी सेवा देने का अनोखा कीर्तिमान स्थापित करने वाले कर्नल (अवकाश प्राप्त) पृथपाल सिंह गिल शुक्रवार को 100 साल के हो गए जिसके बाद विभिन्न वर्गों से उनको बधाई देने का तांता लगा हुआ है। भारतीय सेना में अपनी सेवा देने के दौरान कर्नल गिल 34 मीडियम रेजीमेंट में रहे और बाद में पदोन्नति के साथ 71 मीडियम रेजीमेंट का नेतृत्व किया। गिल के जन्मदिन के अवसर पर 71 मीडियम रेजीमेंट ने शुक्रवार को उनके जम्मू-कश्मीर के राजौरी स्थित आवास पर केक, ट्रॉफी, ट्रैकसूट और टीशर्ट भेजा।

बता दें कि वर्ष 1965 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान गिल 71 मीडियम रेजीमेंट के कमांडिंग ऑफिसर थे। उनकी बहू हरप्रीत कौर ने शनिवार को पीटीआई-भाषा को फोन पर बताया कि गिल ने अपने तीन दशक के करियर में रॉयल इंडियन एयरफोर्स, रॉयल इंडियन नेवी और इंडियन आर्मी में सेवा देने का अनोखा कीर्तिमान बनाया है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 महामारी की वजह से गिल का जन्मदिन परिवार के सदस्यों और कुछ दोस्तों के साथ मनाया गया। उल्लेखनीय है कि गिल के बेटे अजय पाल सिंह पेशे से डॉक्टर हैं जबकि पोता वकील है। कर्नल गिल की पत्नी परमिंदर कौर 93 वर्ष की हैं और इस महीने के आखिर में वह शादी की 70वीं सालगिरह मनाएंगे। हरप्रीत कौर से पूछा गया कि कर्नल गिल ने कैसे अपना जन्मदिन मनाया तो उन्होंने बताया, वह कल सुबह रेजीमेंट (71वीं) द्वारा भेजी गई ट्रॉफी, ट्रैक सूट और टी शर्ट के साथ बहुत खुश थे। वह ट्रॉफी के साथ तस्वीर खिंचवाते वक्त बहुत उत्साहित थे। उन्होंने बताया, सेना के कई अधिकारियों ने उन्हें 100वें जन्मदिन की बधाई दी। सेना द्वारा केक, फूल और उपहार भेजे गए।

यहां तक कि जिस बैंक में उनका पेंशन खाता है वहां से भी उनकी तस्वीर को फ्रेम कर उपहार स्वरूप भेंट किया गया। बैंक के वरिष्ठ अधिकारी स्वयं यह उपहार देने आए थे। कौर ने बताया कि स्वयं सेना के पूर्व अधिकारी रहे पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने भी उन्हें बधाई दी। बाद में मुख्यमंत्री ने ट्वीट करके भी गिल को बधाई दी। गौरतलब है कि कर्नल गिल ने लाहौर के गवर्मेंट कॉलेज से स्नातक किया और बाद में लाहौर के ही वाल्टन एयरोड्रम से विमान चालक का प्रशिक्षण प्राप्त किया और वर्ष 1942 में रॉयल इंडियन एयरफोर्स में भर्ती हुए। कौर ने बताया कि गिल के पिता मेजर हरपाल सिंह गिल और परिवार के दबाव में उन्होंने वायुसेना छोड़ दी और बाद में नौसेना में भर्ती हो गए और आजादी के बाद वह भारतीय थल सेना में शामिल हुए।

## गलत हाथों में जा रहा है किसान आंदोलन: शांता

**भाषा।** धर्मशाला



**हिमाचल** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता शांता कुमार ने शनिवार को कहा कि केंद्र के कृषि कानूनों के विरोध में किसानों के प्रदर्शन को आढ़तियों से पैसा मिल रहा है और यह आंदोलन तेजी से आतंकी गुटों समेत गलत हाथों में जा रहा है। उन्होंने किसानों और सरकार को ऐसे तत्वों से बचने और सावधान रहने की सलाह दी। कुमार ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मंत्रियों के साथ हुई कई दौर की बातचीत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए आश्वासन के बावजूद किसानों का आंदोलन और बड़ा होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंदोलन नाजुक दौर में पहुंच गया है क्योंकि कुछ गलत तत्व इससे जुड़ गए हैं और कुछ संदिग्ध गैर सरकारी संगठनों द्वारा इसके लिए पैसा भेजा जा रहा है। कुमार ने कहा, आंदोलन का नेतृत्व अब खेत में काम करने वाले किसानों के हाथ में नहीं है। आंदोलन को अब पंजाब के नेता चला रहे हैं। विरोध प्रदर्शन में कथित रूप से आढ़तियों की भूमिका को समझाते हुए कुमार ने कहा कि पंजाब में अनाज का उत्पादन बहुत अधिक है और भारतीय खाद्य निगम द्वारा इसकी खरीद से कर और आढ़तियों के शुल्क के रूप में हर साल पांच हजार करोड़ रुपए प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा, नए कानून से किसान अपने उत्पाद देश भर में कहीं भी बेच सकेंगे और इससे आढ़तियों की आय बहुत कम हो जाएगी।

## अनुच्छेद 370 से जम्मू कश्मीर में भ्रष्टाचार बढ़ा थाः जितेंद्र सिंह

**सांबा (जम्मू-कश्मीर)।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि इस समय निष्प्रभावी हो चुके अनुच्छेद 370 ने जम्मू कश्मीर में अत्यधिक भ्रष्टाचार का रास्ता साफ किया था और राज्य की सरकारों ने इसके कारण अपने भ्रष्टाचार रोधी कानून बनाए और कथित रूप से अपनी सुविधा के लिहाज से इन्हें बदला। सिंह ने कहा कि जिला विकास परिषदों (डीडीसी) के गठन से जम्मू कश्मीर में प्रशासन के कामकाज में जवाबदेही, पारदर्शिता आएगी तथा परिणामोन्मुखी कार्य होगा। उन्होंने डीडीसी चुनावों में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, अनुच्छेद 370 ने जम्मू-कश्मीर में अत्यधिक भ्रष्टाचार का रास्ता साफ किया क्योंकि इसने राज्य में रहीं सरकारों को अपने खुद के भ्रष्टाचार रोधी कानून बनाने का अधिकार दिया जो अपर्याप्त थे तथा सुविधा के हिसाब से उनमें बदलाव किए गए।

## छोटे कद के नेताओं ने पवार को शीर्ष पर जाने से रोकाः राउत

**भाषा।** मुंबई



**शिवसेना** के सांसद संजय राउत ने शनिवार को कहा कि छोटे राजनीतिक कद के नेताओं ने शरद पवार को शीर्ष पर जाने से रोका। कांग्रेस के पूर्व नेता पवार ने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ बगावत कर 1999 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का गठन किया था। पवार का आज 80वां जन्मदिन है। राउत ने नासिक में पत्रकारों से कहा, पवार की योग्यता और गुण उनकी राजनीतिक यात्रा में एक अवरोधक बन गए। उन्होंने कहा, छोटे कद के नेताओं को उनसे डर था और उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि वह शीर्ष पर न पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि अगर कांग्रेस में चुनाव हुए होते तो 80 फीसदी वोट पवार के पास होते। शिवसेना के नेता ने कहा, पवार को बहुत पहले ही प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिलना चाहिए था। आज वह 80 वर्ष के हैं। लेकिन वह ऐसे नेता है जिसके लिए उम्र कोई बाधा नहीं है। कांग्रेस के भविष्य के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा कि राजनीतिक दलों का सफाया नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक समय में भाजपा के केवल दो सांसद थे। उन अटकलों पर कि पवार संप्रग के अध्यक्ष बन सकते हैं, राउत ने कहा कि अगर महाराष्ट्र का कोई नेता कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन का प्रमुख बन जाता है, तो हमें खुशी होगी। दिल्ली की सीमाओं पर नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन पर राउत ने कहा कि यदि केन्द्र सरकार दो कदम पीछे हट जाएगी तो इससे उसकी प्रतिष्ठा प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने कहा, संसद में इन कानूनों पर पुन: बहस करें।

## राजौरी में नियंत्रण रेखा के पास खड्ड में गिरने से सैनिक की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास गहरे खड्ड में गिरने से शनिवार को एक सैनिक की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि लांस नायक सुरेश गुरगे नौशेरा सेक्टर के कलाल इलाके में गश्ती दल का हिस्सा थे। उन्होंने बताया कि उनका पैर फिसल गया और वह खड्ड में जा गिरे जिस वजह से उन्हें गंभीर चोटें आईं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

# पेज 1 का शेष

### सुधारों का...

भी है। विश्वास से भरे प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्थिक सूचकांक हौसला और उत्साह बढ़ाने वाले नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि संकट के समय देश ने जो सीखा है उसने भविष्य के संकल्पों को और दृढ़ किया है। 'वैश्विक महामारी के दौरान एक सबक और इतिहास जुड़ा होता है। इसका श्रेय भारत के उद्यमी, युवाओं और किसानों को जाता है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान भारत ने अपने लोगों के जीवन को बचाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। इस दौरान भारत की नीति और निर्णयों से पूरी दुनिया चकित हुई। भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति निवेशकों के भरोसे का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफपीआई), विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) सहित विदेशी निवेशकों का रिकार्ड निवेश भारत में हो रहा है। केन्द्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान का जिक्र करते हुये मोदी ने कहा कि यह अभियान हर क्षेत्र में कुशलता और क्षमता को बढ़ा रहा है। इसके तहत प्रौद्योगिकी को नई ऊर्जा देने पर बल दिया गया और 'शून्य खामी और शन्य प्रभाव' हमारा लक्ष्य होना चाहिये। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में भारत अग्रणी बन सकता है उन क्षेत्रों का और बढ़ावा देने के लिये उत्पादन सं जुड़ी योजना शुरू की गई है। प्रधानमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों को खोले जाने की अपनी सरकार की नीति का जिक्र करते हुये कहा कि जो जितना असुरक्षित होता है वह अपने आस पास के लोगों को अवसर देने से डरता है। लेकिन जनता के भारी समर्थन से बनी सरकार का अपना ही विश्वास होता है। सरकार जितनी निर्णायक होती है वह दूसरों के लिय उतने अवसर उपलब्ध कराती है। उन्होंने कहा कि निर्णायक आत्मविश्वास से भरी सरकार यह नहीं चाहती कि सारा नियंत्रण अपने पास ही रखे, पहले की सरकारों ने ऐसा ही किया। घड़ी, टेलीविजन से लेकर डबलरोटी और केक बनाने के काम भी खुद किया। इस सोच ने बड़ी दुर्गति की। लेकिन निर्णायक सरकार दूसरों को आगे बढ़ने के लिये प्रोतसाहित कर रही है। भारत हर क्षेत्र में सुधारों को आगे बढ़ा रहा है। भारत में कंपनी कर की दरें आज दुनिया में सबसे प्रतिस्पर्धी हैं। भारतदेश के उद्यमियों के समार्थ पर भरोसे के साथ आगे बढ़ रहा है। कोई भी क्षेत्र हो अवसरों की कमी नहीं है। ग्रामीण भारत की तस्वीर बदली है। ग्रामीण भारत बड़े बदलाव से गुजरा है। फिक्की की अध्यक्ष संगीता रेड्डी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री का स्वागत करे हुये कहा कि देश को माजूदा समय में प्रतिस्पर्धी बने रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में सुधारों को आगे बढ़ाया गया और जीएसटी जैसे बड़े सुधार किये गये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने 'फिक्की वार्षिक एक्सपो 2020 की भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये आभासी तौर पर शुरुआत की।

### आंदोलन और...

भेष में शांतिपूर्ण आंदोलन का माहौल बिगाड़ने की साजिश रच रहे हैं। सितंबर में बनाए गए तीन कृषि कानूनों को सरकार ने कृषि क्षेत्र में बड़े सुधार के रूप में पेश किया है। सरकार का कहना है कि इससे बिचौलिये हट जाएंगे और किसान अपनी फसल देश में कहीं भी बेच सकेंगे। हालांकि, प्रदर्शन कर रहे किसानों को आशंका है कि नये कानूनों से न्यूनतम समर्थन मूल्य की व्यवस्था और मंडियां खत्म हो जाएंगी, जिससे वे कॉरपोरेट की दया पर निर्भर रह जाएंगे।

### दुष्यंत चौटाला...

इस्तीफा देने का दबाव है। उन्होंने पहले कहा था कि अगर एमएसपी व्यवस्था को खतरा उत्पन्न हुआ, तो वह इस्तीफा दे देंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या हरियाणा की गठबंधन सरकार स्थिर है, चौटाला ने शनिवार को कहा कि हां...जबतक हम एमएसपी सुनिश्चित करते हैं तबतक हम स्थिर रहेंगे।' जननायक जनता पार्टी (जजपा) नेता ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि अगले 24 से 40 घंटे में नए दौर की वार्ता होगी और कुछ निर्णायक बयान सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी को बैठकर मुद्दे का हल करने की जरूरत है... जिस तरह से केंद्र सरकार, प्रदर्शनकारी किसानों से बात कर रही है और किसान संगठनों की मांग पर 24 पन्नों का जवाब दिया है, उसे देख मैं आशान्वित हूं कि आपसी सहमति से इस मुद्दे का समाधान निकल जाएगा।' चौटाला ने कहा, 'संवाद से ही समाधान निकलेगा। उम्मीद पर दुनिया कायम है।' उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले दौर की वार्ता जल्द होगी और दोनों तरफ से कुछ सकारात्मक नतीजा आएगा। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार एमएसपी के संबंध में लिखित आश्वासन को वैधानिक मान्यता देगी तो उप मुख्यमंत्री ने कहा, 'जो भी वे मांग करते हैं।' हरियाणा में राज्य सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की विपक्षी पार्टियों की धमकी पर चौटाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस तरह का बयान दे रही है। पंजाब और हरियाणा के किसान संगठनों को आशंका है कि नये कृषि कानूनों से एमएसपी व्यवस्था खत्म हो जाएगी। इस व्यवस्था के तहत सरकारी एजेंसियां एक निश्चित कीमत पर किसानों की फसलें खरीदती हैं।

### पाकिस्तान में...

की शुरुआत में भी एक धार्मिक पार्टी एवं मौलाना ख़ैम रिज़्वी के तहरीक-लब्बैक पाकिस्तान से जुड़े दो युवकों ने प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ की थी।

### केंद्र ने...

संबंधित तीन भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर बुलाने का निर्णय सभी भारतीय सेवा अधिकारियों को प्रषासित करने वाले नियमों के तहत लिया गया है। आमतौर पर किसी भी भारतीय सेवा अधिकारी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर लेने से पहले संबंधित राज्य सरकार की सहमति ली जाती है। फरवरी 2019 में कोलकाता के पुलिस आयुक्त राजीव कुमार भी इसी तरह के मामले में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर बुला लिए गए थे। केंद्र के इस कदम को राजनीतिक फैसला करार देते हुए तृणमूल कांग्रेस के वरिश्ठ नेता कल्याण बनर्जी ने केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला को पत्र लिखकर कहा कि कानून और व्यवस्था एक राज्य का विषय है। बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्र राज्य प्रशासन को डराने के लिए जबरदस्ती कर रहा है और गृह मंत्री अमित शाह के इषारे पर राज्य से शीर्ष अधिकारियों को बुलाया गया है। बीते शुक्रवार को बंगाल के मुख्य सचिव अलापन बंदोपाध्याय और पुलिस महानिदेशक वीरेंद्र ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देष के बावजूद दिल्ली आने से इनकार कर दिया था। दोनों उच्च अधिकारियों से डायमंड हार्बर में नड्डा की सुरक्षा में हुई चूक पर सवाल-जवाब होने थे। नड्डा के काफिले पर गुरुवार को हुए हमले की खुद निगरानी कर रहे अमित शाह 19 दिसंबर को बंगाल की यात्रा कर सकते हैं।

### हाथरस मामले...

हिरासत में लिया गया। अपर पुलिस महानिदेशक के अनुसार पीएफआई के छात्र विंग सीएफ्आई के महासचिव रउफशरीफको देश.विदेश से करोड़ों रुपए की फंडिंग प्रास होने और उसका प्रयोग सामाजिक वैमनस्यता और साम्प्रदायिक दंगों को भड़काने के लिए उपयोग किए जाने का तथ्य विवेचना में प्रकाश में आया है। जानकार सूत्रों ने बताया कि रउफ शरीफ की गिरफ्तारी प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई है। रउफ शरीफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में वांछित भी है। सूत्रों ने दावा किया कि शरीफने अवैध रूप से 2020 में ओमान और कतर से अपने खाते में लगभग दो करोड़ रुपए प्रास किए और इस धनराशि का विध्वंसक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल होने का संदेह है। रउफ शरीफ कोरोना महामारी का बहाना बनाते हुए सम्मन भेजे जाने पर पेश नहीं हो रहा था और काफी समय से छिपा हुआ था।

### सीमा पर...

उन्होंने कुछ बुनियादी चिंताओं को जन्म दिया है। यह पूछे जाने पर कि क्या यह तनाव लंबा चलेगा या जल्दी खत्म होने की उम्मीद है, इस पर जयशंकर ने कहा कि वह इस बारे में किसी तरह की भविष्यवाणी नहीं कर सकते। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एलएसी पर जो कुछ हुआ है, वह वास्तव में चीन के हित में नहीं है। क्योंकि उसने जो भी किया उससे भारत में आम लोगों की भावनाओं को गहरे प्रभावित किया है। साफतौर पर कहूं तो मैंने यह देखा है कि कई दशकों से भारतीय लोग चीन के बारे में क्या महसूस करते हैं। मुझे याद नहीं कि चीन के साथ इतना मुश्किल समय कभी रहा होगा। ऐसा लगता है कि वास्तविक खतरा यह है कि सद्भावनापूर्ण माहौल, जो इतनी सावधानी से विकसित हुआ, वह खत्म हो जाएगा। पूर्वी लद्दाख में 1,700 किलोमीटर लंबी एलएसी पर तनाव कम करने के लिए सैन्य और राजनयिक स्तर पर हुई बातचीत की पृष्ठभूमि में एस जयशंकर की यह टिप्पणी आई है। भारत और चीन के बीच कोर कमांडर स्तर की नौवें दौर की वार्ता शीघ्र होने वाली है। भारत वार्ता के जरिए मुद्दे का हल चाहता है। उसकी सेनाएं चुनौती से निपटने के लिए सीमा पर मुस्तैद हैं। दोनों देशों के करीब एक लाख सैनिक आमने-सामने डटे हैं।

## केरल और बेंगलुरु की नजरें जीत के साथ तीन अंक हासिल करने पर

**मडगांव।** पूर्व चैम्पियप बेंगलुरू एफसी की टीम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के शुरुआती मैचो के लचर प्रदर्शन को पीछे छोड़कर रविवार को यहां केरल ब्लास्टर्स के खिलाफ जीत दर्ज कर अपने अभियान को पटरी पर लाना चाहेगी। वही, दूसरी तरफ मौजूदा सत्र मे पहली जीत का इंतजार कर रही केरल की टीम भी इस मैच से तीन अंक हासिल करने के लिए कोई कसर नही छोड़ेगी। बेंगलुरु के खिलाफ हालांकि उनका प्रदर्शन अच्छा नही रहा है।

## चेन्नइयिन के सामने नॉर्थईस्ट की मुश्किल चुनौती

**वास्को।** पूर्व चैम्पियन चेन्नइयिन एफसी के सामने इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट मे रविवार को नॉर्थईस्ट यूनाईटेड की कड़ी चुनौती होगी, जिसकी कोशिश अपने अजेय क्रम को जारी रखने पर होगी।नार्थईस्ट यूनाइटेड उन तीन टीमो मे शामिल है जो इस टूर्नामेंट मे अब तब अजेय रही है। चेन्नई की टीम को उनके खिलाफ नतीजे को अपने पक्ष मे करने केलिए एड़ी-चोटी का जोर लगाने के साथ पूरा मैच मे अपने प्रदर्शन मे निरंतरता बरकरार रखनी होगी।

## मैरी कॉम मेरे लिए प्रेरणास्रोत हैं : बाला

**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष महिला फुटबॉलर बाला देवी ने कहा कि वह महान मुक्केबाज एम. सी. मैरी कॉम से प्रेरणा लेती है जिन्होंने साधारण परिवार से होने के बावजूद बतौर खिलाड़ी अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। यूरोप की शीर्ष लीग में पेशेवर फुटबॉल खेलने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बाला ने 2014 एशियाई खेलों के दौरान छह बार की विश्व चैम्पियन और ओलंपिक कांस्य पदकधारी मैरी कॉम से हुई बातचीत के बारे में बात करते हुए कहा, मैरी कॉम मेरे लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत है।

## वेस्ट हैम ने ईपीएल में लीड्स को 2–1 से हराया

**लीड्स।** वेस्ट हैम ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल मुकाबले में लीड्स को 2-1 से शिकस्त दी। लीड्स ने माटेयूस्ज क्लिच के पेनल्टी से किए गए गोल से छठे ही मिनट में1-0 से बढ़त हासिल कर ली थी। लेकिन इसके बाद टीम इस बढ़त को बरकरार नही कर सकी और वेस्ट हैम ने 25वें मिनट में टॉमस सोसेक के गोल से स्कोर बराबर कर दिया। फिर एंजेलो ओगबोना ने 80वें मिनट मे वेस्ट हैम को जीत दिलाई।

## मथाना और राजीव सेतु की पछाड़कर चैम्पियन बने

**चेन्नई।** टीवीएस रेसिंग के क्वाई अहमद इनेओस होंडा के अनुभवी राइडरों को पछाड़कर राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रेसिंग चैम्पियन के 165 सीसी के वर्ग में शनिवार को विजेता बने। मथाना और सेतु क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे जबकि होंडा के एक अन्य चालक सेंथिल कुमार पांचवें पायदान पर रहे।

# पंत व विहारी ने भारत को दी मजबूती

### ● दोनों ने लगाए शतक, दूसरे अभ्यास मैच में भारत का दबदबा ● आस्ट्रेलिया ए टीम पर कुल 472 रन की बढ़त



**भाषा।** सिडनी

ऋषभ पंत के आक्रामक और हनुमा विहारी ने संयमित शतक लगाकर आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ गुलाबी गेंद से खेले जा रहे दूसरे अभ्यास मैच के दूसरे दिन भारत की स्थिति मजबूत कर दी और टेस्ट टीम में चयन का अपना दावा भी पुख्ता कर लिया। भारत ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 386 रन बनाकर कुल 472 रन की बढ़त ले ली है।इससे पहले भारत के 194 रन के जवाब में आस्ट्रेलिया ए टीम 108 रन पर आउट हो गई थी। पंत को उस समय शतक तक पहुंचने के लिए 19 रन चाहिए थे जब जैक विल्डरमथ दूसरे दिन का आखिरी ओवर फेंक रहे थे। पंत ने चार चौके और एक छक्का लगाकर शतक पूरा किया और वह 73 गेंद में 103 रन बनाकर खेल रहे हैं। उन्होंने अपनी पारी में नौ चौके और छह छक्के लगाए। दूसरी ओर विहारी ने 194 गेंद में 104 रन की नाबाद पारी खेली। युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने 78 गेंद में दस चौकों की मदद से 65 रन बनाए। दूसरे दिन के आखिरी सत्र में पंत की आक्रामक बल्लेबाजी से आस्ट्रेलिया ए के गेंदबाज दबाव में आ गए। इसके साथ ही पंत ने 17 दिसंबर से एडीलेड में शुरू हो रहे दिन रात के पहले टेस्ट में रिधिमान साहा की जगह विकेटकीपर के स्थान के लिए अपना दावा पक्का कर लिया। गिल ने दर्शनीय स्ट्रोक्स लगाकर सलामी बल्लेबाज के स्थान के लिए दावा पेश किया। वहीं विहारी के रूप में भारत अतिरिक्त बल्लेबाज को उतार सकता है। सुबह पृथ्वी साव दूसरे ही ओवर में आउट हो गए। साव का खराब प्रदर्शन लगातार जारी रहा और अगर यही स्थिति रही तो वह अपना स्थान गिल को गंवा सकते हैं। गिल बड़े दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से आउट हुए। उन्होंने लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन को फ्लिक शॉट खेलने का प्रयास किया लेकिन चूक गए। गेंदबाज ने पगबाधा की अपील की जबकि गेंद पहली स्लिप में गई जहां सीन एबोट ने डाइव लगाकर कैच लपका। टीवी रिप्ले से कुछ पता नहीं चला और अभ्यास मैच में डीआरएस या स्निकोमीटर भी नहीं था। ऐसे में गिल को पवेलियन लौटना पड़ा। इसके साथ ही गिल और मयंक अग्रवाल की दूसरे विकेट की 104 रन की साझेदारी का भी अंत हो गया। विहारी और अजिंक्य रहाणे ने 78 रन की साझेदारी की। बीच में बारिश के कारण कुछ देर खेल रूका।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी** : 194 रन, **आस्ट्रेलिया ए** पहली पारी : 108 रन, भारत दूसरी पारी : साव का स्वेपसन बो स्टीक्टी 3, अग्रवाल का रेव बो विल्डरमथ 61, गिल का एबोट बो स्वेपसन 65, विहारी नाबाद 104, रहाणे का कारी बो स्टीक्टी 38, पंत नाबाद 103, **अतिरिक्त** : 12 रन, कुल योग : 90 ओवर मे चार विकेट पर 386 रन, **विकेट पतन** : 1- 4, 2-108, 3-161, 4-239, **गेंदबाजी** : एबोट 7 -1-24-0, स्टीक्टी 16-1-54-2, सदरलैंड 16- 5 - 33 - 0, विल्डरमथ 152-79-1, स्वेपसन 29-1-148-1, मेडिसन 7 -1 -42 -0

## ग्रीन के बाद कोंवे भी कनकशन का शिकार, अभ्यास मैच से बाहर

**सिडनी।** खिलाड़ियों की चोटों से जूझ रही आस्ट्रेलियाई टीम की समस्या शनिवार को और बढ गई जब मध्यम तेज गेंदबाज हैरी कोंवे भारत के खिलाफ गुलाबी गेंद से खेले जा रहे अभ्यास मैच मे कनकशन(सिर मे चोट) का शिकार हो गए। मार्क स्टीक्टी को आखिरी दो दिन के खेल के लिए उनकी जगह टीम मे शामिल किया गया। ग्यारहवें नंबर के बल्लेबाज कोंवे पर भारत के चौतरफा तेज आक्रमण की ओर से बाउंसरों की बौछार झेलनी पड़ी। उन्हें पहले दिन के खिल के आखिर में सिर में गेंद लगी। इससे पहले कैमरन ग्रीन और विल पुकोवस्की भी भारत के खिलाफ मौजूदा मैचो मे कनकशन का शिकार हो चुके है।

## सिराज की आस्ट्रेलियाई मीडिया ने प्रशंसा की

**सिडनी।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज यहां चल रहे अभ्यास मैच के शुरूआती दिन प्रतिद्वंद्वी टीम के कैमरन ग्रीन के सिर मे गेंद लगने के तुरंत बाद भागकर उन्हें देखने चले गए थे ,जिसकी आस्ट्रेलियाई मीडिया मे काफी प्रशंसा की जा रही है। ग्रीन गेंदबाजी कर रहे थे और जसप्रीत बुमराह ने उनकी गेंद पर स्ट्रेट ड्राइव शॉट लगाया जिसे कैच लपकने के प्रयास में गेंद उनके हाथों से निकलकर उनके सिर के बाएं हिस्से में लग गई। सिराज ने तुंरत अपना बल्ला छोड़ा और ग्रीन को देखने भाग गए। बुमराह ने भी अपने साथी की तरह ऐसा ही किया। ग्रीन को कनकशन के कारण भारत और आस्ट्रेलियाई ए टीम के बीच गुलाबी गेंद के तीन दिवसीय अभ्यास मैच के बचे हुए हिस्से से बाहर कर दिया गया।

## पहले से तीसरे तक किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी को तैयार : लाबुशेन

**एडीलेड।** आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने शनिवार को कहा कि भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में उनके सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरने को लेकर कोई बात नहीं हो रही है लेकिन अगर उनसे ऐसा कहा जाता है तो वह इसके लिए तैयार हैं। डेविड वॉर्नर और विल पुकोवस्की पहला टेस्ट नहीं खेल पाएंगे जबकि जो बर्न्स खराब फार्म में जूझ रहे हैं। ऐसे में यहां 17 दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में लाबुशेन पारी की शुरूआत कर सकते हैं। ऐसी कोई बात नहीं हो रही है। मैं इस समय तीसरे नंबर पर उतरता हूं। मैं सिर्फ बल्लेबाजी की तैयारी कर रहा हूं, पहले नंबर पर उतरूं या तीसरे। मैं गेंद का सामना करने के लिए तैयार हूं, हालात कुछ भी हों। मैने पिछले सत्र में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की तो उम्मीद है कि वहीं उतरूंगा। लेकिन मेरा काम गेंद का सामना करना है , चाहे किसी भी क्रम पर उतरूं। लाबुशेन ने कहा कि टीम के हित में वह कुछ भी करने को तैयार हैं। टीम को पारी की शुरूआत मुझसे करानी है तो मैं करूंगा। यह टभ्म का खेल है और हमें देखना होगा कि टीम को क्या जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि वह दूधिया रोशनी में भारतीय गेंदबाजों का सामना करने को तैयार हैं क्योंकि खिलाड़ियों को चुनौती का पता है।

## जैमीसन के पांच विकेट , वेस्टइंडीज फॉलोआन की कगार पर



**वेलिंगटन।** काइल जैमीसन के पांच विकेट की मदद से न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के आठ विकेट महज 124 रन पर निकालकर दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को उसे फॉलोआन की कगार पर धकेल दिया। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 460 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज को फॉलोआन से बचने के लिए अभी भी 136 रन और बनाने हैं। अब तक खेले पांच टेस्ट में जैमीसन ने दूसरी बार पांच विकेट लिए हैं। इसके अलावा वह एक अर्धशतक और दो बार 40 से अधिक रन बना चुके हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के दो विकेट पहले ही ओवर में लगातार दो गेंदों पर लिए लेकिन हैट्रिक लगाने से चूक गए जब अगली गेंद पर पगबाधा की जोरदार अपील अंपायर ने खारिज कर दी। जैमीसन ने जर्मेन ब्लैकवुड और शमारा ब्रूक्स के बीच पांचवें विकेट की 68 रन की साझेदारी भी तोड़ी। इसके बाद वेस्टइंडीज के कप्तान जैसन होल्डर (नौ) और अलजारी जोसेफ को आउट करके अपने पांच विकेट पूरे किए। पहले टेस्ट में शतक जमाने वाले ब्लैकवुड ने ही जैमीसन की हैट्रिक नहीं होने दी थी। उन्होंने एक बार फिर शानदार बल्लेबाजी करते हुए 69 रन बनाए। इससे पहले टिम साउदी ने शीर्षक्रम में क्रेग ब्रेथवेट और डेरेन ब्रावो के विकेट लेकर वेस्टइंडीज को अच्छी शुरूआत नहीं करने दी। वेस्टइंडीज का स्कोर कल 16 ओवर में तीन विकेट पर 29 रन था। इससे पहले हेनरी निशोल्स और नील वेगनेर ने नौवें विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी करके न्यूजीलैंड को छह विकेट पर 294 रन से 460 रन तक पहुंचाया। निशोल्स 174 रन बनाकर आउट हुए जो उनका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है।इससे पहले उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 162 रन बनाए थे। वेगनेर 66 रन बनाकर आउट हुए और यह उनका पहला टेस्ट अर्धशतक है। अपनी पारी में उन्होंने आठ चौके और चार छक्के जड़े। निशोल्स ने विल यंग के साथ 70, बी जे वाटलिंग के साथ 55, डेरिल मिशेल के साथ 83 और जैमीसन के साथ 50 रन की साझेदारी की।

## पाकिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए टेलर न्यूजीलैंड टीम से बाहर

**ऑकलैंड।** अनुभवी बल्लेबाज रॉस टेलर को शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की 18 सदस्ईय टीम से बाहर कर दिया गया, जबकि केन विलियमसन पितृत्व अवकाश से लौटकर तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे और तीसरे मुकाबले में कप्तानी करेंगे। टीम में 36 साल के टेलर के अलावा चोटिल तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन को भी शुक्रवार से ऑकलैंड में शुरू हो रही श्रृंखला के लिए टीम से बाहर रखा गया है।वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में विश्राम करने वाले ट्रेंट बोल्ट के अलावा टिम साउदी, काइल जैमीसन और डेरिल मिशेल भी दूसरे और तीसरे मैच के लिए टीम का हिस्सा होंगे। तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर, बल्लेबाज मार्क चैपमैन और हरफनमौला डग ब्रेसवेलर सिर्फ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए टीम का हिस्सा होंगे।

## भारतीय तेज गेंदबाजों का सामना करने को तैयार : हैरिस

**सिडनी।** भारत के खिलाफ पहले टेस्ट से पूर्व खिलाड़ियों की चोटों से परेशान आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम में शाामिल किए गए बल्लेबाज मार्कस हैरिस ने कहा कि वह भारत के बेहतरीन तेज गेंदबाजों का सामना करने के लिए तैयार हैं। इस घरेलू सत्र में विक्टोरिया के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले हैरिस को शनिवार को आस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया चूंकि विल पुकोवस्की और डेविड वॉर्नर चोट के कारण पहला टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। हैरिस ने फॉक्स क्रिकेट से कहा , मुझे लगता है कि मैं अच्छे फार्म में हूं और यह भी अच्छी बात है कि मुझे लेकर ज्यादा हाइप नहीं है। मैं भारतीय गेंदबाजों का सामना करने के लिए तैयार हूं। उन्होंने शेफील्ड शील्ड में दो मैचों में 118 . 33 की औसत से 355 रन बनाए। उन्होंने कहा , मुझे पता था कि अच्छा खेलने पर चुना जा सकता हूं। पिछले सत्र में टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं था और मैने अपने खेल पर पूरा फोकस किया। अब मैं टेस्ट खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। हैरिस ने आस्ट्रेलिया के लिए नौ टेस्ट खेले हैं और पिछले साल एशेज जीतने वाली टीम का हिस्सा थे।

# रोहित टीम से जुड़ने के लिए फिट

### आखिरी दो टेस्ट में खेलने पर फैसला फिर से जांच के बाद : बीसीसीआई

**भाषा।** नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को कहा कि अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई टीम से जुड़ने के लिए चिकित्सीय रूप से फिट है लेकिन टेस्ट श्रृंखला के आखिरी दो मैचों में उनके खेलने पर फैसला टीम के मेडिकल दल द्वारा फिर से आकलन के बाद लिया जाएगा।

यूएई में हाल ही में हुए आईपीएल के दौरान रोहित को हैमस्ट्रिंग की चोट लगी थी। वह 17 दिसंबर से एडीलेड में शुरू हो रही चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला के पहले दो मैचों के लिए वह चयन के उपलब्ध नहीं है। बीसीसीआई से जारी बयान में कहा गया, ऑस्ट्रेलिया में दो सप्ताह के पृथकवास के लिए उन्हें एक विस्तृत कार्यक्रम दिया गया है जिसका पालन करना होगा। पृथकवास पूरा होने के बाद भारतीय टीम की चिकित्सा दल उनकी जांच करेगी जिसके मुताबिक बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उनकी भागीदारी पर फैसला किया जाएगा। रोहित ने 17 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले शुक्रवार को बेंगलुरू स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीस) में फिटनेस टेस्ट पास कर लिया और वह 14 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होंगे। बसीसीआई बयान के मुताबिक , रोहित शर्मा ने बेंगलुरु स्थित एनसीए में अपनी पुनर्वास प्रक्रिया पूरी कर ली है और अब चिकित्सीय रूप से फिट हैं। आईपीएल के दौरान खतरनाक तरीके से बाएं पैर की हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद 19 नवंबर से एनसीए में उनका रिहैबिलिटेशन और प्रशिक्षण चल रहा है। एनसीए की मेडिकल टीम रोहित की फिटनेस से संतुष्ट है, लेकिन कहा कि उन्हें अपनी क्षमता बढ़ाने पर और काम करने की जरूरत है। बयान के मुताबिक , एनसीए मेडिकल टीम विभिन्न पैमाने पर उनका आकलन करने के बार रोहित की फिटनेस से संतुष्ट थी, जिन्होंने विकेटों के बीच दौड़ लगाने के साथ बल्लेबाजी, क्षेत्ररक्षण और अपने दूसरे कौशल का अभ्यास किया। उनकी शारीरिक फिटनेस संतोषजनक है लेकिन उन्हें अपनी ताकत बढ़ने पर काम करना होगा। ऑस्ट्रेलियाई सरकार के नियमों के तहत वह सिडनी (सात से 11 जनवरी) और ब्रिसबेन (15 जनवरी से 19 जनवरी) में होने वाले आखिरी दो टेस्ट के लिए अभ्यास करने से पहले 14 दिनों तक वहां पृथकवास में रहेंगे।

## पहले टेस्ट के लिए हैरिस आस्ट्रेलियाई टीम में, पुकोवस्की बाहर

**सिडनी।** विक्टोरिया के मार्कस हैरिस को भारत के खिलाफ अगले सप्ताह एडीलेड में शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए आस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है जबकि डेविड वॉर्नर और विल पुकोवस्की चोट के कारण बाहर हो गए है। वॉर्नर दूसरे वनडे में ग्रोइन में लगी चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर है। वही पुकोवस्की आस्ट्रेलिया ए के लिए अभ्यास मैच खेलते समय कनकशन (सिर में चोट) के शिकार हो गए। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा कि दोनो बल्लेबाज 26 दिसंबर से होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट मे लौटेंगे। आस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय चयनकर्ता ट्रेवर होंस ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा , पिछले कुछ सप्ताह में खिलाड़ियों की चोटो को देखते हुए हम भाग्यशाली हैं कि मार्कस जैसा खिलाड़ी टेस्ट टीम में आ सका। मार्कस ने इस सत्र में विक्टोरिया के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। इसके अलावा तीन दिवसीय अभ्यास मैच मे भारतीय गेंदबाजो का सामना भी कर चुके है। डेविड और विल का नही खेल पाना दुखद है लेकिन हमे उम्मीद है कि वे बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले फिट हो जाएंगे। हैरिस ने आस्ट्रेलिया के लिए नौ टेस्ट खेले है और पिछले साल एशेज श्रृंखला जीतने वाली टीम का हिस्सा थे।

# कोविड-19 के टीके में विश्वास रखें लोग : बाइडन

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने देशवासियों से आग्रह किया है कि वे प्रथम श्रेणी के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित किए गए कोविड-19 के टीके पर विश्वास रखें। इसका मूल्यांकन करने में राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल नहीं किया गया है।

अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने शुक्रवार को अमेरिकी दवा कंपनी फाइजर और उसकी जर्मनी की साझेदार बायोएनटेक द्वारा विकसित टीके के आपात स्थिति में देश में इस्तेमाल करने को मंजूरी दे दी है। व्हाइट हाउस की ओर से एफडीए आयुक्त डॉ स्टीफन हन पर दबाव की खबरों के बीच बाइडन ने कहा, मैं जनता को स्पष्ट करना चाहता हूं कि आपको इसमें (टीके में) विश्वास रखना चाहिए। इसमें किसी तरह का राजनीतिक प्रभाव नहीं है। डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े बाइडन ने शुक्रवार को डेलवेयर के विलमिंगटन में



पत्रकारों से कहा, वे प्रथम श्रेणी के वैज्ञानिक हैं और अपना समय ले रहे हैं और उन सभी तत्वों को देख रहे हैं, जिन्हें देखे जाने की जरूरत है। वैज्ञानिकों पर हमारा यकीन हमें यहां तक लेकर आया है। आप जानते हैं कि चीजें अभी मुश्किल हैं, लेकिन मेरा दृढ़ता से विश्वास है कि आने वाले दिनों में चीजें बेहतर होंगी। हमें कल एक अच्छी खबर मिली। एफजीए समिति ने फाइजर और बायोएनटेक के कोविड-19 के टीके के आपात स्थिति में इस्तेमाल करने की इजाजत दे दी है। बाइडन ने कहा कि वे उन वैज्ञानिकों, अनुसंधानकर्ताओं, संगठनों के शुक्रगुजार हैं जिन्होंने इस टीके को विकसित किया है। उन्होंने कहा, हम उन जन विशेषज्ञों के भी आभारी हैं जिन्होंने बिना राजनीतिक प्रभाव के टीके की सुरक्षा और प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया। रिपब्लिकन पार्टी से जुड़े वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक ट्वीट कर एफडीए को एक बड़ा, पुराना और सुस्त कछुआ बताया था।उन्होंने कहा कि डॉ हन अब टीके को इस्तेमाल करने की इजाजत दें। खेल खेलना बंद करें तथा जिंदगियां बचाना शुरू करें। गौरतलब है कि राष्ट्रपति पद के चुनाव में ट्रंप ने अबतक अपनी हार नहीं मानी है। वाशिंगटन पोस्ट ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि व्हाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ मार्क मीडोज ने शुक्रवार को हन को आदेश दिया कि वह टीके को मंजूरी दें या अपना इस्तीफा दें। बाइन ने इस हफ्ते के शुरू में कहा था कि उन्होंने ऐलान किया है कि उनकी कोविड प्रतिक्रिया टीम टीके के विर्निर्माण और वितरण को बढ़ाएगी।उन्होंने कहा कि पद संभालने के 100 दिनों के भीतर 10 करोड़ लोगों को टीका लगाना उनके प्रशासन का लक्ष्य रहेगा। बाइडन ने कहा कि अमेरिका में कोविड-19 से एक दिन में तीन हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। यह महामारी के दौरान एक दिन में जान गंवाने वाले लोगों की सबसे ज्यादा संख्या है। वह 20 जनवरी को राष्ट्रपति का पद संभालेंगे। उप राष्ट्रपति निर्वाचित हुई कमला हैरिस ने कहा कि वे स्वास्थ्य देखभाल टीम लेकर आए हैं जो इस महामारी को नियंत्रित करने में मदद करेगी। साथ में एक आर्थिक टीम है जो अर्थव्यवस्था को खड़ा करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति टीम है जो राष्ट्र को सुरक्षित रखने में मदद करेगी तथा दुनिया भर में अमेरिकी नेतृत्व को बहाल करेगी एवं आगे बढ़ाएगी।



लंदन में ऑक्सफोर्ड स्ट्रीट में लोग मुख्य शॉपिंग क्षेत्र में चलते हुए। विभिन्न उपायों के अनुसार, क्रिसमस के दौरान राजधानी को सख्त टीयर को विड-19 प्रतिबंधों के प्रवेश की संभावना है, कोरोना वायरस के प्रकोप के लिए उच्च स्तर की चेतावनी जारी की गयी है



हांगकांग में एक अदालत में पेश होने के लिए जाते हुए जिम्मी लाई। हांगकांग के मीडिया टाइकून और लोकतंत्र के पैरोकार लाई को अर्धस्वायत्त चीनी क्षेत्र के नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत पिछले दिन आरोप लगाए जाने के बाद शनिवार को जमानत से इनकार कर दिया गया था।

## अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम पलटने संबंधी वाद खारिज किया

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के उच्चतम न्यायालय ने उस वाद को खारिज कर दिया है जिसमें उन अहम राज्यों के चुनाव परिणामों को पलटने का अनुरोध किया गया था जहां से डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदार जो बाइडन के जीत दर्ज की है। इसी के साथ नवंबर में हुए राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को चुनौती देने की मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कोशिश पर विराम लगता प्रतीत हो रहा है। राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन ने जीत दर्ज की है। उच्चतम न्यायालय ने टेक्सास के एटॉर्नी जनरल के वाद को खारिज कर दिया, जिसमें जॉर्जिया, मिशिगन, पेन्सिल्वेनिया और विसकोंन्सिन राज्यों के लाखों मतदाताओं के मतपत्रों पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था। ट्रंप ने इस वाद का समर्थन किया था। उच्चतम न्यायालय के जस्टिस सैमुएल एलीटो और जस्टिस क्लैरेंस थॉमस ने कहा कि उनका मानना है कि अदालत को मामले की सुनवाई करनी चाहिए लेकिन उन्होंने टेक्सास के दावे पर स्थिति स्पष्ट नहीं की। कम से कम 126 रिपब्लिकन सांसदों ने इस वाद का समर्थन किया था। बृहस्पतिवार को अपने संक्षिप्त और बिना हस्ताक्षर वाले आदेश में कहा, जिस प्रकार से अन्य राज्य चुनाव आयोजित करते हैं टेक्सास ने न्यायिक रूप से वह संज्ञेय दिलचस्पी नहीं दिखाई। सभी लंबित प्रस्ताव विवादित करार देते हुए खारिज किए जाते हैं। उच्चतम न्यायालय के इस निर्णय को ट्रंप के लिए बड़ा झटका है जो बाइडन के निर्वाचन को चुनौती देते हुए नतीजों को पलटने की कोशिश कर रहे थे। राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन को 306 इलेक्टोरल कॉलेज वोट मिले हैं वहीं ट्रंप को 232 इलेक्टोरल कॉलेज वोट मिले। अदालत के आदेश के बाद आक्रोशित ट्रंप ने ट्वीट किया, उच्चतम न्यायालय

## रासायनिक हथियारों के निगरानी संस्थान ने 19 मुद्दों पर सीरिया की आलोचना की

**संयुक्त राष्ट्र।** वैश्विक रासायनिक हथियार निगरानी संस्था ने रासायनिक शस्त्र उत्पादन इकाई के बारे में नहीं बताने तथा अन्य 18 मुद्दों पर जवाब नहीं देने पर सीरिया की आलोचना की है, वहीं रूस ने निगरानी संस्था पर अपने करीबी सहयोगी सीरिया के खिलाफ राजनीतिक युद्ध छेड़ने का आरोप लगाया है। सीरिया के रासायनिक हथियारों पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मासिक बैठक में शुक्रवार को विवाद सामने आया जहां रासायनिक शस्त्र रोकथाम संगठन (ओपीसीडब्ल्यू) के महासचिव फर्नांडो अरियास ने मई के बाद से पहली बार सदस्यों को संबोधित किया तथा बैठक में संयुक्त राष्ट्र में रूसी राजदूत वासिली नेबेंजिया की ओर से सवालों की बौछार की गई। सीरिया ने 2013 में रासायनिक शस्त्र समझौते की सदस्यता ली थी और सात साल बाद भी उसके प्रारंभिक रासायनिक घोषणापत्र में अनसुलझे अंतराल, विसंगतियां और असमानताएं हैं ।

## फ्रांस की पुलिस ने एफिल टावर के पास किया प्रदर्शन

**पेरिस।** पेरिस में शुक्रवार को करीब 50 पुलिस अधिकारी अपने वाहनों के साथ एफिल टावर के पास इकट्ठा हुए और अपने वाहनों के सायरन बजा कर फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के हालिया बयानों पर विरोध दर्ज कराया। दरअसल मैक्रों ने हाल ही में एक साक्षात्कार दिया था जिसके बाद पुलिस अधिकारियों में रोष है। दो संगठनों ने पहचान जांच नहीं करने की धमकी भी दी है। प्रदर्शन में शामिल एक अधिकारी ने कहा, हम राष्ट्रपति और नेताओं से बस इतना ही कहना चाहते हैं कि हम न ही नस्लवादी हैं और न ही हिंसक बस पुलिस अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि संगठन इस प्रदर्शन का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा, अगर हमारी बात नहीं सुनी गई, तो इसके बढ़ने का खतरा है।

फ्रांस में पुलिस अधिकारियों को हड़ताल करने अथवा प्रदर्शन करने का अधिकार नहीं हैं, ऐसे में पुलिस अधिकारियों के इस तरह से इकट्ठा होने को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा हैं। मैक्रों ने एक सप्ताह पहले एक साक्षात्कार में पुलिस बर्बरता शब्द को खारिज किया था लेकिन पुलिस के द्वारा और पुलिस के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा को गलत ठहराया था। उन्होंने कहा था कि जो अधिकारी हिंसक है उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा था कि जनवरी में इंटरनेट पर एक ऐसा मंच बनाया जाएगा जहां लोग बता सकते हैं कि उनके साथ कहां और किस प्रकार का भेदभाव हो रहा है।

किसानों के टोल फ्री आह्वान का नहीं दिखा असर

# अपने स्थान पर ही नजरबंद किए गए किसान


सीतापुर-किसान आंदोलन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीएम विशाल भारद्वाज, एसपी आरपी सिंह


भदफर-किसान आंदोलन को लेकर मुस्तैद पुलिसबल

## ● आंदोलन को लेकर प्रशासन व पुलिस महकमा दिखा चौकन्ना

संवाददाता। सीतापुर

**किसान संगठनो** के टोल फ्री करने के आवाहन का सीतापुर में शनिवार को कोई खास असर नहीं दिखा। जिला प्रशासन व पुलिस महकमा आवाहन को लेकर रात से ही चौकन्ना हो गया था। किसान आंदोलन की संभावनाओ वाली जगहो पर प्रशासन व पुलिस की टीमें तैनात कर दी गई तो वहीं किसान नेताओं को उनके ही स्थान पर नजरबंद कर दिया गया। इसी के चलते भारतीय मजदूर किसान संगठन के जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरज सिंह को उनके जनसम्पर्क कार्यालय पर नंजर बंद कर दिया। खैराबाद टोल प्लाजा पर उनका कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था। जिलाध्यक्ष का नजरबंद करने के बाद भी एसडीएम अमित भट्ट, सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह की अगुवाई में एसओ खैराबाद समेत भारी लावलश्कर सुबह से ही टोल प्लाजे पर मुस्तैद दिखा। इसी तरह भदफर सीतापुर किसान आंदोलन को लेकर सीतापुर जिला प्रशासन अलर्ट शनिवार को सुबह पीलीभीत लखीमपुर सीतापुर बहराइच हाईवे मार्ग की भदफर पुलिस चौकी पर भारी पुलिस फोर्स तैनात सड़क जाम की आशंका को देखते हुए उप जिलाधिकारी लहरपुर राम दरस राम पुलिस क्षेत्राधिकारी लहरपुर यादवेंद्र यादव यस आई मानपुर यस आई सदरपुर तथा कोतवाली प्रभारी लहरपुर ओपी राय चौकी प्रभारी भदफर संत कुमार सिंह तथा महिला कांस्टेबल तथा काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### मिश्रिख पुलिस प्रशासन हुआ अलर्ट

**मिश्रिख सीतापुर।** शनिवार को सुबह हरदोई सीतापुर सिधौली और भी पिसावा मार्ग की के साथ-साथ मिश्रिख पुलिस चौकी पर भारी पुलिस फोर्स तैनात सड़क जाम की आशंका को देखते हुए एसडीएम गिरीश कुमार झा, पुलिस क्षेत्राधिकारी मिश्रिख एमपी सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मिश्रिख मनोज कुमार यादव चौकी इंचार्ज मिश्रिख रोहित दुबे एसआई अजय कुमार सिंह तथा महिला कांस्टेबल तथा काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

किसान आंदोलन को देखते हुए क्षेत्र की पुलिस व आला अधिकारी काफी सक्रिय दिखे और चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर बनाए रखें कि कहीं कोई किसान आंदोलन से अप्रिय घटना ना घटने पाए कस्बे में मिश्रिख सपा नेता जयंत यादव मंजूर आलम अनीस अंसारी आदि को पुलिस ने जयंत यादव के आवास पर ही नजर बंद कर दिया उधर इसरार गाजी नीमसार चौकी पर नजरबंद रखा गया।

प्रेसवार्ता में बोले अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य

# लोकतंत्र में सबको अपनी बात कहने का अधिकारः परविंदर सिंह

संवाददा। महमूदाबाद सीतापुर


महमूदाबाद-कार्यक्रम में मौजूद यूपी अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह

**लोकतंत्र में** सबको अपनी बात कहने का अधिकार है। किसान अन्नदाता है। उनकी कुछ मांगे है और उन मांगों पर केन्द्र सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। केन्द्र सरकार द्वारा किसानों से वार्ता का प्रस्ताव भी भेजा गया है। यह बात यूपी अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह ने शनिवार को महमूदाबाद स्थित गुरूद्वारा पहुँचकर माथा टेकने के पश्चात पत्रकारों से बातचीत में कही। तत्पश्चात अधिकारियों के साथ बैठक की और दिशा-निर्देश जारी किये। गुरूद्वारे के समीप तालाब की समुचित सफाई और सौन्दर्यीकरण न होने पर उन्होने ने नाराजगी जताई। सरदार परविंदर सिंह ने कहा कि गुरूद्वारा से सटे तालाब का समुचित सफाई और सौन्दर्यीकरण का काम शीघ्र शुरू कर दिया जाना चाहिए। जो भू-भाग गुरूद्वारा का है और जिसको लेकर न्यायालय में कोई विवाद नहीं है उसकी बाउण्ड्रीवाल कराकर समुचित विकास के कदम उठाये जाएं। यह अत्यंत खेद की बात है कि गत वर्ष दिये गये निर्देशों के बाद भी तालाब की समुचित सफाई नहीं हो सकी है। अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी जहां निवास करती है वहां उनके मानवाधिकारों और जीवन के सर्वांगीण विकास के लिये अधिकतम कार्य करने का काम यूपी अल्पसंख्यक आयोग कर रहा है। इस दौरान गुरूद्वारा अध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह, अमरेन्द्र सिंह, हरभजन सिंह, यशपाल सिंह, सतनाम सिंह, इकबाल, सुरजीत, करमा, के.के सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बोले पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी, किसानों का दमन कर रही मोदी-योगी सरकार

## ● पूर्व मंत्री नजरबंद, समर्थकों ने निकाली पद यात्रा


सीतापुर-पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी के बट्सगंज आवास पर नजरबंद किए पुलिस


संदना के गांव बसंतापुर में प्रदर्शन करते विक्की पांडेय, प्रदीप राजवंशी व अन्य

**सीतापुर।** किसानों के समर्थन में मिश्रिख विधान सभा क्षेत्र में भी शनिवार को किसान पद यात्रा निकालते, इससे पहले पुलिस ने पूर्व मंत्री राम पाल राजवंशी को उनके आवास पर ही नजर बंद कर दिया गया। पुलिस ने पूर्व मंत्री राजवंशी को शहर के बट्सगंज में आवास पर कैद लिया। साथ ही उनकी गतिविधियों पर निगाह रखने को पुलिस फोर्स भी तैनात कर दी, उधर, मिश्रिख इलाके में कुछ गांवों में सपाई कार्यकर्ता मनोज राजवंशी, प्रदीप राजवंशी, विक्की पांडेय, धर्मेंद्र, लाल किशोर, निषाद मिर्जा, सर्वेश यादव, पंकज, राम कृष्ण गुप्ता, राकेश बघेल आदि कार्यकर्ता पद यात्रा निकालने में जरूर सफल हुए, हालांकि उनके आंदोलन की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उनकी पद यात्रा रोकवा दी। सपाईयों ने मिश्रिख के तहसील के बसंतापुर गांव से त्रिवेदीनगर, अदनापुर, होते हुए डगरहा धाम तक पद यात्रा निकालने में कामयाब हुए। नजरबंद होने के बाद आई इंडिया से पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी ने बातचीत की। बातचीत में पूर्व मंत्री राजवंशी ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया और मोदी-योगी सरकार पर किसानों का दमन करने का आरोप लगाया।

# कोहरे में सड़क हादसों पर ब्रेक लगाएगा रेडियम-किदवई

## ● टोल प्लाजा पर अभियान चलाकर वाहनों में लगवाई गई रेडियम टेप

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-सीतापुर-वाहन पर रेडियम लगाती पीटीओ षैहपर किदवई

**जिलाधिकारी विशाल** भारद्वाज के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा सड़क हादसो में कमी लाने के लिए वाहनों पर रेडियम टेप चिपकाया गया। शुक्रवार सुबह कोहरे की घनी चादर के बीच खैराबाद टोलप्लाजा पर यात्रीकर अधिकारी शैहपर किदवई ने कहा कि कोहरे में देखने की क्षमता कम हो जाती है, ऐसे में वाहनों पर आगे सफेद, पीछे लाल, दाएं-बांए पीला टेप लगाना जरूरी है। उन्होंने 37 भारी वाहनों में रेडियम टेप लगवाया। एआरटीओ प्रशासन प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि सड़क हादसे ठंड के मौसम में बढ़ जाते है। इस वक्त अधिक सावधानी के साथ धीमी गति में वाहन चलाने की आवश्यकता है। वाहन पर फॉग लाइट लगवाए, रेडियम टेप चस्पा करवाएं। पार्किंग लाइट जलाएं व कोहरे में सावधानी के लिए वाहन का अनुमान होते ही हार्न का भी प्रयोग करें। जीवन अमूल्य है इसे सड़क हादसो में न गवाएं। अभियान में सीतापुर प्रगति संस्थान के वालिंटयर्स ने अपना सहयोग दिया। अभियान के दौरान मछरेहटा चौकी प्रभारी देवेन्द्र, कपूर गौड़, अनिल आदि मौजूद रहे।

## तेंदुए के दिखने से हड़कंप

संवाददाता। तंबौर सीतापुर

**तम्बौर थाना** क्षेत्र के मीतमऊं व नकहा में तेदुएं के पगचिन्ह देखे जाने से क्षेत्र में हड़कम्प है। मीतमऊं के रामबहादुर का कहना है कि षनिवार दोपहर बाद तेंदुए ने उनपर हमला किया है। तेंदुआ देखे जाने का वीडियो भी वायरल हो रहा है। उधर ग्रामीणों ने पगचिन्ह की नाप लेकर जानवर का पता लगाने की कोषिष की है। वहीं वन विभाग टालमटोल की नीति पर काम कर रहा है। रेंजर लहरपुर अभय कुमार मल्ल का कहना है कि विभाग की टीम के साथ ही स्वयं वह काम्बिंग में लगे हैं, लोकेषन नहीं मिल रही है, संभवतः तेंदुआ खीरी निकल गया होगा।

## क्विक न्यूज

### हाईटेंशन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अटरिया सीतापुर।** थाना अटरिया इलाके में 30 वर्षीय मोहित निवासी गांव अटरिया की एचटी लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक गांव के ही दिनेश के टेन्ट हाउस में काम करता था। शुक्रवार देर रात एक कार्यक्रम के दौरान हुए हादसे में वह बुरी तरह झुलस गया। परिजनों द्वारा इलाज के लिए ले जाते समय उसने दम तोड दिया। थाना प्रभारी बृजेश राय ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### चोरों ने घर से उड़ाया माल

**सकरन सीतापुर।** थाना सकरन इलाके के गांव सुमरावां में बीती रात अज्ञात चोरों ने राममोहन के घर चोरी की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर यह आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि आहट पाकर जब वह जग गया तो चोर चोरी करने का उपकरण छोड़कर फरार हो गये। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया जांच की जा रही है, आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### छत से गिरे मजदूर की मौत

**अटरिया सीतापुर।** थाना अटरिया इलाके में बने हिन्द मेडिकल हास्पिटल में काम करते वक्त एक मजदूर की छत से गिरकर मौत हो गई। मृतक रामनरेश बाराबंकी के थाना मोहम्मदपुर अन्तर्गत गांव मिर्जापुर का निवासी था। मृतक के भाई ने थाने में तहरीर देकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

### जाम के झाम से परेशान हैं मिश्रिख वासी

#### ● जाम खुलवाने में प्रत्येक दिन होती है मशक्कत

**मिश्रिख सीतापुर।** कस्बे के नहर चौराहे पर बनी पुलिया सकरी होने के कारण मिश्रिख वासियों को जाम के झाम झेलनी पड़ रही है आए दिन जाम लगा रहता है इस चौराहे के पुलिया से 4 मार्गों की ओर से आने वाले वाहन गुजरते हैं सीतापुर हरदोई सिधौली कुतुबनगर की ओर से आने वाले मार्ग इस सकरी पुलिया से गुजरने के लिए मजबूर हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्र में मरीज लेकर आ रही 108 एंबुलेंस फंस जाती है जिनके लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है इसी मार्ग पर गन्ना लदी ट्राली या मिट्टी मौरंग भरे ट्रक दुर्घटनाओं को आमंत्रण देते रहते हैं इसके अलावा सड़क के दोनों तरफ परियों पर अतिक्रमण भी फैला हुआ है क्षेत्रवासियों ने नहर पुलिया को चौड़ा करा कर जाम के झाम से छुटकारा दिलाए जाने की मांग की है।

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ का त्रिवार्षिक अधिवेशन

# रामचन्द्र अध्यक्ष व रामशंकर अवस्थी उपाध्यक्ष निर्वाचित

संवाददाता। हरगांव सीतापुर


सीतापुर-अधिवेशन में मौजूद विजयी शिक्षकगण

**उत्तर** प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल(पूर्व माध्यमिक)शिक्षक संघ क्षेत्र इकाई हरगांव का त्रिवार्षिक चुनाव अधिवेशन खैराबाद से आये पर्यवेक्षक डॉ मुस्तफा अली एवम बेहटा से आये मनोज कुमार मिश्र के दिशा निर्देशन में सम्पन्न कराया गया। 132 सदस्यों द्वारा सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया शांति पूर्वक सम्पन्न हुई। समस्त कार्यक्रम नसीर अहमद खान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। निर्धारित समयावधि में अध्यक्ष,मंत्री,व कोषाध्यक्ष,आडिटर,लेखाकार का एक एक पर्चा आया,एवम संयुक्त मंत्री के चार पर्चे, उपाध्यक्ष पद के तीन पर्चे आये। सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। अध्यक्ष पद पर पूर्व अध्यक्ष रामचन्द्र मिश्र ने कब्जा किया। उपाध्यक्ष पद पर रमाशंकर अवस्थी,साधना मिश्रा, प्रेमशंकर,मंत्री पद पर सुन्दरलाल, संयुक्त मंत्री पद पर रामचन्द्र,चन्द्रप्रकाश, अर्चना गुप्ता,अवनी कुमार चौधरी,कोषाध्यक्ष पद पर सलीम अहमद खान,लेखाकार आस्था वर्मा ,आडिटर पद पर राम किशोर चुने गए।सभी निर्वाचित पदाधिकारियों ने ईश्वर को साक्षी मानकर पद एवम गोपनीयता की शपथ ली। अध्यक्ष रामचन्द्र मिश्र ने सभी का धन्यवाद एवम आभार व्यक्त किया।आनन्द अवस्थी,अवधेश जायसवाल,गुफरान,शैलेन्द्र राज,बृज बिहारी त्रिवेदी,राम किशोर कटियार,राम शरण तिवारी,आशुतोष शुक्ला, विनोद रावत,सुबोध मान, अंजली सिंह,आरती मिश्रा, नीलम सिंह आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

# आज बूथों पर वोटर बनने का एक और मौका

## ● मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत 13 को बूथों पर विशेष दिवस

संवाददाता। सीतापुर



**चुनाव आयोग** के फरमान पर जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथों पर रविवार को विशेष अभियान चलेगा। इस दिन सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक बूथ लेवल अधिकारी एवं नामित अधिकारी तैनात रहेंगे। साथ ही युवाओं से आवेदन लेकर उनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराए जाएंगे। मृतक एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम भी हटाए जाएंगे। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने बताया कि 13 दिसंबर को संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी एवं नामित अधिकारी सुबह 10 बजे से सायंकाल 4 बजे तक अपने निर्धारित मतदान केन्द्र पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेंगे। उन्होंने बताया कि अभियान में अधिकारी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने को फार्म-6, पता बदलवाने के लिए फार्म-7, निर्वाचक नामावली में अंकित प्रविष्टि को संशोधित कराने के लिए फार्म-8 निशुल्क लोगों को उपलब्ध कराएंगे। इसके अलावा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बूथ परिवर्तन को फार्म-8 क को प्राप्त करके पावती रसीद उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने बताया कि बूथों पर राजनीतिक दलों से नियुक्त बूथ लेवल एजेंट भी उपस्थित रहेंगे। जिन अधिकारी,कर्मचारी की तैनाती बूथ लेवल अधिकारी, सुपरवाईजर एवं पदाभिहित अधिकारी के पदों पर किया गया है. उन्हें उक्त कार्य अपने विभागीय कार्यों के साथ-साथ करने के लिए निर्देशित करें।कोई भी अधिकारी-कर्मचारी को इस कार्य को अपने मूल विभागध्कार्यालय से कार्य मुक्त न किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि लेबल अधिकारी, पदाभिहित अधिकारी एवं सुपरवाईजर के स्थान पर दूसरा व्यक्ति कार्य करते पाया जाएगा तो कार्रवाई की जाएगी।

जनता को मिला तोहफा, खिले चेहरे

# सीएम ने किया आदर्श तहसील महोली के भवन का लोकार्पण


नवनिर्मित महोली तहसील भवन


सीतापुर-लोकार्पण के दौरान मौजूद सांसद राजेश वर्मा, रेखा वर्मा, अशोक रावत व अन्य

संवाददाता। सीतापुर

## ● सांसद राजेश वर्मा धौराहरा रेखा वर्मा, मिश्रिख अशोक रावत सहित विधायकगण रहे मौजूद

**सीतापुर के** महोली के बाशिंदों को आखिरकार आदर्श तहसील महोली के नए भवन का सौगात मिल ही गई। शनिवार को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बतौर वर्चुअल सीतापुर के आदर्श तहसील महोली के भवन का लोकार्पण कर उसे जनता के सुपुर्द कर दिया। सीएम के वर्चुअल लोकार्पण के बाद सीतापुर के कलेक्ट्रेट परिसर में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, धौरहरा सांसद रेखा वर्मा ने लोकार्पण शिलापट का पर्दा हटाया। उनके साथ में सीतापुर सांसद राजेश वर्मा, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, लहरपुर विधायक सुनील वर्मा, मिश्रिख विधायक राम कृष्ण भार्गव, जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज, एडीएम विनय पाठक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। आदर्श तहसील महोली के नए भवन का लोकार्पण होते ही क्षेत्रीय जनता के चेहरे खिल उठे। ऐसे में अब फौरीतौर पर नई तहसील भवन से राजस्व कार्य संपादित होंगे, फिलहाल रजिस्ट्री के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा, क्योंकि यह भवन अभी तक बन नहीं पाया है। बता दें कि तत्कालीन महोली विधायक अनूप गुप्ता की पहल पर तत्तकाली सपा सरकार में तहसील महोली की घोषणा की गई थी। वर्ष 2015 में तहसील महोली के शिलान्यास समारोह में तत्कालीन सपा सरकार के राजस्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने महोली को आदर्श तहसील बनाने का ऐलान किया था। दो बरस में आदर्श तहसील के तैयार भवन को हैंडओवर भी दिया गया था। तब से यह भवन खुद के लोकार्पण का इंतजार कर रहा था। लंबे इंतजार के बाद शनिवार को प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने वर्चुअल लोकार्पण कर नए भवन की सौगात जनता को दे दी है।

# राजस्व विभाग कामकाज से बना जन विश्वास का प्रतीकः सीएम

- मुख्यमंत्री ने किया आवासीय भवनों का वर्चुअल लोकार्पण
- मितौली में आवासीय भवनों की मिली सौगात

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने जनपद खीरी की मितौली तहसील के आवासीय भवनों का वर्चुअल लोकार्पण किया। जिसकी लागत 593.68 लाख है। सीएम ने प्रदेश के 12 जनपदों में राजस्व विभाग के कुल 19 आवासीय एवं अनावासीय भवनों का वर्चुअल लोकार्पण किया।

डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, एडीएम अरुण कुमार सिंह एवं कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएसएस के सहायक अभियंता सुशील कुमार वर्मा, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा भी वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम से जुड़ी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के 12 जनपदों में राजस्व विभाग के 19 आवासीय एवं अनावासीय भवनों का वर्चुअल लोकार्पण किया जा रहा है। भूमि संबंधी वादों के निस्तारण में राजस्व विभाग की बड़ी भूमिका है। पूरे प्रदेश में राजस्व विभाग आमजन की जरूरतों को पूरा करने के साथ ही भूमि से संबंधित वादों, आपदा एवं राहत से जुड़े कार्यों को बड़ी कुशलता के निष्पादित कर रहा है। आमजन की समस्याओं के त्वरित निदान हेतु पूरी तत्परता के साथ राजस्व विभाग फील्ड में अपनी सेवाएं दे रहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई जन स्वामित्व योजना में पूरे प्रदेश में बेहतर कार्य हुआ। लोगों को उनकी भूमि के स्वामित्व के डाक्यूमेंट्स मुहैया कराए जा रहे हैं। 15 दिसंबर से राजस्व विभाग वरासत का एक बड़ा अभियान चलाने जा रहा है। इससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। यूपीआरएनएसएस द्वारा तहसील मितौली आवासीय परियोजना 593.68 लाख लागत की पूर्ण हुई। इसमें श्रेणी वन-19, श्रेणी टू-18, श्रेणी थ्री-4 एवं श्रेणी फोर-1 आवास बनाया गया। साथ-साथ आवासीय भवन की बाउंड्री उच्च जलाशय, बोरिंग सहित वाहय विकास कराया गया। पूरी परियोजना कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता सुशील कुमार वर्मा की देखरेख में पूर्ण की गई।

# नए बोर के लिए भूमि पूजन



संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**नगर पालिका परिषद** के परिसर में पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने नए बोर के लिए भूमि पूजन किया। इससे नगरवासियों को और अच्छी जलापूर्ति मुहैया होगी। नगर पालिका परिसर में पंडित अवधेश कुमार मिश्र ने पालिकाध्यक्ष मिनाक्षी अग्रवाल से भूमि पूजन कराया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि लगभग 45 लाख की लागत से 14वां वित्त आयोग के अंतर्गत 160 मीटर गहरा डीप नलकूप का निर्माण कराया जा रहा है। इससे नागरिकों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो सकेगी। इस नलकूप के निर्माण से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ होगी। यह बोर रेग मशीन 6/27 द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित, प्रधान लिपिक राजेश बाजपेयी, श्रीषचंद त्रिपाठी, मुन्नी त्रिपाठी, जीएम मशीनरी एक्सपर्ट्स के सुखविंदर सिंह, अमितोज सिंह, अनिल गुप्ता, रामकिशन गुप्ता, हेमू शुक्ला, विवेक दीक्षित व वीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# सैफ बने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री



संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**उप्र कांग्रेस** कमेटी के पूर्व प्रवक्ता, वर्तमान प्रदेश सचिव सैफ अली नकवी को अब उप्र कमेटी का महामंत्री बनाया गया है। उनके मनोनयन पर जिले में खुशी का माहौल है। राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी एवं प्रदेश अध्यक्ष विधायक अजय कुमार लल्लू ने उन्हें बधाई दी। यह जानकारी निवर्तमान कांग्रेस प्रवक्ता महामंत्री रवि तिवारी ने दी। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष सूरज सिंह, रवि तिवारी, मंजू मिश्रा, महिला अध्यक्ष कोमल सिंह, राजेश प्रधान, चंद्रप्रभा अवस्थी, पीसीसी मेंबर सुनील मिश्रा, सचिन शाह, रामज्ञान शर्मा, अमर गुप्ता, कुलदीप सिंह, बृज बिहारी शुक्ला व वीरेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## पर्यवेक्षक की निगरानी में हुई तौल

निघासन-खीरी। बेलरायां सरजू सहकारी चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र कुर्मिनपुरवा में गन्ना पर्यवेक्षक व जोनल इंचार्ज रवि दीक्षित व सीपी सिंह की निगरानी में गन्ना तौल हुई। एक किसान को तौल बाबू की सूचना पर लिखित नोटिस दी गई। बाकी गन्ना सही पाया गया। सभी किसानों से अपील की कि सही, साफ व ताजा गन्ना तौलाएं वरना विभागीय कार्रवाई करके सट्टा बंद किया जाएगा।

# पंचायती राज व नगर निकाय विभाग चलाएं अभियानः डीएम

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**कलेक्ट्रेट सभागार** में डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

आरंभ में बीएसए बुद्धप्रिय सिंह ने जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की गत मासिक समीक्षा बैठक के अनुपालन के संबंध में जानकारी दी। डीएम ने मिशन कायाकल्प के तहत जिले में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के परिषदीय विद्यालयों में 14 पैरामीटर्स पर संतृप्त किए जाने की वृहद समीक्षा की। वहीं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने विशेष रुप से दो पैरामीटर्स दिव्यांग शौचालय एवं कक्षा-कक्षों में टायलीकरण पर विशेष जोर दिया। पंचायती राज विभाग व नगर निकाय के अधिकारियों को अभियान चलाकर उक्त दोनों पैरामीटर शीघ्र ही पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा जिन नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों के परिषदीय विद्यालयों में उक्त दोनों पैरामीटर्स पर कार्य अवशेष है उनमें एक सप्ताह के भीतर काम शुरू करते हुए जल्द ही कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएसए को निर्देशित करते हुए कहा कि शेष अन्य 12 पैरामीटर्स पर बेसिक शिक्षा विभाग उपलब्ध कम कंपोजिट ग्रांट से यथासंभव कार्य पूर्ण कराएं। सभी एबीएसए विकासखंड पर बनाए गए टास्क फोर्स की नियमित बैठकें आयोजित कराएं। वहीं संबंधित अधिकारी आवंटित परिषदीय विद्यालयों का मासिक निरीक्षण करते रहे।

सीडीओ अरविंद सिंह ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ सभी पात्र बालिकाओं को दिलाने की बात कही। एबीएसए ने बताया कि मिड डे मिल की कंवर्जन कास्ट नौनिहालों के खातों में अंतरण में बैंकर्स का सहयोग नहीं प्राप्त हो रहा। डीएम ने एलडीएम को बीएसए से समन्वय स्थापित कर समस्या का निराकरण कराने के लिए निर्देश दिए। डीएम ने आपरेशन कायाकल्प, विद्यालयों के निरीक्षण सपोर्टिव सुपर विजन, शिक्षा के लिए डिजिटल पहल, मानव संपदाए समावेशी शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्ति करण की स्थिति, विद्यालयों का सविलियम, मध्यान्ह भोजन योजना सहित समग्र शिक्षा अभियान में वित्तीय प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान डीडीओ अरविंद कुमार, डायट प्राचार्य डा. ओपी गुप्ता, डीपीआरओ मनोज यादव, समाज कल्याण अधिकारी सुधांशू शेखर, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री ने किया पत्रिका 'परवाज' का विमोचन



**शाहजहनपुर।** इस्लामिया इण्टर कालेज में कालेज की वार्षिक पत्रिका 'परवाज' का विमोचन कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया । इस अवसर पर मंत्री ने कालेज के तीन टॉपर्स को सम्मानित किया। विमोचन समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा ,हमारे छात्र देश का भविष्य है इसको शिक्षा के प्रति अपना सब कुछ समर्पित कर खुद को तैयार करने का प्रयास करना चाहिए इसी सोच में छात्र और देश दोनों को बेहतर भविष्य है इस अवसर पर मलिक असमत अली ने पत्रिका का तआरुफपेश किया ।छात्रों ने अपनी मधुर आवाज में स्वागत गीत प्रस्तुत कर महफिल में देश भक्ति के गीत पेश कर मेहमाने खुसूसी का दिल जीत लिया ।जिसमें मुख्य रूप से आफ़ताब अहमद, मोहम्मद अनस, मोहम्मद अमन, रशाद हुसैन, जेनुल हसन, विशाल कनौजिया, शिवम दीक्षित, मोहम्मद असद, अजय मिश्रा, आदर्श पाण्डेय आदि छात्रों का विशेष सहयोग रहा। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को बैच लगा कर व बुके पेश कर सम्मानित किया गया तदुपरांत अतिथि गण को मोमेंटो तथा साल पेश कर सम्मानित भी किया गया। प्रधानाचार्य मोहम्मद आमीन ने मुख्य अतिथि व अतिथि गण का शुक्रिया अदा किया तथा छात्रों हेतु एक क्रीड़ा स्थल की मुख्य अतिथि से रखी जिसे मुख्य अतिथि ने उपलब्धता होने पर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया । मुख्य अतिथि ने कालेज के इण्टर व हाई स्कूल में टापर को सम्मानित भी किया जिसमें खुशनवाज, मोहम्मद सलमान खाँ व मोहम्मद फैजान का नाम मुख्य रूप से रहा । आयोजन का संचालन श्री मोहम्मद अय्यूब ने किया । कालेज के मुख्य प्रार्थना स्थल पर मुसलिम एजुकेशनल सोसाइटीअध्यक्ष सैयद मुहीउददीन मियाँ की अध्यक्षता में भव्य विमोचन समारोह का आयोजन किया गया ।जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, सलीम अहमद खान व रशीद हसन खान ने शिरकत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों में श्री मलिक अब्दुल वाहिद खान साहब, शाहनवाज खाँ, डी आर वर्मा, अनिरुद्ध सिंह, श्रीमती शाईस्ता नसीम, श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव, श्री शाकिर अली खान, महबूब इदरीसी, शौकत अली खान, अरविंद कुमार पाण्डेय, राशिद राही, उपस्थित रहे ।आयोजन मण्डल में मुख्य रूप से इश्तियाक अली, मोहम्मद अफ़रोज खान, मोहम्मद हारून खान, तसलीम अहमद आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

## मल्टीपरपज सीड स्टोर एंड टेक्नोलॉजी डिसेमिनेशन सेंटर का शिलान्यास

**शाहजहनपुर।** प्रदेश के वित्त, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विधायक ददरौल मानवेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख श्रीमती मनोरमा नवनीत सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रीता वर्मा,मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा की उपस्थिति में विकास खंड कैंपस भावल खेड़ा में मल्टीपरपज सीड स्टोर एंड टेक्नोलॉजी डिसेमिनेशन सेंटर का शिलान्यास किया गया। उक्त परियोजना लागत 80.14 लाख है और परियोजना में 50 मेट्रिक टन के दो गोदाम भंडार प्रभारी कक्ष,एक कंप्यूटर कक्ष, मीटिंग हॉल, जिसमें 60 कृषकों के बैठने की व्यवस्था होगी तथा चौकीदार कक्ष का निर्माण होगा। इसके साथ ही श्री खन्ना ने विकासखंड ददरौल के मौजमपुर में विधायक ददरौल मानवेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख श्रीमती क्षमा वर्मा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उषा देवी की उपस्थिति में मल्टीपरपज सीड स्टोर एंड टेक्नोलॉजी डिसेमिनेशन सेंटर का शिलान्यास किया ।

# अमन कमेटी व बेसिक शिक्षा इकाई की महिला विंग ने बांटे मास्क



**बरेली ।** अमन कमेटी बरेली के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर कदीर अहमद के नेतृत्व में मास्क वितरण का कार्यक्रम किया डॉक्टर कदीर अहमद ने बताया आज से शहर में विभिन्न चौराहों किशोर बाजार, कुतुबखाना, चौपला गिहार बस्ती, सिकलापुर आदि जगहों पर मास्क वितरण करेंगे जनता को कोरोना से बचने की जानकारी भी देंगे और जनता को जागरूक भी करेंगे ।मास्क वितरण के दौरान डॉक्टर कदीर अहमद, पाकीजा, आशिया अली, शवाना नदीम आदि मौजूद रहे । इसके अलावा बेसिक शिक्षा इकाई की महिला इकाई ने भी आज कोतवाली के सामने आम नागरिकों को फेस मास्क वितरण कर उन्हें कोरोना के प्रति जागरूक किया ।

उन्होंने दो गज दूरी मास्क है जरूरी की अपील की कार्यक्रम का शुभारंभ कोतवाल गीतेश कपिल ने किया समिति के अध्यक्ष रुथ पौल ने कहा समाज को सही शिक्षा देने की जिम्मेदारी शिक्षक की है शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं राजनीतिक कार्य में भी शिक्षक का सहयोग अत्यंत जरूरी है । उन्होंने कहा कि संगठन समाज मे व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ अभियान चलाएगा । संगठन की महामंत्री मोनिका चौपड़ा ने कहा जनपद में तमाम स्कुलो का सफल संचालन महिलाओ द्वारा किया जा रहा ऐसी महिलाओं एक मंच पर लाया जा रहा है कमला पांडेय, अलका सक्सेना, पंकज सक्सेना, रचना द्विवेदी, अरविंद स्नातक, रिकेश सोरखिया, रामकृष्ण शुक्ला, सर्वेश पाठक आदि मौजूद रहे ।

# आक्रोशित किसानों का टोल प्लाजा पर प्रदर्शन



**चौडगरा (फतेहपुर)।** मलवाँ विकासखंड में स्थित बड़ौरी टोल प्लाजा में किसान संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन आहुत होने पर विभिन्न किसान संगठनों ने विरोध प्रदर्शन कर अपनी मांगे मनाने के लिए मांग पत्र उच्चाधिकारियों के माध्यम से शासन को भेजा। इसी क्रम में बड़ौरी टोल प्लाजा में भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले पहुंचे किसानों ने विरोध प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया। अपनी मांगों को लेकर आक्रोशित किसानों ने सरकार से किसान विरोधी बिल को वापस लेने की मांग की। विरोध प्रदर्शन की सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने प्रदर्शन स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी। क्षेत्राधिकारी थरियांव अनिल कुमार की मौजूदगी में पुलिस बल के साथ घटना पर पहुंचे। तहसीलदार के साथ उप जिलाधिकारी बिन्दकी प्रियंका ने किसानों से बात कर उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही उनके मांग पत्र को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। आक्रोशित किसानों ने उपजिलाधिकारी के आश्वासन पर शांत होकर विरोध प्रदर्शन को स्थगित कर दिया। एसडीएम द्वारा किसानों के विरोध प्रदर्शन को गंभीरता से लेते हुए तत्परता दिखाई। जिसके चलते आक्रोशित किसान आश्वासन पर मानें। मांग पत्र सौंप कर नेशनल हाईवे-2 से हट गए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष के साथ यूनियन समर्थक आदि मौजूद रहे।

# कांट में किसान यात्रा निकलते सपा नेताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता। शाहजहांपुर



**ददरौल विधानसभा** के कस्बा कांट में समाजवादी पार्टी की किसान यात्रा को सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान सहित सपा नेताओं ने निकलने का प्रयास किया । इस दौरान सपाइयों और पुलिस ने रोककर सपाइयों को गिरफ्तार कर पिपरौल पुलिस चौकी में बैठाया गया जहां दोपहर बाद सभी को रिहा कर दिया गया। इस दौरान नेताओं ने सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी की

सपा के जिला अध्यक्ष तनवीर खां, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप प्रण्डेय सहित बड़ी तादाद में जुटे सपाई किसान यात्रा निकालने पर पहुंचे जिसकी जानकारी पुलिस मिली जिसके बाद पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस बात से नाराज सपाई नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर बसों में बैठा लिया और पिपरौल चौकी प्रांगण में बैठा दिया। दोपहर बाद करीब दो बजे सभी को बिना किसी कार्यवाही के रिहा कर दिया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने किसान विरोधी कानून बनाकर देश के किसानों को बर्बाद करने का काम किया है। आज देशभर का किसान आन्दोलन कर रहा है लेकिन केन्द्र सरकार कानूनों को वापस लेने के लिए तैयार नहीं है। पुवायां विधानसभा प्रभारी उपेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि दिल्ली में कृषि कानूनों को लेकर कई दिनों से किसान दिल्ली में आंदोलन कर रहे हैं, तीनों कानूनों को रद्द किया जाए। इस मौके पर गायत्री वर्मा, सैयद रिजवान, अनवर अली, मुनेंद्र पाल सिंह, श्याम लाल यादव, दिनेश गुप्ता, शमसुद्दीन, मुन्ना, इदरीस खान, पिंटू यादव, राम गोपाल राठौर, राम प्रताप सिंह, तैयब खान, शाजेब, गजेंद्र सिंह, जयपाल सिंह कुशवाहा, सर्वेश वर्मा, अनुज यादव, विपिन यादव, सरदार कश्मीर सिंह, विक्रम सिंह, आनंद शुक्ला, सौमित्र यादव, प्रसून कुमार आदि मौजूद रहे।

# घायल की उपचार के दौरान हुई मौत

संवाददाता। फतेहपुर

**थरियांव थाना** क्षेत्र के विगत दस दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में घायल लगभग 35 वर्षीय एक युवक की शनिवार की सुबह उपचार के दौरान जिला चिकित्सालय में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाने के चकनथनपुर गांव निवासी स्व0 शिवमंगल का पुत्र अतर सिंह दस दिन पूर्व मोटरसाइकिल से किसी काम से जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया था। जहां से उसे कानपुर के लिए रिफर कर दिया गया था। कानपुर के हैलट में एक सप्ताह उपचार कराने के बाद परिजन घायल को लेकर जिला चिकित्सालय लाये और भर्ती करा दिया। आज सुबह उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं परिजन शव को लेकर वापस गांव चले गये।

## क्विक न्यूज

### आबकारी महकमे की छापेमारी, मचा हड़कंप

**लखीमपुर-खीरी।** जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विजय दुल से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में शनिवार को आबकारी निरीक्षक सदर पंकज विवेक मय स्टाफव रामापुर पुलिस टीम द्वारा रंगीला नगर व सेवकहा में संयुक्त दबिश दी गई। दबिश के दौरान सभी संदिग्ध स्थलों की नियमानुसार सघन तलासी ली गई। तलाशी के दौरान लगभग 225 लीटर अवैध कच्ची शराब व लगभग 21000 किग्रा लहन बरामद किया। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है। अज्ञात व्यक्तियो के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया गया है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने बताया कि उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के क्रम में पूरे जिले में आबकारी महकमे की विभिन्न टीमों को अलर्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना एवं उपलब्ध फीडबैक के आधार पर पूरे जिले में बड़े पैमाने पर छापेमारी कर बरामद लहन मौके पर ही नष्ट करने के साथ ही अवैध कच्ची शराब बड़े पैमाने पर बरामद किया जा रहा है।

### विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खेल खेला जा रहा है

**मोहम्मदी-खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी के छत्रपति शाहू जी महाराज यूनिवर्सिटी संबंधित गन्ना किसान महाविद्यालय बहादुर नगर मोहम्मदी खीरी में अंग्रेजी विषय का शिक्षक न होना एक बहुत बड़ी समस्या है। शिक्षा विभाग को लेकर के उनके बेसर दिखाई दे रहे हैं। गन्ना किसान महाविद्यालय अंग्रेजी शिक्षक में तनख्वाह न मिलने से शिक्षण कार्य खत्म कर दिया। कालेज में इस सत्र अंग्रेजी शिक्षण कार्य नहीं हो रहा है। वहीं जिले का गन्ना विभाग अपनी मनमानी ऊपर है। विद्यार्थियों ने कॉलेज प्राचार्य रविंद्र कुमार को प्रार्थना पत्र भी दिया। प्रार्थना पत्र प्राचार्य ने पहुंचा दिया संबंधित अधिकारी को लेकिन संबंधित अधिकारियों ने अभी तक उसका कुछ भी निस्तारण नहीं किया। प्रार्थना पत्र अभी भी गन्ना सचिव की टेबल पर मजे काट रही है। इस स्तर पर देखा जाए तो विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। गोल्डी, मयंक मिश्रा, अनुज, अर्जुन व गोपाल तिवारी आदि विद्यार्थियों में इसी प्रकरण को लेकर रोष व्याप्त है।

### दो शराब के अवैध विक्रेता गिरफ्तार



**ढखेरवा-खीरी।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में धौरहरा कोतवाली के उप निरीक्षक राजेश कुमार यादव ने हमराह हेड कांस्टेबल विजय पांडे, हेड कांस्टेबल वशिष्ठ पांडे, कांस्टेबल शिवकुमार व कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह द्वारा संतोष कुमार पुत्र परमेश्वर गौतम व छोटू पुत्र रामस्वरूप निवासीगण ग्राम सिसैया को अवैध शराब बनाते हुए गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 20-20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई तथा 200 लीटर लहन नष्ट की गई।

### पार्किंग स्थल को लेकर पुलिस व्यपारियो में नोकझोंक



**बरेली।** पार्किंग स्थल को लेकर खड़ा हुआ बखेड़ा व्यापारी और पुलिस में नोकझोंक शहर कोतवाली के अयूब खा चौराहे का मामला हाल ही में बरेली नगर निगम ने पार्किंग को लेकर व्यापारियों की दुकान के आगे पार्किंग स्थल अस्थाई रूप से बना दिया था जिसके बाद व्यापारी ने लगातार इस चीज को लेकर विरोध प्रदर्शन किया है इस पूरे मामले में शनिवार दुपहर 4रू00 बजे के करीब व्यापार मंडल के अध्यक्ष और व्यापारी पार्किंग स्थल पर मौजूद ठेकेदारों से अभद्र व्यवहार करने लगे और साथ ही साथ पार्किंग स्थल के लिए लगाई गई बैरिकेडिंग को उखाड़ने लगे इसको लेकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने व्यपारियो को समझाया बताया नगर निगम के द्वारा ठेका मिला हुआ है ठेकेदार बेरिकेटिंग कर रहे थे पार्किंग स्थल पर कार को खड़ा करने का चार्ज 50 रुपये बसूला जा रहा था व्यपारियो ने विरोध किया दुकानों के आगे चेन लगा दी व्यपारियो ने पार्किंग में लगाई गई चेन पाइप को उखाड़ कर फेंक किया बताया । ग्राहक दुकान पर कैसे आएगा कोतवाल गीतेश कपिल ने नगर आयुक्त को सूचना दे दी ।

### जंगली सुअर के हमले से किसान की मौत

**बरेली।** गन्ने के खेत में पानी लगा रहे किसान पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। लाश को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा।शाहजहांपुर के मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव ईश्वरा निवासी 35 वर्षीय महेंद्र पुत्र राधेश्याम कि आज सुबह बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। उसके घर वालों ने बताया कि महेंद्र कल सुबह गांव के पास स्थित अपने गन्ने के खेत में पानी लगाने गया था। इसी दौरान अचानक जंगली सूअर ने उस पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह सूअर को भगा दिया। लेकिन तब तक रामअवतार गंभीर रूप से घायल हो गया था। घर वाले उसे पहले स्थानीय अस्पताल ले गए और फिर हालत नाजुक देखकर इलाज के लिए बरेली ले आए। यहीं पर एक निजी अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी का नाम नेमा देवी है। वह 10 बच्चों का पिता था। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### जिला पंचायत कर्मचारी की घर में गिरकर मौत

**बरेली।** घर में गिरकर घायल हुए जिला पंचायत के सफाई कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।इज्जत नगर थाना क्षेत्र की प्यारेलाल कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय प्रेमराज पुत्र प्यारेलाल की बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के घर वालों ने बताया कि प्रेमराज की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी और वो जिला पंचायत में सफाई कर्मचारी के पद पर काम करता था। वह एक बेटी का पिता था। कल सुबह अचानक घर में पैर फिसलने से जमीन पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### 11 मोटरसाइकिलों के साथ तीन गिरफ्तार



**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक एस. आनंद के निर्देशानुसार जनपद में क्रियाशील चिन्हित किए गए टॉप टेन अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के अंतर्गत खुदागंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा किया है। थानाध्यक्ष खुदागंज बकार खान मय पुलिस टीम के थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने व तलाश वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगे हुए थे मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि ग्राम नवादा दरोवस्त खेडा मझखेडा देवा नदी के पुल पर तीन व्यक्ति चोरी की मोटर साईकिल बेचने के लिए लादने हेतु पिकअप के इन्तजार मे खडे है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तीनों अभियुक्तों की गिरफ्तार करते समय अभियुक्तों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। जिससे बचते हुए पुलिस ने सभी अभियुक्तों को दबोच लिया। जिसमें सोनू उर्फरोहित मौर्या, निवासी छोटा खुदागंज थाना कोतवाली जनपद पीलीभीत, रामपाल निवासी ग्राम अहीरवाडा थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत, वीरपाल उर्फ पप्पू निवासी कस्बा मो. लक्ष्मीपुर थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर व हाल निवासी मो. जोगी नवादा थाना बारादरी जनपद बरेली उपरोक्त को हिरासत मे लिया। अभियुक्त शातिर किस्म के सक्रिय अपराधी है जो कई जिलो में घूम-घूम कर मोटर साईकिल चोरी व अन्य चोरी व लूट की घटनाओ को अंजाम देते रहते है। जिनकी निशादेही पर 11 मोटर साईकिल चोरी की बरामद की गई।

### बिल के विरोध में सपाइयों ने निकाली साइकिल यात्रा



**असोथर (फतेहपुर)।** समाजवादी पार्टी ने किसान विरोधी काले कानून के विरोध में साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राजसभा सांसद विशंभर निषाद मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव, जिला सचिव/अयाह शाह पूर्व प्रत्याशी रीता प्रजापति, राजेंद्र निषाद, बाबू यादव, रमेश पासवान, शैलू सिंह, श्रीकांत भोजवाल, प्रदीप सोनकर, देवी गुलाम कुशवाहा ने इसमें शामिल होकर किसानों को इस कानून के बारे में बताया कि इस कानून से छोटे किसानों को बहुत बड़ी समस्या होने वाली है। जिससे छोटे किसान बहुत परेशान हैं। मुख्य अतिथि ने किसानों को संबोधित होते हुए बताया कि किसान विरोधी बिल आ जाने से छोटे किसानों को बहुत दिक्कत होने वाली है। इस कानून को भारत सरकार को वापस करना होगा। इसके लिए सपा के कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव जाकर साइकिल यात्रा निकालकर के किसानों को इस काले कानून के बारे में बताया जा रहा है। जिससे कि आने वाले 2022 चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत किया जा सके। जिससे कि यह काले कानून प्रदेश में ना लगा सकेंगे। जिला सचिव ने बताया कि यह यात्रा असोथर से प्रारंभ होकर सरकंडी, मनावा तक निकाली गई। इस दौरान राजन तिवारी आदि मौजूद रहे।

# वैदिक मंत्रोच्चारण से मैथा तहसील भवन का लोकार्पण

● लोकार्पण कार्यक्रम में सांसद, विधायक, डीएम-एसपी ने की शिरकत

● मैथा के क्षेत्रवासियों में दिखी खुशी की लहर

संवाददाता। कानपुर देहात



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ जी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए नवनिर्मित मैथा तहसील भवन एवं अनावासीय मुख्य कैंपस का लोकार्पण के बाद मैथा तहसील भवन में सुंदरकांड के पाठ के साथ हवन पूजन वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच नवीन मैथा तहसील का लोकार्पण किया गया। वही तहसील सभागार कक्ष के माध्यम से जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा बारासत की आधा सैकड़ा लाभार्थियों को निशुल्क खतौनी उपलब्ध कराई गई तथा एसडीएम न्यायालय में पहली बार एसडीएम को कुर्सी पर बैठाया गया और बिना भेदभाव नियमानुसार निष्पक्षता पूर्ण न्याय करने का संकल्प भी दिलाया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मैथा तहसील के लोकार्पण के बाद अकबरपुर रनिया सांसद देवेंद्र सिंह भोले, अकबरपुर रनिया विधायक प्रतिभा शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान, पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी, जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व साहब लाल,उपजिलाधिकारी मैथा रामशिरोमणि, मैथा तहसीलदार राम शंकर, शिवली चेयरमैन अवधेश शुक्ला सहित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा हवन पूजन कार्यक्रम में शिरकत कर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच तहसील का लोकार्पण किया गया। जहां इस मौके पर कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए प्रसाद वितरण व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बताते चलें जनपद कानपुर देहात में छठवीं तहसील के रूप में मैथा तहसील का 2015 में इसकी घोषणा हुई थी जिसमें शोभन सरकार का इस तहसील को लाने में विशेष कारगर योगदान रहा तथा वर्ष 2016 में इस तहसील के निर्माण हेतु शिलान्यास किया गया था इसके उपरांत कार्यदायी संस्था द्वारा वर्ष 2018 में इससे बनाकर तैयार कर दिया गया किन्तु छोटी मोटी कमियों के चलते तहसील का लोकार्पण होने में लगातार अटकलें आ रही थी जिस पर जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने इस विषय पर शासन को संपूर्ण रिपोर्ट भेजकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया था जिस के क्रम में शासन स्तर से मैथा तहसील के भवन के संचालन को लेकर हरी झंडी दी गई थी।

इसी क्रम मे शनिवार को शुभ मुहूर्त मे राम भक्त हनुमान जी महराज के नगरी मे इसका लोकार्पण किया गया हैए कार्यक्रम में सांसद विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि शोभन सरकार ने इस क्षेत्र को जो तोहफा दिया है वह यादगार रहेगा यद्यपि वह आज इस घडी मे वह हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी यादें इस तहसील भवन में सदैव रहेंगी यही नहीं जब से अस्थाई तहसील का संचालन हुआ उनके द्वारा ही दिए गए अस्थाई भवन में तहसील संचालित हुई तथा अधिकारियों व कर्मचारियों को निशुल्क भोजन भी उनके द्वारा उपलब्ध कराया जाता रहा है ऐसे व्यक्तित्व वाले शोभन सरकार महाराज को कोई भुला नहीं सकेगा उन्होंने कहा हालांकि यह तहसील मैथा तहसील के नाम से जानी जा रही है किंतु शासन में इस मामले को ले जाकर इस तहसील का नाम परिवर्तित कराते हुए शोभन सरकार तहसील के नाम से इसका नामकरण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि यह गर्व का विषय है इस क्षेत्र में अब विकास के और पंख लगेंगे लोगों को नया रोजगार भी मिल सकेगा। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने भी अपने विचार रखें कार्यक्रम में अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, क्षेत्रवासी आदि उपस्थित रहें।

## डीएम-एसपी ने आंदोलन को लेकर टोल प्लाजा बारा पर पहुंच किया निरीक्षण

**कानपुर देहात।** किसानों के आंदोलन को लेकर टोल प्लाजा पर जाम हाईवे को बाधित करने को लेकर जिला प्रशासन रहा चौकन्ना जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी द्वारा जहां पल.पल की गतिविधियों की जानकारी ली गई तथा दिन भर में कई बार टोल प्लाजा पर पहुंच व्यवस्थाओं में लगाए गए अधिकारी कर्मचारियों की गतिविधियों को देखा और व्यवस्थाओं के बाबत कोई भी लापरवाही न की जाए और किसी भी दशा में टोल में अवरोध न उत्पन्न हो सके। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों द्वारा किए जा रहे आंदोलन के चलते शांति व्यवस्था कायम रहे तथा किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए तथा सभी संबंधित उप जिलधिकारीगण अपने-अपने क्षेत्रों में ड्यूटी पर भ्रमण पर रहते हुए जायजा लेते रहें । कहीं किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए।

## आंदोलन की आशंका में सपाइयों को किया नजरबंद

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**आगामी** 14 दिसंबर को किसान आंदोलन को धार देने की रणनीति बना रही सपा के मंसूबों पर पुलिस पानी फेरनें की तैयारी में है। पुलिस और सपाईयों में तुम डाल-डाल हम पात-पात जैसा कुछ चल रहा है। शनिवार तड़के से ही पुलिस नें सपाईयों के घरों की निगेहवानी शुरू कर दी। दरअसल सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम नें जिला समाजवादी पार्टी के पास एक पत्र भेजा है। जिसमे 12-13 दिसंबर को सपा की किसान यात्राएं गाँव-गाँव जानी थी। इसके बाद 14 दिसंबर को किसान समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी का जिला मुख्यालय पर अहिंसात्मक धरना होंना है। बीते दिनों किसान यूनियन के आंदोलन में शामिल होनें के लिए सपाई पुलिस को चकमा देकर निकल गये थे और इटावा-बरेली हाई-वे नेकपुर पुल पर पुलिस नें उन्हें रोंक लिया था। लेकिन इस बार दूध से जली पुलिस मठ्ठा भी फूंक-फूंक कर पी रही है। जिसके चलते शनिवार तड़के सपा की सम्भावित किसान यात्रा को देखते हुए पुलिस मुस्तैद कर दी गयी। निर्वतमान जिला महासचिव मंदीप यादव,राजेपुर व्लाक प्रमुख सुबोध यादव, सपा नेता महेंद्र कटियार, राघव दत्त मिश्रा आदि सपाईयों के घर में पुलिस नें निगेहवानी शुरू कर दी। सपा नेताओं को पुलिस नजर बंद किये रही। पूर्व जिला महासचिव मंदीप यादव नें बताया कि पुलिस आंदोलन को ना होनें देनें का प्रयास कर रही है। पुलिस अपने अधिकारीयों के आदेश का पालन करे और हम अपने पार्टी नेतृत्व के आदेश का शत-प्रतिशत पालन करेंगे। सीओ सिटी राजवीर सिंह नें बताया कि नजरबंद किसी को नही किया गया है। केबल कोई गलत घटना ना हो इस पर पुलिस नजर रख रही है।

## युवक की हत्या करने वाला आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार

संवाददाता। इटावा



**बकेवर** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ससुराल आए युवक की हत्या के मामले में मृतक की युवक की पत्नी द्वारा थाने में वादिया सुनीता देवी पत्नी स्व0 आनन्द कुमार उर्फ बबलू निवासी किदवई नगर थाना बकेवर द्वारा सूचना दी गयी कि वह अपनी मौसी की लडकी की शादी में ग्राम सुनवर्षा आए हुए थे । रात्रि 10 बजे खाना खाने के बाद मैने अपने पति को सुनवर्षा निवासी श्यामपाल पुत्र ब्राह्मानन्द के साथ बातचीत करते समय बाहर जाते हुए देखा था। मेरे द्वारा काफी समय होने के बाद रात्रि 12ण्30 बजे अपने पति को फोन मिलाया गया तो उनका नम्बर बन्द आ रहा था । फिर सुबह मुझे सूचना मिली की श्यामपाल के मकान के पास एक शव मिला है जिसके पास एक मोटरसाइकिल भी खडी है मेरे द्वारा वहॉ पहुच कर देखा गया तो वह शव मेरे पति आनन्द पाल का था तथा मुझे शक है कि मेरे पति की हत्या श्यामपाल द्वारा की गयी है ।

उक्त हत्या की घटना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश कुमार तोमर द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए घटना के सफल अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में थाना बकेवर से पुलिस टीम का गठन किया गया इसी क्रम में आज थाना बकेवर पुलिस टीम द्वारा सुनवर्षा ओवरब्रिज के पास संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था तभी पुलिस टीम को एक व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत हुआ जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा किया गया तो उक्त व्यक्ति द्वारा भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस टीम द्वारा पीछा कर आवश्यक बल प्रयोग करते हुए सुनवर्षा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त से नाम.पता पूछा गया तो उसने अपना नाम श्यामपाल पुत्र ब्रह्मानन्द निवासी सुनवर्षा बताया युवक की हत्या का आरोपी था। पुलिस पूछताछ गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा युवक की हत्या के संबंध में पूछताछ की तो उसने बताया कि ग्राम सुनवर्षा निवासी माया देवी की पुत्री की शादी थी जिसमें बारात चढत के समय मेरे तथा मृतक आनन्द के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी जिसमे मुझे अपनी बेइज्जती महसूस हुयी । इसी बात का बदला लेने हेतु मेरे द्वारा योजना बनाकर अपने घर पर आनन्द को पहले शराब पिलायी गयी उसके बाद आनन्द अत्यधिक नशे में हो गया था जब मेरे द्वारा उसके सिर पर ईट से कई प्रहार कर उसकी हत्या कर दी गयी फिर उसके शव को सडक किनारे ड़ालकर में वहॉ से भाग गया था । पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की निशानदेही पर आलाकत्ल ईट को घर के पास वरसम के खेत से बरामद किया गया ।

## क्विक न्यूज

### गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए चलेगा हस्ताक्षर अभियान

**फर्रुखाबाद।** गंगा एक्सप्रेस-वे के जिले से होकर गुजारने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाये जाने की तैयारी की गयी है। अखिल भारतीय युवा जनसेवा संगठन के मोहित गुप्ता नें बताया कि जनहित में जनप्रतिनिधियों नें गंगा एक्सप्रेस-वे फर्रुखाबाद से ना गुजारने पर नाराजगी व्यक्त की। इसके साथ ही मोहित नें बताया कि शहर के इटावा-बरेली हाई-वे पर पांचाल-घाट पर हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा।

### डीसीएम खड्ड में पलटी, चालक की मौत

**घाटमपर।** स्टेट हाइवे 86 मूसानगर रोड पर शनिवार तड़के एक डीसीएम अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में जाकर पलट गयी जिससे चालक की मौत हो गयी। बताया जाता है कि दुर्घटना ग्रस्त डीसीएम भोगनीपुर की ओर से आ रही थी कि जैसे ही राहा मोढ़ पर पंहुची की तभी सड़क पर बने बेतरकीब स्पीट ब्रेकर की वजह से अनियंत्रित हो गयी और सड़क किनारे खण्ड में जाकर पलट गयी,सूचना पर पंहुची जाजपुर चौकी पुलिस केबिन में फंसे चालक को निकल कर इलाज के लिये सीएचसी भेजा जहॉ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।चौकी प्रभारी जाजपुर ने बताया कि मृतक के पास मिले ड्राइविंग लाइसेंन्स और गाडी के कागजातों से मृत चालक की पंहचान मुहम्मद जाबिर ( 35 ) पुत्र लाल मुहम्मद निवासी सुल्तान का पुर जनपद कौसंम्बी के रुप में शिनाक्त हुई है। शव का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा गया है। उधर कोतवाली के स्योढ़ारी में वाहन की टक्कर से साहुल कुमार ( 28 ) पुत्र हाकिम सिंह की मौत वो गयी।

### वाइक से महिला गिरी, मौत

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के गांव बेहटा-गम्भीरपुर सर्म्पक मार्ग पर वाइक से एक महिला गिर गयी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। बताया जाता है कि महिला मृतक महिला अपने रिस्तदार के साथ वाइक से जा रही थी कि गांव गंम्भीरपुर के सामने किसी तरह वो गिर गयी मृतक महिला जहानाबाद क्षेत्र के नोनारा गांव की रहने वाली थी।

### महिला श्रमिकों के लिए ईंट-भट्टों पर अब तक क्यों नही बने इज्जत घर

फर्रुखाबाद। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले को खुले से शौच मुक्त घोषित गया जा चुका है। लेकिन भट्टों पर काम करने वाले मजदूरों के लिए शौचालय अभी क्या कभी भी नही बने। जिसकी वजह से भट्टे पर काम करने वाली महिलाएं खुले में शौच के लिए जा रहे हैं और गंदगी फैल रही है। वही महिला मजदूरों की सुरक्षा को भी खतरा लगातार बना रहता है। दरअसल वर्तमान सरकार भट्टे पर कार्य करने वाली महिला मजदूरों की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार गंभीर है। सरकार के निर्देश पर शासन नें भी जिले में पत्र भेजकर भट्टों पर महिला मजदूरों की सुरक्षा की व्यवस्था देखने के लिए आदेश दिये थे। जिसके बाद बीते 29 नवंबर 2020 को जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी आर के गुप्ता, खनन निरीक्षक राजीव रंजन नें ईंट भट्टों का निरीक्षण किया था। लेकिन शौचालय (इज्जत घर) के मामले में चुप्पी साध गये। लेकिन बड़ा सबाल यह है कि क्या भट्टों पर शौचालय ना होना स्वच्छ भारत मिशन के साथ ही यूपी सरकार के मिशन शक्ति को भी प्रभावित करता है। जनपद में लगभग 130 ईंट भट्टे संचालित है। शायद ही कोई भट्टा होगा जिस पर शौचालय बना हो। खनन निरीक्षक राजीव रंजन नें बताया कि ईंट भट्टों पर शौचालय बनवाने के निर्देश दिये गये है। जल्द अभियान चलाया जायेगा। शौचालय ना मिलने पर विधिक कार्यवाही होगी। ईंट भट्टा एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष नारायण अग्रवाल नें बताया कि जेएनआई की पहल सराहनीय है। उनके पास दो भट्टे है।

### ख्वाजा गरीब नवाज का सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया

**फर्रुखाबाद।** शहर के मोहल्ला अस्तबल तराई में सूफी अबरसर हुसैन शाह जही री कादरी चिश्ती अबुल उलाई की सरपरस्ती में ज जशन न ए ख्वाजा गरीबनवाज व सिलसिला उर्स ए मुबारक हजरत हा दी अली शाह रहमतुल्ला अलेह का बड़ीधूमधाम के साथ मनाया जा रहा है उर्स ए मुबारक की जेरे सदरत का जी शहर मुताहिर ताहिर अली की रही बदमाशी असर चादर पोशी बाबा सैयद कुदरत उल्ला शाह.हमदानी पर चढ़ाई गई। मुन्ना कव्वाल कव्वाली सूफियाना कलाम पढ़कचादर पेशकराई उसके बाद ईद मिलाद उन नबी की महफिल सजी जिसकी निजामत. मोहम्मद नसीम नेकी तकरीर मौलाना नकी अली खान नेकी फैजाने औलिया ए किराम पर रोशनी डालीनातिया कलाम पढ़ने वालों में हाफिज कारी सैयद हारून मोइन वारसी हाफिज कारीफैजान रजा रामपुरी ने नातिया कलाम पढ़कर वाहवाही लूटी सूफियाना महफिले समाहुई उसके बाद दुआ हुई और अकीदत मंद के लिए तबर्रुक तक्सीम कराया महफिल काआगाज सुबह कुरान खानी के साथ किया गया। बाद नमाज असर चादर पोशी की गई। सदारत काजी ए सैयद मुताहिर अली ने की इस मौके पर उर्स मुबारक में शिरकत करने वालों में असलम शेर खां सभासद आदेश गुप्ता सभासद सूफी, शफीक मियां नदीम अंसारी सूफी नफीस चांद मियां आदि लोग मौजूद रहे।

### वन विभाग ने की कार्रवाई, अवैध मोरंग जब्त कर भूमि कराई मुक्त

**इटावा।** खनन विभाग के द्वारा जब अवैध मौरंग पर कार्रवाई की गई तब टिक्सी मंदिर चौराहे के पास आजाद होटल के पीछे वन विभाग की भूमि पर बड़ी मात्रा में मौरंग स्टोर की गई थी। वन विभाग को सूचना मिली तो उन्होंने वन विभाग की भूमि पर जमा की हुई अवैध मौरंग को ज़ब्त कर लिया। वन रेंजर विवेकानंद दुबे ने बताया कि वन विभाग की भूमि पर लगभग 15 से अधिक ट्रॉली मौरंग यहां डंप की हुई थी तो खनन विभाग की सूचना पर उन्होंने वहां पर डंप मौरंग को ज़ब्त कर लिया है।

## गन्ना लदे ट्रैक्टरों से हाई-वे पर 5 घंटे रहे वाहनों के पहिए जाम

**फर्रुखाबाद।** बीती रात इटावा-बरेली हाई-वे पर कई घंटे जाम लगा रहा। आधी रात तक पुलिस जाम खुलवाने में जूझती रही। जिसके बाद जाम खुल सका। थाना क्षेत्र से गुजरनें वाले इटावा-बरेली हाई पर डबरी मोड़ से रामगंगा के पुल से होता हुआ जनपद शाहजहाँपुर के हुल्लापुर चौराहे के आगे तक जाम रहा। जिसके बाद थानाध्यक्ष देवेन्द्र गंगवार ने जमापुर से राजेपुर होते हुए जरीनपुर की तरफ से जलालाबाद निकाला गया। तकरीबन 5 घंटे जाम रहा। डबरी के निकट पिकेट पर तैनात सिपाहियों ने सतर्कता रखते हुए बड़े बाहर रोक दिए।

## टोल फ्री करवाने जा रहे किसानों को पुलिस ने रोका

संवाददाता। बकेवर



**कृषि** कानूनों के विरोध में टोल फ्री कराने अनंतराम टोल पर जा रहे किसानों को पुलिस ने गांव बंशियापुरा में ही रोक दिया। उन्हें नजरबंद कर दिया है। इससे किसान और पुलिसकर्मियों के बीच नोकझोक हो गई। गुस्साए किसानों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश संगठन मंत्री विपिन कुमार सिंह के नेतृत्व मे तकरीबन एक सैकड़ा किसान थाना क्षेत्र के ग्राम बंशियापुरा में शनिवार को एकत्रित हुए और किसानों ने पहले कृषि अध्यादेश के खिलाफ गांव मे पंचायत की इसके बाद प्रदेश संगठन मंत्री विपिन कुमार सिंह के नेतृत्व में तमाम किसान टोल फ्री कराने के शनिवार को बंसियापुरा से अनंतराम टोल प्लाजा के लिए निकले की तैयारी करने लगे । थाना प्रभारी निरीक्षक को जैसे ही इसकी जानकारी हुई वह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पंहुच गये उन्होंने किसानों का रास्ता रोक दिया। काफी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंच गई और किसानों के आगे बढ़ने पर रोक लगा दी। इससे गुस्साए किसानों ने कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए वहीं पर नारेबाजी शुरू कर दी। इस पर प्रभारी निरीक्षक ने किसानों को समझाया कि वह कानून का उलघन न करे जो भी वह मांग कर रहे है इसके लिए वह अपना मांग पत्र दे जिसे शासन तक पंहचा दिया जाएगा । सूचना पर उपजिलाधिकारी भरथना भी मौके पर पंहुच गयी और उन्होंने भी किसानों को समझाया जिसपर किसान ज्ञापन देने के लिए तैयार हो गये । और टोल फ्री करने के साथ कृषि अध्यादेश वापस लेने संबंधी राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन किसान नेता विपिन कुमार सिंह ने उपजिलाधिकारी को सौंपा । इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री विपिन कुमार सिंह ने कहा कि है कि भाजपा सरकार अपनी जिद पर अड़ी है। वह किसानों की समस्या को समझना तो दूरए सुनने तक तैयार नहीं है। ये सरकार देश के चुनिंदा बड़े घरानों को लाभ पहुंचाने में लगी है। किसानों की इस सरकार को कोई फिक्र नहीं है। वहीं मौके पर मौजूद राजकुमारए विजय सिंह एगौरवए शेर सिंहए राजू तोमर आदि किसानों ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार किसानों की आवाज को दबाने में लगी है। यह लोकतंत्र की हत्या है। कृषि प्रधान देश में परेशान किसान अपनी पीड़ा भी व्यक्त नहीं कर सकता। वही इस आंदोलन के संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ग्राम बंशियापुरा मे कुछ किसान टोल प्लाजा का घिराओ करने की योजना बना रहे थे मौके पर पंहुचे उपजिलाधिकारी के द्वारा किसानों का ज्ञापन लेने के साथ पुलिस ने आंदोलनकारी किसानों को गांव मे ही नजरबंद किया गया है।

## जमीन के लालच में मासूम साले की ईंट से कूच कर हत्या

● सजेती थाने के मिश्रापुर गांव की है घटना

● डेढ़ साल पहले मासूम की बहन के साथ की थी शादी

संवाददाता। घाटमपुर

**थाना सजेती** के गांव मिश्रापुर मजरा चितौली में एक युवक ने रिस्ते में साला लगने वाले मासूम को ईट से कूच कर मार डाला और शव को गांव बाहर परास-बरीपाल संर्म्पक मार्ग पर स्थित बावन नोन नदी के पुल के पास फेंक दिया शनिवार सबेरे मासूम का शव पड़ा होने की सूचना पर ग्रामीणों ने उसकी शिनाक्त इसी थाने के गांव गुरैयनपुर मजरा बीरबल का अकबरपुर निवासी छोटे निषाद के पुत्र कृष्णा (10) के रुप में हुई। उघर सूचना पाकर सजेती थाना प्रभारी रावेंद्र मिश्रा और सीओ रबि कुमार सिंह मौके पर पंहुचे तथा जानकारी के बाद अरबिन्द उर्फचिन्टू पुत्र कैलाश निवासी गुरैयनपुर को हिरासत में ले लिया है। बताया कि आरोपी अरबिन्द ने करीब डेढ़ साल पहले गांव के मासूम की बहन के साथ प्रेम बिवाह किया था और बकायदा पति-पत्नी के रुप में गांव में ही रह रहे है। थाना प्रभारी रावेंद्र मिश्रा ने बताया कि मासूम कृष्णा का ममाना मिश्रापुर निवासी सुरेश कुमार निषाद पुत्र नौरंग के यहाँ था, बीते शुक्रवार को सुरेश की पुत्री की शादी थी जिसमें आरोपी अरबिन्द और उसके पत्नी ( कृष्णा की बहन ) तथा मासूम कृष्णा तीने शादी में शामिल होने आये थे सुरेश कुमार के मुताबिक अरबिन्द ने रात में पत्नी को लेकर लौट जाने को कह रहा था लेकिन वो सबेरे चलने को कहा तो अरबिन्द मार-पीट पर उतारु हो गया था इसी बीच अरबिन्द कृष्णा को लेकर चला आया था। कृष्णा अपने पिता का अकेला था और हत्या के बाद उसके घर का चिराग बुझ गया।

## अधिकारियों के साथ पहुंचे भाजपा नेताओं ने जांची गौशाला की व्यवस्थाएं



**जसवंतनगर ( इटावा )।** लुधपुरा डूडा कालोनी में स्थित अस्थायी गौशाला में एक साथ कई गायों के मरने की कथित खबर पर गोशाला का भाजपा नेताओं द्वारा निरीक्षण किया गया। गोवंश के बाड़ों में जाकर उनके लिए चाराए पानी और छाया संबंधी व्यवस्थाएं जांची। भूसा को डालने के बाद अब गोवंश को टोंटी द्वारा साफ पानी में मिलाकर भूसा दिया जा रहा है। गौशाला परिसर में साफसफाई और अन्य व्यवस्थाओं पर उन्होंने संतोष जताया। इस गौशाला में गायों की मरने सूचना मिली थी एलेकिन इसमें सच्चाई निकलकर नही आयी। मौके पर मौजूद नगर पालिका अधिशासी अधिकारी रामेंद्र सिंह यादव से बताया कि नेताओं ने गायों को भूसा के साथ साथ हरा चारा भी दिये जाने की व्यवस्था कराए जाने मांग रखी। एक.दो बीमार गायों की विशेष देखभाल करने को कहा। गौवंशों को सर्दी में तिरपाल आदि की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। अस्थायी गोशाला की व्यवस्था देख रहे ईओ ने बताया इस समय गोशाला में 80 गोवंश मौजूद हैं। एक.दो दिन के अंदर अन्य अधिकारी भी इस गोशाला के निरीक्षण को आने की संभावना है। निरीक्षण को पहुंचने वालों में भजपा युवा नेता अजय कुमार बिंदुए उमेश शाक्यए सौरभ शाक्यए सुरेंद्र शंखवार आदि थे।

## हिजाम ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का पुतला फूंक जताया विरोध

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा एवं तृणमूल कांग्रेस के बीच आरोपों प्रत्यारोपों का दौर तो वहां जारी है। इधर हिंदू जागरण मंच भी स्थानीय स्तर पर विरोध करने पर उतर आया है। आज हिजाम के विभागाध्यक्ष कानपुर मंडल प्रदीप सक्सेना के अनुसार संगठन के बहुत से लोग कार्यालय पर एकत्र हुए। इसके बाद सभी हिजाम कार्यकर्ता ममता बनर्जी के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए नगर के मुख्य चौराहे पर पहुंचे । जहां उन्होंने ममता बनर्जी का प्रतीकात्मक पुतला विरोध जताते हुए आग के हवाले कर दिया। इस अवसर पर प्रदीप सक्सेना ने कहा कि ममता बनर्जी बांग्लादेशी मुसलमानों के इशारे पर चलती हैं। उन्हें हिंदू विरोधी बताते हुए हिंदुओं का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। इतना ही नहीं हिजाम नेता ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को राष्ट्र विरोधी बताते हुए कहा कि बे तमाम संघ कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमले करवा रही हैं।

## श्री बालाजी महाराज का 59 वाँ उत्सव धूमधाम से मनाया गया

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**बालाजीपुरम** पांचाल घाट रोड फर्रुखाबाद में स्थित बालाजी महाराज का उत्सव कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए बड़ी धूमधाम से मनाया गया श्री बालाजीमहाराज मंदिर के संत राकेश गौड़ ने श्री हनुमान जी से करोना मुक्ति विश्वशांति के लिए प्रार्थना की और भक्तों को आशीर्वाद दिया उन्होंने उत्सव में भक्तों के दुख दर्द कष्टों को दूर करने के लिए अर्जी लगाई एवं पवित्र जलमंत्रों के साथ वर्षा की उन्होंने कहा कि राम भक्त हनुमान जी संकट मोचन हैके सभी के संकटों को दूर करेंगे और सुख शांति प्रदान करेंगे। सायंकाल भजन संध्या में मां दुर्गा का जागरण हुआ जिसमें कलाकारों ने मां भगवती सेकरोना मुक्त होने की प्रार्थना की साथ ही सुंदर सुंदर झांकियां श्री रामभक्त हनुमान का भाव नृत्य गणेश वंदना भोलेनाथ महाकाल का विराट स्वरूप कीराधा कृष्ण का भाव नृत्य प्रस्तुत किया जिसमें भक्त और कलाकारों ने नृत्यकिया कार्यक्रम के अंतिम दौर में श्री बालाजी महाराज की महा आरती छप्पन भोगमहाप्रसाद का वितरण किया गया वार्षिक उत्सव में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, लखनऊ, बरेली, आगरा से भक्तों ने भाग लिया सुनील सक्सेना, रविकुमार, शशि देवी, रामदास, सुभाष ,नवीन कटियार, प्रिया, संजू, कुसुम, रेनूयादव, प्रवेश, राजेश, अंकित, पवन, बिट्टू ,गोपी, चंदन भक्तों ने आध्यात्मिक उत्सव में भाग लिया और सुख-समृद्धि की शांति की प्रार्थना की।

# फूलों की खेती से फल-फूल रहे चित्रकूट के किसान

रतन पटेल। चित्रकूट

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प का बुंदेलखंड में दिख रहा असर
- परम्परागत खेती को छोड़ उद्यानीकरण की ओर बढ़ रहा किसानों का रूझान

**बदहाली,** बेरोजगारी और दस्यु समस्या के लिए हमेशा सुर्खियों में रहने वाले बुंदेलखंड के सबसे पिछडे जिले चित्रकूट की अब तस्वीर बदल रहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प का चित्रकूट के किसानों में व्यापक असर नजर आ रहा है। परम्परागत गेंहू,चना और धान की खेत को छोडकर किसानों ने उद्यानीकरण को अपना कर गुलाब-गेंदा आदि फूलों की खेती शुरू कर अपनी आय को दोगुना कर खुशहाल जीवन बिता रहे है। ऐसे लोगों से प्रेरणा लेकर बुंदेलखंड के अधिकांश जिलों में बडी संख्या में किसानों ने फूलों और सब्जियों की खेती शुरू कर आत्म निर्भरता की ओर कदम बढाते नजर आ रहे है।

भगवान श्रीराम की तपोभूमि होने के कारण धार्मिक और आध्यामिक रूप से समृद्ध होने के बावजूद बुंदेलखंड के अति पिछडे जिले चित्रकूट का नाम आते ही लोगों के जेहन में बदहाली,बेरोजगारी और दुर्दांत डकैतों के आतंक की तस्वीर नाचने लगती है। ददुआ,ठोकिया,बबली कोल आदि दुर्दांत ईनामी डकैतों के आतंक के चलते कई दशकों तक पाठा के बीहडों से सटे सैकडों गांव में विकास की किरण नही पहुंच सकी थी। रोजगार की तलाश में क्षेत्र के हजारों परिवारों को गुजरात,महाराष्ट्र और दिल्ली आदि प्रदेशों को पलायन करना पडता रहा है।





सिंचाई आदि का पर्याप्त इंतजाम न होने के कारण चित्रकूट में खेती हमेशा घाटे का सौदा मानी जाती रहीं है। भगवान भरासे हो रहीं खेती में किसानों को लागत के बराबर भी आमदनी नही हो पा रहीं थी। वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प ने बुंदेलखंड के अति पिछडे जिले चित्रकूट के किसानों को नई राह दिखाई है। चित्रकूट जिले के तरौंहा, डिलौरा, सीतापुर, गढवा, पूरबपताई आदि गांवों के दर्जनों किसानों ने परम्परागत गेंहू, चना, धान आदि की परम्परागत खेती को छोडकर उद्यानीकरण को अपनाते हुए गुलाब, गेंदा आदि फूलों की खेती कर आत्मनिर्भता की ओर मजबूत कदम बढाना शुरू कर दिया है। बुंदेलखंड की धरती में अब खेती करने के परंपरागत ढंग को छोड़ने वाले किसानों के घरों में आर्थिक समृद्धि ने बसेरा बना लिया है। डिलौरा-तरौंहा, रामबाग, सीतापुर, पहाड़ी के किसान महज बानगी हैं। इनसे सीख लेकर बुंदेलखंड के कई जिलों के अन्य किसानों की जिंदगी भी फूल की खेती ने महका दी है।जिले के कर्वी ब्लॉक के डिलौरा गांव निवासी जगन्नाथ कुशवाहा व विनोद कुशवाहा ने परंपरागत गेहूं-धान से इतर गुलाब के फूलों की खेती शुरू की। पहले जहां परम्परागत फसल उगाने के लिए तमाम दिक्कतों का सामना करना पडता था। वहीं अब चार से पांच सौ रुपये प्रतिदिन की आमदनी करते हैं। उनसे प्रेरणा लेकर कई किसान इस दिशा में आगे बढ़े हैं।इसी तरह तरौंहा गांव निवासी छोटेलाल ने गेंदा के फूल की खेती करीब दो साल से कर रहे हैं। खाद-बीज के लिए धनराशि को लेकर दिक्कत में फंसे रहने वाले छोटेलाल अब हर दिन दो से पांच सौ रुपये तक कमाई कर लेते हैं। उनकी आर्थिक हालत सुधर गई है। दोनों किसाना बताते है कि उनके फूलों की खासी डिमांड रहती है। शादी-विवाह के सीजन में पड़ोसी जिले सतना, प्रयागराज, बांदा आदि तक के लोग उनके फूल खरीदने आते है।

जिला उद्यान अधिकारी डा0रमेश पाठक ने बताया कि फूलों की फसल महज दो-तीन माह में तैयार हो जाती है। इसके बाद पांच माह तक कमाई का जरिया बनती है। इस दौरान दो से तीन सिंचाई की जरूरत पड़ती है। किसान को प्रतिदिन नकद आमदनी होती है। एक एकड़ में साल भर में डेढ़ से दो लाख रुपये तक की कमाई कर सकते हैं। जबकि सामान्य परम्परागत फसल में महज 50 से 70 हजार रुपये तक की आय हो पाती है। जबकि उसमें खर्चे अधिक होते हैं। वर्तमान में करीब 70 एकड़ जमीन पर फूलों की खेती शुरू है। बताया कि फूल बिक्री का प्रमुख बाजार कर्वी,सीतापुर, चित्रकूट में लगता है। वहां कामतानाथ मंदिर, मंदाकिनी के रामघाट से लेकर बाकी प्राचीन मंदिरों, धार्मिक स्थलों पर प्रतिदिन हजारों क्विंटल फूल की खपत से बिक्री में आसानी रहती है। दुकानदार सुदामा प्रसाद कहते हैं कि आसपास के किसान सीधे फूल लाकर बिक्री करते हैं। श्रद्धालुओं को ताजे फूल मिल जाते हैं। वहीं जिलाधिकारी शेषमणि पांडेय का कहना है कि उद्यान विभाग द्वारा लगातार परंपरा से हटकर खेती के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है।जिसका खासा असर जिले के किसानों में दिखाई पड रहा है। अलग-अलग ब्लाक क्षेत्र में किसान फूलों की खेती से आय बढ़ाने में कामयाब हुए हैं। धीरे-धीरे दूसरे किसानों को भी प्रेरित किया जाएगा।

## बांदा में खरीद केंद्र खुला नहीं कागजों में 1400 कुंतल खरीद

**बांदा।** जिले की सीमा में स्थित सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सिंहपुर में संचालित सरकारी धान खरीद में अंधेरगर्दी सामने आई है। दस दिन पूर्व केंद्र कागजों में खोल दिया गया और 1400 क्विंटल धान की खरीद भी हो गई। वास्तव में केंद्र का ताला आज तक नहीं खुला। मंडी से जुड़े करीब 12 गांवों के पांच हजार किसान 20 किलोमीटर के दायरे में मंडी न होने से आढ़तियों के हाथों लुट रहे हैं।

शासन व प्रशासन धान खरीद में पारदर्शिता लाने के लिए पूरी ताकत झोंक रहा है लेकिन केंद्र प्रभारी इससे भी आगे हैं। बिसंडा ब्लाक की ग्राम पंचायत सिंहपुर जिले की सीमा में स्थित है और आबादी की लिहाज से सबसे बड़ी भी है। यहां डीएम के अनुमोदन के बाद श्री कान्हा कृषि उत्पादन विपणन सहकारी समिति का केंद्र दस दिन पूर्व खोला गया। कागजों में यह केंद्र खुल रहा और तौल भी हो रही है। वास्तव में केंद्र का आज तक ताला ही नहीं खुला। करीब 25 किसानों का 1400 क्विंटल धान की खरीद हो गई। इसकी रिपोर्ट भी विपणन अधिकारी को भेजी गई है। सिंहपुर मंडी में संचालित इस केंद्र से आसपास के करीब 12 गांव जुड़े हैं। यहां के पांच हजार किसानों के लिए 20 किलोमीटर दायरे में दूसरा केंद्र भी नहीं है। ऐसे में किसानों को सिंहपुर से 25 किलोमीटर दूर चित्रकूट या फिर बिसंडा जाना पड़ता है। ज्यादा भाड़ा लगने की वजह से किसानों को बिचौलियों के हाथों माटीमोल धान बेंचना पड़ रहा है। सिंहपुर क्षेत्र में जिले का सर्वाधिक धान पैदा होता है। मंडी में संचालित इस केंद्र में न तो कहीं बोर्ड लगा है और न ही खरीद हो रही है। मंडी पूरी तरह से वीरान में पड़ी है। किसानों का कहना है कि केंद्र प्रभारी ने किसानों के नाम पर आढ़तियों से धान खरीदा है और अच्छी मोटी रकम कमीशन में कमाई है। गरीबी की मार झेल रहे किसान धान की फसल का उचित मूल्य पाने के लिए दर.दर की ठोकरें खा रहे हैं।

## इनोवा की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत, दूसरा गंभीर

**बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के बांदा.बबेरू मार्ग पर शुक्रवार रात तेज रफ्तार इनोवा कार चालक ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद जाम लग गया। लोगों की भीड़ जुटते ही दुल्हन को छोड़ दूल्हा और चालक निकल भागे। पुलिस ने दूसरे वाहन से दुल्हन और उसके साथ बैठी महिला को गंतव्य तक भेजा। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बबेरू निवासी बर्रा का पुत्र 21 वर्षीय जुम्मन अपने साथी गिरवां निवासी 25 वर्षीय इनायत के साथ बांदा की तरफ बाइक से जा रहा था। आहर गांव से एक किमीण् पहले सामने से आ रही तेज रफ्तार इनोवा कार ने सीधी टक्कर मार दी। दोनों उछलकर दूर जा गिरे। हेलमेट नहीं लगाए होने से सिर में गहरी चोट आ गई। जुम्मन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि इनायत गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही कोतवाल भाष्कर मिश्र पहुंचे और क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे कराने के साथ यातायात बहाल कराया।

### बांदा में मौरंग भरे ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बांदा।** ओवरटेक करने के चक्कर में शुक्रवार शाम मौरंग भरे ट्रक चालक ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। हादसे के बाद यातायात प्रभावित हो गया। घटना खनिज कार्यालय के पास की है। आरोपित चालक ट्रक समेत फरार हो गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मवई रोड में बने रहे एक्सप्रेसवे के सिक्सलेन में काम करने वाला 28 वर्षीय युवक शुक्रवार देर शाम बाइक पर शहर की ओर आ रहा था। खनिज कार्यालय के सामने उससे आगे जा रहे ट्रक को ओवरटेक किया। इसी बीच चिल्ला की ओर मौरंग लेकर जा रहे दूसरे ट्रक से उसे सामने से टक्कर लग गई। जोरदार टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की उछल कर दूर गिरने से मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। कोतवाली निरीक्षक जय श्याम शुक्ला ने बताया कि अभी युवक की पहचान नहीं हो सकी है। एक्सप्रेस वे के मैनेजर व कर्मचारियों को पहचान करने के लिए बुलाया गया है।

### कांप रही थी लाल जोड़े में बैठी दुल्हन

जब पुलिस पहुंची तब तक काफी मजमा लग गया था। भीड़ देख दूल्हा व कार चालक निकल भागे। हादसे के बाद लाल जोड़े में सजी दुल्हन डर से थर.थर कांप रही थी। कार में उसके साथ केवल एक महिला रिश्तेदार बैठी थी। भाष्कर मिश्र ने बताया कि भीड़ से निकाल कर दुल्हन को दूसरे वाहन से गंतव्य भेज दिया गया। दोनों वाहन जब्त कर लिए गए हैं।

### बाइक सवारों ने दो बहनों को मारी टक्कर रेफर

शादी समारोह से पैदल घर जा रही चचेरी दो बहनों को देर शाम नशे में धुत मोटरसाइकिल सवार युवक ने टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर स्वजनों ने दोनों बहनों को सीएचसी में भर्ती कराया। वही टक्कर मारकर भाग रहे बाइक सवार को राहगीरों ने पकड़ मारपीट की। घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टर ने दोनों बहनों की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

थाना क्षेत्र के आऊ के मजरा अंगद पुरवा निवासी 15 वर्षीय रेशमा पुत्री छोटेलाल व 14 वर्षीय ज्योति पुत्री बाबूराम शादी समारोह से ग्राम आऊ से शुक्रवार की देर शाम पैदल घर वापस आ रही थी। तभी अतर्रा.बिसंडा मार्ग में ग्राम महोखर निवासी 25 वर्षीय रमाशंकर प्रजापति ;बाइक चालकद्ध अपने दोस्त के साथ नशे में धुत्त होकर पीछे से बाइक की टक्कर मार दी। इससे दोनो बहने गिरकर घायल हो गई। ग्रामीणों ने बाइक चालक को पकड़कर मारपीट कर घायल कर दिया। हालांकि उसका दोस्त मौके से फरार हो गया है। घटना की सूचना स्वजन ने पुलिस को दी है।

## किसानों और पुलिस के बीच हुई तीखी झड़प, हाईवे किया जाम

- जिलाध्यक्ष नें प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर देश के सभी हाईवे को एक दिन के लिए टोल फ्री कराने के क्रम में जिलाध्यक्ष शमीम सिददीकी की अगुवाई में एक्सप्रेस-वे तालग्राम कट पर प्रदर्शन के लिए जा रहे किसान नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को भारी पुलिस बल ने रोक दिया। जिससे प्रशासन व किसानों के बीच तीखी झड़पें हुई। जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं सहित किसानों को इस्माइलपुर स्थित जिला कार्यालय से तालग्राम एक्सप्रेस को जाम करने के लिए निकल पड़े। पहले से ही मुस्तैद प्रशासन ने किसानों का रास्ता रोक लिया। जिससे किसानों तथा पुलिस प्रशासन के बीच काफी देर तक नोकझोंक होती रही। सबसे अंत में जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान ने छिबरामऊ उपजिलाधिकारी देवेश कुमार गुप्ता को प्रधानमंत्री को संबोधित तीन सूत्री ज्ञापन सौंप दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष व नगर अध्यक्ष मुईन अहमद नें कहाकि किसान विरोधी काले कानून को जब तक वापस नही लिया जायेगा तब तक आन्दोलन जारी रहेगा। वहीं सीओ सदर शिव प्रताप सिंह, कोतवाल राजा दिनेश सिंह, सराय प्रयाग चौकी प्रभारी मुकेश राणा पुलिस व पीएसी बल के साथ मौजूद रहे। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष मारूफ खान, शबनूर खान, महेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह बबलू ठाकुर, सुधाकर दुबे, पवन कुमार, मतीन खान, जगमोहन त्रिपाठी, अशोक कश्यप, साजिद हुसैन, सत्यम प्रजापति, दानिश खान, अकील फारूकी, सुरेश सिंह यादव, रामबाबू तिवारी, इमरान खान, रणधीर सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री ने किसानों को दिया पूरा भरोसा

**चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक के हरदौली गांव के मजरा रमपुरिया गुटहूपुरवा में सूबे के लोनिवि राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय की मौजूदगी में बुन्देली आवाज किसान विकास समिति के अध्यक्ष विशाल भाई की अध्यक्षता में बैठक हुई। शनिवार को हुई बैठक में बुन्देली आवाज किसान विकास समिति के अध्यक्ष विशाल भाई ने राज्यमंत्री को बताया कि पुरवा तक पहुंचने को सड़क, बिजली, पानी व अन्ना प्रथा की भारी समस्या है। राज्यमंत्री ने किसानों को भरोसा दिया कि जल्द पानी, बिजली, सड़क व अन्ना प्रथा की समस्या का निदान कराया जायेगा। हरदौली गांव के रावेन्द्र यादव व रमपुरिया तथा अर्जुनपुर गांव के सैकड़ों लोगों ने कहा कि समस्या का निदान न होने पर किसान आन्दोलन को बाध्य होंगे।

विशाल भाई ने कहा कि उन्हें सम्मान देने के लिए जनता का वे आभार जताते हैं। जनता को विश्वास दिलाया कि वे जनहितों की खातिर कार्य करते रहेंगे।

## नगर विकास समिति ने जाम से निजात दिलाने की उठाई मांग



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** नगर में प्रतिदिन विकराल रूप धारण कर रही जाम की समस्या के निस्तारण की मांग करते हुए नगर विकास मंच के नगर अध्यक्ष ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर जाम के झाम से छुटकारा दिलाए जाने की मांग की है।शनिवार को कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में मौजूद तहसीलदार अभिमन्यु त्रिपाठी व कोतवाल द्वितीय जितेन्द्र पाल सिंह को नगर विकास मंच के अध्यक्ष हरिओम गुप्ता ने जाम के झाम से अवगत करा कर निस्तारण की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। कहा कि जाम की समस्या से आम जनमानस को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नगर में संचालित टेंपो स्टैंड का स्थान सुनिश्चित किए जाने तथा डग्गामार वाहनों पर प्रतिबंध लगाए जाने सहित नो एंट्री का पालन सख्ती से कराए जाने व दो ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाए।

## हमीरपुर के युवा वैज्ञानिक सुशील को अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय संस्था ने किया सम्मानित

**हमीरपुर।** हमीरपुर जनपद के युवावैज्ञानिक को पर्यावरण में लोगो में जागरूकता फैलाने से अमेरिका की अन्तर्राष्ट्रीय संस्था ने अर्थ डे नेटवर्क स्टार 2020 के पुरस्कार से नवाजा है। युवा वैज्ञानिक न केवल प्रदेश का बल्कि बुंदेलखंड का भी नाम रोशन किया है। सूत्रों के मुताबिक जिले के सरीला तहसील के पवई गांव निवासी सुशील द्विवेदी लखनऊ में रहकर विज्ञान संचरण के साथ साथ पर्यावरण जागरूकता के लिए कई दशकों से काम कर रहे हैं। कोरोना काल में उन्होंने दूरदर्शन के माध्यम से कई महीनों तक पर्यावरण के बारे में लोगों को जागरूक किया था। वायु प्रदूषण एवं जैव विविधता संरक्षण ऊर्जा संरक्षण स्वच्छ भारत अभियान, कचरे से पर्यावरण अनुकूल निस्तारण, प्लास्टिक बंदी जैसे मुद्दों में तीन सौ से अधिक वेबीनार कर बीस हजार शिक्षकों व लाखों विद्यार्थियों को जागरूक किया था। इनकी जागरूकता को अमेरिका की संस्था



अर्थ डे नेटवर्क ने गंभीरता से लेते हुए उन्हें पुरस्कार से नवाजा है। कोरोना महामारी के कारण यह अवार्ड युवा वैज्ञानिक सुशील द्विवेदी के घर पवई में भेजा गया है। उसके साथ प्रमाण पत्र व स्टार बैच भी दिया गया है। पहले भी इनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए भारत की सबसे प्राचीन विज्ञान अकादमी राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। अर्थ डे नेटवर्क स्टार 2020 का पुरस्कार उत्तर प्रदेश में पहली बार दिया गया है।

## नौ जुआरियों को दबोचकर 32 हजार किये बरामद

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान के क्रम में कर्वी कोतवाल अरुण पाठक की टीम के दरोगा अजय कुमार ने लोहिया बुजुर्ग गांव के नाला के पास ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते नौ जुआरियों को रंगेहाथ दबोचकर 32 हजार दो सौ रुपया मालफड़ से बरामद कर जामा तलाशी में 2750 रुपये बरामद किये हैं। शुक्रवार को देर शाम कर्वी कोतवाल की टीम के दरोगा ने लोहिया बुजुर्ग गांव के नाला के पास छापेमारी कर राजाराम गर्ग पुत्र रामस्वरुप गर्ग निवासी ब्यूर, भुवनेश्वर गुप्ता पुत्र विजयनारायण निवासी बलदाऊगंज, रामनरेश पुत्र सुन्दरलाल निवासी सीआईसी रोड, आशुतोष पाण्डेय पुत्र राजेन्द्र निवासी भरतपुरी, जीवनराम दुबे पुत्र घनश्याम निवासी बनकट, अजय पटेल पुत्र शिवनारायण निवासी सोनेपुर, घनश्याम पटेल पुत्र देशराज निवासी बनकट, सोनू पुत्र जवाहर सोनी निवासी कुबेरगंज, लवलेश तिवारी पुत्र वकील साहब निवासी भौंरी को ताश के पत्तों पर हारजीत की बाजी लगाते रंगेहाथ दबोचे गये।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर भाजपाई हुये सक्रिय



**उरई ( जालौन )।** मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह बनाजी के नेतृत्व में विधानसभा प्रभारी जिला मंत्री नीरज दुबे कैथेरी, विधायक गौरी शंकर वर्मा की उपस्थिति में महिला मोर्चा द्वारा मतदाता पंजीकरण कैम्प का आयोजन हुआ। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश तिवारी, पूर्व विधायक संतराम सिंह सेंगर, वरिष्ठ समाजसेवी दुर्गा बाबू अग्रवाल, रविंद्र परिहार, दिलीप श्रीवास्तव, अयोध्या प्रसाद विश्वकर्मा सहित अनेकों कार्यकर्ताओं ने भागीदारी कर पार्टी मिशन को पूर्ण करने का संकल्प भी लिया। इस दौरान महिला मोर्चा के सभी बहिनें बड़ी जिम्मेदारी के साथ मतदाताओं के फार्म भरवाने का कार्य किया। नगर अध्यक्ष गिरीश चतुर्वेदी जिला उपाध्याय युवा मोर्चा आदर्श सोनकिया, मण्डल उपाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, धर्मेंद्र पाल अन्य ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित रहे। इसीक्रम में शनिवार को मतदाता पुनरीक्षण नए मतदाता जोड़ो अभियान के तहत सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने ग्राम टीकर एवं करुई बुजुर्ग में पहुंचकर बूथ नंबर 438, 434 में नए मतदाता जुड़े। इस दौरान बूथ अध्यक्ष लेखराज वर्मा सत्येंद्र, मंडल अध्यक्ष मंगल राजपूत, जिला उपाध्यक्ष किशोरी लाल राजपूत मंडल महामंत्री आलोक द्विवेदी, भरत राजपूत, खेम सिंह राजपूत, कंचन राजपूत, राहुल परिहार, हिमांशु निरंजन अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## लोकतंत्र को खत्म कर रही मोदी सरकारः अनुज

**चित्रकूट।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर गांव-गांव किसान पद यात्रा एवं जनजागरूकता अभियान के तहत सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कर्वी विधानसभा के बरुई, भीषमपुर, पहरा आदि गांवों का दौरा कर किसानों के बीच चौपाल लगाकर भाजपा के किसान विरोधी कानूनों की हकीकत बयान की। शनिवार को छठवें दिन सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने किसानों के बीच कहा कि मोदी सरकार लगातार संविधान पर हमलावर है। लोकतंत्र को खत्म कर कृषि उत्पाद, व्यापार और वाणिज्य कानून के जरिये भाजपा किसानों को कमजोर कर उद्योगपतियों के लिए शोषण का मार्ग खोलने वाली है। उद्योगपति किसानों की भूमि छीनकर उन्हें बेसहारा व गुलाम बनायेंगे। आवश्यक वस्तु अधिनियम जमाखोरी को लाइसेंस देने वाला कानून है। जो देश में भुखमरी को जन्म देगा। कृषक कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार कानून सरकारी मंडियों एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य खत्म कर देगा।

## क्विक न्यूज

### सभासदों ने पालिका अध्यक्ष के खिलाफ किया विरोध-प्रदर्शन

**बांदा।** सभासद संघर्ष समिति की ओर से तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर पालिका अध्यक्ष के खिलाफविरोध जताया। वार्डों के विकास कार्य न कराए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अपने खास लोगों के यहां कार्य कराया गया है। काली पट्टी बांध भैंस के आगे बीन बजाकर विरोध जताया। सभासदों ने शनिवार को काली पट्टी बांधकर अध्यक्ष के खिलाफविरोध प्रदर्शन किया। बताया कि दिए गए प्रस्तावों के जो कार्य बोर्ड से स्वीकृत हैं वह अभी तक नहीं कराए गए हैं। वार्डों के विकास कार्यों को लगातार बाधित किया जा रहा है। प्रशासन इस मामले को संज्ञान में ले। सभासदों की शिकायत पर अध्यक्ष की चल रही जांचों का तत्काल निस्तारण कराया जाए जिससे वार्डों में विकास कार्य समान रूप से हो सकें। इस मौके पर सभासद नीरज त्रिपाठी यूसुफ राजेंद्र वाल्मिकी पार्वती गुप्ता ज्ञानेंद्र प्रताप आदि लोग मौजूद रहे।

### दिन भर डटे रहे पुलिस जवान, नहीं पहुंचे टोल पर किसान

**एट (जालौन)।** कृषि कानून के विरोध में चल रहे आंदोलन की कड़ी में किसान संगठनों द्वारा शनिवार से हाईवे जाम तथा टोल को फ्री करने की चेतावनी को लेकर सुबह से ही पुलिस प्रशासन चौकन्ना रहा। एट टोल पर सुबह से ही भारी पुलिस फोर्स एकत्रित हो गया। वहीं थाना प्रभारी विनय दिवाकर हाईवे पर घूम कर जायजा लेते रहे ताकि कहीं कोई किसान संगठन एकत्रित होकर हाईवे जाम ना कर सके। किसान संगठनों द्वारा चेतावनी के बाद हाईवे तथा टोल प्लाजा पर भारी पुलिस बल तैनात होने से किसी भी किसान संगठन ने ना तो हाईवे जाम करने की जहमत उठाई न ही टोल को फ्री करने की चेतावनी सफल हो सकी। किसानों द्वारा उग्र आंदोलन के अंदेशा को लेकर फायर सर्विस की गाड़ी भी टोल प्लाजा पर मौजूद रही। टोल मैनेजर केके शुक्ला का कहना है कि कोई भी किसान संगठन या राजनैतिक दल द्वारा टोल पर हस्तक्षेप नहीं किया गया।

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**जालौन (उरई)।** आमने सामने हुई बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार की मौत हुई। जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालाबाद निवासी श्यामसुंदर (35) पुत्र तांती शुक्रवार की देर रात शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। दूसरी ओर से राजेंद्र (32) पुत्र ननाई निवासी मड़ोरा जालौन की ओर आ रहे थे। तभी सुढ़ार सालाबाद मोड़ के पास रात्रि करीब 9 बजे दोनों बाइकों में आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे के बाद दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हैलमेट न लगाए होने के चलते श्यामसुंदर के सिर में गंभीर चोटें आईं। वहां से निकल रहे राहगीरों ने हादसे की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही श्यामसुंदर ने दम तोड़ दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### पति से प्रताड़ित पत्नी ने पुलिस ने लगायी न्याय की गुहार

**जालौन (उरई)।** पति द्वारा पत्नी के साथ आए दिन गाली, गलौज व मारपीट से तंग पत्नी ने कोतवाली पहुंचकर पति के खिलाफकार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी बबिता पत्नी विपिन कुमार ने पुलिस को बताया कि वह घर का सारा काम करती है। इसके बावजूद पति उससे संतुष्ट नहीं रहता है। आए दिन किसी न किसी बात को लेकर गाली, गलौज व मारपीट करता रहता है। जिसके चलते वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहती है। इतना ही नहीं घर में रोज रोज होने वाले लड़ाई झगड़ों से घर का माहौल भी खराब हो रहा है। कई बार समझाने के बावजूद उसकी आदतों में कोई सुधार नहीं आ रहा है। पीड़िता का आरोप है कि शनिवार की सुबह वह घर का काम कर रही थी। तभी पति वहां आए और अकारण ही उसे मां बहिन की गालियां देने लगे। मना करने पर उन्होंने मारपीट कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घर जा रहे युवक को अज्ञात व्यक्ति ने पीटा

**जालौन (उरई)।** रंगबाजी दिखते हुए अज्ञात व्यक्ति द्वारा मारपीट करने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह निवासी कलकाई ने पुलिस को बताया कि वह चुंगी नंबर चार से सारंगपुर मोड़ होते हुए अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में किसी अज्ञात व्यक्ति ने जबरन उसे रोक लिया और रंगाबाजी दिखाते हुए उसके साथ गाली, गलौज करने लगा। मना करने पर उसने लाठी, डंडों से मारपीट कर दी। तभी शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों को आता देख वह पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस नें अपहर्ता बरामद कर आरोपी को भेजा जेल

**(कन्नौज)।** सदर कोतवाली पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट से संबंधित मुकदमें में काफी समय से फरार चल रहे अभियुक्त संदीप पुत्र पातीराम को मुखबिर की सूचना पर मुकदमा से सम्बन्धित अपहर्ता की बरामदगी करते हुये गिरफ्तार कर लिया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक को न्यायालय भेजा गया।

### चार के विरुद्ध दहेज एक्ट का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने विवाहिता से अभद्रता व धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला गोरी नवादा निवासी संजुम बेगम पुत्री इकबाल खान पत्नी जाफर द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 25 सितंबर को ससुराली जनों ने उससे अतिरिक्त दहेज की मांग की उसके द्वारा असमर्थता जताने पर ससुराली जनों ने अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मायके गयी महिला से मारपीट, अस्पताल में भर्ती

**राठ (हमीरपुर)।** मौसिया को उधार दिये रुपये लेने मायके गई महिला को जमकर मारापीटा। मारपीट के दौरान महिला का सिर फूट गया और वह बेहोश होकर जमीन में गिर गई। अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकासी थाना क्षेत्र के मंगरौठ गांव निवासी बबली पत्नी भारत राजपूत ने बताया कि उसके पत्नी दिल्ली में रहकर मजदूरी करते है। घर में वह अपनी पुत्री योग्यता के साथ रहती है। बताया कि बीते चार माह पहले उसने कपिल पुत्र चंदू निवासी टोला रावत थाना मझगवां को 41 हजार रुपये उधार दिये थे। बताया कपिल ने ट्रैक्टर की किस्त जमा कराने के नाम पर रुपये मांगे थे। काफी समय बीत जाने के बाद जब वह कपिल के पास रुपये मांगने गई तो वह गाली गलौज कर रुपये देने से मना करने लगा। जब उसने विरोध किया तो कपिल ने ईंट मार उसका सिर फोड़ दिया। सिर पर गंभीर चोट होने पर वह जमीन में बेहोश होकर गिर पड़ी। बताया कि होश आने पर वह अपनी पुत्री के साथ सीएचसी इलाज कराने के लिये पहुंची। डा.भरत राजपूत ने बताया कि महिला के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे।

### डीएम ने भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई के दिये आदेश

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के कोतवाली परिसर में आज जिला स्तरीय थाना समाधान दिवस जिला अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार व लेखपालों को भू माफियाओं पर नजर रख उनके उनके खिलाफकड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगर के कोतवाली परिसर में आज जिला स्तरीय थाना दिवस की अध्यक्षता जिला अधिकारी ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने की। इस मौके पुलिश अधीक्षक नरेंद्रकुमार सिंह से गहरौली गांव के एक किसान ने खेत में बने चकरोड को जोत लेने से रास्ता अवरुद्ध होने की शिकायत करते हुए चकरोड से दबंग का कब्जा हटवाने की गुहार लगायी। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मामले की अविलंब जांच कर चकरोड से कब्जा हटाने के निर्देश दिये। इस मौके पर जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में मौजूद तहसीलदार रामानंद शुक्ला व लेखपालों को सख्त निर्देश दिए कि वह अपने क्षेत्र के भू माफियाओं द्वारा अधिग्रहित की गई सरकारी जमीन की जांच पड़ताल कर आरोपियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई करें। थाना दिवस में पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह, कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार शुक्ला व महिला सब इंस्पेक्टर कल्पना सिंह के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

### अनुपस्थित मंडी सचिव से डीएम ने किया जवाब-तलब

**हमीरपुर।** आज जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह ने मंडी समिति सुमेरपुर में धान खरीद केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। मंडी सचिव के गैर हाजिर होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुये जवाब तलब किया है। धान खरीद केंद्र में बोरे उपलब्ध न होने पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी को समय से केंद्र में बोरे उपलब्ध कराने के साथ ही कुरारा मंडी समिति में धान क्रय केंद्र खोलने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मौदहा में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जन सुनवाई के दौरान दो शिकायते प्राप्त हुए जिस के निस्तारण हेतु टीमों का गठन किया गया है।उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे किसी भी कीमत पर ना होने पाए।उन्होंने संबंधित लेखपालों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने क्षेत्रों में भू माफियाओं और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे करने वाले लोगो पर नजर रखे।वही जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने महिला हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर पुलिस विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### खुले में बिक रहे मांस की दुकानें कराईं बंद

**चित्रकूट।** मानिकपुर पंचायत में खुले में कट रहे मीट-मांस की दुकानों को बजरंग दल अध्यक्ष अव्यय गौतम ने बन्द कराया। मानिकपुर नगर पंचायत क्षेत्र में खुले में मीट-मांस की दुकानें चल रही हैं। खुले में मीट-मांस की दुकानें चलने से आम नागरिकों को दिक्कत हो रही थी। इसके चलते बजरंग दल अध्यक्ष अव्यय गौतम आदि पदाधिकारियों ने दुकानदारों को निर्धारित स्थान देते हुए कहा कि नगर क्षेत्र से सौ मीटर की दूरी पर दुकानें चलायें।

डीएम व कप्तान पहुंचे बछरावां थाने, सुनीं समस्याएं

# समय से समस्या नहीं हुई खत्म तो होगी कार्रवाई : जिलाधिकारी

संवाददाता। बछरावां रायबरेली



**आज समाधान** दिवस के मौके पर रायबरेली जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार बछरावां थाने पहुंच कर लोगों की समस्याएं सुनी और मुख्य रुप से मल्हीपुर बछरावां ,महेरी,व ज्ञान शंकर शर्मा हसनपुर के विवाद में टीम बनाकर भेजी गई व नन्कई निवासी पासी टूसी के लिए भी एक टीम बनाकर रवाना की गई व करनपुर के लिए भी एक टीम बनाकर रवाना की गई और किसी बात को लेकर जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव उप जिला अधिकारी महाराजगंज के ऊपर नाराज हो गए और कड़ी फटकार लगाते हुए सीधा लोगों की समस्याएं जल्द सुने समय से निस्तारित करें अन्यथा कार्रवाई की भी चेतावनी दी और सभी स्टाफ को जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा बताया गया कि आम जनमानस के बीच एक विश्वास पैदा करें जिससे आम नागरिक अपनी हर समस्या को अधिकारियों तक पहुंचाएं और अधिकारियों की जिम्मेदारी तय हो किस समय से लोगों की समस्या का निस्तारण करें इस मौके पर क्षेत्राधिकारी महराजगंज राघवेंद्र चतुर्वेदी बछरावां थाना अध्यक्ष राकेश सिंह व लेखपाल उपस्थित रहे हो कई नदारद भी दिखे।

## दीवार के नीचे दबने से पिता की मौत,पुत्री घायल

**लालगंज रायबरेली।** घर के बाहर काम कर रहे एक व्यक्ति की कच्ची दीवार ढ़हने से मौत हो गई वहीं उसकी पुत्री घायल हुई है।मामला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अम्बारा पश्चिम की है जहां का रहने वाला विजय पाल पुत्र बुद्धू रैदास शनिवार की दोपहर घर के बाहर काम कर रहा था। तभी कच्ची दीवार ढ़हने से वह मलबे में दब गया। वहीं पर उसकी 6 साल की बच्ची गुनगुन भी खेल रही थी वह भी मलबे में दबकर घायल हो गई। ग्रामीणों व परिजनो ने दोनो को मलबे से बाहर निकाला। दोनो घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने विजयपाल को मृत घोषित कर दिया।वहीं गुनगुन का इलाज किया गया। मृतक एक पुत्र विश्वास तथा दो पुत्रियों मानसी व गुनगुन का पिता था। उसकी मौत पर पत्नी माया देवी व अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## होने वाली पत्नी के प्रेमी ने युवक को उतारा था मौत के घाट

● हत्यारोपी गिरफ्तार आलाकत्ल बरामद



**सुलतानपुर।** कुड़वार थाना क्षेत्र के रंकेडीह गांव में हुई युवक की हत्या का कुड़वार पुलिस ने खुलासा कर दिया। हत्यारे को गिरफ्तार कर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल भी बरामद कर लिया है। युवक की हत्या उसकी होने वाली पत्नी के प्रेमी ने की थी। पुलिस कप्तान के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चल रहे धर पकड़ अभियान के तहत कुड़वार थानाध्यक्ष अरविंद पाण्डेय पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि आठ दिसम्बर को रंकेडीह गांव में दीपक की हत्या करने वाला युवक रवानिया पश्चिम सुलतानपुर-लखनऊ हाईवे रोड पर कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर हरकत में आई पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मुखबिर के इशारे पर धर दबोचा। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए युवक ने अपनी पहचान परमजीत पुत्र श्यामलाल निवासी हाजीपट्टी, थाना धम्मौर के रूप में बताया। पूछताछ में परजीत ने बताया कि मृतक दीपक कुमार की शादी लखई पाण्डेय का पुरवा हाजीपट्टी थाना धम्मौर की निवासी स्व. प्रेम सागर की लडकी से तय हुई थी। मेरा सम्बन्ध प्रेम सागर की लडकी से करीब दो साल से था। मैं नही चाहता कि उसकी शादी दीपक से हो। लडकी से मृतक दीपक का नम्बर लेकर उससे बात करता था। एक दिसम्बर को दीपक के परिवार वाले लडकी को देखने उसके घर गए थे। वहां से आने के बाद मै बहुत परेशान हो गया और दीपक को रास्ते से हटाने के लिए सोचने लगा। दीपक के न रहने पर लड़की की शादी टल जाएगी। दीपक को मारने के लिए पेचकस अपने घर लेकर आया और पीछे के रास्ते छत पर चढ़ा। छत से जीने के रास्ते नीचे उतरा, वहीं आंगन में कुल्हाडी रखी थी, कुल्हाडी उठाया। छत पर बने टीनशेड के नीचे दीपक सो रहा था। कुल्हाडी से दीपक के सिर पर तीन-चार वार किया और फिर पेचकस उसके सीने में घोप दिया। हत्या करके पीछे से कूदकर भाग गया और भागते हुए सुलतानपुर-लखनऊ हाइवे मार्ग पर लगे सरपत में कुल्हाडी और पेचकस फेंक दिया था। पुलिस ने हत्यारोपी की निशादेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और पेचकस बरामद कर लिया है।

## हादसे में कार के उड़े परखच्चे ससुर-दामाद की गई जान

● बेटी गंभीर रूप से घायल, रेफर

**सुलतानपुर।** कूरेभार थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज हाइवे पर सिद्दीगनेशपुर गांव के पास बीती रात हुए सडक हादसे से सबकी रूह कांप उठा। मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहे कार सवार लोगों को बेकाबू ट्रक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार के परखच्चे उड गए। ससुर-दामाद की कार में ही वीभत्स मौत हो गई। गंभीर रूप से जख्मी बेटी को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया हैं। शुक्रवार की देर रात लगभग 1.00 बजे कूरेभार थानाक्षेत्र के सिद्धिगनेशपुर गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक व कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर में कार पर सवार देव प्रकाश कसौधन उर्फ नन्हकू (40) पत्नी वंदना (38) निवासी मिश्रौली थाना गोसाईगंज व कार चालक उनके ससुर गंगाराम कसौधन (55), राकेश कसौधन (30) पुत्र गंगाराम कसौधन निवासी थाना पीपरपुर जनपद अमेठी गंभीर रूप से घायल हो गए। खून से तर-बतर सभी घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने देव प्रकाश कसौधन उर्फ नन्हकू सेठ व उनके ससुर गंगाराम को मृत घोषित कर दिया। जबकि देव प्रकाश की पत्नी बंदना की हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। वहीं घटना में घायल राकेश कसौधन का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि ये सभी लोग अपनी बैगनार कार से किसी शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे। तभी यह हादसा हुआ है। वहीं सड़क हादसे में मौत की खबर मिलने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कूरेभार थाना प्रभारी मनबोध तिवारी ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाई की जा रही है। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही देवप्रकाश की बेटी खुशी, प्रिया और बेटे शिवांशु का रो-रो कर बुरा हाल है।

## फर्जी निस्तारण करने वालों पर होगी निलंबन की कार्रवाई : डीएम

संवाददाता। श्रावस्ती



**शासन** के मंशा के अनुरूप यदि किसी भी अधिकारी द्वारा शिकायतों के निस्तारण में फर्जी रिपोर्टिंग की पुष्टि होती है तो निश्चित ही सम्बन्धित अधिकारियों कर्मचारियों से जवाब तलब के साथ ही निलम्बन की कार्यवायी होगी।

उक्त बाते थाना सोनवा में आयोजित समाधान दिवस थाना दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी टी0 के0 शिबु ने कही। उन्होने कहा कि लेखपाल व ग्राम पंचायत अधिकारी गांव के विकास की मुख्य धुरी हैं वे ही गांव में जिला प्रशासन का प्रतिनिधित्व करते हैं इसलिए उनका यह दायित्व बनता है कि गांव में हो रही गतिविधियों पर अपनी पैनी नजर रखें यदि कंही भी उन्हे किसी भी प्रकार की गतिविधियां मिलती है तो तत्काल वे उच्चाधिकारियों को अवगत करायें ताकि उनके विरूद्ध कार्यवायी की जा सके। जिलाधिकारी ने पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों को कहा कि समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण मौके पर जाकर करे। राजस्व निरीक्षक अपने.अपने क्षेत्रो में टीम बनाकर थाना दिवसो में प्राप्त शिकायतो का निस्तारण पुलिस का सहयोग लेकर करें और इसमें कोई लापरवाही न बरती जाये। उन्होने सभी लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि सरकारी जमीनों में किसी भी प्रकार का कब्जा न किया जाए यदि किसी भी क्षेत्र में इस प्रकार की शिकायत मिली तो सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल राजस्व निरीक्षक के विरूद्ध कार्यवायी सुनिश्चित की जायेगी। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्या ने थाना प्रभारियो को निर्देश दिये कि थाना दिवसो में प्राप्त शिकायतो का निस्तारण राजस्व कर्मचारियों के साथ मिलकर प्राथमिकता के आधार पर करें। फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करें तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिया।

## क्विक न्यूज

### न्यायालय के सुरक्षाकर्मियों में को दिया गया प्रशिक्षण

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देशानुसार पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक बी सी दूबे के नेतृत्व में न्यायालय सुरक्षा में लगे अधिकारी व कर्मचारीयो को न्यायालय सुरक्षा के दृष्टिगत प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रभारी आर आई रेडियो प्रभारी एल0आई0यू0 प्रभारी फायर सर्विस वीरेंद्र कुमार गौड़ द्वारा पुलिस कर्मियों को सुरक्षा के उपकरण भ्भ्डक् व्थ्डक् हैण्ड सेट आदि की हैंडलिंग के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। न्यायालय सुरक्षा प्रभारी कमलाकांत त्रिपाठी द्वारा उपस्थित सभी कर्मचारियों को बताया गया कि सभी लोग मास्क ग्लब्स का प्रयोग करते हुए सतर्क रहकर ड्यूटी करने तथा संदिग्ध वस्तुओं व्यक्तियों वाहनों आदि की निरंतर चेकिंग करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### पुलिस मुठभेड़ में दबोचा गया ईनामी अपराधी

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** लगातार हो रही फजीहत के बाद सक्रिय हुई जिले की पुलिस ने दूसरे दिन शनिवार को भी एक इनामिया बदमाश को दबोच लिया। दबोचे गए अपराधी के खिलाफ पड़ोसी जनपद रायबरेली व सुल्तानपुर में कई संगीन मुकदमें दर्ज हैं। सुलतानपुर में अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए दस हजार रूपये का इनाम भी घोषित था। बेखौफहो चुके अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कप्तान ने कडा रूख अपनाया है। साहब का तेवर देख मातहत अफसर भी कर्तव्यों के प्रति शुतुरमुर्गी नींद से जग गए हैं। शुक्रवार को कादीपुर ने अंतर्राज्यीय शातिर बदमाशों को गिरफ्तार पर जनता को सुरक्षा का विश्वास दिलाने की कोशिश की। वहीं शनिवार को बल्दीराय पुलिस ने 10 हजार के इनामिया बदमाश राजू निषाद उर्फ शिव बहादुर को गिरफ्तार करने में पाई सफलता पाई। थानाध्यक्ष हलियापुर मोहम्मद अरशद खान के नेतृत्व में निकली पुलिस टीम ने मुठभेड में निर्माणाधीन सिक्सलेन जरईकला के समीप से अपराधी को दबोच लिया। उसके पास से अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस व एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। गिरफ्तारी में दरोगा राजू यादव, हेड कांस्टेबल सहजानंद सिंह, अखिलेश सिंह यादव, गंगा प्रसाद, राम आशीष कुशवाहा व रामकुमार सरोज शामिल रहे।

### पटाखा विस्फोट से झुलसे चार बालक

**लालगंज,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगतपुर भिचकौरा में हुए पटाखों के विस्फोट की चपेट में आने से चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। एक बच्चे के हांथ के चीथड़े उड़े ।वहीं दूसरे बच्चे की आंख व मत्थे पर चोट आई है। शुक्रवार की रात झाबरहरदोपट्टी गांव निवासी शिवा के घर बारात आई थी। बारात की अगवानी के दौरान आतिशबाजी की गई। इसी आतिशबाजी के दौरान कुछ पटाखे दगने से रह गए थे। जिन्हें शनिवार की सुबह पड़े देख जगतपुर भिचकौरा गांव के बच्चे उठा लाए। जिस पर बुजुर्गां ने बच्चों को पटाखा लेकर शैतानी करने से मना किया लेकिन तब तक बच्चों ने वह पटाखे दगे समझकर अलाव में रख दिए। देखते ही देखते अलाव में गिरे पटाखो में तेज विस्फोट हो गया जिससे अलाव ताप रहे प्रियांशू (13)पुत्र रामराज, शिवा(11) पुत्र रामबोध, आर्यन (6)पुत्र रामबोध व शिवांक (6)पुत्र गया प्रसाद घायल हो गए। पटाखा दगने से शिवा के हांथ के पंजे के चीथड़े उड़ गए वहीं प्रियांशू की आंख में चोट आई है। चारों घायलों को उपचार के लिए लालगंज अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### सनकी पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट, पहुंचा थाने

**रायबरेली रायबरेली।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के सत्य नगर स्थित मधुबन मार्केट के एक मकान में जहाँ सनकी पति ने धारदार हथियार से काट काट कर पत्नी की हत्या कर खुद पत्नी की शिकायत को लेकर थाने पहुंच गया और कहा कि मेरी पत्नी मुझे नशे की गोलियां खिलाकर मारना चाहती है और सुबह से दरवाजा बंद कर रखी है खोल नहीं रही है जिसको लेकर पहुंची जहानाबाद चौकी की पुलिस द्वारा दरवाजा तोड़ा गया तो टुकड़ों में पत्नी की लाश देखकर पुलिस के होश उड़ गए आनन फानन घटना की सूचना पर भारी संख्या में सीओ सिटी समेत पुलिस ने पहुँचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया व जांच कर कार्यवाही कर रही है घटना का निरीक्षण करने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया स्थानीय लोगों की मानें तो मृतिका के पति ने अपनी पत्नी के प्रताड़ना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था फिलहाल सच क्या है पुलिस खंगालने में जुटी है वहीं इस घटना की सूचना पाते ही मृतिका का भाई घटनास्थल पर पहुंचा और वह मृतिका के नाना से मारपीट करने लगा जिसको लेकर पुलिस ने मृतका के भाई को भी पकड़ कर थाने भेज दिया।

## जल्द होगा शिवगढ़ ड्रेन के गहोंबर पुल का निर्माण

● ऊंचा और चौड़ा बनेगा शिवगढ़ ड्रेन का गहोंबर पुल

संवाददाता। शिवगढ़ (रायबरेली)



**शिवगढ़** ड्रेन का निरीक्षण करने पहुंची अनुसूचित जाति, जनजाति एवं विमुक्त जातियों की समिति की उपसभापति एवं खागा फतेहपुर विधायक कृष्णा पासवान ने क्षेत्रीय विधायक रामनरेश रावत व सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों के साथ शिवगढ़ क्षेत्र के गहोंबर मजरे बैंती गांव पहुंचकर शिवगढ़ ड्रेन के पुल को बनवाने का आश्वासन दिया। विदित हो कि शनिवार को अनुसूचित जाति, जनजाति एवं विमुक्त जातियों की समिति की उपसभापति कृष्णा पासवान, क्षेत्रीय भाजपा विधायक रामनरेश रावत व समिति के सभापति बम्बा लाल दिवाकर, बृजेश रावत के प्रतिनिधि सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता ए.के.सिंह,अधीक्षण अभियन्ता आर.के.जैन, अधिशासी अभियन्ता राकेश वर्मा,सहायक अभियंता राजेंद्र राठौर, आकाश राठौर के साथ शिवगढ़ पहुंच कर शिवगढ़ ड्रेन का निरीक्षण किया एवं प्रतिवर्ष बारिश में होने वाले जलभराव की समस्या का जायजा लिया। निरीक्षण में जलभराव की समस्या का मुख्य कारण ठीक तरह से शिवगढ़ ड्रेन की सफाई न होना एवं चितवनियां - रायपुर सम्पर्क मार्ग पर स्थित शिवगढ़ ड्रेन का गहोम्बर पुल नीचा और पुराने मॉडल होना पाया गया। किसानों ने बताया कि बारिश में जब ड्रेन उफनाती है तो जलकुम्भी पुल में फंस जाती है। जिससे जल निकास न होने के चलते क्षेत्र की हजारों हेक्टेयर फसल जल मग्न होकर चौपट हो जाती है। समिति की उपसभापति कृष्णा पासवान ने किसानों की पीड़ा समझी और बताया कि अनुसूचित जाति, जनजाति एवं विमुक्त जातियों के पूर्व सभापति एवं बछरावां विधायक रामनरेश रावत जी ने शिवगढ़ क्षेत्र में जलभराव की समस्या से अवगत कराते हुए शिवगढ़ ड्रेन की सफाई एवं पुल के निर्माण का प्रस्ताव समिति के समक्ष रखा था। शिवगढ़ ड्रेन का निरीक्षण करने आई समिति की उप सभापति कृष्णा पासवान व प्रतिनिधियों ने विधायक रामनरेश रावत के प्रस्ताव को अमलीजामा पहनाते हुए जल्द से जल्द शिवगढ़ ड्रेन के गहोंबर पुल को बनवाने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया। कृष्णा पासवान ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा कि स्टीमेट बनाकर भेजिए, बजट हम पास कराएंगे पुल के निर्माण में बजट आड़े नही आएगा। शिवगढ़ ड्रेन के गहोंबर पुल के निर्माण ड्रेन की सफाई कराए जाने की बात सुनकर किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के किसानों ने विधायक रामनरेश रावत के प्रति आभार प्रकट किया है।

## महिला कांस्टेबल की दबंगई क्षेत्र में चर्चा का विषय

**जगतपुर रायबरेली।** जनपद मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर लखनऊ प्रयाग राज मार्ग पर थाना जगतपुर है। जहां की एक ट्रेनी महिला द्वारा वाहन चेकिंग के नाम पर व्यापारियों तथा राहगीरों का उत्पीड़न करना आम बात बन गई है। महिला कांस्टेबल की दबंगई क्षेत्र में चर्चा का विषय है। वाहन चेकिंग के नाम पर आए दिन शाम 6.00 बजे से रात 9.00 बजे तक कस्बा जगतपुर के अलग-अलग क्षेत्रों में दोपहिया से लेकर चार पहिया तक के वाहनों की जांच इसी महिला कांस्टेबल के द्वारा की जाती है। वाहन को रोकते ही उससे अनगिनत सवाल पूछे जाते हैं। जैसे वह मोटरसाइकिल सवार पाकिस्तान का बॉर्डर पार करके आ रहा हो। कहां से आ रहे हो, कहां जाना है, जेब में क्या रखे हो, डिग्गी में क्या है, पीछे बैठी औरत कौन है आदि। इसके बाद मन माफिक्र कार्य ना होने पर चालान किया जाता है। हद तो तब हो गई जब जगतपुर चौराहे के पास एक परिवार सहित इलाहाबाद जा रहे थे। पार्किंग में गाड़ी खड़ी करके कुछ खरीदारी करना चाहते थे। महिला ने दबंगई के चलते उनकी गाड़ी का चालान कर दिया। लाख कहने के बाद भी महिला नहीं मानी। करीब 1 माह पूर्व एक महिला शिक्षिका के साथ इसी कांस्टेबल द्वारा अभद्रता की गई थी उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके चलते पुलिस की छवि धूमिल हुई थी। 15 दिन पूर्व पिछवारा चौराहे पर बाइक से जा रहे भाई बहन के साथ मारपीट भी की गई थी। जबकि उसके पास वाहन से संबंधित सारे कागजात मौजूद थे। काफी विवाद के बाद उन दोनों को थाने लाया गया था। काफी उठापटक के बाद दोनों को छोड़ा गया था। 2 दिन पूर्व एक दूल्हे की गाड़ी के चालान के नाम पर अवैध वसूली की गई। इस तरीके के महिला कांस्टेबल केअनेकों कारनामे क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए है।

## पूर्व मंत्री ने कृषि बिल के विरोध में दिया ज्ञापन

संवाददाता। गोंडा


ज्ञापन सौंपते पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह पायनियर

**केंद्र** सरकार द्वारा पारित कृषि बिल के विरोध में रैली की तैयारी कर रहे पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह को पुलिस ने उनके आवास पर ही रोक लिया। उनके आवास भंभुआ में भारी संख्या पुलिस बल तैनात कर उनको आवास से बाहर निकलने से रोंका गया। उसके बाद सैकड़ों की संख्या में सपा कार्यकर्ता भंभुआ पहुंच गए और सरकार विरोधी नारेबाजी करने लगे। पूर्व मंत्री ने मौके की नजाकत को भांपते हुए अपने आवास परिसर में ही कार्यकर्ताओं को बैठाकर विरोध दर्ज कराते हुए राज्यपाल को सम्बोधित सात सूत्री ज्ञापन एसडीएम ज्ञानचन्द्र गुप्ता को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में केंद्र सरकार द्वारा पारित तीनों कृषि विधायकों को तत्काल वापस लेने, पेराई सत्र 2020-21 में गन्ने का मूल्य सरकार द्वारा 450 प्रति कुंतल करने, बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान कराने, धान एवं मक्का की सरकारी खरीद सुचारू रूप से कराने, बिजली आपूर्ति नियमित कराने, छुट्टा जानवरों द्वारा किसानों की फसलों का नुकसान बचाने की व्यवस्था, क्षेत्र में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग रखी गई है। ज्ञापन देने वालों में पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, जगपाल सिंह, शिव कैलाश पांडेय, फहीम अहमद पप्पू, चंद्रेश प्रताप सिंह, कामेश प्रताप सिंह, गिरजा शंकर सिंह, गणेश पांडेय, कपिल मिश्रा, दीपक कुमार पाठक, भूपेंद्र सिंह, हेमंत सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। उधर विधानसभा कटरा बाजार में तहसीलदार करनैलगंज को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें विधान सभा अध्यक्ष वकार खान, तस्लीम खान प्रदेश सचिव, राम अवध गोस्वामी, हरि श्याम, मसूद खान, इमरान खान, फारुख खान, हफीज खान, हसनैन खान, उबैद खान, सन्नान खान, लेखराज यादव, राकेश यादव, राजू बाबा, मोबीन खान आदि शामिल रहे।

## 13 वर्षीय बालक लापता, दी तहरीर

**करनैलगंज (गोंडा)।** नगर के मोहल्ला मौर्य नगर बमपुलुस से एक 13 वर्षीय बालक लापता हो गया। परिजनों ने काफी तलाश के बाद कोतवाली में तहरीर दिया है। करनैलगंज नगर पालिका परिषद क्षेत्र के मोहल्ला मौर्य नगर बमपुलुस पुलिस निवासी रामभवन मौर्य ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि उसका 13 वर्षीय पुत्र शुभ शुक्रवार की दोपहर तक घर पर मौजूद था। उसके बाद उसका पता नहीं चल रहा है। बच्चे की तलाश परिजनों ने रिश्तेदारी एवं अन्य तमाम जगहों पर की मगर उसका कोई पता नहीं चला। शनिवार को पीड़ित परिजनों ने बच्चे के लापता होने की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। जिसमें शुक्रवार दिन में 2 बजे से 13 वर्षीय बच्चे के घर से लापता होने की सूचना दी गई है। उधर कोतवाल मनीष जाट बताते हैं कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर बच्चे की तलाश व मामले की जांच कराई जा रही है। बच्चे का पता लगाने के लिए पुलिस की टीमें क्षेत्र में रवाना कर दी गई हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाये गये 5867 वाद

संवाददाता। सुलतानपुर



राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ करते जिला जज संतोष राय पायनियर

**सर्वोच्च** न्यायालय के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश संतोष राय की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरूआत की। इसके बाद समस्त पीठासीन अधिकारियों द्वारा अपने-अपने न्यायालय में नियत किये गये वादों को निस्तारित किया गया। आयोजित की गयी इस राष्ट्रीय लोक अदालत में राकेश कुमार त्रिपाठी चेयरमैन मोटर एक्सीडेन्ट क्लेम पेटीशन द्वारा 15 वाद मोटर दुर्घटना क्लेम पेटीशन सम्बन्धी निस्तारित किया गया तथा उक्त निस्तारित वादों को पीड़ित परिवार के व्यक्तियों को मु0 57,61,000 रूपये (रूपये सत्तावन लाख इकसठ हजार) भुगतान कराया गया। इसके अतिरिक्त परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश उत्षर्क चतुर्वेदी एवं अपर प्रधान न्यायाधीशगण उदयभान सिंह, प्रीति श्रीवास्तव, पुष्पा सिंह, प्रतिभा नारायन द्वारा कुल 23 वैवाहिक वादों के जरिये सुलह-समझौता निस्तारित किया गया। लोक अदालत में अपर जनपद न्यायाधीशगण राकेश कुमार यादव, मनोज कुमार सिंह, अमित कुमार प्रजापति, अनुराग कुरील, आशारानी सिंह, राहुल प्रकाश तथा प्रदीप कुमार जयन्त, पूनम सिंह द्वारा कुल 1230 प्रीलिटिगेशन के वादों को निस्तारित कराया गया, जिसमें 25 वाद वैवाहिक तथा 1205 वाद बैंकों के ऋण सम्बन्धी सम्मिलित है, जिसमें मु0 रूपये 5,92,47,185 (रूपये पॉच करोड़ बान्नवे लाख सैतालिस हजार एक सौ पचासी) का समझौता किया गया। इसके अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरीश कुमार, सिविल जज प्रवर खण्ड संदीप कुमार एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शशिकुमार तथा न्यायिक मजिस्ट्रे आशालिका पाण्डेय, सिविल जज अवर खण्ड दक्षिणी नीलम सरोज, सिविल जज अवर खण्ड उत्तरी दीपॉकर यादव तथा स्वतंत्र सिंह रावत, सिविल जज अवर खण्ड मुसाफिरखाना सिद्धार्थ वर्मा, देवर्षि देव कुमार तथा श्रद्धालाल न्यायिक मजिस्ट्रेटगण तथा अरूण कुमार श्रीवास्तव स्पेशल न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा कुल 772 वाद निस्तारित हुए, फौजदारी वादों में रू0 1,81,260 रूपये अर्थदण्ड के रूप में वसूल किया गया, उत्तराधिकार सम्बन्धी वादों में मु0 1,78,75,905 रूपये का उत्ताधिकार प्रमाण-पत्र सिविल जज प्रवर खण्ड-15 द्वारा जारी किया गया। उपरोक्त के अतिरिक्त जिलाधिकारी सुलतानपुर के अधीन कार्यरत पीठासीन अधिकारियों द्वारा 3,271 वाद तथा जिलाधिकारी अमेठी के कार्यरत पीठासीन अधिकारियों द्वारा कुल 556 वाद निर्णीत कराया गया।

# जज्बे ने 'ओठघनपुर कला' के प्रधान को शिखर पर पहुंचाया





● मात्र दस लाख खर्च करके बना दिया नंबर वन गांव ● सामुदायिक और स्कूल का शौचालय बना जिले का माडल 'टायलेट' ● पंचायत भवन के निर्माण में प्रधान ने जेब से लगा दिए सात लाख ● सभी घरों में बिजली, शौचालय और गैस कनेक्शन उपलब्ध ● पायनियर' की टीम ने शनिवार को गांव का सच जानने को की पूरी पड़ताल

संवाददाता। बस्ती

**अगर** काम करने का जज्बा और कुछ करने की लगन हो तो शिखर पर पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता। इस सच को सदर विकास खंड के ग्राम पंचायत ओठघनपुर कला के प्रधान एवं खो-खो के नेषनल खिलाड़ी राम तौल यादव ने कर दिखाया। इन्होंने अपनी मेहनत, गांव वालों और सरकारी तंत्र के सहयोग से दिखा दिया कि किसी गांव को शिखर पर पहुंचाने के लिए करोड़ों खर्च करने की आवष्यकता नहीं हैं, कुछ लाख खर्च करके भी गांव को विकास के मामले में अव्वल बनाया जा सकता है। बषर्ते ईमानदारी हो। इस ग्राम पंचायत में मात्र दस लाख खर्च हुआ, 3.15 लाख मनरेगा और सात लाख वित्तीय आयोग से, फिर भी इस गांव की चर्चा आज पूरे प्रदेश में हो रही है। पंचायत भवन के निर्माण में प्रधान सात लाख रुपया निजी खर्च कर चुके है। वहीं जिन ग्राम पंचायतों ने एक साल में दो से तीन करोड़ खर्च किया, वह विकास के मामले काफी पीछे है। इस ग्राम का चयन 'मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार' के लिए चयन हुआ है। साढ़े तीन सौ बीघा क्षेत्रफल वाले ग्राम 'ओठघनपुर कला' शायद पहला ऐसा गांव है, जहां पर प्रधान के कार्यो का कोई विरोध करने वाला नहीं। गांव वालों ने प्रधान के कामों के प्रति ईमानदारी को लेकर बढ़चढ़कर बखान किया। हांलाकि इस गांव में पानी की निकासी की बड़ी समस्या हैं, नाली है मगर डेन की समस्या है, क्यों कि इस ग्राम में न तो कोई तालाब है, और न कोई गड़ही है। इसके लिए बड़ी संख्या में सोक्ता पिट का निर्माण कराया गया। आदर्ष प्राइमरी विद्यालय में निर्मित्त आधुनिक शौचालय को बस्ती महोत्सव में माडल के रुप में प्रदर्षनी लगाई गई थी। शत प्रतिशत सक्रिय शौचालय, सभी घरों में बिजली और सभी के पास उज्जवला योजना में घरेलू गैस कनेक्षन उपलब्ध है। इस ग्राम को माडन बनाने में जिलापंचायत सदस्य प्रदीप गौतम का भी विशेष योगदान रहा। जिला पंचायत के बजट से एनएच से 200 मी. पिच रोड और 180 मी. इंटरलाकिंग कराया गया। ग्राम पंचायत के बोर्ड पर आवास के सभी पात्र लाभार्थियों कानाम अंकित हैं, ऐसी पारदर्षिता बहुत कम ग्राम पंचायतों में देखने को मिली।

## सांसद और रुधौली के विधायक ने दिया 13 जोड़ों को आर्शीवाद

**बस्ती।** सांसद हरीश द्विवेदी और रुधौली के विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने शनिवार को भानपुर तहसील परिसर में 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह' योजना के तहत 13 जोड़ों को आर्षीवाद दिया। षादी का प्रमाण-पत्र भी इन दोनों 'माननीय' के द्वारा वितरित किया गया। इसमें एक मुस्लिम समुदाय के जोड़े का निकाह हुआ। सांसद ने कहा कि सरकार की पारदर्शी नीतियों के चलते समाज के प्रत्येक वर्ग को हर योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिल रहा है। वहीं विधायक ने कहा कि यह योजना उन गरीबों के लिये वरदान है, जिन्हें अपने बच्चों के विवाह का खर्च वहन करने में ब्याज पर पैसे लेने पड़ते थे।

इस योजना में 51 हजार रुपये की धनराशि से वधू के खाते में 35 हजार रुपये की धनराशि जमा की गई। 10 हजार रुपये में बर्तन सूट केस, पायल, बिछिया कूकर सहित 51 छोटे बड़े बर्तन को वर वधु को दिए गए। यह जानकारी विधायक के मीडिया प्रभारी अमर सोनी ने दी।

## डीएम-एसपी ने रेलवे स्टेशन का लिया जायजा

● खलीलाबाद कोतवाली में सुना जनसमस्या, किया निस्तारण

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ माह के द्वितीय शनिवार को खलीलाबाद कोतवाली में पहुॅचकर आयोजित थाना समाधान दिवस में जनसमस्याओं को सुनते हुए पारदर्शिता के साथ निस्तारण किये जाने का निर्देश दिया। ठण्ड मौसम के कारण फरियादियों की संख्या कम रही लेकिन अधिकारी एवं राजस्व कर्मी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ ने संयुक्त रूप से अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिया कि थाना समाधान दिवस के मामलो का निस्तारण स्थलीय सत्यापन करते हुए पारदर्शिता के साथ किया गया। राजस्व एवं पुलिस कर्मी मौका मुआयना पर स्वत: निर्णय लेने का प्रयास न करें अधीनस्थ उच्चाधिकारियों को यथास्थिति से अवगत करावे। निस्तारण की रिपोर्ट उन्हे प्रेषित किया जाय। पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ ने पीआरओ सेल के माध्यम से बताया कि जनपद में 50 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए और 69 मामले पूर्व के लम्बित थे कुल 119 मामले हुए जिनमें 58 मामलो का निस्तारण किया गया। शेष मामलो के निस्तारण के लिए पुलिस एवं राजस्व के अधिकारियों को निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने महिला हेल्प डेस्क को भी देखा। तदोपरान्त दोनो अधिकारियों ने शासन के आदेश के क्रम में जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रहे इसके मद्देनजर सर्वाजनिक स्थलो का भ्रमण कर जायजा लेते रहे वर्तमान समय में नया किसान कानून को लेकर विपक्षी नेताओं द्वारा आन्दोलन जारी है। जिसको देखते हुए डीएम-एसपी ने खलीलाबाद रेलवे स्टेशन का जायजा लेते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिया।



रेलवे स्टेशन पर जायजा लेते अधिकारी पायनियर

## राष्ट्रीय लोक अदालत से वादकारियों को मिला लाभ

● 4206 वाद हुए निस्तारित

संवाददाता। संतकबीरनगर

**राष्ट्रीय** लोक अदालत में 4206 मामले हुए निस्तारित 9148476 रूपये का मोटर दुर्घटना प्रतिकर के रूप में धनराशि अधिनिर्णित की गयी। विभिन्न तहसील न्यायालयों द्वारा आयोजित लोक अदालत में 887 मामलों का निस्तारण किया गया। जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महफूज अली की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालया परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर जनपद न्यायाधीश ने इसका शुभारम्भ किया। लोक अदालत में कुल 5815 लगाये गये थे। जिनमें से 4208 मामलों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सत्य प्रकाश आर्य ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत दीवानी न्यायालय के अलावा जनपद के तीनों तहसीलों खलीलाबाद, मेंहदावल और धनघटा में भी आयोजित हुई। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न बैंको द्वारा शिविर लगाए गए, जिनमें 286 मामलों का निपटारा करते हुए 20693530 रूपये का समाधान हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिरण के सचिव सत्य प्रकाश आर्य ने बताया कि दीवानी न्यायालय में 1606 में 787 मामलों का निस्तारण हुआ। न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश के की कोर्ट में 20 में से 1 मामलें का निस्तारण हुआ। परिवार न्यायालय की कोर्ट में 31 मुकदमों में 7 का निस्तारण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्टेट्र की अदालत में 822 मुकदमों में से 451 मामलों का निस्तारण करते हुए 197640 अर्थदण्ड वसूला गया। सिविल जज सीनियर डिविजन/ए0सी0जे0एम0 कोर्ट में 22 मामलों का निस्तारण करते हुए 1000 रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। अतिक्ति सिविल जज सीनियर डिविजन की कोर्ट में 176 मुकदमों में से 176 मुकदमों का निस्तारण करते हुए 34820 रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। सिविल जज सिनियर डिविजन एफ0टी0सी0 के न्यायालय में 110 मुकदमों में से 76 मामलों का निस्तारण करते हुए 4200 का अर्थ दण्ड वसूला गया। सिविल जज जूनियर डिविजन/न्यायिक मजिस्टेट्र के कोर्ट में 61 मामलों का निस्तारण करते हुए 5620 रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, बैंक के कर्मचारियों समेत तमाम वादकारीगण उपस्थित रहे।



लोक अदालत का उद्घाटन करते जिला जज पायनियर

# क्वालिटी के नाम पर हुई जमकर उगाही

●रामनगर, साउंघाट कुदरहा और बनकटी ब्लॉक से वसूले गए आठ लाख

●स्टेट क्वालिटी कंट्रोलर की जांच से बचने के लिए की गई धन की उगाही

संवाददाता। बस्ती

**मनरेगा** के धन से कराए गए अरबों रुपये के कामों की गुणवत्ता की जांच करने आए स्टेट क्वालिटी कंटोलर को खुष करने और जांच की कार्रवाई से बचने के लिए उनके नाम पर चार ब्लॉकों से जमकर वसूली की गई। सबसे अधिक वसूली उन ग्राम पंचायतों से की गई, जिन्होंने मनरेगा का धन सबसे अधिक खर्च किया। प्रमाणित सूत्रों का दावा है कि प्रत्येक ब्लॉकों से दो-दो लाख वसूले गए। इस तरह आठ लाख की वसूली हुई, इसमें कितना धन दिया गया, या फिर लिया गया, इसकी जानकारी नहीं हो पाई, मगर लाखों का लेनदेन अवश्य रेलवे स्टेशन रोड स्थित एक होटल में विदाई के समय हुआ। इसकी भनक लगते ही भाजपा के कई नेताओं ने मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी एवं ग्राम्य विकास मंत्री को पत्र लिखकर स्थित से अवगत करा दिया। इससे पहले हाल ही आडिट टीम से बचने के लिए बनकटी ब्लॉक के ग्राम पंचायत बाघापार जहां पर पिछले 19 माह में मनरेगा का लगभग दो करोड़ खर्च हुआ, को निषाना बनाया गया था। आडिट टीम और स्टेट क्वालिटी कंट्रोलर दोनों की जांच को अतिगोपनीय रखने का प्रयास किया गया। रातोरात ग्राम पंचायत बाघापार को चमकाया गया। वालपेंटिगं और पीआईबी बोर्ड लगाए गए। इसका खुलासा 'पायनियर' टीम के पड़ताल में हुआ। मनरेगा में धन खर्च करने के मामले में जिले के कई क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत प्रदेश और केंद्र के निषाने पर है। वित्तीयवर्ष 20-21 में अब तक मनरेगा से दो अरब 56 करोड़ से अधिक खर्च हो चुका है। यानि वित्तीय वर्ष के मात्र नौ माह में मनरेगा इतना धन खर्च हो गया, धन खर्च करने के मामले में बनकटी ब्लॉक अव्वल है। यहां पर अभी तक 30 करोड़ से अधिक खर्च हो चुका है, यही वह ब्लॉक है, जहां के बेलसुई, आघापार और कडसरी में मात्र 19 माह में दस करोड़ से अधिक खर्च चुकी है। कुदरहा में 26 करोड़, रामनगर में 17 करोड़ और साउंघाट में 11करोड़ से अधिक खर्च हो चुका है। इन्हीं चारों ब्लॉकों में कराए गए कामों की गुणवत्ता की जांच के लिए ग्राम्य विकास विभाग की ओर से रिटायरचीफ इंजीनियर विकास आर्य को स्टेट क्वालिटी कंटोलर के रुप में भेजा। हालांकि इनका जिले में आने का कार्यक्रम एक सप्ताह पहले का था। जांच के बारे में इन्होंने बताया कि जिले में सबसे बड़ी समस्या अभिलेखों काउपलब्ध न होना रहा है, कहा कि बिना अभिलेख के कौन सी तकनीकी जांच होगी। बताया कि वह सबसे कम और सबसे अधिक धन खर्च करने वाली ग्राम पंचायतों की जांच करने आएं है। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्रनाथ तिवारी, सदर विधायक के मीडिया प्रभारी, भाजपा के किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष चंद्रेश प्रताप सिंह और प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना के प्रदेष मंत्री महंथ गिरजेश दास ने कहा कि यही कारण है कि भ्रष्टाचार कम होने के बजाए बढ़ता ही जा रहा है। यही वे भ्रष्ट लोग हैं, जिनके चलते सरकार की बदनामी हो रही हैं, ऐसे लोगों पर कार्रवाई होना आवष्यक है। इसकी मांग सीएम और प्रभारी मंत्री को पत्र लिखकर की गई है।

### जांच टीम को 'मैनेज' करने की है पुरानी परम्परा

**जिले में** ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेष में जांच टीम को मैनेज करने की पुरानी परॅम्परा रही है। टीम के आने की सूचना मिलते ही सबसे पहले धन की वसूली करनी षुरु हो जाती। चूंकि हर कोई कहीं न कहीं गलत रहता है, इस लिए कार्रवाई के डर से अपना हिस्सा चुपचाप दे देते है। कईबार तो यह भी देखने और सुनने में आया कि जांच के नाम पर वसूली तो कुछ की गई, मगर खर्च वसूली से कम किया गया। यानि बईमानी में भी बेईमानी।

## शादी योजना अंतर्गत आज 40 जोड़े वर वधू की सम्पन्न हुई शादी

**मीरजापुर।** सरकार की लोकप्रिय सामूहिक शादी योजना अंतर्गत आज चुनार में आयोजित सामूहिक शादी समारोह में 40 लोगों ने एक दूसरे के साथ जीवन व्यतीत करने की कसमें खाई।

प्रदेश के उर्जा राज्यमंत्री रमाशंकर सिंह पटेल, माननीय विधायक चुनार अनुराग सिंह, माननीय विधायक मजमा श्रीमती सुचिस्मिता मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी, अविनाश सिंह एवं प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीश चंद्र दुबे के अन्य गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया गया।

## इलेक्ट्रिक उपकरण के इस्तेमाल में रखें विशेष सावधानी: देवाशीष

संवाददाता। सोनभद्र

**सुरक्षित** कार्यस्थल एवं सुरक्षित कार्यप्रणाली को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा प्रत्येक माह एनटीपीसी सुरक्षा मांह अभियान चलाया जाता है इसी क्रम में नवंबर माह में सुरक्षा अभियान चलाया गया जिसमें जन जागरूकता के लिए कर्मचारियों के अलावा महिलाओं बच्चों एवं संविदा एजेंसियों के लिए भी कई प्रकार के प्रतियोगिताएं आयोजित की गई इन प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं को आज मुख्य महाप्रबंधक द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि देवाशीष चट्टोपाध्याय मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि हमारा लक्ष्य 0 दुर्घटना का लक्ष्य और इसके लिए सभी लोगों का सहयोग अपेक्षित है विशेषकर महिलाओं और बच्चे अगर जागरूक होंगे और अपने पैरंट्स से सुरक्षा के बारे में बात करेंगे तो इसका एक प्रभाव बढ़ेगा इसी प्रकार प्लांट की सुरक्षा के साथ साथ घरेलू सुरक्षा पर भी उन्होंने ध्यान दिया और महिलाओं से अपील किया कि घर में जो भी इलेक्ट्रिक के उपकरण हैं उनके इस्तेमाल में विशेष सावधानी रखें। बतौर विशिष्ट अतिथि एस मैथ्यु महाप्रबंधक अनुरक्षण ने कहा कि पुरस्कार विजेता हमारे लिए एक रोल मॉडल का काम कर सकते हैं और यह सभी यहां से जाने के बाद कम से कम पांच पांच 10 लोगों को सुरक्षा के महत्व सुरक्षित कार्यप्रणाली के बारे में बताएं तो इसके प्रसार बहुत तेजी से होगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक एस चट्टोपाध्याय बीएन झा एवं अपर महाप्रबंधक जेपी सिंह साहब विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## तीन वर्ष पूर्ण होने पर बोले पालिका अध्यक्ष

# विकास के तीन साल बेमिसाल

संवाददाता। मिर्जापुर

**नगर** पालिका अध्यक्ष के रूप में घंटाघर के ऐतिहासिक मैदान पर अपना कार्यभार ग्रहण किया था द्य पालिका अध्यक्ष के रूप में नगर की सेवा करते हुये आज उस शपथ ग्रहण को पूरे तीन साल हो गये द्य नगर की सम्मानित जनता को दिल की गहराइयो से अनन्त धन्यवाद देता हूं जिन्होंने मुझे इस पद के लिए चुना द्य आपको विश्वास दिलाता हूं जिस प्रकार इन तीन सालों में नगर को विकास पथ पर आगे ले गया हूं चाहें वो नगर के चौराहों और गलियो में लगभग 8000 एलईडी लाइट लगाने का कार्य होएनगर के मार्गो और गलियों में सीवर लाइन बिछाने का कार्य होएनगर की साफसफाई को दुरुस्त करने के साथ.साथ डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन होए नगर में लगभग 600 से अधिक निर्माण कार्य कराये गये जिसमे मार्गो व गलियों का निर्माणए सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालयों का निर्माणएपुराने पार्को का नवीनीकरण व नये पार्को का निर्माण व अन्यएपेयजल की समस्याएं को देखते हुए नगर में बोरिंग और हैंडपंप लगाने का कार्य हो ए38 वार्डो के साथ.साथ सार्वजनिक स्थलो पर वाटर कूलर लगाने का कार्य होए इसके साथ ही वर्तमान समय मे अमृत पेयजल योजना के तहत लगभग 100 साल से लगे हुये पुरानी जर्जर पाइपों को बदलने का कार्य हो साथ.साथ जाहन्वी होटल के पास जलसंचयन कर नगरवासियों को आपूर्ति करने का कार्य भी किया जा रहा है द्य इसके साथ ही कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान केंद्र सरकार द्वारा घोषित लॉकडाउन में जरूरतमंदो को खाने के पैकेट एवं खाद्य सामग्री का वितरण के साथ अपने स्तर पर हेल्पलाइन नंबर जारी कर ज़रूरतमंदो को दवा और और सीनियर सिटीजन के लिये दवाए राशनएसब्जियां लाने हेतु विशेष व्यवस्था की गयीं एसाथ ही साथ उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा उन दैनिक आय पर जीवन यापन करने वाले लगभग 6968 लोगो नगर पालिका परिषद मिर्ज़ापुर के द्वारा उनका चयन कर खाते में 1000 रुपये निर्गत किया गया।



## पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना चील्ह का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना चील्ह का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। थाना कार्यालय के विभिन्न अभिलेखोंए रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तत्पश्चात् कम्प्यूटर कक्षए मालखानाए शस्त्रागारए बैरकए बन्दीगृहए भोजनालय आदि का भी निरीक्षण किया गया।

## सपाइयों ने किसान यात्रा निकाल कृषि बिल कानून का किया विरोध

**संतकबीरनगर।** समाजवादी पार्टी के युवा नेता शैलेन्द्र यादव व उनके साथियो को खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने पदयात्रा में शामिल होने से पहले उनके घर पर रोक दिया तथा पुलिस ने घर से बाहर नही जाने दिया। समाजवादी पार्टी के युवा नेता शैलेन्द्र यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी संघर्ष की पार्टी है पुलिस के रोक टोक से उनका आन्दोलन कम नही होगा। समाजवादी पार्टी की किसान पद यात्रा विधानसभा खलीलाबाद में शनिवार को समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष कौशल चौधरी के नेतृत्व में निकाला गया। किसान पदयात्रा रौरापार से शुरु होकर परसपुर दूल्हीपार, घटरम्हा, गोरयाभार, भिउरा, कटाई होते हुए मझगांवा में समाप्त किया गया। जिलाध्यक्ष गौहर अली खान, पूर्व जिलाध्यक्ष लोरिक यादव, वरिष्ठ नेता रामदरस यादव, कोमल यादव, पूर्व प्रत्याशी जावेद अहमद, आलोक यादव सोनू, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह सिसोदिया, मोहम्मद अहमद, जिला सचिव शेषनाथ यादव, अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग रामसुरेश चौरसिया, अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड अजीम खान, हनुमान कन्नौजिया, राहुल यादव बादल आदि नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधानसभा धनघटा में पूर्व विधायक अलगू प्रसाद चौहान के नेतृत्व में किसान पद यात्रा नाथनगर चौराहे से होते हुए महुली चौराहे तक निकाला गया। इसमें मुख्य रूप से जिला महासचिव राजमन यादव, जिला सचिव रामनिवास यादव, फारुख अहमद, वि. अध्यक्ष जयराम यादव, अध्यक्ष युवजन सभा रामा यादव, अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा असद मेहताब, अनिल यादव, राजीव यादव, जबीउल्लाह, कमलेश मास्टर, शैलेन्द्र यादव, जवाहिर आदि नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# टेंडर से पहले कर दिया 74 लाख का काम

**बस्ती।** विकास खंड सल्टौआ के ग्राम पंचायत भितरी पचानू और बनरही जंगल में बिना टेंडर निकाले लगभग 74 लाख रुपये का दो पंचायत भवन और दो सामुदायिक षौचालय का निर्माण कर लिया, जब कार्रवाई होने की भनक लगी तो आनन-फानन में सामग्री की आपूर्ति का टेंडर निकाल दिया। हालांकि इस तरह की वित्तीय अनियमितता 90 फीसदी ग्राम पंचायतों में की गई, मगर इसे देखना वाला कोई नहीं है। इसके लिए पूरी डीपीआरओ को जिम्मेदार माना जा रहा है, हालांकि क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतों को भी उतना जिम्मेदार बताया जा रहा हैं, जितना डीपीआरओ का हैं। इसकी शिकायत प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना के प्रदेश मंत्री महंथ गिरजेश दास ने डीएम और सीडीओ से करते हुए दोषी कर्मचारियों के विरुद्व कार्रवाई करने की मांग की है।

रिकार्ड के मुताबिक ग्राम पंचायत भितरी पचानू में 31.66 लाख की लागत पंचायत भवन और 6.92 लाख सहित कुल 38.58 लाख रुपये का निर्माण होना था, इसी तरह ग्राम पंचायत बनरही जंगल में 31.66 लाख से पंचायत भवन एवं 3.14 लाख से सामुदायिक षौचालय सहित कुल 34.80 लाख की लागत से निर्माण होना था। नियमानुसार काम षुरु करने से पहले टेंडर निकालने की प्रक्रिया है। अब जरा देखिए टेंडर का खेल, दोनों ग्राम पंचायतों की ओर से छह दिसंबर 20 को टेंडर निकाला गया, टेंडर खुलने की तिथि 11 दिसंबर बताया गया। मगर वास्तविकता यह है कि दोनों ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन और सामुदायिक षौचालय का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

**सीडीओ के आदेश को ग्राम पंचायतें ठेंगा दिखा रहीं!:** ग्राम पंचायतें सीडीओ के आदेश का माखौल उड़ा रही है। स्पष्ट आदेश होने के बावजूद ग्राम पंचायतें मनमाने तरीके से पंचायत भवन और सामुदायिक षौचालय निर्माण के मामले में टेंडर निकाल रही है, जब मर्जी चाहा टेंडर निकाला, और जब नहीं चाहा तो बिना टेंडर कराए ही लाखों का काम करा लिया। एक तरह से ग्राम पंचायतें विकास के मुखिया के आदेष को ठेंगा दिखा रही है। टेंडर के इस खेल में डीपीआरओ, बीडीओ, एडीओ पंचायत और सेक्रेटरी पूरी तरह प्रधानों का साथ दे रही है। अगर उक्त जिम्मेदारों के रहते सीडीओ के आदेश कापालन नहीं होता है, यह माना जाता है, भ्रष्टाचार आदेष पर भारी पड़ रहा है। इसके लिए पूरी तरह कमीषनबाजी को सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है।

**डीपीआरओ से दुखी और परेशान हैं कई एडीओ पंचायत, सेक्रेटरी और प्रधान:** सफाई कर्मियों से धन उगाही सहित अन्य मामले में घिरे डीपीआरओ के अनियमित कार्यो से एडीओ पंचायत, सेक्रेटरी और प्रधान भी दुखी और परेषान है। जब से स्थानीय सांसद की ओर से डीपीआरओ को पंचायत भवन और सामुदायिक षौचालयों की नियमित जांच करने को कहा, तब से डीपीआरओ की लाटरी निकल आई है। चूंकि निर्माण की गुणवत्ता लगभग 90 फीसदी भवनों की खराब है। इसी का फायदा डीपीआरओ उठा रहे है। नाम न छापने के षर्त पर कई एडीओ पंचायत और सेक्रेटरियों सहित प्रधान ने बताया कि जांच और कार्रवाई के नाम पर डीपीआरओ की ओर से फीस की मांग की जाती है। फीस मिल जाने के बाद गुणवत्तविहीन भवन को भी गुणवत्तापरक वाला सर्टिफिकेट दे दिया जाता है। फीस मिलने के बाद जांच करने की आवष्यकता ही नहीं पड़ती। कहते हैं कि जब भी कभी आर्थिक तंगी होती है, भवनों की जांच का कार्यक्रम बना देते है।



चहेते ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए कर डाली वित्तीय अनियमितता सल्टौआ ब्लॉक के ग्राम भितरी पचानू एवं बनरही जंगल का मामला

## पुलिस अधीक्षक ने किया ओबरा थाने का आकस्मिक निरीक्षण

**सोनभद्र।** शनिवार को जनपद के पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा ओबरा थानें का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण करते हुए थाना कार्यालय सीसीटीएनएस कार्यालय हवालात मेस बैरक महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण कर थाना परिसर को साफ व स्वच्छ रखते हुए समय समय पर सम्पूर्ण परिसर को सैनेटाइज करने तथा कार्यालय के अभिलेखों का बेहतर व व्यवस्थित रखरखाव करते हुए उनको अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही साथ प्रभारी निरीक्षक ओबरा को यह भी निर्देश दिया गया कि नियमित रुप से समय समय पर जनचौपाल पीस कमेटी की बैठक आयोजित करते हुए थाना क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाय। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रताप सिंह ने थर्मल पावर उत्पादन निगम उत्तर प्रदेश द्वारा नये बनाये जा रहे ओबरा थानें का भी निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## पिछड़ा वर्ग पदाधिकारियों के साथ कांग्रेसियों की हुई बैठक

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिला कांग्रेस** कार्यालय पर पिछड़ा वर्ग विभाग की बैठक संपन्न हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश महासचिव जय प्रकाश यादव प्रदेश महासचिव बिधी नारायण वर्मा, प्रदेश सचिव अशोक गुप्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण चंद पांडेय ने किया बैठक को सम्बोधित करते हुए तीनों नेताओ ने सायुंक्त रूप से कहा कि जिले में पिछड़ा वर्ग विभाग का संगठन ब्लाक से लेकर न्याय पंचायत स्तर तक मजबूत किया जाएगा। क्योंकि कांग्रेस पार्टी में ही सभी वर्ग का सम्मान समाहित है आज पिछड़ा वर्ग कहीं न कहीं भटका हुआ जिसे हम लोग एक अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे जिला अध्यक्ष प्रवीण चंद पांडेय ने नेताओ को आश्वस्त करते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग विभाग का संगठन का सबसे मजबूत संगठन होगा और पिछड़ा वर्ग से जुड़ने वाले लोगो का कांग्रेस पार्टी में पूरा सम्मान दिया जाएगा और हम सभी फ्रंटल संगठन के लोग मिलकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे आज की बैठक में मुख्य रूप से शेषनाथ मोर्या, फूलचंद यादव, वीरेंद्र यादव, संजय चौरसिया, राजीव गोंड, विजय विश्वकर्मा, शतीश यादव, शांति देवी, दिलशाद अफसर, विजय कुमार शुक्ला, अजय सिंह, सुनील कुमार पांडेय, भुनेश्वर भारती, प्रशांत सिंह, ऋषिकेश पांडेय, बिट्टू सिंह, सुनील सिंह, मोइन अंसारी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# मऊ में खुदाई में मिलीं प्राचीन मुद्रायें व मूर्तियां

**डीएम ने डेढ़ सौ से अधिक तांबे और मूर्तियों को कराया जब्त**

**निर्माणाधीन सिक्सलेन के लिये खुदाई कर उठाई जा रही थी मिट्टी**

**ग्रामीणों के हाथ लगी मुद्राओं से लूट की लग गई थी लोगों की भीड़**

**मिट्टी की खुदाई रोकी गई, क्षेत्र कर दिया गया सील**



संवाददाता। मऊ

**मऊ** जिले के मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के माहपुर ग्रामसभा के गढ़वा कोट में निर्माणाधिन सिक्सलेन पर मिट्टी की खुदाई कर ले जाने के बाद प्राचीन मुद्रायें व मूर्तिया रविवार को ग्रामीणों के हाथ लगी। इसके लेने के लिये ग्रामीणों की मौके पर होड़ लग गई। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे डीएम ने डेढ़ सौ से अधिक तांबे और मूर्तियों को ग्रामीणों से जब्त कराया। मौके पर हो रही मिट्टी की खुदाई को रोकवा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि रात में ही हुई खुदाई के दौरान ज्यादातर मुद्रायें सिक्सलेन के कर्मचारी और मजदूर उठा ले गये। पूरे मामले की गंभीरता से लेते हुये प्रशासन जांच और बरामदगी में जुट गया है। माहपुर ग्रामसभा से कुछ किलोमीटर की दूरी पर सिक्सलेन का निर्माण हो रहा है। इसके लिये मिट्टी की जरुरत के हिसाब से गढ़वाकोट भीटे पर मिट्टी की खुदाई शनिवार की रात में दस बजे की गई। सुबह रविवार को जब खुदाई स्थल पर गये तोखा कि कुछ मुद्राये व मूर्तियां पड़ी हुई हैं। इसकी जानकारी होते ही ग्रामीण इसे लेने के लिये मौके पर पहुंच गये। जिसके हाथ जितना लगा वह लेकर घर आ गये। जब जेसीबी मौके प र खुदाई के लिये पहुंची तो ग्रामीणों ने इसे रोक दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि रात मे हुई खुदाई के दौरान मिली मुद्रायें वह उठा ले गये हैं। इसे लेकर घंटों मौके पर अफरा तफरी का माहौल बना रहा। जानकारी होते ही जिलाधिकारी अमित सिंह बंसलए एसडीएम और सीओ मुहम्मदाबाद गोहना भी मौके पर पहुंच गये। ग्रामीणों को मौके से मिली डेढ़ सौ से अधिक मुद्रायें व मूर्तियों को जब्त कराया। इसे पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग लखनऊ के लिये भेजने का निर्देश दिया। मौके पर हो रही खुदाईको जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। साथ ही चेताया कि अगर कोई मुद्रायें व मूर्तियां बरामद हुईतो उसे लौटा दें। जिलाधिकारी के सख्त रुख के बाद मौके पर शांति बहाल हुई। खुदाई स्थल को सील करते हुये प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## खजाने की लालच में खुदाई न करें स्थानीय नागरिक : जिलाधिकारी

**उत्तर प्रदेश पुरातत्व निदेशालय को दी गई सूचना**

**वजन कराने पर निकले डेढ़ ग्राम तांबे के सिक्के**

**1500 से दो हजार पुराना नगर होने की संभावना**

**मऊ ।** मऊ जिले के मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के गढ़वाकोट में मिली मुद्राओं और मूर्तियों को लेकर जिलाधिकारी अमित सिंह बंसल ने अपने कैंप कार्यालय पर शनिवार की शाम साढ़े सात बजे प्रेसवार्ता में बोले कि ग्रामीण खजाना मिलने को लेकर खुदाई कतई न करें। बरामद मुद्रायें वजन कराने पर डेढ़ ग्राम की रहीं। इसकी पूरी जानकारी उत्तर प्रदेश पुरातत्व निदेशालय को दे दी गई है। इससे मिलने से प्रतीत होता है कि यहां 1500 से दो हजार वर्ष कोई नगर रहा होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि गढ़वाकोट में बरामद मुद्रायें व मूर्तियों को लेकर यहां की एक ऐतिहासिक पहचान बन सकती है। जिस भूमि से यह सब बरामद हुआ है उसे कृषि के लिय आवंटित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सोने व चांदी की लालच में भूमि की खुदाई न करें। ऐसे में कार्रवाईतय हैं। जिलाधिकारी ने यह संभावना जताई कि बरामद मुद्रायें से मूर्तियों से प्रतीत होता है कि यहां डेढ़ हजार से लेकर दो हजार के समय कोई नगर था। पूरे मामले को उत्तर प्रदेश पुरातत्व निदेशायल को अवगत करा दिया गया है। सिक्के का वजन डेढ़ ग्राम है। पूरे मामले पर प्रशासन खुद नजर रख रहा है।

## भूख हड़ताल पर दसवें दिन भी बैठीं अनीता और नंदिनी

**चकिया ,चन्दौली ।** क्षेत्र के ताजपुर गणवा गांव में पिछले 10 दिनों से चल रहे भूख हड़ताल के क्रम में आज अनीता एवं नंदनी चौहान बैठीं। इस संबंध में आपको बता दें कि पिछले लगभग 2 महीनों से गणवा गांव को राजस्व गांव का दर्जा दिए जानेए ग्राम पंचायत बलिया कला व जोगिया कला से वनाअधिकार कानून के तहत दाखिल दावों की सुनवाई किए जाने



सहित छह सूत्री मांगों को लेकर इंकलाबी नौजवान सभा तथा अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के कार्यकर्ताओं द्वारा अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा था। लगातार धरना चलने के बावजूद भी प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने से खिन्न कार्यकर्ता विगत 10 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठने का काम कर रहे ।जिस क्रम में आज अनीता देवी व नंदिनी चौहान बैठी।

## पथरदेवा में राजकीय आईटीआई का भूमि पूजन 14 दिसंबर को

**देवरिया ।** प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजना अंतर्गत पथरदेवा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बंजरिया में राजकीय आईटीआई निर्माण कार्य का भूमि पूजन आगामी 14 दिसंबर को दोपहर 1रू00 बजे किया जाएगा मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही होंगे तथा अध्यक्षता सदर सांसद रमापति राम त्रिपाठी जी द्वारा किया जाएगा। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश वक्त विकास निगम लिमिटेड लखनऊ होगी ॥

## देवरिया के सुर्ती हट्टा में आग से व्यवसायी दंपति समेत 5 झुलसे





संवाददाता। देवरिया

**सुर्ती** हट्टा में शनिवार की सुबह आग लगने से एक व्यवसायी दंपति समेत 5 लोग झुलस गए। घर में रसोई गैस लिकेज से लगी आग ने पहले मकान और फिर रूई की दुकान को अपनी आगोश में ले लिया। फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब एक घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। स्थिति गंभीर देख व्यवसायी की पत्नी को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। इस घटना में व्यवसायी को करीब 50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। जिला मुख्यालय के सुर्ती हट्टा के रहने वाले श्याममोहन पुत्र भगवती प्रसाद की मकान में ही रुई की होलसेल दुकान है। शनिवार की सुबह परिवार के लोग पूजा के लिए अगरबत्ती जलाए थे। इसी बीच रसोई गैस लिकेज से आग मकान में आग लग गई। कुछ ही देर में दुकान में रखी रूई में भी आग पकड़ लिया। इससे बाजार में अफरा.तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच करीब एक घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में आग बुझाने का प्रयास करते समय व्यवसायी श्याममोहन 38 उनकी पत्नी सुनिता 35, और बेटी खुशी 17 और दो बच्चे झुलस गईं। जहां अगल.बगल के छात्रों से मकान को तीन जगह तोड़कर घायलों को निकाला गया ।परिजनों ने पांचो लोगों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से सुनीता देवी की स्थिति गंभीर देख मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया है। व्यवसायी के अनुसार इस घटना में उसका 3 लाख नकदी समेत करीब 50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग बुझाने वाली फायर ब्रिगेड की टीम में अग्नि शमन केंद्र के प्रभारी राजेंद्र रायए संजय सिंहएमुस्तकीम, धर्मराज, बालेश्वर, विनोद यादव, प्रदीप, आलोक पटेल, धीरेंद्र यादव और मिथिलेश यादव शामिल रहे।

## ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने को लेकर हुआ प्रदर्शन

संवाददाता। सकलडीहा,चन्दौली

**पुलिस** अधीक्षक अमित कुमार की सख्ती के बाद ओवर लोड बालू ट्रैक्टर मेन रोड के बजाय सकलडीहा ब्लॉक रोड से बेखौफ फर्राटा भर रहे है। जिसके लिंक रोड के किनारे जल निगम की पाईप जगह जगह क्षतिग्रस्त हो रहा है। वही लिंक रोड पर जाम और दुर्घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। शनिवार को ग्रामीणों ने ब्लॉक रोड पर ओवर लोड बालू बोगा ट्रैक्टरों का संचालन बंद करने की मांग को लेकर विरोध जताया। आरोप लगाया कि सघन तिराहा पर पुलिस कर्मी खड़े होकर ट्रैक्टरों को ब्लॉक रोड की ओर से भेजते है। ओवर लोड वाहनों पर अंकुश लगाने को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। इसके बाद भी ओवर लोड वाहनों पर रोक नही लग पा रहा है। अलीनगर से लेकर सैदपुर मार्ग पर वाहनों की लम्बी कतार लग जा रही है। जिसके कारण ओवर लोड बालू लदी बोगा ट्रैक्टर मुख्य मार्ग के बजाय सकलडीहा ब्लॉक रोड से होकर बेखौफ फर्राटा भर रहे है। इसके कारण आये दिन जाम और जल निगम की पाइप क्षति ग्रस्त हो जा रही है। पेयजल आपूर्ति बाधित होने व दूषित पानी घरों में जाने से ग्रामीणों ने विरोध जताया। पुलिस अधीक्षक से ओवर लोड बालू लदी वाहनों को मुख्य मार्ग से भेजने की मांग किया है। इस बाबत सीओ भवनेश चिकारा ने बताया कि अभियान चलाकर लिंक रोड से भारी वाहनों का संचालन बंद कराया जायेगा। इस मौके पर विरोध जताने वालो में आशीषए पंकजए रइसए रामबिहारी सहित अन्य मौजूद रहे।



## थाना दिवस पर अधिकारियों ने सुनी फरियाद



**देवरिया ।** शनिवार को जनपद देवरिया के समस्त थानो पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी देवरिया श्री अमित किशोर एवं पुलिस अधीक्षक डा0 श्रीपति मिश्र द्वारा थाना कोतवाली एवं थाना रामपुर कारखाना में सामाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली एवं थानाध्यक्ष रामपुर कारखाना को निर्देश दिया गया कि प्रार्थना पत्रों की जॉच शीघ्र एवं निष्पक्षता पूर्वक की जायए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इसके अतिरिक्त जनपद.देवरिया में अन्य थानों पर समाधान दिवस आयोजित किया गयाए जहां राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में लोगो कि समस्याओं को सुना गया।

## समाधान दिवस पर एक भी समस्या का नहीं हुआ निस्तारण

**सकलडीहा,चन्दौली।** समाधान दिवस पर सुबह दस बजे से दो बजे तक पुलिस अधिकारियों के साथ भारी भरकम राजस्व कर्मी समस्याओं का निस्तारण के लिये आते है। इसके बाद भी फरियादियों को मायूसी हाथ लगती है। शनिवार को सीओ भवनेश चिकारा के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल पांच प्रार्थना पत्र पड़े। लेकिन एक भी समस्या का निस्तारण नही हो पाया। पुलिस अधिकारियों ने राजस्व का मामला बताते हुए कन्नी काट लिये। शासन के निर्देश पर हर थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। नये पुलिस कप्तान के आने पर समाधान दिवस पर समस्याओं का निस्तारण होने का लोगों को उम्मीद जगी है। लेकिन कोरमपूर्ति होने पर फरियादियों का समाधान दिवस से मोहभंग होने लगा है। शनिवार को समाधान दिवस पर कुल पांच प्रार्थना पत्र पड़े। सभी मामले राजस्व सम्बन्धित बताया गया। कब निस्तारण होगा कितने दिनों में होगा। कौन अधिकारी जिम्मेदार होगा। यह सब निर्देश दिये बगैर राजस्व कर्मियों को फरियाद सौंप कर समाधान दिवस का अंत कर लिया गया। इस बाबत कोतवाल वंदना सिंह ने बताया कि सभी मामले राजस्व सम्बन्धित था। इस मौके पर प्रभारी राजस्व निरीक्षक संजय मौर्यए सुभाषए संजय पचौरी सहित कई राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## चोरों ने उड़ाई नगदी व जेवरात

**गोंडा।** ताला तोड़कर घर मे घुसे अज्ञात चोरों ने एक व्यक्ति के यहां 25 हजार नकदी सहित लाखों रुपये के गहने व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। मामला कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम बसालतपुर से जुड़ा है। यहां के निवासी शिवम श्रीवास्तव ने कोतवाली में तहरीर दिया है। जिसमे कहा गया है कि उसके परिवार के लोग कैटर्स का कार्य कर रहे हैं। शुक्रवार की शाम लोग सनराइज मैरिज हाल में भोजन बना रहे थे। उसी का फायदा उठाकर चोर पहुंचे और ताला तोड़कर घर के अंदर पहुंच गये। जहां अलमारी व बक्से में रखा 25 हजार रुपया नकद, दो सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी झुमकी, एक माथ बेंदी, एक जोड़े पावजेब, एक करधन सहित अन्य सामान चोरी कर ले गये। पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। कोतवाल मनीष जाट ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच की जा रही है, लोग कोतवाली आ रहे है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

## झोलाछाप पशु चिकित्सक पर केस दर्ज

**करनैलगंज** (गोंडा)। एक झोलाछाप पशु चिकित्सक के इलाज से भैंस की मौत हो जाने के बाद चिकित्सक के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम गदौपुर टेपरा निवासी राधेश्याम की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम पहाड़ापुर निवासी झोला छाप पशु डॉक्टर डीके गोस्वामी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि बुधवार को पीड़ित की भैस को सीमन डालने के लिये डीके गोस्वामी को बुलाया। तो उन्होंने सीमन आदि डालकर इलाज किया। उसके बाद उसकी 55 हजार की कीमत वाली भैंस ने दम तोड़ दिया। उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एसके तिवारी ने बताया कि मृत पशु का पोस्ट मार्टम करवाकर उसे दफना दिया गया है।

## छत से गिरने पर गंभीर

**डलमऊ ( रायबरेली )।** छत से गिरने पर गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति की हालत ज्यादा गंभीर होने पर चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे गुंजन मजरे लूक चांदपुर निवासी शिवपाल पुत्र जागेश्वर उम्र लगभग 42 वर्ष छत पर चढ़कर जीने की पटाई कर रहा था तभी नीचे लगी हुई बल्ली टूट गई। जिससे वो छत से नीचे गिर गया। उसकी चीख-पुकार सुनकर दौड़े परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घायल को भर्ती कराया। जहां पर हालत ज्यादा गंभीर होने पर चिकित्सक प्रदीप कुमार गुप्ता ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## अनियंत्रित ट्रक पलटा

**डलमऊ ( रायबरेली )।** तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक पलटा, बाल-बाल चालक और क्लीनर बच गए। जानकारी के अनुसार डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के डलमऊ रायबरेली मार्ग पर कटघर के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक अचानक पलट गया। ट्रक पलटते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई है। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने देखा तो चालक और क्लीनर बाल बाल बच गए हैं जबकि ट्रक गाड़ी में नुकसान हो गया है। डलमऊ कोतवाल लालचंद सरोज ने बताया कि ट्रक पलट गया है लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई है।

## टोल प्लाजा का अफसरों ने लिया जायजा

**सुलतानपुर।** शनिवार को किसान संगठनों द्वारा टोल प्लाजा पर वाहनों की आवाजाही टोल फ्री कराए जाने के एलान को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन दिन भर सक्रिय। जिले में पड़ने वाले टोल प्लाजा पुलिस चौकस रही और अराजकतत्वों से निपटने के लिए भारी पुलिस बल मौजूद रहा। शनिवार को टांडा-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग के भीखूपुर(पीढ़ी) टोल प्लाजा पर सीओ के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस तैनात रही। सीओ जयसिंहपुर दलबीर सिंह ने पुलिस कर्मियों को अराजकतत्वों से निपटने के निर्देश जारी कर रखे थे। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के विपरीत कार्य करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। टोल पर अराजकता नहीं होने दी जाएगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 29891 मुकदमे हुए निस्तारित



संवाददाता। देवरिया

**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण, के तत्वावधान में शनिवार दीवानी न्यायालय परिसर, में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन समस्त सम्मानित न्यायाधीशगण, जिलाधिकारी अमित किशोर, पुलिस अधीक्षक श्रीपति मिश्र तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा का माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया । इस अवसर पर न्यायालय जनपद न्यायाधीश,देवरिया द्वारा सर्वाधिक मोटर दुर्घटना प्रतिकर के कुल 7 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें मु.37,,0,000.रूपये की धनराशि प्रतिकर के रूप में पीड़ित पक्षकारों को दिलाया गया। इस प्रकार इस लोक अदालत में कुल मिलाकर 29891 मांमलों का निस्तारण किया गया। प्रतिकर जुर्माना एवं अन्य मांमलों में कुल मु.7,84,06676,. रूपये ;सात करोड़ चैरासी लाख छः हजार छः सौ छिहत्तरद्ध की धनराशि का सेटलमेण्ट किया गया। इस प्रकार इस लोक अदालत का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में समस्त विभागों ने अपनी सहयोगी शिविर स्थापित की निशुल्क परामर्श एवं सहयोग प्रदान किया गया स्वास्थ्य शिविर में न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, समस्त स्टाफ वादकारीगण एवं अन्य के उनके स्वास्थ्य संबंधी बिमारियों की जांच कर उनका उपचार किया गयाए जिसमें शिविर में 800 व्यक्तियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय उपचार के साथ ब्लड शुगर की जांच की गयीए नेत्र परीक्षण में लगभग 250 लोगो के नेत्र की जांच की गयी तथा 50 चश्मों का वितरण भी किया गया। दिव्यांग कल्याण विभाग के तरफ से आये हुये शिविर में दिव्यागों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र ने ट्राई साइकिलए व्हील चेयर निशुल्क प्रदान किया गया। अन्य शिविरों में समाज कल्याण विभाग के तरफ से लोगो को निशुल्क कल्याण कारी योजनाओं का प्रपत्र एवं सहयोग प्रदान किया गयाए परिवहन विभाग एवं विद्युत विभाग के तरफ से वरिष्ठ अधिकारियों ने आम जनता को शासन द्वारा दी जा रही छुट से लोगो को अवगत कराया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में महिला पीजी कॉलेज तथा बीआरडी पीजी कॉलेज की छात्राओं द्वारा कोविड19 से बचबचाव से संबंधित आकर्षक रंगोली बनाकर लोक अदालत में आये हुये समस्त व्यक्तियों को जागरूक किया गया। लोक अदालत के अवसर पर सुरक्षाकर्मियों के द्वारा सुरक्षा की व्यवस्था की गयी थी तथा स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा कोविड.हेल्प डेस्क लगाया गया था जिसमें जांच कर के ही उपस्थित व्यक्तियों को न्यायालय परिसर में भेजा गया। इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा पालन किया गयाए सभी उपस्थित व्यक्तियों द्वारा मास्क एवं सेनेटाईजर का निरंतर प्रयोग किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में लोक अदालत के दौरान व्यापक स्तर मास्कए सेनेटाईजर एवं मफलर का वितरण किया गया। इस दौरान समस्त आमजनमानस को समय समय पर हाथों को साबुन से धोने के लिए जागरूक किया गया तथा निरंतर सोशल डिस्टेंसिंग के पालन करने हेतु आह्वान किया गया। इस अवसर पर समस्त सम्मानित न्यायाधीशगण जिनमें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश कुमार, अरविंद रायए नवीन कुमार सिंह, नोडल अधिकारी लोक अदालत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लोकेश कुमार,मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेन्द्र प्रतापए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्त धर दूबेए डिस्ट्रीक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सिंहासन गिरी तथा पूर्व अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र, समस्त विद्वान अधिवक्तागण, न्यायालय स्टाफ, सुरक्षाकमी, स्वास्थ्यकर्मी एवं वादकारीगण उपस्थित रहें। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में हजारों लोगों के मामले निस्तारण के साथ.साथ उन्हे स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, विद्युत विभाग, परिवहन विभाग, दिव्यांग कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सहायता शिविर लगा कर मदद की। लोग इस व्यवस्था एवं त्वरित न्याय से काफी लाभन्वित हुये। इस तरह लोक अदालत समापन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र ने सबका धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आवंटियों को 13 साल बाद तहसील प्रशासन ने दिलायी जमीन

संवाददाता। सकलडीहा,चन्दौली

**हाईकोर्ट** के निर्देश पर शनिवार को उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार और सीओ भवनेश चिकारा ने पुलिस फोर्स के साथ दस बीघा जमीन से अवैध अतिक्रमण हटवाया। 13 साल पूर्व आंवटित गरीबों को उनके भूमि पर कब्जा दिलाया।

तहसील प्रशासन के इस योगदान का ग्रामीणों ने जमकर सराहना किया। इस मौके पर कई थाना की पुलिस पीएसी सहित क्राइम बांच के अधिकारी भारी संख्या में मौजूद रहे। डेढ़ावल गांव में आराजी नम्बर 350,334 और 365 नम्बर की दस बीघा बंजर भूमि पर दूसरे गांव के एक व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा किया गया था।

जिस पर बकायदे खेती किया जा रहा था। जबकि उक्त नम्बर पर गांव के एक दर्जन से अधिक गरीबों को वर्ष 2007 में 7 बीघा पट्टा आवंटन हुआ था। लेकिन गरीबों को उनका कब्जा नही मिल जाने पर परेशान थे। वर्ष 2018 में आवंदियों ने हाईकोर्ट में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाया।

# नशे में धुत कार चालक ने दो मासूमों को रौंदा, मौत

**● अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, चालक भी हुआ गंभीर रूप से घायल**

संवाददाता। बाराबंकी

**नशे** में धुत एक कार चालक ने बीती रात दो चचेरें भाईयों की जान ले ली, बल्कि स्वयं भी जख्मी होकर अस्पताल पहुंच गया। ये हृदय विदारक घटना उस समय हुई जब दोनों चचेरे भाई गांव में आई बारात में लगे प्रोजेक्टर को देखने गये थे। तभी तेज रफ्तार कार चालक ने दोनों को टक्कर मारने के साथ ही कार एक पेड़ से जा टकराई, जिससे कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। तथा उसमें सवार तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गये।घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। इस बीच गश्त पर निकली पी.आर.वी पुलिस ने मौके परपहुचकर घायलों को जिला अस्पताल पहुचाया, जहां कार चालक समेत उसके दो अन्य साथियों को ट्रामा सेंटर भेजा गया है। वही मृतकों के शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।घटना जिले के सफ्दरगंज थाना अंतर्गत सफ्दरगंज के बदोसराय रोड पर परसा मोड़ के निकट घटी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात गांव के राम कुमार रावत के घर पर बारात आयी थी, बारात में लोगो के मनोरंजन के लिये प्रोजेक्टर लगाया गया था, इसबात की जानकारी जब पड़ोस के राम सिंह व सूबे चंद के नाबालिक पुत्रो अर्जुन(12) एवं अतुल(10) को हुई तो दोनों एक साथ उसे देखने के लिए घर से निकल पड़े। मगर उन्हे क्या पता था कि वे वहां तक नहीं पहुचेंगें। कुछ ही दूर आगे बढ़ने पर सामने से आ रही इंडिगो कारनं0 यूपी 41 जेड 6523 ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उक्त दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी, वही अनियन्त्रित होकर कार एक पेड़ से जा टकराई, जिससे उसके भी परखच्चे उड़ गये। इस भीषण हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई जब तक ग्रामीण घायलों को इलाज के लिये ले जाते की तभी गश्त पर निकली पी.आर.वी. पुलिस भी पहुच गयी और घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेजा। कार में शराब की बोतलें पुलिस को बरामद हुई है। घायल कार चालक भगवती प्रसाद, ज्ञानेंद्र कुमार पुत्र रघुपति निवासी हुसैनाबाद थाना नगराम, लखनऊ व बृजेश पुत्र अशोक वर्मा निवासी कपूरथला थाना अलीगंज लखनऊ को गंभीर अवस्था में लखनऊ ट्रामा में रेफर कर दिया गया है वही पुलिस ने मृतक अर्जुन व अतुल के शव का पोस्टमार्टम कराया है, घटना से परिवार में कोहराम मचा है। वही गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

## बाइक सवार की दुर्घटना में मौत

**बाराबंकी।** एक वैवाहिक समारोह से लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे गम्भीर रूप से घायल बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई।पुलिस की सूचना पर पहुचें परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र के लखनापुर के एक वैवाहिक समारोह में शामिल होकर लौट रहे बाइक सवार 30 वर्षीय बृजेश कुमार पुत्र गेंदलाल निवासी मरकामऊ बरदरी थाना बदोसराय की मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराया है।वहीं बृजेश की मौत के बाद परिवार में मातम का माहौल और परिवार ग़म पसरा हुआ है।

## ट्रेन से कटकर कीमैन की मौत

**त्रिवेदीगंज बाराबंकी।** रेलवे लाइन के अनुरछण कार्य में लगे चाबी मैन की ट्रेन से कटकर मौत हो गई हादसा लखनऊ सुल्तानपुर रेलखंड़ पर थाना लोनीकटरा के छन्दरौली के पास शनिवार सुबह हुआ।मूलरूप से ग्राम हड़िया थाना पवई जिला आजमगढ़ निवासी इफ्तखार 48 रेलवे में चाबी मैन के पद पर नियुक्त था ।शनिवार छन्दरौली स्टेशन से ट्रैक का निरीछण करने निकला था।जहां गांव के पश्चिम लगभग 8 बजे डाउन लाइन पर आ रही ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई ।सूचना पर रेलवे व लोनीकटरा पुलिस मौके पर पहुंची । लोनीकटरा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## बीयर से लदी ट्रक तालाब में गिरी

**सिद्धौर बाराबंकी।** कोठी थाना क्षेत्र के छोटा लालपुर मोड़ के पास बीयर से लदी ट्रक को एक अज्ञात वाहन ने ओवरटेक कर दिया,जिससे बीयर से लदी ट्रक अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी और लाखों रुपए की बीयर की बोतले तालाब में बीखर गई।फिलहाल ड्राइवर और खलासी को ज्यादा चोट नहीं आए हैं,तो वहीं इसकी सूचना जैसे ही कोठी थाना पुलिस को लगी तुरंत कोठी थाना पुलिस में बीयर की सुरक्षा के लिए फोर्स तैनात कर दिया,तो वही मौके पर कोठी थाना प्रभारी रितेश पांडे ने पहुंचकर जायजा लिया और आगे की कार्रवाई में जुट गए हैं,वही इस संबंध में जब आबकारी विभाग के अधिकारियों को पता चला तो अबकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंच कर तालाब से बीयर की बोतल निकलवा कर गिनती कराया उसके बाद दूसरे ट्रक पर लादकर भेजा गया इस दौरान काफी ज्यादा यातायात भी बाधित रहा।

# डांस को लेकर दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन घायल

**● सांगीपुर के सरूआ गांव मे हुई बवाल से मच गई अफरातफरी**

संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़

**बारात** मे डांस के दौरान दो पक्षो मे जमकर मारपीट हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख मारपीट करने वाले आरोपी भाग निकले। घटना मे आधा दर्जन लोग चुटहिल हुए है। तनाव को देखते हुए पुलिस की मौजूदगी मे शादी की रस्म संपन्न हुई। सांगीपुर थाना क्षेत्र के सरूआ केलवापुर मे शुक्रवार को रामसजीवन वर्मा के यहां अमेठी के शनिचरा से बारात आयी थी। रात साढे दस बजे द्वारापूजा के दौरान डीजे की धुन पर बाराती डांस कर रहे थे। तभी गांव के कुछ युवक भी डांस के लिए बारातियो के बीच कूद पड़े। डांस को लेकर दोनों पक्षो के बीच गालीगलौज शुरू हो गयी और देखते ही देखते मारपीट होने लगी। घराती व बराती के बीच जमकर हुई मारपीट की सूचना पर सांगीपुर पुलिस भागकर मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही मारपीट मे शामिल दोनो पक्षो के लोग भाग निकले। घटना मे आधा दर्जन लोगों को हल्की चोटें आने पर सांगीपुर सीएचसी ले जाया गया। मारपीट के बाद दोनों पक्षो के बीच तनाव को देख पुलिस को रात मे शादी की रस्म पूरी कराने के लिए रूकना पड़ा। पुलिस की मौजूदगी मे रात मे शादी सम्पन्न हुई तो लोगों ने राहत महसूस की। इस बारे मे प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि बारात मे मारपीट की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। दोनों पक्षो को समझाकर शांत कराते हुए शादी सम्पन्न कराई गई, किसी पक्ष की ओर से तहरीर नही दी गई है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 2552 वादों का हुआ निस्तारण

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायालय प्रांगण में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार झा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जनपद न्यायाधीश ने दीवानी न्यायालय परिसर स्थित सभागार में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2552 वादों का निस्तारण किया गया। जिनमें 666 फौजदारी वाद, 50 विद्युत वाद, 03 मोटर दुर्घटना वाद, 09 वैवाहिक वाद, 29 सिविल वाद, 755 बैंक ऋण एवं 05 बीएसएनएल वाद, प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा 1035 वाद का निस्तारण किया गया। फौजदारी वादों में 330445 रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति वादों में रूपये 2430000 का प्रतिकर दिलाया गया।

# किसानों के खिलाफ है कृषि बिलः यादव

संवाददाता। ललितपुर

**कृषि** बिल को वापस लेने के लिए जैसे.जैसे दिल्ली में किसानों का आंदोलन आगे बढ़ रहा हैए वैसे ही उत्तर प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी किसानों के समर्थन में अभियान को तेज किये हुये हैं। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुये शनिवार को ललितपुर की महरौनी विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों क्षेत्रों में बाइक व ट्रैक्टरों से किसान यात्रा निकाली गयी। यात्रा को समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष तिलक यादव एडण् ने हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। मौके पर सपाईयों ने कृषि बिल को किसानों के खिलाफ बताते हुये इस बिल को तत्काल वापस लिये जाने की मांग उठायी।

किसान यात्रा को रवाना करते हुये सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव एडण् ने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव ही किसानों के हितार्थ व कल्याण के लिए योजनाओं का संचालन किया है। हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा कृषि बिल को संशोधित करते हुये लोकसभा में अपने ही बहुमत से पारित कर लिया है। यह बिल किसानों को नहींए बल्कि उद्योगपतियों को मालामाल कर देगा। प्राईवेट सेक्टर में किसान उद्योगपतियों द्वारा तय किये जाने वाले मूल्य पर ही खाद्यान्न बेचने को बाध्य हो जायेंगे। तो वहीं किसान अपने ही खेत में मजदूर बनकर रह जायेंगे। उन्होंने ग्रामीण अंचलों में रहने वाले किसानों से जागरूक होकर किसान विरोधी कृषि बिल को तत्काल वापस लिये जाने की मांग को प्रबल करने का आह्वान किया। विशाल किसान यात्रा ग्राम सैदपुर से शुरू होकर ग्राम नैनवारा, दरौना, छायन, कुम्हैड़ी, बारौन, बगसपुर, कोरवास, खिरिया, भौंड़ी, कुस्माड, जमुनझिर, क्योलारी, बम्होरी बहादुर सिंह, जखौरा का भ्रमण करते हुये किसान यात्रा का महरौनी में समापन किया गया। प्रत्येक गांव में सपाईयों द्वारा निकाली गयी इस किसान यात्रा को भरपूर समर्थन मिला, तो वहीं किसानों ने ,कजुटता दिखाते हुये कृषि बिल को तत्काल निरस्त किये जाने की मांग उठायी। इस दौरान पूर्व विधायक फेरनलाल अहिरवार, अमर सिंह, सरफराज अली, नीलेश झा, बिल्ले तिवारी, संजू बरार, प्यारेलाल छायन, सुरेन्द्र जगारा, कोमल बरार, सूरज सिंह राजपूत, घनश्याम पटेल, कोमल राजपूत, दीनदयाल राजपूत, वाहिद खान, संतोष लहरन, राजीव रुकवाहा, वीरसिंह रुकवाहा, इन्द्रपाल देवरान, राजेश मड़ावरा, भगवान सिंह, राजू राजा, मुकेश बरार, रतिराम पाल, शीलचन्द्र राजपूत, नोने राजा बारौन, मुकुन्द सिंह, रंधीर सिंह, छन्नू कुशवाहा, लक्खू कुशवाहा, पवन खटीक, उमाशंकर सेन, रामबिहारी झा, अमर सिंह राजपूत, नवलकिशोर बरार, अनिल कुशवाहा, सुजान राजपूत, भानुप्रताप सैदपुर सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तीन के खिलाफ मारपीट व जानलेवा धमकी देने का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पैसे के लेन-देन को लेकर हुई मारपीट मे तीन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। लालगंज कोतवाली के बासूपुर निवासी राकेश जोशी पुत्र नंदलाल ने कोतवाली मे तहरीर देकर कहा है कि बीती आठ दिसंबर को पैसे के लेनदेन को लेकर हुये विवाद मे गांव के पृथ्वीपाल, इंस्पेक्टर जोशी व आशा देवी ने लाठी डंडो व कुल्हाडी से उसकी जमकर पिटाई कर दी। आरोपियो ने उसे जान से मार डालने की धमकी भी दी है। पीडित की शिकायत पर आरोपी पृथ्वीपाल समेत तीन के खिलाफशनिवार को मारपीट, गालीगलौज व जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर केस की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस हर संभव एंगिल को सामने रखकर अपनी जांच को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

# सांसद ने किया पुलिस निर्माण कार्य का शिलान्यास, कई गांवों को होगा लाभ



संवाददाता। बाराबंकी

**सांसद** उपेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को जहाँगीराबाद सद्दीपुर मार्ग पर सद्दीपुर के पास पुल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया । विदित हो कि यह पुल काफी संकरा था अकसर जाम लग जाता था क्षेत्रवासियों की मांग पर सांसद उपेन्द्र सिंह रावत जी ने शासन को पत्रांक संख्या .53्202026जून2020के द्वारा पत्र लिखकर पुल निर्माण की मांग की थी तथा तब से लगातार पुल निर्माण कराने का प्रयास कर रहे थे । सांसद उपेन्द्र सिंह रावतके अथक प्रयासों से उत्तर प्रदेश सरकार ने पुल निर्माण के लिए 135ण्82 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की,स्वीकृतोपरान्त पुल निर्माण की कवायद आज से सांसद उपेन्द्र सिंह रावत के कर कमलों के द्वारा शुरू हो गयी है । इस पुल के निर्माण से देवां,जहांगीराबाद, मसौली, फतेहपुर,सुढियामऊ आने . जाने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी ।

इस अवसर मण्डल अध्यक्ष विनीत वर्मा,आशुतोष अवस्थी, आकाश पटेल,राम चंदर प्रधान ,राम उजागर प्रधान, सोमनाथ प्रधान, राम किशोर,जेपी रावत ,अन्तरिक्ष रावत, शिवकुमार शर्मा व दिनेश चन्द्र रावत निजी सचिव सांसद बाराबंकी कार्यकर्ता व अन्य क्षेत्रीय लोग तथा विभाग के ए0ई0ए जे0ई0 भी उपस्थित रहें ।

# गरीबों की सेवा पुण्य का कामः मंयकेश्वर



संवाददाता। तिलोई अमेठी।

**मनुष्य की** सबसे बड़ी मूलभूत आवश्यकता रोटीएकपड़ा और मकान है।इस शीत लहर में उनकी मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का काम हैष्यह बात क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के जैतपुर ग्रामसभा में पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान एवं प्रधान संघ अध्यक्ष सिंहपुर अर्जुन सिंह भदौरिया द्वारा आयोजित कम्बल वितरण समारोह में कही।विधायक श्री सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि ग्राम पंचायत जैतपुर में कार्यो की जो गुणवत्ता दिखती है वह बहुत कम जगहों पर देखने को मिलती है।उन्होंने कहा कि अन्य ग्राम प्रधान भी सरकारी कार्यो को उच्च गुणवत्ता से परिपूर्ण तरीके से कराये जिससे जैतपुर की तरह उनकी भी ग्राम पंचायत का नाम रोशन हो।उन्होंने कहा कि यहां पर संचालित गौशाला जनपद ही नही प्रदेश स्तर पर श्रेष्ठ कार्य के लिये पहचानी जाती है इस कार्य की सफलता के लिये सरकारी धन ही पर्याप्त नहीं है व्यक्तिगत लगाव महत्वपूर्ण होता है।विधायक ने गांव के ढ़ाई सौ गरीबों को ठण्ड से निजात के लिये कम्बल भी वितरित किया और भव्य तहरी भोज आयोजित किया गया।ग्राम प्रधान अर्जुन सिंह भदौरिया ने अतिथियों को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया।कार्यक्रम को ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह रंजीत सिंहएसम्बोधित किया।कार्यक्रम का संचालन सुनील सिंह ने किया। पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी आरडी गौतम, शुभम सिंह कौशलेन्द्र सिंह दिलीप शुक्ला अरुण सिंह श्रीचन्द्र चौरसिया सुशील सिंह नवीन श्रीवास्तव दिनेश जायसवाल मुकेश कुमार शैलेन्द्र कुमार सज्जन पाण्डेय पिंटू सिंह शिवेंद्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।ग्राम प्रधान अर्जुन सिंह भदौरिया ने आये हुए आगंतुकों का आभार जताया।

## स्टेशन पर बसों के न रुकने यात्री परेशान

**मुसाफिरखाना अमेठी ।** स्थानीय तहसील मुख्यालय स्थित बस स्टॉप पर बसों के ठहराव न होने से दूर दराज से चलकर बस पकड़ने के लिए पहुंच रहे यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड रहा है ।ज्यादातर परिवहन निगम की बसे कस्बे के दक्षिण से गुजरे फोरलेन सड़क से गुजर रही है ।जिसके कारण बस स्टॉप पर बड़ी संख्या में राहगीरों की भीड़ लगातार बनी रहती है ।स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से स्थानीय बस स्टॉप से परिवहन निगम की बसों के ठहराव की मांग की है । लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग के फोरलेन सड़क के निर्माण के बाद परिवहन निगम की बसों के कस्बे के बाहर से गुजर जाने के कारण स्थानीय लोगों के साथ ही दूरदराज के इलाकों से स्थानीय तहसील कार्यालय के बगल स्थित बस स्टॉप पर यात्रियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है ।तहसील मुख्यालय होने के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस स्टॉप होने के कारण प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोगों का आवागमन लगा रहता है ।किन्तु परिवहन विभाग द्वारा संचालित हो रही बसों के ठहराव न होने से ग्रामीण इलाकों से बस स्टॉप पहुंच रहे यात्रियों की भारी भीड़ लगातार सड़क किनारे बस पकड़ने के इंतजार में खड़ी रहती है ।यदा कदा जब कोई बस उधर से गुजरती है तो यात्रियों के बीच बस पर चढ़ने के लिए धक्का मुक्की होने लगती है ।हालत यहां तक पहुंच गई है कि परिवहन निगम की बसों में क्षमता से अधिक यात्री हो जाते हैं ।परिवहन निगम की विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते कोविड 19 के चलते सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन की खुलेआम धज्जियां उड़ती दिखाई दे रही है ।सोशल डिस्टेंसिग के मानकों का पालन करना बस में सवार होने के बाद बेमानी सी हो जाती हैं ।बीते वर्ष भी सरकारी बसों के मुख्यालय के बाहर से गुजरने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन जिलाधिकारी के प्रयास से बसें कस्बे से होकर गुजरने लगी थी ।किन्तु विगत कुछ महीनों से परिवहन निगम की बसों के चालक बसे लेकर कस्बे के बाहर से ही गुजरने से ही यात्रियों की समस्याएं जटिल होती जा रही है । वहीं फिर से बस स्टॉप पर बड़ी संख्या में यात्रियों का जमावड़ा लगा रहता है ।लोग बसों के इंतजार में लंबा वक्त जाया करने के बाद इधर उधर साधन पकड़ने की कोशिश करते हैं ।

# जनता तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना जिम्मेदारीः मोना मिश्रा

संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़



**रामपुर** संग्रामगढ़ विकासखण्ड के नरायनपुर इलाके मे एक करोड़ की लागत से बनने वाले पुल का विधायक ने निरीक्षण किया। कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता व क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना शनिवार को रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक मे नरायनपुर-बबुरिहा को जोडने वाले छुइया नाले पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। एक करोड़ की लागत से बनने वाले पुल का निरीक्षण करने के दौरान विधायक ने कार्यदायी संस्था को निर्धारित अवधि के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने को कहा। उन्होने कहा कि नाले के पुल के निर्माण कार्य को पूरी गुणवत्ता व पारदर्शिता के साथ संपादित कराया जाय। यहां मौजूद लोगों से मोना ने कहा कि इस पुल के बन जाने से लोगों को आवागमन मे सुविधा होगी और कई गांव के लोग इसका लाभ उठा सकेगें। विधायक मोना ने कहा कि क्षेत्र मे बुनियादी सुविधाएं जैसे सड़क, बिजली, पानी व स्वास्थ्य समेत शासन की ओर से संचालित सभी योजनाओ का लाभ लोगों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए वह हर संभव प्रयास करते हुए रामपुरखास को सभी योजनाओ से संतृप्त कराया जाएगा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष उपाध्याय, रोहित शुक्ल, महासचिव रवीन्द्र मिश्र, भुवनेश्वर शुक्ल, आनंद पाण्डेय, राकेश तिवारी, मनोज मिश्र, लालजी सरोज, नन्हेंलाल यादव, सुनील त्रिपाठी, महन्थ द्विवेदी, अम्बुज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## बारात में आए व्यक्ति की बाइक चोरी

**त्रिवेदीगंज बाराबंकी।** विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामीपुर में बीते 9 दिसंबर को राजाराम के घर रायबरेलीजनपद के सेहंगों तमनपुर से बारात आई थीं।जिसमें कुछ अज्ञात ग्रामीणों के द्वारा एक बाराती की मोटरसाइकिल को गायब कर पुआल में छुपा कर रखा हुआ था। बीती रात के बाद जब गाड़ी मालिक ने अपनी गाड़ी को लेने पहुंचा तो वहां पर गाड़ी नहीं मिली काफी छानबीन के बाद गाड़ी ना मिलने पर स्थानीय थाना लोनी कटरा पर लिखित तहरीर दिया। तब तक गाड़ी का कोई हाल पता नहीं मिल सका। आपको बता दें कि 12 दिसंबर को थाना लोनी कटरा क्षेत्र के रामी पुर गांव निवासी राजाराम द्वारा जब लापता हुई मोटरसाईकिल का पता लगाने लगे लेकिन पता नहीं चल सका।वहीं ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि गांव के बाहर लगे पुआल का ढेर काफी तेजी से जल रहा था।जब तक ग्रामीणों ने उसे बुझाने का प्रयास करते रहे पूरा पुआल जलकर खाक हो गया। जब पुआल जलकर राख हो गया तो ग्रामीणों ने देखा कि जले पुआल के ढेर में कुछ लोहे की वस्तु दिखाई दे रही थी।

# चाइनीज मोबाइल को वीवो का बनाकर बेचने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा

संवाददाता। बाराबंकी



**पुलिस** को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है दरअसल बाराबंकी की कुर्सी थाना पुलिस ने फर्जी वीवो मोबाइल बेचने वाले गैंग के 3 अंतर्राज्यीय सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 मोबाइल फोन तथा आईएमइआई रैपर,बुकलेट रसीद,मुहूर्त मारुति सियाज कार सहित ?35000 नगद बरामद किया है, ज्ञात हो कि ये आरोपी उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश,महाराष्ट्र राज्य में फर्जी तरीके से अवैध आईएमइआई रैपरके माध्यम से ब्लैंक बिना साफ्टवेयर के चाईनीज मोबाइल में दर्ज कर फर्जी वीवो मोबाइल करके बेचने का काम करते थे जिस पर कुर्सी थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों को धर दबोचा,गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ व जांच करने से ज्ञात हुआ कि देवराज आनन्द फर्जी तरीके से अवैध आईएमइआई रैपर के माध्यम से ब्लैंक बिना साफ्टवेयर के चाईनीज मोबाइल में दर्ज कर फर्जी वीवो मोबाइल करके बेचने वाला मुख्य सरगना है । इसके द्वारा दिल्ली,उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश,महाराष्ट्र राज्य में ढाबों,पेट्रोल पम्पों,धार्मिक स्थलों और ग्रामीण क्षेत्रों को चुना जाता है । देवराज आनन्द अपने साथियों को बराबर बदलता रहता हैए जिससे इसके व्यवसाय के बारे में किसी को सम्पूर्ण जानकारी न हो सके, पकड़े गए आरोपी देवराज आनन्द राव जाधव पुत्र आनन्द रावजी जाधव निवासी जामगांव फटा थाना जलालखेड़ा तहसील नरखेड़ा जनपद नागपुर महाराष्ट्र, रामेश्वर शेखराव तायवाडे पुत्र शेखराव तायवाडे निवासी ग्राम खुर्द थाना जलालखेड़ा तहसील नरखेड़ा जनपद नागपुर महाराष्ट्र राधेश्याम गुलाब राव मुरोडियें पुत्र गुलाबराव मुड़ोरिये निवासी ग्राम खुर्द थाना जलालखेड़ा तहसील नरखेड़ा जनपद नागपुर प्रान्त महाराष्ट्र के रहने वाले हैं हालांकि पुलिस अधीक्षक के द्वारा कुर्सी थाना प्रभारी की प्रशंसा करते हुए उत्साह वर्धन एक नगद पुरस्कार देने की भी बात कही है।

## किसानों ने किया टोल प्लाजा पर प्रदर्शन

**गौरीगंज, अमेठी ।** कृषि कानून को वापस लेने के लिए टोल प्लाजा पर प्रदर्शन के ऐलान पर जिले में भी आज सुल्तानपुर.गौरीगंज .रायबरेली मार्ग पर गांधीनगर के पास स्थित टोल प्लाजा पर सैकड़ो की संख्या में किसान यूनियन के अलग.अलग गुट सुबह प्रदर्शन करने लगे और धरने पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे । टोल प्लाजा को बंद करवाने की कोशिश की। लेकिन किसानों के ऐलान के बाद सुबह से ही अमेठी जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा । जहां किसी भी अनहोनी की आशंका को देखते हुए पुलिस की सक्रियता बनी हुई थी और धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर गौरीगंज ले जाया गया और टोल प्लाजा का काम सुचारू रूप से चलता रहा जहां प्रदर्शन कर रहे जितेंद्र द्विवेदी जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन ;भानु गुटद्ध जिलाध्यक्ष ने बताया की हम लोग दिल्ली के किसानों के समर्थन में टोल टैक्स पर आज धरना दिया गया ।

# सड़क जाम कर किसानों ने किया जोरदार प्रदर्शन

संवाददाता। बाराबंकी

**किसान** संगठनों के राष्ट्रीय आह्वान पर शनिवार को जिले में विभिन्न किसान संगठनों ने सड़क जाम करके प्रदर्शन किया हैऔर ज्ञापन सौंपा।वही सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा जिलाधिकारी डा0 आदर्श सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अरविन्द चतुर्वेदी ने दौरा कर स्थिति पर नजर गड़ाये रहे जिससे किसी प्रकार की अनहोनी जैसी घटना नही घटित हुई। इस दौरान कई किसान नेताओं को गिरफ्तारी की तथा बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। मालूम हो कि दिल्ली में चल रहे आन्दोलन के मद्दे्नजर शनिवार को टोल प्लाजा पर प्रदर्शन के निर्देश राष्ट्रीय स्तर पर दिये गये थे। जिसकेक्रम किसान यूनियन भानु के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रभारी आशु चौधरी के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ताओ ने शनिवार को अहमदपुर टोल प्लाज़ा पर पहुचकर प्रदर्शन करने लगे उसके बाद वहां पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने आशु चौधरी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओ को गिरफ्तार करके पुलिस लाइन लेकर आ गई है। किसान यूनियन आज़ाद के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार यादव के नेतृत्व में शहाबपुर स्थित टोल प्लाज़ा पर पंहुचकर प्रदर्शन करने लगे उसके बाद वहां पर मौजूद एसडीएम सिरौलीगौसपुर प्रितपाल सिंह सीओ रामनगर ने गिरफ्तार कर लिया और मसौली थाने लाकर कार्यवाई की है।गिरफ्तारी देने वालो में किसान नेता निहाल सिद्दीकीए राम नारायण यादव,भानु गुट के युवा जिलाध्यक्ष रोहित दिव्वेदी,आज़ाद गुट के जिलाध्यक्ष लाल जी यादव सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे जो किसानों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाकर नारेबाजी की है।

## किसान नेताओं को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** किसान आन्दोलन को और तेज करने हेतु भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आज टोल फ्री आन्दोलन था जिसको लेकर जिला प्रशासन ने भाकियू मण्डल उपाध्यक्ष निसार मेहदी को आज रात 12 बजे से घर पर नज़रबंद कर दिया।भाकियू नेता के घर पर रात से ही दो दरोगा सहित आधा दर्जन पुलिसकर्मियों की तैनात कर दी गयी।नज़रबंद की सूचना पर भाकियू के कई दर्जन कार्यकर्ता भी भाकियू नेता के घर मौजूद है । भाकियू मण्डल उपाध्यक्ष निसार मेहदी टोल के लिए कार्यकर्ताओं के साथ निकलने का प्रयास किया जहां उन्हे रोक दिया गया।इसी क्रम में भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को ग्राम दल्हदेपुर मे ही टिकैतनगर थाने की पुलिस ने नजर बंद किया संगठन के जिलाध्यक्ष सन्तोष तिवारी को अरियामऊ स्थित उनके आवास पर किया नजर बंद। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के प्रदेश सचिव शिवम तिवारी मुन्ना भइया को कस्बा बदोसरांय स्थित उनके आवासों पर ही कोतवाली बदोसरांय पुलिस ने सुबह से ही नजर बंद कर रखा है।

पायनियर
रविवार, 13 दिसंबर, 2020

# एजेण्डा



> जब आप परानुभूति व कल्पनाशीलता की अपनी क्षमताएं विकसित करने लगते हैं तो आपके लिए समूची दुनिया खुल जाती है
> - सुसान सेरेंडन

# अच्छे स्वास्थ्य की सर्दी

**आयुर्वेद और योग पहले पहचान व रोकथाम पर जोर देते हैं, और वहीं उनकी क्षमता मौजूद है। मौसमी बदलावों के जरिए स्वस्थ रहने की कुछ गतिविधियों व शिक्षाओं को साझा करती मिनी शास्त्री की रिपोर्ट.........**



प्रत्येक मौसम की अपनी खूबियां या गुण होते हैं जो अलग अलग मानव शरीर को प्रभावित करते हैं। हमारी क्षमता साथ ही साथ हमारा उपापचय मौसमों के साथ बदलता है, जिसके कारण हमारी आंतरिक सिरकार्डियन आवृत्ति (या जैविक घड़ियां) बदलती है जब वे प्रत्येक बदलते मौसम के साथ बुद्धिमानीपूर्वक बदलते हैं।

दुखद, हमने शायद इन बदलती आवृत्तियों के साथ अपना आंतरिक संपर्क खो दिया है, हालांकि हम उन्हें अपने बुजुर्गों के जरिए प्राप्त होने वाले स्वाभाविक सांस्कृतिक ज्ञान तथा प्रत्येक मौसम के साथ अपने व्यक्तिगत संबंध के जरिए देखते हुए अचेतन तौर पर अपनाए रह सकते हैं।

इसीलिए, हममें से प्रत्येक के अपने पसंदीदा मौसम हो सकते हैं या बहुत पसंदीदा नहीं हो सकते हैं, जो हमारे व्यक्तिगत दोषों, प्रकृति या संरचना के अनुपात पर आधारित है और हम कितनी अच्छी तरह उस मौसम के साथ ढलने में सक्षम हैं।

### स्वास्थस्य सस्थ्य रक्षानम्

इस उद्धरण का अर्थ है –बीमारी से रोकथाम के रूप में व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना या संरक्षण करना।

आयुर्वेद के पितामह, चरक के अनुसार, आयुर्वेद का प्रमुख सिद्धांत है, हमारे संतुलन को बिगाड़ने वाले कारकों (हमारे नियंत्रण में आने वाले तथा हमारे नियंत्रण से परे) की निरंतर बमबारी के बावजूद, यथासंभव स्तर पर, हमारी स्वाभाविक प्रकृति की संरक्षण एवं रोकथाम करना।

आयुर्वेद और योग पहले पहचान व रोकथाम पर जोर देते हैं, और वहीं उनकी क्षमता मौजूद है। स्वास्थ्य और दीर्घजीविता के ये दोनों महान विज्ञान कुछ लयों, प्रथाओं, खुराकों, व व्यायाम प्रस्तावनाएं प्रस्तावित करते हैं ताकि हम सार्वभौमिक समझदारी के साथ चलें और इनके नकारात्मक प्रभावों को घटाएं जिससे कि हम न्यूनतम प्रतिरोध तथा कम अलगाववादी ढंग के साथ अपना जीवन जी सकें और अपने स्वास्थ्य व क्षमता की स्थिति का संरक्षण कर सकें।

आयुर्वेद और योग के ये सहयोगी विज्ञान जानते हैं कि हम किस प्रकार अपने दिन बिताते हैं जो हमारे जीवन की दिशा बदल देते हैं और दिनचर्या व ऋतुचर्या के आचरण पर जोर दिया है।

प्रकृति में बाहरी, निरंतर परिवर्तनशीली गुणों का आंतरिक संतुलन बनाए रखने के लिए, हमारी दिनचर्या, खानपान आदतें, व्यायाम दिनचर्या, जीवनशैलियां व लयतालों को भी आदर्शतया छह बदलते मौसमों या ऋतुओं को अपनाना चाहिए।

1. शुरुआती जाड़ा या हेमंत ऋतु।
2. बसंत ऋतु
3. शुद्ध जाड़ा या शिशिर ऋतु
4. बसंत ऋतु
5. गर्मी या ग्रीष्म ऋतु
6. पतझड़ या शरद ऋतु

मौसमी विविधताएं मानव शरीर को प्रभावित कर सकती है और अपनी दैनित प्रस्तावित दिनचर्याएं निर्धारित करने के लिए इन्हें ध्यान में रखना पड़ता है ताकि प्रकृति में तथा अपने आसपास होते बदलावों को अपनाने संबंधी समझदारी में गलतियां न हों। इंसानों के रूप में, हम अपने इर्दगिर्द के जीवन की पारिस्थितिकी का हिस्सा हैं, प्रकृति के चक्र हमारे जीवन के चक्रों के साथ अंतर्क्रिया करते हैं। बाह्य बदलावों को अपनाना स्वास्थ्य संबंधी हमारे प्रतिनिधि स्तंभों में से एक स्तंभ है और जो स्वास्थ्य व क्षमता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जैसा कि कहावत कहती है: 'जैसा सृष्टि में होता है, वैसा हमारे भीतर होता है ...।'

हेमंत और शिशिर ऋतुओं को, जो चार महीने की होती हैं जो नवंबर(आमतौर पर शरद पूर्णिमा के बाद) से शुरू होते हैं, भारत के अधिकांश हिस्सों में कड़क सर्दी का मौसम माना जाता है। आयुर्वेद के अनुसार, रुचि रुचि को बढ़ाती है, उसी प्रकार जाड़े का मौसम – जो कफ दोष की अनेक किस्में साझा करता है– कफको बढ़ा देता है, जिसके कारण कफको मौसमी प्रोत्साहन मिलता है, खासतौर पर यदि यह आपकी स्वास्थ्य संरचना में प्रमुख भूमिका निभाता है। ये लक्षण अधिकांशतया शरीर के कफकी जगह या क्षेत्र में, मसलन सिर, गले, नाक, मुंह, जीभ, छाती, पेट या जोड़ों में (इसलिए तेल अवकर्षण, जीभ स्वच्छता ,जलनेति, नास्यम एवं भस्त्रिका एवं कपालभाति जैसी क्रियाएं पर जोर दिया जाता है।) महसूस होंगे। इन पर लेप लगाएं और ताकि सूखने न पाएं जिससे भोजन बेहतर प्राकृतिक वसा से समृद्ध होते हैं।

जब असंतुलन होता है, तो कफजमाव होने लग सकता है और गतिरोध, मन की सुस्ती, निरूत्साह, अवसाद या आसक्तियां जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकते हैं।

इस जमाव से बचने के लिए, एक सबसे महत्वपूर्ण कार्य आप यह कर सकते हैं कि कफको संतुलित करने के लिए अनेक व्यायाम करें, उपापचय बनाए रखें और शरीर से क्लेद या सेल्यूलर कचरे को हटाएं ताकि स्वेद को हल्कापन लाने के लिए प्रोत्साहन मिले। जैसे ही शारीरिक कोशिकाओं की उपचारक क्षमता बढ़ती है, उचित ढांचागत सुधार के लिए अच्छा पोषण जाड़ों में दिया जाना चाहिए।

आयुर्वेद चक्र के अनुसार हमारा मेटोबोलिज्म, पाचनकारी अग्नि जाड़े के मौसम के दौरान अपनी चरम क्षमता में होती है, साथ ही साल के इस चरण में हमें अच्छी खासी भूख लगती है। पोषण इसीलिए, जो हम खाते है उससे बढ़ जाता है, क्योंकि पौष्टाहार साल के इस मौसम के दौरान प्रभावी मेटाबोलिज्म के साथ कोशिकाओं तक पहुंचता है।

यह कफ प्रवृत्ति जब संतुलन में होती है, तो यह मानव शरीर को आंतरिक बल या क्षमता प्रदान करती है जो जाड़े के मौसम में शरीर को मजबूती देती है।

उसके विपरीत, यदि हम जाड़े में स्वयं को अच्छी वसा, पौष्टाहार युक्त भोजनों से बेहतर पोषित नहीं करते हैं तो इससे वात का असंतुलन उत्पन्न हो सकता है जो हममें बेचैनी व घबराहट का कारण बन सकता है, मौसमी संबंधी खराब स्वास्थ्य की स्थिति आ सकती है, हमारा प्रतिरक्षण तंत्र बिगड़ सकता है। जाड़ों में समग्रतापूर्व खुराक को नजरंदाज करना, जिसमें कि वसा और पौष्टाहार भरपूर मात्रा में होते हैं, हमारी अपनी कोशिकाओं (आटोलिसिस) के स्वपाचन या अपचय की ओर ले जा सकता है क्योंकि साल के इस चरण में हमारा मेटाबोलिज्म स्वाभाविक तौर पर बहुत उन्नत होता है।

### आयुर्वेद आधारित खुराक व जीवनशैलीगत प्रस्ताव

नियमितता एवं दिनचर्या का पालन करने से हमारे दिन सुव्यवस्थित होते हैं और समस्याओं को उभरने का अवसर नहीं मिलता है। जाड़ों के महीनों में शरीर को स्वस्थ और गर्माहट भरा होने के लिए अधिक ईंधन की आवश्यकता होती है– जिससे पाचन क्षमता बढ़ जाती है। हमारी पाचन शक्ति या अग्नि इस समय तेज होती है, इसलिए हमारी खुराक को स्वाभाविक तौर पर पोषणकारी व ठोस होना चाहिए जिससे हमारा शरीर कोशिकाओं के निर्माण कार्य व सुधार के लिए असरकारी ढंग से पोषण प्राप्त कर सके।

वे भोजन जिनमें खेमे बनाने की क्षमता होती है उन्हें हमारी खुराक योजना का हिस्सा होना

> **आयुर्वेद चक्र के अनुसार हमारा मेटोबोलिज्म, पाचनकारी अग्नि जाड़े के मौसम के दौरान अपनी चरम क्षमता में होती है, साथ ही साल के इस चरण में हमें अच्छी खासी भूख लगती है। पोषण इसीलिए, जो हम खाते है उससे बढ़ जाता है, क्योंकि पौष्टाहार साल के इस मौसम के दौरान प्रभावी मेटाबोलिज्म के साथ कोशिकाओं तक पहुंचता है।**



चाहिए। शाकाहार या मांसाहार स्त्रोतों के जरिए प्रोटीन। वसा, विटामिन, सी युक्त आंवला, सीफूड, मटर, नारीयल, काली दाल घी के साथ, रूचिरा आदि। हम इस मौसम में सर्वोत्तम समृद्ध भोजन व तेलयुक्त भोजन खा सकते हैं ताकि हमारा शरीर गर्म व पोषित रहे। हर रोज एक चम्मच तिल या पटसन के बीज खाएं या अपनी दालों में छिड़कें।

गुनगुना पानी या मसालेदार हर्बल चाय और जोशांदा, सूप पीएं ताकि शरीर को बाह्य स्तर पर आंतरिक तापमानों के साथ संतुलन बनाने में सुरक्षा व सहायता मिल सके। रात में सोने से पहले थोड़ा गर्म हल्दीयुक्त दूध के साथ एक या दो चम्मन च्यवनप्राश लेने से जाड़ों के दौरान ऊर्जा, प्रतिरक्षण व आंतरिक क्षमता में वृद्धि होगी।

### व्यायाम या उचित कसरत

कफ आसानी से जम सकता है। यह निरंतर बहता रहे तो इसका सर्वोत्तम तरीका है शारीरिक गतिविधि में लिप्त रहें, रक्तसंचार बढ़ाएं, कोशिकाओं को गर्म रखें, और पसीना लाएं। बलम या हमारी क्षमता साल के इस मौमस में सबसे अधिक होती है।

एक संक्षिप्त मगर स्फूर्तिदायक दिनचर्या से अपने दिन की शुरूआत करें। आप ज्यादा प्रेरित महसूस करेंगे यदि आप सुबह 7 बजे उठ जाते हैं

आयुर्वेद के प्राचीन ऋषि जानते थे कि जिस तरह हमारे जीने का क्रम बदलता है, हम उसी प्रकार अपने दिन बिताते हैं, और उन्होंने दिनचर्या के अभ्यास पर जोर दिया है। हालांकि सदियों के दौरान काल और अनुभव बदल सकते हैं, मगर दैनिक दिनचर्या की आवश्यकता आज पहले से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। एक या दो अभ्यास भी, रोजमर्रा स्वास्थ्य गतिविधियां आपके तन व मन को ऊर्जावान बनाए रखने में सहायता करेंगी।

हम अवसर की खिड़की के रूप में जल्द सुबह उठने व रात को जल्द सोने की दिनचर्या का उपयोग कर सके हैं ताकि शुरूआती नकारात्मक शैलियों को उपचारित व नया रूप दे सकें। हर नया दिन नयी संभावनाओं का द्वार खोलता है और दूसरे मौकों की बरसात करता है। हम इन जल्द सुबह वाले घंटों में प्राण के सहज प्रवाह को उत्साहित करने पर ध्यान दे सकते हैं।

### सुबह की दिनचर्या की सारांश

- सूर्योदय के साथ जाग जाएं, आदर्शतया भोर में।
- ठंडे पानी से मुंह धोएं और आंखों पर छिड़कें।
- मसूड़ों की मालिश करें या तिल के बीज वाले तेल से गरारे करें, फिर गर्म पानी से धो लें।
- एक गिलास गर्म पानी पीएं
- सुस्ती दूर करें।
- ब्रश करें और जीभ साफ करें
- जलनेति
- नस्य या नाक में तेल डालें
- ध्यान करें
- अपने स्वास्थ्य के अनुरूप व्यायाम करें।
- नहाने से पहले गर्म तेल से अपने शरीर की मालिश करें

क्योंकि कफ के घंटों में सोने या जागने से ज्यादा भारीपन व सुस्ती महसूस होती है।

यदि आप अत्यधिक दबाव व पस्त महसूस कर रहे हैं तो टहलना, ताईची, या आसान योग जैसे व्यायाम थोड़ी राहत पाने में सहायता करेंगे।

यदि आप पस्ती या भारीपन महसूस कर रहे हैं तो ज्यादा श्रमसाध्य व्यायाम कफऊर्जा से खड़ा होने में सहायता करेगा। अस्त्रासन, धरूनासन जैसे पीछे झुकने वाले व्यायामों को शामिल करें ताकि भारीपन व सुस्ती दूर हों।

जाड़ों के मौसम के दौरान धीमी गहरी सांसों के साथ सूर्य नमस्कार एवं विन्यास क्रियाएं, प्राणायाम अनुक्रम, तेज टहलना व डांस जैसे व्यायाम भी किये जा सकते हैं। उनसे शरीर को गर्म बनाए रखने में सहायता मिलती है। सूर्य नमस्कार आजकल सबसे आनंदकारी है इससे मन को शक्ति, स्थिर सांसें, व सहज बदलाव हासिल होते हैं। व्यक्ति जाड़ों के महीनों में सूर्य नमस्कार की संख्या बढ़ा कर अनेक प्रकार की गतिविधियां व मजबूती हासिल कर सकता है।

हमें साल के इस मौसम में धूप ज्यादा से ज्यादा लेने की कोशिश करनी चाहिए। दक्षिणायन के इस चरण की धूप उत्तरायण के विपरीत ऊर्जा प्रदान करती है जबकि उत्तरायण में सूर्य लोगों की ऊर्जा को सोख लेता है और हमें कमजोर या कमतर ऊर्जावान हालत में पहुंचा देता है।

आयुर्वेद के अनुसार गर्म तेलों के द्वारा नियमित रूप से अपने शरीर का अभयंगम या तेल मालिश करने की प्रबल सलाह है।

रात की एक अच्छी दिनचर्या, यदि समय की कमी है तो, यह है कि जब भी आपको मौका मिले आप खुद अपने पैरों की मालिश करें। मेरी व्यक्तिगत पसंद है मूलत: लेवेंडर युक्त तेल के साथ बादाम या खुबानी का तेल लगाएं।

थोड़ी देखभाल और काफी समझदारी हमारे शरीर को दूरगामी स्तर पर स्वस्थ्य व खुशहाल बनाए रखते हैं। खुश और शांत रहकर आनंद लें और अपने जीवन को बदलता देखें।

**– लेखक योग गुरु तथा ओम योग शाला के संस्थापक हैं।**



यदि आपमें प्रेम की योग्यता है, तो पहले खुद से प्रेम करें
- चार्ल्स बुकोव्स्की





जीवन चक्र
भारत भूषण पद्मदेव

# अपनी प्राथमिकताएं तय करें

सोच व्यक्ति को प्रेरित करती है जो नियम निर्धारित करती है कि आप अपनी स्वप्निल मंजिल कैसे निर्धारित करते हैं, जीवन में कैसे आगे बढ़ते हैं, स्थिति पर अपनी प्रतिक्रिया व प्रतिउत्तर देते हैं। जो इस बात का विषय है कि व्यक्ति का मन अनुवांशिक स्तर पर कैसे बना है जो कि पूर्वजन्म से चले आ रहे कर्म का प्रतिफल हो सकता है और जो स्वाभाविक तौर पर व्यक्ति-दर-व्यक्ति भिन्न होता है, जो हर व्यक्ति को अनोखा बनाता है। हममें से प्रत्येक, इस कारण विभिन्न मानसिक रुझान उसके अनुरूप चिंतन प्रक्रिया लिए होता है। अक्सर पाया जाता है कि प्रतिभाशाली व्यक्ति अपनी करनी के कारण विफलताओं व निराशाओं का शिकार हो जाता है। याद रखें, प्रतिभा अपने आप में काफी नहीं होती है। आपको अपनी अंतर्निहित क्षमता को भरपूर उभारने के लिए एक व्यवस्थित मन की आवश्यकता होती है।

एक दिन, एक बहुत प्रतिभाशाली व्यक्ति के साथ मेरा बहुत दिलचस्व संवाद हुआ जो मार्गदर्शन मांगने आया था: मान्यवर, हालांकि मैं उत्सुक नहीं था लेकिन अपने माता पिता के जोर देने पर, मैंने दो बार भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा देने का प्रयास किया लेकिन कामयाब होते होते रह गया। मैं पढ़ाई में बहुत अच्छा हूं और फिर भी, कामयाब नहीं हो पाता। क्यों? मेरे भाग्य में क्या लिखा है? कौन सी विधा का मुझे चुनाव करना चाहिए?''

खैर, विफलता का मुख्य कारण आपकी भटकाववादी चिंतन प्रक्रिया है कि आप अपनी क्षमताओं को गलत दिशा में इतना ज्यादा भटका देते हैं कि आप अपनी गुणात्मक चरम को अपनी प्राथमिकताओं की ओर प्रेरित करने में विफल रहते हैं। जहां तक आपकी अंतनिहित क्षमता की बात है, आप या तो दर्शन में या कानून में बेहतर काम कर सकते हैं। उसने प्रतिवाद किया, '' यदि मुझे कानून को चुनना है, तो फिर मैं विधि निर्माता क्यों नहीं बन जाता ? मैं समाज का भला करना चाहता हूं। ऐसे में राजनीति में शामिल होने से बेहतर क्या विकल्प है?''

याद रखें, दुनिया आपके मर्जी से नहीं चला करती है। बेहतर, अपनी आंतरिक क्षमता पर नजर डालें और उसका पालन करें। वकील बनने या विधि निर्माता बनने में काफी अंतर होता है। आइए जानते हैं कि आपके अनुकूल विधाओं के मामले में, आपके ज्योतिष संकेतक क्या कहते हैं।

अध्ययन विकल्प का परिचायक चौथा संक्रांति उपस्वामी है शनि जो बृहस्पति के साथ मीन राशि में सहयोगी केतु के साथ काबिज है। जो सबसे पहले, जो जीवन की सूक्ष्म सच्चाइयों का पता लगाने के प्रयास की संभावना का संकेत करता है, जो दर्शन का विशेषाधिकार बनता है। दूसरा, बृहस्पति और शनि का कानून विभाग के साथ अच्छा मेल बैठता है। करियर संभावनाओं का परिचायक दसवां उपस्वामी भी पुन: शनि है, जो



उन्हीं संकेतकों को दर्शाता है जो चौथे घर संकेतकों द्वारा प्रस्तावित हैं। सूर्य और बुध दोनों का यूरेनस और वरूण के साथ त्रिगुट है। यह आपकी विलक्षण प्रतिभा व सुव्यवस्थित योग्यता, सहजबोध द्वारा पोषित उर्वर कल्पनाशीलता होने को बयान करता है, दोनों दर्शन के कानून में सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं।

अब आते हैं विधि निर्माता बनने की आपकी इच्छा पर, आपको अपनी कमजोरियों को समझना चाहिए जो इस क्षेत्र में कामयाबी की राह में बाधा बन सकती हैं। आपका लग्न आपकी पहचान से चिन्हित है, जो धनु माना जाता है। संयोगवश, विफलता और निराशा की परिचायक 12वीं संक्रांति भी स्वयं धनु राशि में पड़ती है। लग्न स्वामी बृहस्पति भी 12वें घर में आ विराजा है जो आपको आपकी खुद की गलतियों का शिकार बना सकता है, क्योंकि आप सीधे व मूर्ख बनते दिखते हैं। जो आपके लिए भिन्न भिन्न मानसिक खूबियों वाले, अलग अलग किस्म के लोगों के साथ चलना कठिन बना देता है।

अब, तुला राशि में स्थित मन संकेतक चन्द्रमा पर नजर डालते हैं। यह यूरेनस और वरूण के विपरीत मुद्रा में है। जो आपको अक्सर जमीनी सच्चाइयों से परे, आत्म मोहित अवधारणाओं व मान्यताओं का शिकार बनाता है। और किसी भी रूप में अपनी अंतर्निहित क्षमता के अनुकूल अन्य विकल्पों को तलाशने या वास्तविकता को देखने के लिए तैयार नही करता है। आप सच्चाई को उसके प्रथम रूप में स्वीकार नहीं कर पाएं, बल्कि उम्मीद दर उम्मीद अपनी खयाली दुनिया के पीछे अंधाधुंध भागते रहेंगे, जब तक कि पूरी तरह निराश नहीं हो जाते। शनि और केतु के मेल को एक साथ पढ़े तो यह आपको स्वभाव से पलायनवादी बनाता है जो समय पर चुनौतियों का सामना नहीं कर पाता। यह आपमें स्वपरिभाषित शुद्धतावादी सोच भी जगाता है, और आपको विपरीत विचार, यदि कोई आए तो, को स्वीकारने नहीं देता।

आप चाहते हैं कि दूसरे आपकी सोच के मुताबिक खरे उतरें, और जब ऐसा नहीं होता तो आप अत्यंत कटु हो जाते हैं, जब आप अपनी तीखी व्यंग्यात्मक टिप्पणियों द्वारा दूसरों का अपमान तक करने में नहीं झिझकेंगे। बुद्धिमानी का परिचायक बुध का शनि के विपरीत होना आपमें एकांगी सोच लाता है। इतना ही काफी नहीं है, मंगल का यूरेनस के विपरीत होना आपको चिड़चिड़ा बनाता है। मंगल नटखट वरूण के विपरीत भी हे जो आपको दुख की स्थिति में हीनता ग्रंथि के शिकार का संभावित भी बनाता है, और कभी कभी आपको इसके लिए डाक्टर के पास भी जाना पड़ सकता है। सूर्य की वीनस के विपरीत स्थिति आपको अत्यंत भावुक व संवेदनशील बनाती है, जो आपको मामूली मसलों पर अनावश्यक ढंग से अत्यधिक सक्रिय बनाती है। जो चीज सामने आती है वो यह कि आप पर्याप्त समन्वयकारी नहीं हैं कि आप सफलतापूर्वक राजनीति का काम करने में कामयाब हो पाएं।

# अपने मानसिक आवेगों पर काबू पाएं

**डॉ. अंजू शर्मा कहती हैं कि जब भावनाएं गहन और प्रबल होती हैं तो वह उथल पुथल का कारण बन सकती हैं। लेकिन ऐसे तरीके हैं जिनसे आप अपने मानसिक आवेगों को साध सकते हैं**

हम सभी मानसिक आवेग अनुभव करते हैं। लेकिन असलियत में मानसिक आवेग क्या है?

इसे खुशी से लेकर क्रोध, चिड़चिड़ापन और यहां तक कि अवसाद तक के मूड में त्वरित बदलाव के रूप में समझाया जा सकता है। हममें से कुछ मानसिक आवेगों को भावनाओं के उतार-चढ़ाव के रूप में बताते हैं। जब ये भावनाएं बहुत मजबूत होती हैं तो वह हंगामे का कारण बन सकती हैं। कभी कभी हम बेचैनी व अवसाद जैसे शब्दों का सामना करते हैं। कृपया समझें कि ये दोनों एक दूसरे से भिन्न हैं। बेचैनी और अवसाद के बीच मामूली अंतर है। जब कोई बेचैनी जैसी चीज को लेकर घबराने लगता है, जबकि, अवसाद में, आमतौर पर व्यक्ति बात नहीं करता है और खामोश हो जाता है। क्या आपने कभी सोचा है कि हमें क्यों मानसिक आवेग होते हैं? यह हार्मोनल बदलावों के कारण है। डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसी न्यूरोट्रांसमिटर्स और आक्सीटोसिन जैसे हार्मोन्स हमारे आचरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

न्यूरोट्रांसमिटर्स रासायनिक संदेशवाहक हैं जो आपके शरीर में, नींद से लेकर उपापचय तक, असंख्य कार्यकलापों व प्रक्रियाओं को नियंत्रित करते हैं। एक न्यूरोट्रांसमिटर- डोपामाइन प्रेरणा व प्रोत्साहन के मामले में भारी भूमिका निभाती है। जब हम अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कुछ प्रयास करते हैं तो सफलता पाने पर संतुष्टि की भावना आंशिक तौर पर डोपामाइन की गति के कारण होती है। इसीलिए, किसी समय जब आप कुछ खास कार्यों के प्रति थोड़ी निराशा, असहाय व पस्ती महसूस करते हैं, यह अक्सर आपकी डोपामाइन तंत्र में निष्क्रीयता बढ़ाती है। सेरोटोनिन के लिए, विशेषज्ञ मानते हैं कि सेरोटोनिन स्तरों में कमी होने से अवसाद पैदा होता है। ऑक्सीटोसिन के मामले में, कहा जाता है कि यदि यह उच्चस्तर पर है तो व्यक्ति खुश होता है और हर चीज में अच्छाई देखता है। प्रत्येक समस्या का अपना समाधान होता है। अपने मानसिक आवेगों को साधने के लिए, निम्न तरीकों का पालन करें:



**प्रोटीन को अपनी खुराक में शामिल करें:** अपने भोजन में प्रोटीन को शामिल करने से आपके रक्त में कार्बोहाइडेट्स की खपत धीमी करने तथा डोपामाइन का डिस्चार्ज बढ़ाने में सहायता मिल सकती है जो आपके मूड व ऊर्जा को बेहतर बना सकता है।

**व्यायाम:** अपने मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को सुचारू आकार में बनाए रखना जरूरी है। व्यायाम मस्तिष्क में उन रसायनों को प्रेरित करता है जो आपका मूड सुधारते हैं और आपको अधिक तनावमुक्त महसूस कराते हैं। दिमाग पूरे शरीर में फीलगुड वाले रसायन प्रसारित करता है। शारीरिक गतिविधियां आत्मोत्साह बढ़ाती हैं और अवसाद घटाती हैं।

**हानिकारक भोजन को करें इंकार:** कहा जाता है कि वैसे कार्बोहाइड्रेटयुक्त गरिष्ठ भोजन करना आपमें अजीब भावनाएं महसूस होने का कारण बन सकते हैं। शोधों ने साबित किया है कि स्वस्थ खाना आपके मूड में जबरदस्त बदलाव ला सकता है और आपके जीने का ढंग सुधार सकता है।

**ध्यान:** जब आप ध्यान करते हैं तो उस समय आप अपने मन व ऊर्जा को अपने अवचेतन, चेतन-अचेतन मन के साथ एक जगह साध सकते हैं।

**उचित व पर्याप्त नींद लें:** लोगों को नीद ऐसी लेनी चाहिए जो क्रोध, निराशा, दुख आदि नकारात्मक आवेगों से उन्मुक्त हो। इसीलिए यह जरूरी है कि आक्सीजन आपूर्ति तथा सीओ2 का निस्तारण समान मात्रा में हो।

**संगीत उपचार:** संगीत मूड को बेहतर बना सकता है, खुशी को प्रोत्साहित व बेचैनी घटा सकता है। यह हमारी एकाग्रता सुधारने में भी सहायता करता है। इसीलिए, संगीत की वो विधा चुनें जो आप पसंद करते हैं और उसकी ध्वनि को अंतर्मन से उपचार करने का अवसर दें। आपका शरीर आपका मंदिर है। स्वस्थ रहें, अपने तन, मन व आत्मा की पूजा करें।

**- लेखिका प्रसिद्ध मनो सुधारक, साऊंड एवं एनर्जी मास्टर, समग्रतापूर्ण उपचार प्रशिक्षक तथा म्यूजिकल हीलिंग बैंड, साऊंड आफ इनफिनिटी की संस्थापक है**

# आयु के अनुसार हों इच्छाएं

**अजित कुमार बिश्नोई का कहना है कि जैसे जैसे हम बड़े होते हैं, हम ज्यादा सजग होते हैं कि क्या इच्छायोग्य है और क्या संभव है और उसी के अनुसार चाहते हैं**

हम सभी की अनेक इच्छाएं होती हैं। हालांकि, इच्छाओं की प्रकृति उम्र के साथ बड़े बदलाव से गुजर सकती है। उदाहरण के लिए, बच्चा खेल खेलना चाह सकता है, जंकफूट खाना, मनोरंजन पार्क में जाना चाह सकता है, आदि, जब कि एक बूढ़ा व्यक्ति शांतिपूर्वक पार्क में बैठना, सादा भोजन करना, कोई आध्यात्मिक कार्यक्रम आदि देखना चाह सकता है।



हमने दस इच्छाएं चुनी हैं जो बुढ़ापे में आम हैं या होनी चाहिए। लेकिन मैं इन इच्छाओं के बारे में विस्तार से बताऊं उससे पहले, यह जरूरी है कि हम समझें कि उन्हें साधना पड़ता है।

मैं अपनी पसंदीदा इच्छा से शुरूआत करता हूं, वो हैं ईश्वर की संगत का आनंद है। यह मैं अनेक तरीकों से सुनिश्चित करने की कोशिश करता हूं। मैं दिन भर में अधिकांशतया राम का नाम जपने की कोशिश करता हूं। निद्रा अवधि के दौरान भी, मैं जब भी नींद से जगता हूं मैं ईश्वर का नाम जपने की कोशिश करता हूं। फिर मुझे कृष्ण का चित्र देखना पसंद है। वह बहुत सुंदर हैं। मैं दिन में अनेक बार उन्हें प्रणाम करता हूं। सूची लंबी है। प्रतिउत्तर में मैं क्या अपेक्षा करता हूं? मैं सर्वज्ञानी से मार्गदर्शन चाहता हूं। और कौन है जो ऐसा कर सकता है? मुझे उसकी सहायता की जरूरत है, जो दिन में कई बार होती है। सभी प्रकार की शक्तियों की हमेशा जरूरत होती है। सर्वशक्तिमान के अलावा और कौन प्रदान करता है? संसाधनों के लिए यही बात लागू है, ब्रहमांड का स्वामी एक है। सूची लंबी है। मुझे शांति, सुख, सुरक्षा, सहयोग आदि चाहिए।

अगली बड़ी इच्छा है महान अगले जन्म के योग्य बनना। मैं मन से शुद्ध व समृद्ध परिवार में जन्म लेने का इच्छुक हूं। (भागवतगीता 6.41) मैं खुद को इन नेमत का अत्यंत गंभीर हकदार बनाता हूं। मैं ईश्वर का परमप्रिय बनने के लिए उसके आदेशों का पालन करता हूं। (18.68-69) मैं ईश्वर के आदेशों का पालन उस हद तक करने की कोशिश करता हूं जहां तक मेरा स्वभाव अनुमति देता है। मैं ईश्वर का अत्यंत प्रिय बनना चाहता हूं। (12.20) तीसरी इच्छा है जब तक मैं जीवित रहूं तब तक अपनी सभी जिम्मेदारियों/दायित्वों को पूरा करता रहूं। चौथी और सबसे महत्वपूर्ण इच्छा है कि मैं अपनी अंतिम सांस तक सामान्य जीवन जीने में सक्षम होना, यदि मेरे ईश्वर की मुझ पर इतनी कृपा रहेगी। मैं इस वरदान को प्राप्त करने के लिए अनेक त्याग करता हूं। मैं अत्यंत संयमित ढंग खाता हूं, मेरी आदतें बहुत अच्छी है, मेरे मनोरंजन स्वस्थ हैं, आदि। निश्चित रूप से, मुझे किसी पर शारीरिक तौर पर निर्भर होने से नफरत है। अधिकतम संभव स्तर मैं अपने लगभग सभी व्यक्तिगत कार्य करने में सक्षम हूं सिवाय खाने पकाने व अपना कमरा साफकरने के।

फिर, आती है वित्तीय सुरक्षा। मैंने इसे सुनिश्चित करने के लिए अपने पूरे जीवन काम किया है, और मैं अभी तक अपनी जीविका खुद कमाता हूं। अपने आध्यात्मिक कार्यों से ईश्वर को प्रसन्न रखने के साथ साथ भौतिक स्तर पर सक्रिय रहना कठिन है, लेकिन उदार ईश्वर इस कठिन संतुलन को हासिल करने में मेरी सहायता करता है। मकसद यह भी है कि अपने वारिसों को आरामदायक वित्तीय स्थिति में छोड़कर जाऊं। यह मेरी विरासत का हिस्सा है। मेरी विरासत के अन्य पहलु भी हैं। मेरे उत्तराधिकारी कम से कम यह बताने में उत्कृष्ट हैं। हम, इंसानों की जिम्मेदारी है कि दुनिया को उससे बेहतर छोड़ कर जाएं, जैसी हमने पाई थी। अपनी तरफसे, उनके पास उत्तम संस्कार छोड़कर जाने के मामले में उनके साथ नियमित संवाद चलता है। ऐसा करने के लिए मुझे उनका आचरण करना पड़ेगा, वर्ना मेरी अच्छी सलाह असरकारी नहीं रहेगी। निश्चित रूप से, मैं एक बेहतर जीवन जीने की संतुष्टि हासिल करना चाहता हूं। इस मामले में अपनी तरफ से विभिन्न अखबारों व दसियों किताबों में प्रकाशित सैंकड़ों लेख प्रकाशित हुए हैं जिन्हें पुस्तक मेलों में बड़ी संख्या में खरीदा गया है। और मैं अपने नाम को बेदाग छोड़कर जाना चाहता हूं ताकि कोई मेरे चरित्र मे सवाल न उठा सके। किसी के लिए यह एक लंबी सूची है, लेकिन शेष बचे समय में काफी कुछ किया जा सकता है। शुरूआत के लिए, हमें स्पष्टता होनी चाहिए कि क्या अपेक्षित है, क्या संभव है, आदि। फिर हमें उन सभी इच्छाओं को हासिल करने के लिए गंभीर होना चाहिए। यदि आपका ईश्वर के साथ अच्छा संबंध है तो वह उदारतापूर्वक सहायता करेगा क्योंकि वह मेरी सहायता कर रहा है। मैं उसकी दया के लिए उसका शुक्रगुजार हूं।

## इस सप्ताह आपका भविष्य
**मधु कोटिया**

### मेष ( मार्च 21-20 अप्रैल )



यह सप्ताह आपके लिए अच्छी खबरें लेकर आने वाला है। स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगो के लिए, उनका सकारात्मक नजरिया अनोखा कारगर होगा। यदि आपको लगता है कि आपके शारीरिक स्वास्थ्य के साथ कुछ गड़बड़ है तो चिकित्सा सहायता लेकर आश्वस्त हो लें। इससे आपको सहायता मिलेगी। अपने सहजबोध पर भरोसा करें। कार्य मोर्चे पर, खुशी व उत्सव का समय है। आप अपनी कड़ी मेहनत और कोशिशों के अच्छे नतीजे देखने वाले हैं। निजी संबंध में आपके जीवन साथी का नजरिया परेशानी वाला हो सकता है, अकेलापन लग सकता है।

**शुभ अंक:** 12 **शुभ रंग:** पीला **शुभ दिन:** बुधवार

### वृष ( अप्रैल 21-21 मई )



इस सप्ताह आप स्वास्थ्य मोर्चे पर मुक्त व प्रसन्न महसूस करेंगे। आपको भरपूर क्षमता, आशावाद व भविष्य के प्रति आशावादी होना चाहिए। अपनी चिंतन प्रक्रिया पर ध्यान दें। याद रखें कि आपकी सोच आपके स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। सकारात्मक नजरिया बनाए रखें। अब आप दूसरों को राह दिखाने तथा अपने आध्यात्मिक ज्ञान को बांटने की स्थिति में हैं। करियर मोर्चे पर, आप उस स्थिति के करीब हैं जहां कार्य सफलता और पहचान आपकी पहुंच के भीतर है। सुव्यवस्थित व उत्पादक होने का भरपूर प्रयास करें। इससे आपको लाभ मिलेगा।

**शुभ अंक:** 11 **शुभ रंग:** आसमानी **शुभ दिन:** गुरूवार

### मिथुन ( मई 22-21 जून )



स्वास्थ्य मोर्चे पर चुनौती देता यह सप्ताह समाप्त होने को होगा। आप महसूस करेंगे कि स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण है और यह ध्यान व देखभाल चाहता है। रोकथाम उपचार से बेहतर है। आप उपचार विधियों पर कक्षाएं व सेमिनारों में भाग लेंगे और उन्हें अपने जीवन में लागू करेंगे। पेशेवर मोर्चे पर, आपको उन स्वनिर्मित पाबंदियों से बाहर निकलने की जरूरत है जो आपके करियर की प्रगति में आड़े आ रही हैं। उपस्थित होने वाले सभी अवसरों पर अपनी आंखें व कान गड़ाए रखें। व्यक्तिगत मोर्चे पर, वायदों को तोड़ना के लिए नहीं किया जाता है।

**शुभ अंक:** 10 **शुभ रंग:** सफेद **शुभ दिन:** सोमवार

### कर्क ( जून 22-22 जुलाई )



आपका तनाव आपके काम में नजर आएगा। जब स्वास्थ्य की बात आए तो अपने सहजबोध की सुनें। अगर को रोगनिदान उचित नहीं लगता है, तो वैकल्पिक सलाह लेने में संकोच न करें। जो लोग शराब या नशा लेते हैं, यह समय है कि किसी भी प्रकार के नशे से खुद को दूर रखें। कार्य मोर्चे पर, आपको ज्यादा त्यागी व उदार होने की आवश्यकता है। लोग सहायता के लिए आपकी ओर देखेंगे। मित्र या सहयोगी आर्थिक सहायता मांग सकता है। यह समय दूरगामी परियोजनाओं में निवेश करने का है। अपनी उदारता व दयालुपन से आप अच्छा नाम कमाएंगे।

**शुभ अंक:** 9 **शुभ रंग:** नारंगी **शुभ दिन:** शनिवार

### सिंह ( जुलाई 23-23 अगस्त )



आपका स्वास्थ्य और क्षमता इस सप्ताह ठोस व मजबूत है। अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए, यह समय अपनी सभी बुरी आदतों को सुधारने का है। छोटे लक्ष्यों से शुरूआत करें। रोज टहलना आपको ज्यादा स्वस्थ्य व मजबूत बनने की ओर अग्रसर करेगा। तन, मन व आत्मा के बीच संतुलन लाने में समय लगाएं। कार्य मोर्चे पर, बिजनेस में वित्तीय घाटा या बेरोजगारी की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। आपके भय, आदतों व अन्य हानिकारक आवेग आपके इर्दगिर्द नकारात्मक परिवेश निर्मित कर सकते हैं। सजग रहें।

**शुभ अंक:** 17 **शुभ रंग:** बैंगनी **शुभ दिन:** शुक्रवार

### कन्या ( अगस्त 24-23 सितम्बर )



इस सप्ताह, कार्यबोझ और तनाव के बावजूद, आप शांत व स्थिर रहेंगे। आपमें अपार ऊर्जा व क्षमता है, यह आपकी ताकत है। आपको इस ऊर्जा का रचनात्मक दिशा में उपयोग करने की जरूरत है। स्वास्थ्य अच्छा रहता है और आपमें अपने इन्द्रीय सुखों पर भी नियंत्रण करने की शक्ति है। करियर मोर्चे पर, आपकी दृढ़ता और इच्छा शक्ति आपको अपना लक्ष्य हासिल करने में सहायता करेंगे क्योंकि आपके काम में अनेक बाधाएं व समस्याएं हैं। आपके सख्त फैसले आपको आगे बढ़ने की तथा संकट के समय में बेहतर योजना बनाने की शक्ति प्रदान करेंगे।

**शुभ अंक:** 20 **शुभ रंग:** नील लोहित **शुभ दिन:** सोमवार

### तुला ( सितम्बर 24-23 अक्टूबर )



इस सप्ताह आप निराश व सशंकित महसूस कर सकते हैं, क्योंकि चीजें आपके मुताबिक नहीं घट रही हैं। कुछ स्वास्थ्य समस्याएं अचानक उभर सकती हैं। चिंता न करें, यह एक अस्थायी दौर है। आपकी चिकित्सा जांचें बेहतर सामने आएंगी। तनाव बड़ी बिमारी है। पेशेवर जीवन में तेजी देखेंगे और आप आशावान होंगे। आपको अपने वर्तमान काम में पैसा, प्रतिष्ठा व सम्मान मिलेंगे। व्यवसायिकों को पैसे की अच्छी कमाई हो सकती है। सुकून के लिए समय निकालें मालिश करवा सकते हैं। भावनात्मक मोर्चे पर, यह बहुत ज्यादा अच्छा सप्ताह दिखता है।

**शुभ अंक:** 31 **शुभ रंग:** लाल **शुभ दिन:** बुधवार

### वृश्चिक ( अक्टूबर 24-22 नवम्बर )



इस सप्ताह अगर आप खयाल रखेंगे तो सप्ताह बहुत अच्छा रहेगा। सप्ताह की शुरूआत रचनात्मक ऊर्जा से होगी और आप सक्रिय, स्थिर व उत्साहित महसूस करेंगे। लेकिन जैसे सप्ताह आगे बढ़ेगा, कुछ स्वास्थ्य समस्याएं उभर सकती हैं। हर चीज का उपचार है। सकारात्मक रहें, हर चीज ठीक हो जाएगी। पेशेवर मोर्चे पर, यदि आप अपने काम के प्रति समर्पित नहीं हैं तो आपको इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। लोग आप पर नजर रख रहे हैं और हर पल की खबर उच्च अधिकारियों को दे रहे हैं। स्थितियां अचानक बिगड़ सकती हैं।

**शुभ अंक:** 3 **शुभ रंग:** बादामी **शुभ दिन:** शनिवार

### धनु ( नवम्बर 23-23 दिसम्बर )



इस सप्ताह स्वास्थ्य पर ध्यान दें और वे लोग व्यायाम दिनचर्या का पालन करें जिन्हें गंभीर बिमारियां हैं। आपको अंततोगत्वा स्वयं कुछ खास बुरी आदतों को रोकने का तरीका मिल सकता है। अपना विशेष खयाल रखेंगे तभी आप दूसरों की भी बेहतर देखभाल करने में सक्षम होंगे। कार्य मोर्चे पर, अच्छे समाचार इस सप्ताह आपके लिए प्रसन्नता लेकर आएंगे। आपको बेहतर संभावना, वेतनभत्तों व सुविधाओं वाली नौकरी का प्रस्ताव पत्र प्राप्त हो सकता है। जो लोग तबादले की प्रतीक्षा कर रहे हैं उन्हें मनचाहा गंतव्य-स्थल प्राप्त हो सकता है।

**शुभ अंक:** 10 **शुभ रंग:** कत्थई **शुभ दिन:** मंगलवार

### मकर ( दिसम्बर 24-20 जनवरी )



इस सप्ताह, आप स्वास्थ्य मामले में खुद को बंधा हुआ महसूस करेंगे। भय, बेचैनी और नकारात्मक विचार आपको सामान्य जीवन जीने का अवसर नहीं दे रहे हैं। आपको तन, मन व आत्मा में संतुलन लाने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य प्रभावित होता है जब सोच निराशाजनक या बेचैनी से भरी होती है। ध्यान करें और अपने तन की सुनें। आधी समस्याएं अपने आप सुलझ सकती हैं। कार्य मोर्चे पर, आपके मामले में अप्रत्याशित गिरावट आ सकती है या अन्याय हो सकता है। निजी संबंध में तय करें कि आप अपने साथी से जुड़े रहने का प्रयास करते हैं।

**शुभ अंक:** 22 **शुभ रंग:** भूरा **शुभ दिन:** शुक्रवार

### कुम्भ ( जनवरी 21-19 फरवरी )



इस सप्ताह आपकी स्वास्थ्य स्थिति अच्छी नजर आती है। आप ऊर्जा व उत्साह से भरे होंगे। लेकिन व्यायाम करते समय सावधान रहें, मामूली चोट या खिंचाव हो सकता है। नयी स्वास्थ्य दिनचर्या की शुरूआत करना जरूरी है यदि आप हालिया समय तक इस मामले में ढिलाई बरतते आए हैं। कार्य मोर्चे पर, आपका किसी प्रभावशाली व नेतृत्वशाली व्यक्ति से सामना हो सकता है, जो आपका मार्गदर्शक बनना चाहेगा। आपको उसकी उपस्थिति की जरूरत है ताकि सही दिशा में आपको वह मार्ग दिखा सके। आपने काम पर कुछ चुनौतियां का सामना किया है।

**शुभ अंक:** 1 **शुभ रंग:** इंडिगो **शुभ दिन:** शुक्रवार

### मीन ( फरवरी 20-20 मार्च )



स्वास्थ्य मोर्चे पर, यह सप्ताह आपके लिए कठिन हो सकता है। इस समय घबराने से चीजें सिर्फ बदतर ही होंगी। प्रत्येक संकट के बाद, अच्छा समय आना तय है। हालांकि, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप क्या कदम उठाते हैं। अपनी स्थिति के प्रति सकारात्मक रहें और सहायता के लिए दूसरों तक पहुंच बनाएं। ध्यान करना एक अच्छा उत्प्रेरक होगा। करियर मोर्चे पर, चीजें शायद उतनी बेहतर नहीं हैं। हो सकता है, आप परियोजना पूर्ण करने के मुकाम पर हों, लेकिन कार्यस्थल पर किसी अन्य चुनौती या खतरे का सामना कर लेते हैं।

**शुभ अंक:** 14 **शुभ रंग:** हरा **शुभ दिन:** गुरूवार


एक दूसरे से हमेशा मुस्कुरा कर मिलें क्योंकि मुस्कान प्रेम की शुरुआत है
- मदर टेरेसा

# ईश्वर का प्रेम-खेला

**संत राजिंदर सिंह का कहना है कि हमारा जीवन और कुछ नहीं, प्रेम के नियम पर आधारित खेल है। यह ऐसा खेल है जिसमें ईश्वर हमसे प्रेम करता है और चाहता है कि हम उससे प्रेम करें और सृष्टि कायम रहे**



जब हम इस भौतिक जीवन में आते हैं, तो हमें तय मात्रा में सांसें उपहार में मिलती हैं। ये सांसें सेकेंडों, मिनटों, घंटों, दिनों, सप्ताहों, महीनों, व सालों द्वारा गिने गए समय के मापन से संबधित हैं। यह हमारी वास्तविक पूंजी है। हम सोच सकते हैं कि जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कामना पैसा कमाने और उसे खर्च करने का वित्तीय लेनदेन है। लेकिन जब हम बड़ी तस्वीर देखते हैं, तो जीवन की सबसे महत्वपूर्ण कामना, उस समय का – जो हमें मिला है – का सर्वोत्तम उपयोग करना है। हम यहां आध्यात्मिक संपदा एकत्रित करने के लिए हैं। जबकि, हम इस दुनिया के आकर्षक व रंगीन नजारों में उलझ गए हैं जो हमें लगता है कि आर्थिक उपलब्ध प्रदान करेंगे। इस जीवन में अंत में, हम पाएंगे कि हम गलत लक्ष्य के लिए काम किया है और यह कि हम कुछ भी लेकर इस दुनिया से नहीं जाएंगे।

तथ्य साफहै कि चाहे हम अपने जीवन में कुछ भी करते हों, हमारा जीवन एक दिन समाप्त होगा। यदि हम अपने पूरे समय को संपत्ति या समृद्धि अर्जन में लगाते हुए जीवन का खेल खेलने का फैसला करते हैं, तो हम अंत में सब पीछे छोड़क जाने के लिए बाध्य होंगे। जब हमारी अंतिम सांस समाप्त होनी है तो हमें अपने बैंक खाते व संपत्तियों को उन्हें सौंपना होगा जो पीछे छूटे होते हैं। यह इसी दुनिया में रह जाती है, जबकि हमारी आत्मा इस दुनिया से चली जाती है।

यह सच है, निसंदेह, कि दुनिया एक ऐसी आर्थिक प्रणाली पर आधारित है जिसमें हमें जीवन को उन भलाइयों व सेवाओं के आदान प्रदान हेतु बनाने के लिए काम करना पड़ता है जिनकी हमें स्वयं अपनी व हमारे परिवार की देखभाल करने के लिए आवश्यकता होती है। आध्यात्मिकता हमसे जीवन का निषेध करने तथा दूसरों के लिए जीने की मांग नहीं करती है, बल्कि अपनी खुद की ईमानदार आजीविका कमाने की भी मांग करती है। लेकिन हमें एक स्वस्थ संतुलन तलाशना चाहिए। हमें अपना पैसा और अपनी जमीन का भी ध्यान रखने की आवश्यकता है लेकिन साथ ही हमें यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि हम अपना समय कैसे बिताते हैं।

सच्ची खुशी जीवन में आनंद व संतुष्टि पाना है। अधिकांश लोग, जब गंभीर बिमारी का सामना करते हैं तो पैसे की चिंता नहीं रह जाती है। जो चीजें उनके लिए महत्व रखती है, वो हैं परिवार, जिसे उन्होंने जीवन में हासिल किया है और ईश्वर में उनकी आस्था। ये अनमोल उपहार हैं। प्रेम सबसे महत्वपूर्ण बन जाता है। अपने परिवार के प्रति प्रेम, ईश्वर के प्रति प्रेम, और जो उन्होंने मानवता के प्रति प्रेम का इजहार करने के लिए किया, आदि ऐसी नेमतें है। जो वे मरने के बाद भी अपने साथ लेकर जाते हैं।

इसलिए हम अपने समय को उत्तम उपयोग कैसे कर सकते हैं? यदि हम जानते है। कि यह जीवन और कुछ नहीं, हमारे अस्तित्व का एक छोटा हिस्सा है और यह कि बतौर आत्मा हमारा एक अस्तित्व है जो इस जीवन के उस पार जाता है और इस जीवन के बाद भी फैलेगा, तो हमारे बाकी परम अस्तित्व में क्या मूल्यवान है?

**प्रेम का पुण्य**

वो पुण्य जो इस दुनिया के परे, दायरों में सबसे मूल्यवान है, जिसकी ओर हम सभी जाएंगे, वो है आध्यात्मिक प्रेम। आत्मा को हमारे वित्तीय कीर्तिमानों से नहीं बल्कि उस प्रेम की मात्रा से मापा जाता है, जो दूसरों के प्रति हमारे भीतर झलकती है। क्या हमने ईश्वर से प्रेम किया था? क्या हमने अपने संगियों से प्रेम किया ? क्या हम समूची सृष्टि से प्रेम किया? प्रेम उन विचारों, शब्दों व कर्मों में रूपांतरित होता है जो दूसरों के प्रति दया में अभिव्यक्त होते हैं। यह इसमें दिखता है कि हम दूसरों का कितना ज्यादा खयाल रखते हैं। यह दूसरों की सेवा या सहायता के लिए खुद को प्रस्तुत करने के रूप में प्रदर्शित होता है।

**वास्तविक खुशी जीवन में खुशी और संतोष पा रही है। लोग, जब एक लाइलाज बीमारी का सामना करते हैं तो पैसे की परवाह नहीं करते हैं ऐसे में उनके परिवार उपलब्धियों और ईश्वर में विश्वास क्या मायने रखता है**

**हमें कौन सा खेल खेलना चाहिए?**

बच्चों के रूप में, मोनोपॉली नामक प्रसिद्ध खेल हुआ है, जिसमें व्यक्ति पासा फेंकने के जरिए गेमबोर्ड का चक्कर लगाता है। इस खेल में, खिलाड़ी संपत्तियों के नामों वाले स्थलों पर पहुंचता है। खिलाड़ियों को खर्च के लिए नगदी दी जाती है और वे उस नगदी से संपत्ति खरीद सकते हैं। फिर, वे उस संपत्ति से घर व होटल बनाने के काबिल बनते हैं, और उस स्थान पर पहुंचने वाले दूसरे खिलाड़ी से हर बार किराया वसूलते हैं। यह खेल अत्यंत लंबा है और बच्चे इसे खेलने में घंटों बिता सकते हैं। यह इतना भागीदारीपूर्ण है कि वे अक्सर अपना होमवर्क या अपनी खेल गतिविधियां तक भूल जाते हैं। भारी आर्थिक धन या मोनोपॉली का यह खेल दुनिया के खेल से बहुत मिलता जुलता है, जिसका ईश्वर के सच्चे खेल को कोई लेना देना नहीं होता है।

ईश्वर के पास खेलने के लिए दूसरा खेल है। यह खेल प्रेम के सिद्धांत पर आधारित है। यह वो खेल है जिसमें ईश्वर हमसे प्रेम करता है और चाहता है कि हम भी उससे प्रेम करें। यह प्रेम न केवल ईश्वर और प्रत्येक रचित प्राणी के बीच है। यह ईश्वर के समूचे परिवार के प्रति प्रेम रखना भी है। ईश्वर चाहता है कि हम दिव्य प्रेम का खेल खेलें।

**ईश्वर का प्रेम का खेल क्या है?**

यह वो खेल है जिसमें हम अपने प्रति ईश्वर का प्रेम अनुभव करते हैं और वो प्रेम हमारे चौतरफा प्रकाशित होता है। ईश्वर परमानंद और प्रेम का महासागर है। जब हम ईश्वर से जुड़ते हैं, हम उस आह्लाद में नहाए होते हैं। यह इस दुनिया के किसी भी खेल से ज्यादा आनंददायक है। यह वो खुशी है जो इस दुनिया की प्रत्येक सीमाओं से कहीं परे है। ध्यान के जरिए हम ईश्वर के प्रेम का खेल खेल सकते हैं, यानी ऐसी प्रक्रिया जो दुनिया से हमारा ध्यान परे ले जाती है और अपने भीतर एकाग्रता जगाती है। यह ईश्वर के प्रेम के खेल के जरिए है कि हम अपने भीतर समृद्धियां अनुभव करते हैं जो हमारे भीतर मौजूद होती हैं, जो हमारे लिए अतुलनीय आनंद, ज्ञान व परमानंद प्रदान करेंगी।

**– लेखक आध्यात्मिक गुरू हैं।**



अंतर्दृष्टि

प्रमोद पाठक

# लोकतंत्र का पतन



अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव इस स्वाभाविक बात को दोहराया है कि तानाशाही और लोकतंत्र के बीच की विभाजक रेखा महीन होती है। इस नाटक ने उन घटनाओं को याद दिलाया जो जर्मनी और इटली में सौ साल पहले घटी थी जिन्होंने हिटलर और मुसोलिनी को राष्ट्रवादी डेमोक्रेटों से शोषणकारी तानाशाह बनकर उभरते देखा। हमें याद रखना चाहिए कि लोकतंत्र की सफलता या विफलता शासन में मौजूद लोगों के मूल्यों द्वारा निर्धारित होती है। ''लोकतंत्र सटीक रूप में प्रशासन का तंत्र नहीं है जिसमें शासक और शासित होते हैं। यह एक संयोजन है जिसमें लोगों के प्रतिनिधियों को परमार्थ के सिद्धांतों पर राज्य चलाने की जिम्मेदारी दी जाती है। एक आदर्श लोकतंत्र में नेतृत्व को मूल्यों से संचालित होना पड़ता है, न कि ताकत से संचालित। स्वाभाविक तौर पर, यह नेतृत्व का चरित्र है जो तंत्र की पवित्रता सुनिश्चित करेगा। लोकतंत्र में कोई शासित नहीं होता है। केवल नागरिक होते हैं जिनके पास अनिवार्य अधिकार होते हैं। उनके कर्तव्य भी होते हैं। संविधान में उल्लिखित मूल्यों की पैरवी करने के लिए, सरकारें शासितों की सहमति से अपनी सरकार चलाती हैं।''

जब कभी सरकार इन स्तरों पर विध्वंसक बन जाती है, तो लोगों का अधिकार होता है कि सरकार को बदल दें। अंतर्निहित धारणाएं हैं कि नेतृत्व जो सरकार चलाता है, लोगो के जनादेश को स्वीकार करेगा। समस्या यह है कि यदि ऐसा नहीं होता तो? लोकतंत्र तानाशाही बन जाता है। यह खतरा हमेशा मौजूदा होता है। और हर कहीं। यह नेतृत्व का चरित्र है जो अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक आदमी और उसके साथी लोकतंत्र को ध्वस्त करके सर्वसत्तावादी राज्य बना सकते हैं। यह संभावना हमेशा होती है। यह इस कारण से है कि लोकतांत्रिक संस्थानों की शुचिता को बनाए रखना एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। सावधानियां व संतुलनों को निरंतर मजबूत करने की जरूरत है ताकि लोकतंत्र बचा रहे। इस मामले में नागरिकों का पवित्र दायित्व होता है। उन्हें मामूली हितों से ऊपर उठने की आवश्यकता है। आखिरकार, कौन बचता है यदि लोकतंत्र मर जाता है। हमने देखा कि किस तरह हिटलर ने जर्मनी में लोकतंत्र की हत्या की थी। और सबकुछ नस्लवादी श्रेष्ठताग्रंथि के नाम पर जो लोकतंत्र का विपरीत सिद्धांत है जो सुनहरे शासन की बुनियाद पर टिकता है कि सभी पुरूष और स्त्रियां समान हैं।

लोकतंत्र आगे बढ़ते हैं जब वे जवाबदेह होते हैं और असहमति का सम्मान करते हैं। यह लोकतंत्र के हित में है कि वो असहमति को प्रोत्साहन दे। उदारतावाद असहमति की आत्मा है। आलोचना वो जानकारी देती है जिससे लोकतंत्र को उभरने में सहायता मिलती है। कोरोना काल में, हम पाते हैं कि राज्य के मुखियों ने सत्ता को ठोस बनाने की संभावना विकसित की है। दावेदारीपूर्ण व अनुभवी लोकतंत्रों में भी। इकोनोमिक इंटेलीजेंस यूनिट के अनुसार, मौजूदा दौर लोकतंत्रों के लिए बदतर हुआ है। लोकतंत्र का खतरा सैन्य तख्तापलट से नहीं था बल्कि चुनी हुई सरकारों से था। ऐसा क्यों हुआ है इसे समझने की जरूरत है। सबसे बड़ी दावेदार है नागरिकता। इसे इस अवसर पर उभरना चाहिए। खासतौर पर जब संस्थान जिन्हें तटस्थ माना जाता था, पक्षधर हो जाते हैं। भय और अर्द्धसत्य कोरोना काल को चला रहे हैं और अराजकता नियम बन गयी है। सूत्रों को भगवान राम और सुग्रीव के बीच एक दिलचस्प संवाद से समझा जा सकता है जब सुग्रीव यह कहते हुए किश्किंधा पर राज करने से इंकार कर देते हैं कि राज्य त्यागना और संयास लेना चाहते हैं। भगवान राम फिर सुनहरा शासन प्रस्तुत करते हैं कि संयासी राज करने के लिए आदर्श व्यक्ति है। इसीलिए प्लेटो ने बहुत पहले कहा था कि दार्शनिकों को राजा होना चाहिए। त्याग लोकतंत्र का सार है।

# लक्ष्य जितना जरूरी, उतनी ही लक्ष्य प्राप्ति की यात्रा भी

**महेन्द्र पाल**




दोस्तों, कहते हैं कि जितना साध्य आवश्यक होता है उतना ही आवश्यक साध्य प्राप्ति का साधन भी। दोनों पहलुओं का जीवन और जीवन अनुभवों में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। इस बात पर कतई संदेह नहीं किया जा सकता कि हम सभी जीवन में आगे बढ़ना चाहते हैं और नयी-नयी कामयाबियां पाना चाहते हैं। लेकिन विचारणीय प्रश्न यह है कि सफल होना क्या है? कैसे तय करेंगे कि हम सफल हैं कि नहीं? वो कौन से आधार होंगे, जिनके आधार पर कहा जा सकता है कि फलां व्यक्ति सफल है? क्या सफलता का मुकाम हासिल कर लेना मात्र सफलता का प्रमाण हो सकता है? यह प्रश्न निरंतर अखबारों व टीवी चैनलों में सुर्खियां बनती इस सच्चाई के मद्देनजर भी है, कि आखिर क्यों मौजूदा दुनिया में कामयाब दिखती तमाम शख्सियतें निराशा या अवसाद ग्रस्तता या पस्तहिम्मती का चेहरा बनती दिखती हैं? ऐसा क्यों दिखता है कि जो लोग एक समय कामयाबी की मिसाल नजर आते हैं, मगर सुरक्षा और समृद्धि से लैस होने के बावजूद जीवन के बाद के पड़ावों में अकेलेपन और लक्ष्यहीनता का शिकार हो जाते हैं?

सफलता की राह में आने वाले विभिन्न उतार-चढ़ाव, जाने-अंजाने मोड़ व अनिश्चितताएं हमारे लिए क्या महत्व रखते हैं? क्या इन्हें सिर्फ सफलता की राह का मात्र निमित्त मानकर खुद को बहलाया जा सकता है? या फिर, इनका भी हमारे जीवन को समृद्ध बनाने में लक्ष्य के समान ही योगदान है? हम पाएंगे कि प्राय: किसी यात्रा के दौरान होने वाले अनुभव इंसान को जिस प्रकार परिपक्व व अनुभवी बनाते हैं, उससे व्यक्ति को जीवन में आने वाली तमाम चुनौतियों से निपटना आसान होता है।

इसे यूं समझते हैं। आम जीवन में, अगर किसी कामयाब व्यक्ति से अपने हासिल लक्ष्य विशेष के बारे में बताने के लिए कहा जाता है तो वह लक्ष्य के बारे में तो बताता ही है, लेकिन लक्ष्य संबंधी यात्रा के बारे में कहीं अधिक रोमांचक ढंग से बताता है। और यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि लक्ष्य प्राप्ति की यात्रा के दौरान होने वाले तजुर्बे ही व्यक्ति को लक्ष्य के प्रति एकाग्रचित्त, समर्पित व दृढ़ बनाते हैं। इसके अलावा, लक्ष्य प्राप्ति के बाद का अगला पड़ाव होता है, लक्ष्य पर खुद को टिकाए रखना। और इसमें यात्रा विशेष के वही अनुभव महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। इसमें यात्रा के दौरान होने वाले तमाम सकारात्मक – नकारात्मक अनुभवों से परिपक्वता हासिल होती है, इंसान को उतार-चढ़ावों भरी तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए स्वयं को मानसिक-शारीरिक रूप से सशक्त बनाना पड़ा होगा। वही तमाम तजुर्बे उसे सफलता प्राप्ति के बाद लक्ष्य पर खुद को टिकाए रखने में सफलता के सूत्र थमाते हैं। जो न सिर्फ व्यक्ति विशेष के लिए बल्कि दूसरों के लिए भी एक मिसाल बनते हैं। इसलिए जरूरी है कि हम लक्ष्य कोई भी चुनें, मगर उस लक्ष्यप्राप्ति की यात्रा को भी समान अहमियत प्रदान करें। हमें शुरुआत से ही यात्रा का मज़ा लेते हुए आगे बढ़ने की जरूरत है। इससे एक लाभ तो यह होता है कि सफर आनंददायक हो जाता है, वर्ना लक्ष्य को हमेशा दिमाग में रखने से व्यक्ति उसी में खो जाता है और अपने वर्तमान से कट जाता है। फिर उसके लिए अपनी यात्रा तय करना कठिन हो जाता है। वह वर्तमान में जो चल रहा होता है, उससे खुद को जोड़ नहीं पाता, और खुद को खयाली दुनिया में कैद कर लेता है।

यह एक तरह से ट्रेन की यात्रा करने जैसा है। इसमें अगर व्यक्ति सफर की शुरुआत से ट्रेन के भीतर और बाहर की दुनिया से खुद को जोड़ लेता है, तो उसे पता ही नहीं चलता कि कब उसका अपना स्टेशन आ गया। लेकिन अगर वह सफर की शुरुआत से ही अपने स्टेशन आने की कल्पना करता है, तो इसका पहला दुष्प्रभाव तो यह पड़ता है कि वह पहले से खुद को अपने गंतव्य पर पहुंचा देता है, ऐसे में यात्रा के बीच के पड़ाव, कड़वी जमीनी हकीकत बनकर, उसे बेचैन करते हैं, जिसके कारण उसे अपनी यात्रा को सुखद बनाना कठिन हो जाता है। वह ठीक, उस बच्चे की तरह हो जाता है जो बार बार पूछता है कि आखिर उसका स्टेशन कब आएगा, और पल पल सोचकर परेशान होता है। इसलिए हम चाहे जो भी काम करें, अगर हमें उसमें संतुष्टि व सुकून नहीं मिलता तो हम ज्यादा दिन उस काम को नहीं कर सकते, चाहे वो कितना भी लाभ-दायक हो, समृद्धि प्रदान करने वाला हो। जरूरी है कि हम अपने लक्ष्य को अपनी अभिरुचियों के अनुरूप चुनें और साथ ही उसे पाने की यात्रा उसी रोमांच व तन्मयता के साथ करें, जिससे लक्ष्य पर टिके रहने का आत्मविश्वास भी हासिल हो और लक्ष्य प्राप्त करना सहज व दिलचस्प अनुभव बन जाए।



मुझे लगता है कि नृत्य वास्तव में एक अच्छा व्यायाम है, लेकिन साथ ही इसके साथ किसी प्रकार का शक्ति प्रशिक्षण करना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि नृत्य सिर्फ कार्डियो है।
- सान्या मल्होत्रा

# ‘वन्यजीवों से व्यवहार ही हमारा सामूहिक भविष्य निर्धारित करेगा’



**प्रस्तुतकर्ता क्रिस पैकमैन का कहना है कि उनकी सीरीज़ ‘प्राइमेट्स’ विविध पशु प्रजातियों तथा उनके जीवन के अंतरंग क्षणों को परदे पर प्रस्तुत करती है जो सामान्य व्यक्ति के लिए संभव नहीं है।**

वानरगण भी सामाजिक जीव होते हैं। वे निडर होने के साथ ही भावुक और विचारशील होने के साथ ही सहृदय भी होते हैं। पशुओं के इन समूहों ने हमें सर्वाधिक आकर्षित करते हैं। गेविन बॉयलैंड की सीरीज़ प्राइमेट्स प्राकृतिक इतिहास संबंधी कहानियो की श्रंखला में अगली कड़ी है। प्रस्तुतकर्ता क्रिस पैकमैन इस सीरीज़ में विभिन्न जीवों की कहानी के बीच में उनके बारे में कुछ विशेष बातें तथा अपने अनुभव साझा करते हैं। प्रस्तुत हैं उनसे साक्षात्कार के प्रमुख अंश–

**❑ आपने इस सीरीज़ में काम करना क्या सोचकर स्वीकार किया था ?**

मैं गेविन बॉयलैंड जो इस सीरीज़ के निर्माता हैं, को पिछले काफी समय से जानता हूं। उन्होंने कई अत्यंत कल्पनाशील, बुद्धिमत्तापूर्ण और श्रेष्ठ सीरीज़ बनाई हैं। इस सीरीज़ को भी उन्होंने भरसक रचनात्मक रखने का प्रयास किया है। इससे पहले भी वो बिगकैट्स पर सीरीज़ बना चुके हैं मैं उस समय भी उनके संपर्क में था। मुझे उनकी वो सीरीज़ भी अच्छी लगी थी तो ऐसे में जब उन्होंने बताया कि वो प्राइमेट्स नामक एक दूसरी सीरीज़ प्रारंभ करने जा रहे हैं तो मैं इसमें काम करने के लिए तत्पर हो गया।

प्राइमेट्स मेरे अनुसार बहुत सुंदर ढंग से शूट की गई है। अधिकांशतया जब हम ब्लूचिप टीवी देखते हैं तो हम उन पशुओं के जीवन के अंतरंग क्षणों को कैमरे में बंद करने के लिए तकनीक का प्रयोग करते हैं जो सामान्यत: लोगों की पहुंच से बाहर होते हैं। हम ये सब केवल उनके व्यवहार, मानवविज्ञान तथा पारिस्थितिकी के अध्ययन के उद्देश्य से करते हैं। लेकिन इसमें अनेक कैमरों का प्रयोग किया गया है ताकि हम पशु के आसपास के वातावरण में तकनीक के माध्यम से डूब सकें। साथ ही उनकी पारिस्थितिकी के बारे में भी नई और उत्तेजक जानकारी प्राप्त कर सकें।

इसके दूसरे सीज़न में जो भी दिखाया गया है हम उससे बहुत कुछ सीख सकते हैं। यदि हम कोई टीवी प्रोग्राम देख रहे होते हैं और उसके बारे में हमें 50 या 60 प्रतिशत जानकारी होती है तो वो हमें उबाऊ लगने लगता है। हम केवल नई बातें देखना ही नहीं चाहते, अपितु कुछ नया सीखना भी चाहते हैं। लेकिन आपको बता दूं कि मैंने इस कार्यक्रम को देखकर काफी कुछ सीखा भी है क्योंकि इसमें अद्यतन विज्ञान दिखाया गया है और इसे दिखाने के लिए कठिन प्रयास किये जाते हैं जो दिखते भी हैं।

अंत में यदि आप लोगों से प्राइमेट्स के बारे में पूछें तो वे एप्स तथा बंदरों आदि के बारे में बताएंगे। वे गोरिल्ला, चिंपांज़ी, ओरेंगुटान आदि के बारे में विशेष रूप से बताना चाहेंगे। मैं तो उन्हें टीशर्ट पशु कह कर पुकारता हूं क्योंकि उनके चित्र टीशर्ट पर दिखना सामान्य बात है। मुझे इस सीरीज़ में सबसे अच्छी बता ये लगी कि इसमें प्राइमेट्स परिवार के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई गई है। इसमें आप लेमूर, लॉरीज़, बुश बेबीज़, स्पाइडर मंकी तथा गिब्बन जैस बंदर भी देखने को मिल सकते हैं। आपको इसमें प्राइमेट्स परिवार के वे सदस्य भी देखने को मिल सकते हैं जिन्हें देखकर आपकी आंखें खुली की खुली रह जाएंगी। इनमें से कुछ पशु तो लुप्तप्राय जीवों की श्रेणी में भी हैं।

**❑ इस सीरीज़ में सर्वाधिक आश्चर्यजनक कहानी कौन सी हैं ?**

इस सीरीज़ में सर्वाधिक आश्चर्यजनक कहानी कई हैं और इनमें से पहली हमारे पहले ही एपिसोड में देखने को मिल सकती है। हम सदा से ही इस सोच के साथ बड़े हुए हैं कि नर सिल्वरबैक गोरिल्ला बड़े होते हैं और शक्तिशाली भी और इसके कारण ही उनका उनके समूह में सर्वाधिक प्रभाव होता है। लेकिन हमनें उनकी प्रजनन क्षमता के बारे में जो नए तथ्य तथा दृश्य जुटाए हैं उनसे इस बात का खंडन होता है और उनके आकार तथा फिटनेस का उनकी प्रजनन क्षमता से कोई सीधा संबंध नहीं होता। ये अद्भुत है। हम इन कहानियों को जब तथ्यों



के धरातल पर कसना चाहते हैं तो हमें पता चलता है कि हमारे लिए ये तथ्य एकदम नए और सटीक हैं। हम ऐसा इसलिये कह रहे हैं क्योंकि विज्ञान आधिकारिक रूप से हमें बताता है कि हमारे तथ्य विश्वसनीय हैं।

दूसरी बातें जो हमें अच्छी लगीं थीं वो पशुओं के व्यवहार को लेकर है। किसी टूल का प्रयोग तो रोचक होता ही है। हमें उन पशुओं की संज्ञानात्मक योग्यता से सहानुभूति होती है। कई बार जब हम उन्हें देर तक देखते हैं तो हमें उनके व्यवहार से पता चल जाता है कि वे कितने स्मार्ट होते हैं।

अंतिम कहानी जो मुझे बहुत अच्छी लगी थी वो थी एक ओरेंगुटान के बारे में, जो पेड़ों पर चढ़ना और मस्ती करना सीख रहे थे। वहां दो प्रकार के जीव एकसाथ कुछ सीख रहे थे। मनुष्यों ने ये सीखा है कि उनकी अतीत की गतिविधियां उतनी कौशलपूर्ण नहीं थीं और अब ये प्राइमेट्स भी बदलाव के माध्यम से ये बातें सीख रहे थे। ये सहकार्य अद्भुत था।

**❑ आपके अनुसार ‘प्राइमेट्स’ जैसी कोई सीरीज़ क्यों महत्वपूर्ण हो जाती है ?**

मुझे लगा कि हम पशुओं को एक माध्यम के तौर पर मनुष्यों की उन गतिविधियों के आकलन के लिए प्रयोग कर सकते हैं जो उनकी क्षमता के बाहर होती हैं। गोरिल्ला चिंप तथा ओरेंगुटान आसान पशु हैं। वे सभी के प्यारे होते हैं और सभी को पता भी है कि वे दुर्लभ और लुप्तप्राय हो चले हैं। हमें पता है कि वे बुद्धिमान होते हैं और उनके और मनुष्यों के अनेक जीन्स भी समान होते हैं। हमारी नस्लों में भी काफी समानताएं होती हैं। जब लोग उन्हें देखते हैं तो हम उन्हें कहीं दूसरी जगह ले जाते हैं और इस पूरी सीरीज़ में हमनें यही किया है। ये केवल इन टीशर्ट पशुओं के बारे में ही नहीं है बल्कि उनके पूरे कुनबे के बारे में है और इनमें कुछ छोटी प्रजातियां भी हैं जिनके बारे में लोगों ने सुना तक नहीं होगा। लेकिन हम तब भी लोगों को ये तो बता सही सकते हैं कि वे कितने महत्वपूर्ण, स्मार्ट तथा रोचक होते हैं।

**❑ आपके अनुसार दर्शक इस सीरीज़ में किस बात से सर्वाधिक प्रभावित होंगे ?**

वे पशुओं के इस समूह के प्रति अपना स्नेह प्रदर्शित कर सकते हैं जो बहुत प्यार हैं। लोगों को ये देखने की आवश्यकता है कि वे अनमोल केवल इसलिये ही नहीं हैं कि वे रोचक हैं बल्कि इसलिये क्योंकि वे हमारी पारिस्थितिकी प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जिसपर हम सब बहुत निर्भर हैं। इन पशुओं के संरक्षण के लिए केवल इतना सा तर्क भी महत्वपूर्ण हो जाता है। क्योंकि इसके बिना हम जल्दी ही उनमें से अधिकांश को खो देने वाले हैं। जब हम पशुओं को बड़े समूहों में खो देंगे तो हम भी अधिक दिन तक टिक नहीं सकेंगे।

हम इस ग्रह पृथ्वी की पारिस्थितिकी का एक हिस्सा हैं और यदि इसका पतन मनुष्यों के अनुचित कृत्यों के चलते होता है तो दुर्भाग्य से हमारा भी पतन होना तय है। इसे बचाना हमारे ही हित में है। मुझे आशा है कि लोग प्राइमेट्स को पहले से अधिक स्नेह करेंगे और उनके और दूसरे वन्यजीवों के संरक्षण में पहले से अधिक योगदान प्रदान करेंगे।

**❑ वनों में रहने वाले प्राइमेट्स के बारे में आपके विचार क्या हैं और आपके अनुसार उनका भविष्य कैसा रहने वाला है ?**

मैं तो यही कहूंगा कि वे अद्भुत पशु समूह हैं। मैं अब भी हर दिन उनके बारे में कुछ नया सीखता जा रहा हूं। वे बहुत ही सुंदर जीव हैं और वे हमारे सदृश हैं और यही कारण है कि हम उनसे बेहतर तथा सरलता से संपर्क कर सकते हैं।

लेकिन उनके लिए समस्या भी हम ही हैं। इस सीरीज़ के समाप्त होते होते कुछ प्रश्न हमारे समक्ष अवश्य खड़े होने वाले हैं। हम भी प्राइमेट्स हैं और इस प्रकार से इन जीवों के समूह के ही हैं। हम इस संकट के समय जैसा व्यवहार करेंगे हमारा सामूहिक भविष्य भी उसी से निर्धारित होगा।

**( ये सीरीज़ दिसंबर 14 को रात 9 बजे सोनी बीबीसी अर्थ चैनल पर प्रीमियर होगी )**




## अक्टूबर 2021 में रिलीज होगी अजय देवगन की मैदान, जनवरी में शुरू होगी शूटिंग

**मुंबई।** हिन्दी फिल्मों के वरिष्ठ अभिनेता अजय देवगन ने शनिवार को कहा कि उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म "मैदान" 15 अक्टूबर, 2021 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। भारतीय फुटबॉल के सुनहरे काल पर आधारित मैदान पहले अगस्त, 2021 में रिलीज़ होने वाली थी लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इसकी शूटिंग प्रभावित हुई।

देवगन ने ट्विटर पर फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए लिखा है कि मैदान अब 2021 में दशहरा पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग जनवरी 2021 में शुरू होगी। हिंदी के साथ ही यह फिल्म तमिल, तेलुगू और मलयालम भाषा में भी रिलीज होगी। अजय देवगन फिल्म मैदान में सैय्यद अब्दुल रहीम का मुख्य किरदार निभा रहे हैं जो 1950 से लेकर 1963 में अपनी मृत्यु तक भारतीय फुटबॉल टीम के कोच और मैनेजर रहे। फिल्म का निर्देशन बधाई हो से मशहूर हुए अमित रविंद्रनाथ शर्मा कर रहे हैं। अजय देवगन के अलावा प्रियामणि, गजराव राव और बोमन ईरानी मुख्य किरदारों में हैं।

## रजनीकांत के जन्मदिन पर प्रशंसकों और नेताओं ने उन्हें दी शुभकामनाएं



**चेन्नई।** मशहूर अभिनेता रजनीकांत शनिवार को 70 वर्ष के हो गए, इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रशंसक उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देने उनके आवास के बाहर इकट्ठा हुए। प्रधानमंत्री और कई नेताओं ने रजनीकांत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। अभिनेता के आवास के बाहर इकट्ठा हुए प्रशंसकों में से कई ने टी शर्ट पहनी हुई थी जिस पर रजनीकांत की तस्वीर बनी हुई थी और अभी नहीं तो कभी नहीं जैसे उनके राजनीतिक विचार लिखे हुए थे। रजनीकांत ने अगले वर्ष की शुरूआत में अपनी राजनीतिक पार्टी बनाने की घोषणा हाल ही में की है। उनके राजनीति में आने के कयास यूं तो कई वर्ष से लग रहे थे लेकिन अब उन्होंने इसकी बाकायदा घोषणा कर दी है। प्रशंसकों ने अपने अभिनेता के जन्मदिन पर केक काटा और दीर्घायु हों के नारे लगाए, साथ ही कई स्थानों पर उन्होंने मिठाइयां भी बांटी। हालांकि प्रशंसकों को उस वक्त निराशा हाथ लगी जब वे रजनीकांत से मिलने की आस में उनके आवास पर पहुंचे और उन्हें बताया गया कि वह घर पर नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रजनीकांत को जन्मदिन की बधाई दी। मोदी ने ट्वीट किया, प्रिय रजनीकांत जी, जन्मदिन की शुभकामनाएं। आपके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी ने ट्वीट करके रजनीकांत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनकी अच्छी सेहत की कामना की। द्रमुक प्रमुख एम के स्टालिन ने भी रजनीकांत को फोन करने उन्हें शुभकामनाएं दीं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और तमिलनाडु प्रभारी सीटी रवि भी रजनीकांत को शुभकामनाएं देने वाले नेताओं में शामिल हैं।

### रजनीकंत के राजनीति में प्रवेश से कोई असर नहीं पड़ेगा :राजू



**मदुरै।** तमिलनाडु के सहकारिता मंत्री सेल्लुर के राजू ने शनिवार को कहा कि अभिनेता रजनीकांत के प्रस्तावित राजनीतिक दल का राज्य की सियासत पर कोई असर नहीं पड़ेगा और सभी अन्नाद्रमुक संस्थापक एम जी रामचंद्रन या दिवंगत जे जयललिता की तरह कामयाब नहीं हो सकते। राजू ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी की लहर पूरे तमिलनाडु में चल रही है और लोग जानते हैं कि केंद्र में और राज्य में किसे शासन करना चाहिए। जनवरी 2021 में राजनीतिक दल बनाने और राज्य विधानसभा चुनाव लड़ने के रजनीकांत के फैसले का जिक्र करते हुए अन्नाद्रमुक नेता ने कहा, कल तक जो अभिनेता अपने घर में बंद थे वे आज सार्वजनिक मंच पर आ गए हैं। उन्होंने दावा किया, रजनीकांत के आने से तमिलनाडु की राजनीति में कुछ नया नहीं होगा। राजू ने कहा कि मतदाता राजनीति में नए आने वाले लोगों को सबक सिखाएंगे। उन्होंने कहा, कोई भी एमजीआर या जयललिता की तरह राजनीति में आकर सफल नहीं हो सकता।

### प्रधानमंत्री ने रजनीकांत को दी 70वें जन्मदिन की बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभिनेता रजनीकांत को उनके 70वें जन्मदिन पर शनिवार को शुभकामनाएं दीं। मोदी ने ट्वीट किया, प्रिय रजनीकांत जी, जन्मदिन की शुभकामनाएं। आपके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। गौरतलब है कि तमिल अभिनेता रजनीकांत ने राजनीति के क्षेत्र में आने के बारे में कई वर्षों तक विचार किया और अभी हाल में उन्होंने राजनीतिक पार्टी शुरू करने की घोषणा की। रजनीकांत ने तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने का भी फैसला किया है।

### मलयालम फिल्म फॉरेंसिक के हिंदी रिमेक में नजर आएंगे विक्रांत मेसी



**मुंबई।** अभिनेता विक्रांत मेसी मलयालम फिल्म फॉरेंसिक के हिंदी रिमेक में नजर आएंगे। फिल्म में वह एक कुशल फॉरेंसिक अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। मूल फिल्म में यह भूमिका तोविन थॉमस ने निभाई है। यह फिल्म मिनी फिल्म्स की मानसी बागला की तीन दक्षिण भारतीय फिल्मों की श्रृंखला में से एक की हिंदी रिमेक है। मेसी ने फॉरेंसिक को एक इंटेलिजेंट फिल्म कहा जो दर्शकों को चौंकाती है। अभिनेता ने एक बयान में कहा, वहीं दूसरी तरफ यह काफी मनोरंजक है। मैं मिनी फिल्म्स के साथ काम करने को लेकर काफी उत्सुक हूं और हिंदी रिमेक में मुख्य भूमिका निभाने को लेकर मैं काफी खुश हूं। अखिल पॉल और अनस खान द्वारा निर्देशित इस फिल्म की कहानी एक फॉरेंसिक अधिकारी द्वारा एक हत्या के मामले को सुलझाने के प्रयासों पर आधारित है। बागला ने कहा कि मैसी फॉरेंसिक के लिए एकदम सही चुनाव हैं। बागला ने कहा, हिंदी फिल्मों में हमने हमेशा पुलिस अधिकारियों को नायकों के रुप में देखा है लेकिन किसी भी मामले को सुलझाने में अहम भूमिका निभाने वाले फॉरेंसिक अधिकारी पर फिल्म नहीं देखी है। विक्रांत इस भूमिका के लिए एकदम सही हैं और मैं उन्हें इस फिल्म में लेकर बहुत खुश हूं।

### शिवगिरि में इस बार वार्षिक तीर्थयात्रा कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित होगा



**वरकला ( केरल )।** केरल के वरकला स्थित शिवगिरि मठ में होने वाला वार्षिक शिवगिरि तीर्थयात्रा कार्यक्रम इस वर्ष कोरोना वायरस संक्रमण के कारण ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता श्री नारायण गुरू की याद में यह वार्षिक आयोजन किया जाता है। मठ के 88वें समारोह में प्रतिदिन एक हजार से कम श्रद्धालु मौजूद रहेंगे, इसके अलावा जाने माने वक्ता ऑनलाइन संबोधित करेंगे। मठ प्रबंधन से जुड़े सूत्रों ने बताया कि तीन दिन की तीर्थयात्रा के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। उन्होंने कहा, इस बार का आयोजन कोविड-19 प्रोटाकॉल के अनुसार होगा। यह 30दिसंबर से एक जनवरी तक चलेगा। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट वीआर विनोद की अध्यक्षता में आयोजित एक बैठक में मठ के अधिकारियों ने कहा कि भीड़भाड़ से बचने के लिए शिवगिरि में प्रतिदिन एक हजार से कम श्रद्धालुओं को आने की इजाजत होगी। गौरतलब है कि शिवगिरि मठ श्री नारायण धर्म संघम का मुख्यालय है। इसकी स्थापना एक जाति, एक धर्म और एक ईश्वर की उनकी शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए की गई थी।

### बॉलीवुड अभिनेत्री आर्या बनर्जी कोलकाता में अपने आवास पर मृत मिली



**कोलकाता।** द डर्टी पिक्चर समेत बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम कर चुकी बंगाली अभिनेत्री आर्या बनर्जी, दक्षिण कोलकाता स्थित अपने आवास में मृत मिली हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस, शुक्रवार को एक इमारत की तीसरी मंजिल पर स्थित अभिनेत्री के अपार्टमेंट का दरवाजा तोड़ कर भीतर घुसी, तो उसे बेडरूम में 33 वर्षीय बनर्जी का शव पड़ा मिला। दिवंगत सितार वादक निखिल बंद्योपाध्याय की बेटी बनर्जी ने एलएसडी: लव सेक्स और धोखा (2010) समेत कई फिल्मों में काम किया था। उनकी घरेलू सहायिका ने सुबह जब अपर्टमेंट की घंटी बजाई, तो उसे कोई जवाब नहीं मिला। इस पर उसे संदेह हुआ और उसने पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पड़ोसियों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। घरेलू सहायिका ने कहा कि बनर्जी अकेली रहती थीं और किसी से ज्यादा मेलजोल नहीं रखती थीं। पुलिस ने कहा कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और फॉरेंसिक टीम ने अभिनेत्री के कमरे से नमूने एकत्र किए हैं।

### हैदराबाद के इंजीनियर ने जीता वर्ल्ड क्विजिंग चैम्पियनशिप



**हैदराबाद।** हैदराबाद के रहने वाले 43 वर्षीय इंजीनियर ने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता वर्ल्ड क्विजिंग चैम्पियनशिप -2020 जीता है। इस प्रतियोगिता में कुल 668 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। आईआईटी-मद्रास से स्नातक और आईआईएम-अहमदाबाद से परास्नातक करने वाले और वर्तमान में सिंगापुर स्थित एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत रविकांत अवा ने हाल में यह शीर्ष सम्मान प्राप्त किया है। यह जानकारी उनके पिता और के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एपीवीएन सरमा ने पीटीआई-भाषा को दी। इस प्रतियोगिता का आयोजन इंटरनेशनल क्विजिंग एसोसिएशन (आईक्यूए) ने कराया था। इस साल प्रतियोगिता में दो घंटे की परीक्षा ली गई जिसमें विज्ञान, इतिहास,खेल, कला और संस्कृति सहित कुल आठ क्षेत्रों से 240 प्रश्न पूछे गए। तेलंगाना के राज्यपाल के सलाहकार पद पर कार्यरत सरमा ने बताया कि अवा ने 159 अंक प्राप्त कर यह सम्मान हासिल किया। उन्होंने बताया कि अवा पिछले 25 साल से क्विज प्रतियोगिताओं में सक्रिय हैं और वर्ष 2018 और 2019 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के डब्ल्यूक्यूसी प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था।